


# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page





वर्ष : 8 | अंक : 136 | पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर | पृष्ठ : 08, | मूल्य : 2 रुपये, | शनिवार 16 जुलाई 2022 | (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### माननीय उपमुख्यमंत्री व राज्य मंत्री ग्राम्य विकास की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास की तमाम योजनाओं के सम्बन्ध में प्रदेश के सभी मुख्य विकास अधिकारीयों के साथ हुई बैठक

**माननीय उपमुख्यमंत्री व राज्य मंत्री ग्राम्य विकास द्वारा जनपद की प्रगति को सराहा गया**

अनुज प्रताप सिंह ब्यूरोचीफ कानपुर देहात।

कानपुर देहात |आज दिनांक 15 जुलाई को माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व राज्य मंत्री ग्राम्य



विकास माननीय लक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता में योजना भवन लखनऊ में प्रदेश के सभी मुख्य विकास अधिकारियों के साथ पुनरू बैठक ली गई, जिसमे स्वच्छ भारत मिशन , प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और कृषि विभागों से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी, समीक्षा में जनपद कानपुर देहात समस्त मानकों में खरा उतरा एवं प्रगति अतिउत्तम पायी गई |माननीय उप मुख्यमंत्री एवं राज्य मंत्री ग्राम्य विकास द्वारा मुख्य विकास अधिकारी की सराहना की गयी एवं इसी तरह कार्य करते हुए प्रगति किये जाने के निर्देश दिए गए। जनपद के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि जिलाधिकारी नेहा जैन के मार्दर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की विशेष पहल से जनपद समस्त मानकों में अतिउत्तम रहा।

### उत्तर प्रदेश सूखे की चपेट में लेकिन सरकार का ध्यान जनता के हितों पर नहीं : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सूखे की चपेट में आ गया है लेकिन



सरकार का जनता के हितों की ओर ध्यान नहीं है। यहां सपा मुख्यालय से जारी बयान में यादव ने कहा कि बारिश न होने से खरीफ की बुवाई रुकी हुई है और सरकार के कथित पौधारोपण अभियान पर भी सूखे का साया मंडराने लगा है एवं लगभग पूरे प्रदेश में स्थिति काफी चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि समय से बरसात नहीं होने से धान की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है तथा बहुत जगह तो खरीफ की बुवाई ही रूक गई है।

### राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देगी जेएमएम, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जताया शिबू सोरेन का आभार

झारखंड। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का आधिकारिक तौर पर एलान कर



दिया है. पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने 14 जुलाई की शाम इस आशय का पत्र जारी किया है. जेएमएम की इस घोषणा को कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जेएमएम के इस फैसले का स्वागत किया है।

रघुवर दास ने भी ट्वीट कर कहा है कि, देर आए, दुरुस्त आए! झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के समर्थन का स्वागत है. यह घोषणा उनकी उम्मीदवारी के साथ ही की जाती, तो अलग संदेश जाता. हुजूर आते–आते बहुत देर कर दी वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रही है।

### ज्ञानवापी मामले में सुप्रीमकोर्ट में नई याचिका दाखिल, सर्वे में मिले शिवलिंग की पूजा-अर्चना की मांगी इजाजत

नई दिल्ली |ज्ञानवापी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल की गई है। इसमें भगवान



शिव के शिष्यों और अनुयायियों को अदालत द्वारा आदेशित सर्वेक्षण के दौरान ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वजुखाना या जलाशय के अंदर मिले शिवलिंग की पूजा करने की अनुमति मांगी गई है। याचिकाकर्ता श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति दल के अध्यक्ष ने अदालत से कहा है कि सावन का महीन हिंदुओं के लिए पवित्र महीना होता है इसलिए उसे पूजा की अनुमति दी जाए। इस मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई होने की उम्मीद है। अब जब वाराणसी कोर्ट में यह मामला चल रहा है ऐसे में देखना होगा कि सुप्रीम कोर्ट किस तरह का निर्णय देता है।

# सीएम योगी ने की विभागीय कार्ययोजनाओं की समीक्षा, अब 6 माह एक वर्ष, 2 वर्ष और 5 वर्ष के लक्ष्य को पूरा करने पर करें फोकस

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब 6 माह, एक वर्ष, 2 वर्ष और 5 वर्ष के लिए दिए गए लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा बेहतर टीम वर्क की वजह से 100 दिन की कार्ययोजना के तहत तय लक्ष्य पूरे किए गए हैं। इसी तरह की टीम वर्क से आगे के भी लक्ष्य को पूरा करने के लिए मंत्री और अधिकारी मिलकर काम करें। उन्होंने मंत्रियों को विभागीय कार्ययोजना की प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा है।

100 दिन की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए सीएम ने कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों पर लगातार नजर बनाए रखने और जरूरी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कोविड का निशुल्क बूस्टर डोज लगाने के संबंध में केंद्र के फैसले के बाद प्रदेश में भी 75 दिन की समय सीमा में 13 करोड़ लोगों को तेजी से बूस्टर डोज लगाने का निर्देश दिया है।

सीएम ने प्रदेश में परिवहन सेवा को और सुरक्षित और सुगम बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने विभाग और निगम में नीतिगत सुधार लाने के साथ ही प्रत्येक जिले में कम से कम एक बस स्टेशन को पीपीपी मोड में आधुनिक बनाने का लक्ष्य दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में



खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रस्तावित नई खेल नीति जल्द तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

### राष्ट्रपति पद की गरिमा को बढ़ाएंगी द्रौपदी मुर्मू, एमपी ही नहीं पूरे देश में है आज अद्भुत वातावरण : शिवराज

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

भोपाल। एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को भोपाल पहुंचीं। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य भाजपा नेताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। इसी बीच मुख्य मंत्री ने कहा कि हम सब आनंद और प्रसन्नता से भरे हुए हैं, पूरे प्रदेश में आनंद उत्सव का वातावरण है। वही दृश्य आज एयरपोर्ट और भोपाल की सड़कों पर भी परिलक्षित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ की जनता की ओर से आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी आपका हृदय से स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित होने के बाद भी प्रतिदिन की भांति दीदी द्रौपदी मुर्मू ने



अपने गांव के उसी मंदिर में झाड़ू लगाई। निश्चय ही सहज एवं सरल हमारी दीदी राष्ट्रपति पद की गरिमा को और बढ़ायेंगी, यह हम सबको विश्वास है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिर्फ मध्य प्रदेश नहीं पूरे देश में अद्भुत वातावरण है। दीदी का राष्ट्रपति के पद हेतु उम्मीदवार घोषित होते ही आनंद की ऐसी हिलोर उठी है जो बाकी चुनाव मैंने कभी नहीं देखी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश राजा भोज, रानी कमलापति की पवित्र धरती है।




# संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 16 जुलाई को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का तहसील सिकन्दरा में होगा आयोजन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नेहा जैन ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा क्रमानुसार प्रत्येक तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी, जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अन्य तहसीलों में जिलाधिकारी द्वारा संशोधित निर्गत निर्धारित रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी भी जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगी, अथवा जिलाधिकारी द्वारा नामित किसी अपर जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। शेष तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी, जिसमें सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारी व तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। यदि उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है, तो सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले दिन आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। संशोधित रोस्टर संपूर्ण समाधान दिवस का माह 16 जुलाई 2022 से 1 अक्टूबर 2022 तक का रोस्टर के अनुसार कोविड–19 की गाइड लाइन में दिये गये निर्देशों के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 16 जुलाई 2022 को तहसील सिकन्दरा में जिला स्तरीय तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार तहसील अकबरपुर में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, तहसील भोगनीपुर मे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कोविड 19 गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित तिथि व समय पर (प्रातः 10.00 बजे) पहुँच कर सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में बहता मिला अज्ञात युवक का शव, सनसनी

कानपुर। गोविंद नगर थाना क्षेत्र के एच– ब्लाक कच्ची बस्ती के पास गुजैनी बाईपास पुल के नीचे बड़ी नहर में पानी में बहता हुआ मिला लगभग 22 वर्षीय अज्ञात युवक का शव जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची क्षेत्रीय थाना पुलिस जिन्होंने वहां





पर मौजूद लोगों से व वहां से आ जा रहे राहगीरों से मृतक की पहचान कराई लेकिन मृतक की अभी तक कोई पहचान नहीं हो सकी। मृतक व्यक्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी हो या मिले तो इन मोबाइल नंबरों पर कॉल कर सूचना दें। मो०– 9454403726, 8299420816

## अभियान के अन्तर्गत आवारा पशुओं को पकड़ा जाये : जिलाधिकारी

- 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन

लखनऊ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुश्री निहारिका जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्री राम मनोहर नारायण मिश्रा, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देशन में शनिवार दिनांक 13 अगस्त को



प्रातः 10:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जिसमें जनपद न्यायालय में बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, मोबाईल फोन व केबल सम्बन्धी नेटवर्क सम्बन्धी प्रकरण, आयकर, बैंक व वित्तीय संस्थाओं से सम्बन्धित प्रकरण, ऐसे प्रकरण जिनमें पारस्परिक सद्भावना हेतु आपसी सुलह समझौते से निपटाना चाहे, दीवानी वाद, चेक बाउन्स के मामलें और पारिवारिक न्यायालय में पारिवारिक विवादों का निस्तारण किया जायेगा।

## मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की लोक अदालत का आयोजन

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की लोक अदालत का आयोजन मोती महल परिसर लखनऊ में उसी दिनांक को किया जायेगा। श्री रविन्द्र कुमार–11 मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (नार्थ) व श्री अमरजीत वर्मा, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (साउथ) के माननीय पीठासीन अधिकारीगण द्वारा सूचित किया गया है कि लोक अदालत से पूर्व प्री–ट्रायल बैठक आगामी दिनांक 19, 26 व 30 जुलाई तथा 01 व 06 अगस्त 2022 को मोती महल परिसर में आयोजित की जायेगी। प्री–ट्रायल बैठक में मोटर दुर्घटना प्रतिकर के दावेदारों व उनके अधिवक्ताओं तथा विपक्षी इंश्योरेन्स कम्पनियों न्यू इण्डिया इंश्योरेन्स, नेशनल इंश्योरेन्स, युनाईटेड इण्डिया, उ०प्र०राज्य सड़क परिवहन निगम तथा अन्य गैर सरकारी इंश्योरेन्स कम्पनियों द्वारा भाग लिया जायेगा। वादकारीगण जिनके वाद मोटर दुर्घटना दावा



अधिकरणों में विचाराधीन हों वह दिनांक 19, 26 व 30 जुलाई तथा 01 व 06 अगस्त 2022 को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से सम्पर्क कर मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धी वाद राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13 अगस्त 2022 में निस्तारित कराकर लाभान्वित हो सकते है।

# रेलकर्मियों को फिर से मिलेगा नाईट ड्यूटी भत्ता




रेलवे में जल्द ही रात्रि में ड्यूटी करने वाले कर्मचारीयों को रात्रिकालीन ड्यूटी भत्ता का लाभ मिलने लगेगा। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के प्रस्ताव पर वित्त मंत्रालय ने मुहर लगा दी है। ज्ञातव्य होगा कि भारतीय रेलवे मजदूर संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय स्तरीय प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह से करीब दो घंटे रेलवे में नाईट ड्यूटी से संबंधित विषय पर विचार विमर्श के बाद अपनी बात मनवाने में सफल हुए और संघ का ज्ञापन स्वीकार कर इस पर त्वरित कार्रवाई की। जिसे मंत्री जी ने अपने ट्विटर अकाउंट से इस बात को स्पष्ट भी किया है। दरअसल रेलवे में कोरोना काल के दौरान नाईट ड्यूटी भत्ता बंद कर दिया गया था। इसकी बहाली के लिए उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघध्भारतीय रेलवे मजदूर संघ अपने मातृ संगठन भारतीय मजदूर संघ के साथ मिलकर संघर्ष कर रहा था अंततः इस पर सफलता मिली है। जल्द ही इसे लागू कर दिया जाएगा। संघ नाईट ड्यूटी भत्ता का भुगतान एरिअर के साथ करने पर सहमति ली है। यदि एरिअर का भुगतान समय से ना हुआ तो संघ चुप नहीं बैठेगा। आगे की योजना तैयार कर जब–तक भुगतान नहीं हो जाता संघर्ष करेगा। कानपुर में जोनल कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए उपयुक्त जानकारी उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री हेमंत विश्वकर्मा ने दी है।

# किसान पोर्टल पर दर्ज होंगे लाभार्थियों के भू अभिलेख : जिलाधिकारी नेहा जैन



संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। राजस्व व कृषि विभाग से एक एक संपर्क अधिकारी नामित किये जायें। अंकन प्रक्रिया को गुणवत्तापूर्ण दर्ज कराए जाने हेतु निर्धारित तिथियों में कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाए।

उक्त निर्देश आज जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा उप निदेशक कृषि को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत समस्त लाभार्थियों के भू अभिलेख का विवरण पीएम किसान पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण रूप से दर्ज कराए जाने हेतु दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत समस्त लाभार्थियों के भू अभिलेख का विवरण पीएम किसान पोर्टल पर दर्ज किए जाने हेतु तहसील स्तर पर राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग से एक–एक संपर्क अधिकारी नामित किये जायें जिससे विभागीय समन्वय व सुगमता पूर्वक यह कार्य पूर्ण हो सके। उन्होनें कहा कि उप कृषि निदेशक तहसीलों को राजस्व ग्रामवार हार्ड कॉपी सम्बन्धित लेखपालों को उपलब्ध कराएंगे और साथ ही हार्ड कॉपी के प्रारूप में रिक्त स्थान पर राजस्व अभिलेखों के आधार पर भूलेख के विवरण को भी अंकित कराएंगे, जिसके उपरांत संबंधित लेखपालों द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर मुहर सहित हस्ताक्षर करते हुए वापस तहसील में हार्ड कॉपी को जमा कराया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा विभागीय तकनीकी सहायक को हार्ड कॉपी के अनुसार लेखपालों को कृषकों की पहचान, ग्राम पंचायतों की मैपिंग आदि में सहयोग हेतु उनके कार्य क्षेत्र में पड़ने वाले राजस्व ग्रामों के लेखपालों की सहायता हेतु नामित किये जाने हेतु उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि संबंधित राजस्व कर्मी अपने अपने संबंधी राजस्व ग्राम में उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार लाभार्थी का भूलेख विवरण एक्सेल शीट में दर्ज करेंगे। सूचना फीड करने के पश्चात हार्ड कॉपी से एक्सेल शीट का मिलान संबंधित लेखपाल एवं कृषि विभाग के तकनीकी सहायक द्वारा करते हुए हार्ड कॉपी पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर भी करेंगे।

तत्पश्चात संबंधित उप जिलाधिकारी के पर्यवेक्षण में तहसील लॉगइन से पीएम किसान पोर्टल पर डेटा को अपलोड किया जाएगा, जिसके उपरकान्त यदि कृषको की सूची में जिनके राजस्व ग्राम अथवा तहसील की मैपिंग सही नहीं पायी गयी, उनकी सूची लेखपाल द्वारा अलग से तैयार की जाएगी एवं मैपिंग ठीक कराने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारियों एवं चकबंदी अधिकारी की समन्वय बैठक में सम्बन्धित तहसील को वह सूची उपलब्ध करायी जायेगी जिसे सम्बन्धित तहसील द्वारा उस डाटा को सही मैपिंग के आधार पर भूलेख के अनुसार लाभार्थी के विवरण को पूर्ण कराते हुए यह सूची पुनः जिस तहसील से प्राप्त हुई थी उसे वापस कर दी जायेगी, जहाँ पर सम्बन्धित तहसील द्वारा सूचना का अंकन एक्सेल शीट पुनः अपलोड किया जाएगा एवं लेखपाल को उपलब्ध कराए गए हार्ड कॉपी के अंतिम कॉलम में मृत्य की दशा में मृत्यु एवं भूमिहीन की दशा में ष्भूमिहीनष अवश्य अंकित किया जाएगा जिसको हार्ड कॉपी के रूप में उप कृषि निदेशक को संबंधित राजस्व कार्मिक द्वारा प्राप्त करा दिया जाएगा, जिसे उप कृषि निदेशक द्वारा सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्य की गुणवत्ता को बनाये रखने हेतु मास्टर ट्रेनर द्वारा क्षेत्रीय कार्मिकोंध्लेखपाल का प्रशिक्षण 13–14 जुलाई 2022 को कराया जाएगा जिसमें संबंधित राजस्व कार्मिकों को लाभार्थियों की सूची भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके उपरांत भूलेख के अनुसार हार्ड कॉपी पर लेखपालों द्वारा सूचना का अंकन 15 से 22 जुलाई के मध्य किया जाएगा।16–23 जुलाई, 2022 के मध्य लेखपाल द्वारा उपलब्ध कराये गए सूचना को एक्सेल शीट में अंकित किया जाएगा एवं 23–25 जुलाई 2022 के मध्य त्रुटिपूर्ण मैपिंग संबंधी लाभार्थियों के सम्बन्ध में समन्वय बैठक का आयोजन एवं सही मैपिंग से सम्बन्धित ग्रामध्तहसीलों के अंकन संबंधी कार्यवाही करने के उपरांत 24–28 जुलाई 2022 के मध्य एक्सेल शीट में अंकित सूचना को लेखपाल के हार्ड कॉपी से मिलान उपरान्त 25–30 जुलाई 2022 के मध्य पीएम किसान पोर्टल पर एक्सेल शीट को अपलोड करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य संबंधित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर संपन्न होगा: जिलाधिकारी

कानपुर नगर। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) श्री विशाख जी ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0, लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में जनपद कानपुर नगर के ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा उनके सदस्यों, क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानोंध्पदों, जो मा0 न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि– 20 जुलाई, 2022 (पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक), नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा– 21 जुलाई, 2022 (पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक), उम्मीदवारी वापसी– 22 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक), प्रतीक आवंटन– 22 जुलाई 2022 (अपरान्ह 03 बजे से कार्य की समाप्ति तक), मतदान– 04 अगस्त 2022 (प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक) तथा मतगणना 05 अगस्त 2022 (प्रातः 8 बजे से कार्य समाप्ति तक) निर्धारित है। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) श्री विशाख जी ने बताया है कि उपर्युक्त सूचना के अधीन ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा उनके सदस्यों, क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायत के सदस्यों के रिक्त स्थानोंध्पदों पर उप निर्वाचन हेतु रिक्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रोंध्आरक्षण का पूर्ण विवरण देते हुए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर (आर0ओ0) द्वारा दिनांक 16 जुलाई, 2022 को निर्धारित प्रारूप पर सार्वजनिक सूचना निर्गत की जाएगी तथा उसी दिन से नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारंभ हो जाएगा। सार्वजनिक सूचना की प्रति उसी दिवस में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अनिवार्य रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत) कलेक्ट्रेट परिसर, कानपुर नगर को प्रेषित की जाएगी। संबंधित खंड विकास अधिकारीध्सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा इस चुनाव कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाएगा और संबंधित ग्राम पंचायतों में मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को इसकी सूचना दी जाएगी। सार्वजनिक जानकारी हेतु संबंधित ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, तहसील कार्यालय के सूचना पटो पर यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा। प्रधान व ग्राम पंचायत के सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करने, इनकी जांच करने व उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य संबंधित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय (विकास खंड कार्यालय) पर संपन्न होगा। मतदान संबंधित ग्राम पंचायतों के निर्धारित मतदान केंद्रों/स्थलों पर संपन्न होगा। उपयुक्त समय सारणी के मध्य पडने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारणी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। संदर्भित निर्वाचन कोविड–19 व अन्य किसी महामारी के संबंध में राज्य आपदा प्रबंध, राष्ट्रीय आपदा प्रबंध, राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों का कडाई के साथ अनुपालन कराते हुए संपन्न कराए जाएंगे।

# जिलाधिकारी ने नगर विकास डूडा विभाग की समीक्षा, दिये निर्देश

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में नगर विकास डूडा विभाग की समीक्षा करते हुए जनपद की सभी नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को पीएम स्वनिधि के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थी के केवाईसी के साथ ही पीएम स्वनिधि में पैसा जमा करते रहें, इसके लिए प्रयास किया जाये। जिलाधिकारी ने 15वें वित्त एवं राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषदों द्वारा कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के किस्तों का भुगतान नियत समय पर किया जाये।

वहीं डूडा जेई द्वारा कार्यो में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यो में सुधार के निर्देश दिये है। डीएम ने कहा कि नगर पंचायतों को साफ–सुथरा रखा जाए तथा कहीं पर भी जलभराव न हों इसके लिए पूर्व से ही ऐसे स्थल चिन्हित कर लिये जाये जिन स्थलों पर विगत वर्षो में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई हो और साथ ही उन स्थलों पर जल निकासी हेतु बेहतर उपाये किए जाये। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में कूडा अधिक समय तक न पड़ा रहें इसके लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं जिलाधिकारी ने पीओ डूडा हर्ष अरविन्द को निर्देशित किया कि जो योजनायें संचालित है उनका लाभ पात्र गरीब जनता को अवश्य दिलाये। नगर निकायों में दुर्घटना से बचने हेतु स्ट्रीट लाइटे अवश्य लगाये एवं ऐसी स्ट्रीट लाइट जो क्षतिग्रस्त स्थिति में हो उनको तत्काल दुरस्त किया जाये। बैठक में अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, सभी अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय आदि सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने छतैनी कम्पोजिट विद्यालय, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश







- जिलाधिकारी ने ग्राम छतैनी में पैदल भ्रमण कर जानी हकीकत, ग्रामीणों की समस्याओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन ने मलासा विकास खंड के छतेनी कम्पोजिट विद्यालय में स्थापित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान 28 बच्चे उपस्थित मिले, जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण वितरण इत्यादि के बारे में जानकारी ली, इस मौके पर शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तक का जिलाधिकारी ने अवलोकन किया तथा उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिका से पुस्तक के विषय में जानकारी ली तथा सही जानकारी न देने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका को पुस्तक अध्ययन करने के लिए निर्देश दिए तथा कहा कि बच्चों को शिक्षा सही प्रकार से दें, उनके स्वास्थ्य का भी परीक्षण कराएं तथा उन्हें उपचार भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बच्चों का वजन व लंबाई की नाप–तोल नियमित कराएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां पर 190 पंजीकृत छात्रों में केवल 128 छात्र उपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित कराएं तथा बच्चों को शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए जूता, मोजा, पाठ पुस्तके आदि को समय से उपलब्ध कराएं, उन्होंने उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि कायाकल्प के तहत विद्यालय में रंगाई, पुताई इत्यादि का कार्य भी सही से कराएं, वहीं जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ बैठकर शिक्षक द्वारा पढ़ाए जा रहे विषय के संबंध में जानकारी ली तथा बच्चों को भी पुस्तक आदि का अध्ययन कराया, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने रसोईघर का भी निरीक्षण किया तथा रसोईया को ड्रेस एवं उनके वेतन भुगतान के बारे में प्रश्न किये तथा उपस्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि रसोइए का समय से भुगतान कराएं तथा उन्हें ड्रेस भी उपलब्ध कराए, उन्होंने कहा कि बच्चों को मीन्यू के तहत निर्धारित मिड–डे–मील उपलब्ध कराएं, मिड डे मील में भोजन के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, वहीं जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ राष्ट्रगान भी गाया, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया तथा उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए, वही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित किए गए उत्पाद जिसमें बुकनू, मसाले, बेसन इत्यादि को भी देखा, इस पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मार्केट उपलब्ध कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, उन्होंने खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, सचिव से कहा कि गांव में खेल के मैदान हेतु जगह का चिन्हांकन शीघ्र करें, जिससे कि बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पूरे गांव का पैदल भ्रमण किया तथा नाली, खड़ंजा, चकरोड, साफ सफाई इत्यादि को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का गरीब जनता को अवश्य लाभ दिलाएं। वही गांव में कुछ ग्रामीणों में आपसी विवाद को निपटाए जाने हेतु उपस्थित खंड विकास अधिकारी, लेखपाल, ग्राम प्रधान, सचिव आदि को निर्देश दिए गए।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी मलासा, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सचिव ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# सी ओ पी प्राप्त कर नवागंतुक अधिवक्ताओं का हुआ अभिनंदन

अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति द्वारा सी ओ पी प्राप्त कर अधिवक्ता परिवार में सम्मिलित हुए नवागंतुक अधिवक्ताओं का बार एसोसिएशन हाल में किया गया।

अयोध्या टाइम्स संवाददाता। हरिओम द्विवेदी,कानपुर। बार एसोसिएशन में नव युक्त अधिवक्ताओं का अभिनन्दन समारोह आयोजन किया गया।जिसमें सर्वप्रथम नरेश चंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष कानपुर बार एसोसिएशन ने नवागंतुको अधिवक्ताओं को माला पहनाते हुए अभिनन्दन किया ।और समारोह में बोलते हुए कहा कि हम अधिवक्ताओं की सर्वोच्च संस्था बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सर्टिफिकेट एंड प्लेस आफ प्रैक्टिस (वेरिफिकेशन) नियम 2015 बना दिया है जिसके अनुसार वर्ष 2010 या उसके बाद पंजीकृत होने वाले सभी अधिवक्ताओं को अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करना अनिवार्य है ऐसे सभी अधिवक्ता जिन्होंने अखिल भारतीय बार परीक्षा पास कर ली है वह फार्म भरकर राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश से सी ओ पी नंबर प्राप्त कर सकते हैं कार्यक्रम संयोजक पं रवीन्द्र शर्मा ने कहा कि बिना सी ओ पी नंबर के कोई भी अधिवक्ता न तो वकालत कर सकता हूं और न ही संस्थाओं में चुनाव लड़ सकता है और मतदान भी नहीं कर सकता है।उपस्थित सभी को धन्यवाद देते हुए बताया कि समारोह का उद्देश्य नवागंतुक अधिवक्ताओं को अधिवक्ता वृत्ति में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। सम्मानित किए जाने वाले नवागंतुक अधिवक्ताओ में नैना



दीक्षित आशुतोष श्रीवास्तव आशुतोष मिश्रा अविनाश साहू अलका श्रीवास्तव सुमित शर्मा अनिल निषाद अमित कुमार पाल चंदा कुशवाहा अंकुर श्याम दीपक निषाद राहुल पासवान स्वाती यादव रवि कश्यप अमित बिलगैया सूरज तिवारी नूर आलम मिश्रा नमिता अवस्थी शिवम गंगवार कृतिका पांडेय शिवांश अवस्थी सौरभ कुमार राघवेन्द्र गुप्ता गोपाल शाह आदि रहे। कार्यक्रम में प्रमुख वरिष्ठ अधिवक्ता भानु प्रताप द्विवेदी हरी शुक्ला जागेन्द्र अवस्थी दोनों संयुक्त मंत्री बार एसोसिएशन गायत्री मिश्रा शुशील वर्मा अश्वनी आनंद अखिलेश कुमार आनन्द गौतम सर्वेश त्रिपाठी विजय सागर मो कादिर खा संजीव कपूर तौहीद आलम मोहित शुक्ला अंकुर गोयल इंद्रेश मिश्रा प्रियम जोशी अंकुर शुक्लाआदि रहे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## दिल्ली के अलीपुर में गोदाम की दीवार गिरी, पांच लोगों की दर्दनाक मौत



दिल्ली । दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक गोदाम की दीवार गिरने के हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है. सीएम अरविंद केजरीवाल ने हादसे पर दुख जताया है. दिल्ली पुलिस ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि की. जानकारी के मुताबिक, घटनास्थल पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौजूद है. दिल्ली पुलिस ने बताया कि दीवार गिरने के हादसे के बाद लोगों को रेस्क्यू किया गया, इसमें से पांच लोगों की मौत हो गई है. घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. हादसे के बाद वहां अफरातफरी का माहौल बन गया।

NRDF की टीम मौके पर मौजूद घायलों को राजा हरिशचंद्र हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है. घायलों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. एनडीआरएफ मौक पर मौजूद है. बताया जा रहा है कि जिस गोदाम की दीवार गिरी है वहां करीब दो दर्जन लोग काम कर रहे थे।

हादसे के बाद मलबे को निकालने के लिए जेसीबी मशीन को लगाया गया है. स्थानीय लोग भी बचाव कार्य में मदद कर रहे हैं। सीएम केजरीवाल ने जताया दुख

सीएम केजरीवाल ने हादसे पर दुख जताया है. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन राहत और बचाव के काम में जुटा हुआ है और वो खुद इस पर नजर रखे हुए हैं. केजरीवाल ने ट्वीट किया, ष्अलीपुर में दुखद हादसा हुआ. जिला प्रशासन राहत और बचाव के काम में जुटा हुआ है. मैं स्वयं राहत कार्य पर नजर रखे हुए हूं. दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। दिल्ली पुलिस ने कहा, अलीपुर में एक गोदाम की दीवार गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई और घायल लोगों को अस्पताल भेजा गया है। कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका है जिसके लिए बचाव अभियान जारी है. दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, घटनास्थल से मलबा हटाया जा रहा है।

## 18 से अधिक उम्र के लोगों को बूस्टर डोज लगना शुरू

- आजादी के अमृत महोत्सव' पर चलेगा 75 दिन का विशेष टीकाकरण अभियान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर बूस्टर डोज (प्रिकॉशन) लगाने की मुहिम शुरू हो गयी है। इसी



क्रम में शुक्रवार को जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में 18 वर्ष से 59 वर्ष तक के लोगों बूस्टर डोज (प्रिकॉशन) निःशुल्क लगनी शुरू हो गई है। पहले दिन 5 बजे तक 207 लोगों ने प्रिकॉशन डोज लगवाई। कोविड टीका की एहतियाती खुराक 59 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए पहले से निरूशुल्क उपलब्ध थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाए जा रहे सरकार के 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में 15 जुलाई से अगले 75 दिनों तक मुफ्त सतर्कता डोज अभियान चलाया जाएगा। कोविड की एहतियाती खुराक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। अभी तक जनपद में हेल्थ केयर वर्कर, फ्रंटलाइन वर्कर और 59 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए पहले से निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लग रही थीं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.राकेश कुमार ने बताया कि बूस्टर डोज के लिए कोविशील्ड के 21480 और कोवैक्सीन के 17500 डोज उपलब्ध हैं। इसके अलावा 12 से 14 साल के बच्चों को लगाई जाने वाली कार्वोवैक्स वैक्सीन के 11520 डोज उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगे हुए छह महीने हो चुके हैं, उन्हें ही यह बूस्टर डोज लग सकेगी।

उक्त व्यवस्था अगले 75 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

## युवा उत्सव 19 जुलाई को सरोज महाविद्यालय ककोर में होगा



संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स दिबियापुर,औरैया। जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा वर्ष 2022–23 में युवा उत्सव का आयोजन आगामी 19 जुलाई को श्री सरोज महाविद्यालय ककोर में होगा। युवा उत्सव में लोकगीत, लोकनृत्य, कथक, भरतनाट्यम, मणिपुरी, ओडिसी, शास्त्रीय गायन हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक, सितार वादन, तबला वादन, हरमोनिया, बांसुरी वादन, गिटार वादन, वीणा वादन एवं एकांकी के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर प्रचलित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी सम्मिलित किया जाना है। जनपद के समस्त विकास खंडों के अतिरिक्त समस्त विद्यालय, महाविद्यालय एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के यहां छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने हेतु प्रतिभाशाली कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है। कलाकारों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। जनपद के विजयी कलाकार मंडल स्तर पर कानपुर नगर में प्रतिभाग करेंगे। इसकी सूचना पृथक से दी जाएगी। जनपद युवा उत्सव में प्रतिभाग करने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 19 जुलाई है। जनपद के इच्छुक प्रतिभागी कलाकार कार्यक्रम हेतु निदेशालय द्वारा निर्मित वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण आवेदन कर सकते हैं। अथवा विकास खंडों में तैनात युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर या सीधे ही विकास भवन जिला युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय में अपना नाम, पता उम्र एवं विधा का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए कार्यक्रम हेतु अपना आवेदन करवा सकते हैं।

### ग्राम पंचायतों के विकास को गांव में ही संपादित कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक/ कंप्यूटर आपरेटर की नियुक्तिकी

संवादाता दीपू राजपूत रसूलाबाद रसूलाबाद कानपुर देहात। ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवालय को बहाल करने व ग्राम पंचायतों के विकास को गांव में ही संपादित कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक/ कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति की थी। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर आवेदन किए थे और मेरिट में सबसे आगे आने वालों की नियुक्तियां की गई थी। रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र की पहाड़ीपुर ग्राम पंचायत में प्रशासनिक समिति की बैठक नहीं की गई। जिसके चलते पहाड़ीपुर ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के पद पर किसी को नियुक्ति नहीं मिली जबकि उक्त संदर्भ में मैनाज बेगम ने वरीयता के आधार पर चयन पाया था। जिसकी चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी होगी। वहीं रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत मेघजाल व मकरंदपुर। कहिंजरी में पंचायत सहायकों ने स्वेच्छा से इस्तीफा दे दिया था अर्थात रसूलाबाद की इन 3 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की नियुक्ति होना है।

इसके लिए जिले से निर्देश आने के बाद जल्द इन पदों को भरा जाएगा।

## लोकसभा अध्यक्ष ने की राज्य विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के साथ बैठक



लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने आज भारत में राज्य विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कहा कि आज पीठासीन अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई जिसमें कहा गया कि सभी राज्यों और देश के अंदर राज्यपाल के अभिभाषण और राष्ट्रपति के अभिभाषण के समय हस्तक्षेप न करें ये हमारी मर्यादा के अनुकूल नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि लोकसभा और विधानसभा में बिना तथ्यों के किसी भी तरह के आरोप–प्रत्यारोप से बचना चाहिए। हमारी कोशिश होनी चाहिए लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त करने की कोशिश सभी राजनैतिक दलों को करनी चाहिए। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा था कि संसदीय कार्यवाही के दौरान किसी शब्द के प्रयोग को प्रतिबंधित नहीं किया गया है बल्कि उन्हें संदर्भ के आधार पर कार्यवाही से हटाया जाता है तथा सभी सदस्य सदन की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए अपने विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं। बिरला ने उन आलोचनाओं को खारिज कर दिया कि असंसदीय शब्दों के चयन में भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार का हाथ था। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायिका स्वतंत्र है और कार्यपालिका संसद को निर्देश नहीं दे सकती है। लोकसभा सचिवालय ने '' असंसदीय शब्द 2021 '' शीर्षक के तहत ऐसे शब्दों एवं वाक्यों का नया संकलन तैयार किया है जिसमें जुमलाजीवी, बाल बुद्धि सांसद, शकुनी, जयचंद, लॉलीपॉप, चाण्डाल चौकड़ी, गुल खिलाए, तानाशाह, भ्रष्ट, ड्रामा, अक्षम, पिठ्ठू जैसे शब्द शामिल हैं। इस मुद्दे पर विवाद उत्पन्न होने के बाद बिरला ने स्थिति स्पष्ट करने के लिये संवाददाता सम्मेलन बुलाया और कहा कि असंसदीय शब्दों के संकलन की ऐसी पुस्तिका जारी करना 1954 से नियमित प्रथा है और इसमें राज्य विधानसभाओं की कार्यवाही से हटाये गए शब्दों को भी शामिल किया जाता है। विपक्षी दलों द्वारा इस संबंध में विरोध जताए जाने के बाद बिरला ने संवाददाताओं से कहा, '' किसी शब्द पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

सदस्य अपने विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं, कोई भी उस अधिकार को नहीं छीन सकता है, लेकिन यह संसद की मर्यादा के अनुसार होना चाहिए।

## कृमि से प्रभावित होता है शारीरिक विकास : जिलाधिकारी



- 6.33 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी पेट में कीड़े निकालने की दवा
- कृमि मुक्ति अभियान की तैयारियों को लेकर हुई अंतर्विभागीय बैठक

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट सभागार ककोर मुख्यालय में कृमि मुक्ति अभियान की तैयारियों को लेकर आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में कहा कि बच्चों और किशोर–किशोरियों में कृमि के कारण मानसिक और शारीरिक विकास बाधित होता है। स्कूलों में अनुपस्थिति बढ़ती है और उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। आर्थिक उत्पादकता में भी कमी आती है। बच्चा कुपोषण और एनीमिया का शिकार हो जाता हैं। मुख्य चिकित्सधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि कृमि मुक्ति के लिए दवा सेवन कराने से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है। एनीमिया को नियंत्रित किया जा सकता है। बच्चों के सीखने की क्षमता, कक्षा में उपस्थिति में सुधार होता है, वयस्क होने पर काम करने की क्षमता और आय में बढ़ोतरी आदि जैसे फायदे होते हैं। जिले में 20 जुलाई को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान में जनपद के 6,33,600 एक से 19 साल के बालक–बालिकाओं को कृमि से मुक्ति (पेट के कीड़े निकालने) के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ शिशिर पुरी ने बताया कि सभी स्कूल कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके बाद 25 से 27 जुलाई तक मॉपअप राउंड चलेगा।

उन्होंने बताया कि एक से पांच साल तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, छह से 19 साल तक के स्कूल न जाने वाले सभी बालक–बालिकाओं एवं ईंट–भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिक व घुमंतू लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र पर दवा खिलाई जाएगी। जबकि छह से 19 साल तक के सभी छात्र–छात्राओं को सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, प्राइवेट स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक अजय पांडेय ने बताया कि बच्चों को निर्धारित डोज के अनुसार दवा दी जाएगी। इसमें एक से दो वर्ष के बच्चों को अल्बेंडाजोल 400 एमजी टैबलेट को आधा कर उसका चूरा पानी के साथ खिलाना है। दो से तीन वर्ष के बच्चों को अल्बेंडाजोल 400 एमजी का एक टैबलेट चूर्ण कर पानी के साथ खिलाना है। इसके साथ ही तीन से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों को एक पूरा टैबलेट चबाकर खिलाना है।

इसके बाद ही पानी का सेवन करना है। इस मौके पर नोडल आधिकारीध्एसीएमओ , जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक सहित आईसीडीएस, शिक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

## दो दिन से लापता था 17 वर्षीय युवक, अब गांव में ही नीम के पेड़ से लटका मिला शव



कानपुर। देहात के सिकंदरा थाना क्षेत्र के दोहरापुर गांव में दो दिन से लापता चल रहे एक युवक का शव गांव में नीम के पेड़ से लटका मिला है। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई, वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही सिकंदरा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. जिसके बाद शव को नीचे उतार कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जैसे ही पूरी घटना की जानकारी मृतक के परिवारजनों को मिली तो कोहराम मच गया।

परिजनों ने कही ये बात

वहीं पूरी घटना को लेकर मृतक के चाचा सर्वेश कुमार ने बताया कि बीते मंगलवार की शाम को उनका भतीजा दिव्यांशु घर से निकला था. जिसके बाद वह घर वापस नहीं आया. काफी छानबीन और पूछताछ करने के बाद भी उसकी जानकारी नहीं मिली. गांव के लोगों के द्वारा जानकारी मिली की भतीजे का शव गांव में ही पेड़ से लटका हुआ मिला है. वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है. साथ ही उसे पोस्टमार्टम के लिए भी भेज दिया है. वहीं घटना स्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य इकट्ठा किए हैं. अब पुलिस हत्या या आत्महत्या की गुत्थी को सुलझाने में लगी हुई है। पूरा मामला कानपुर देहात के सिकंदरा क्षेत्र के दोहरापुर गांव का है. जहां पर 17 वर्षीय दिव्यांशु गांव में ही अपने चाचा सर्वेश कुमार के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था. वहीं दिव्यांशु का पूरा परिवार कानपुर में रहता है. घटना की जानकारी देते हुए मृतक के चाचा सर्वेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम अचानक दिव्यांशु घर से कहीं चला गया था. जिसके बाद गांव और आसपास काफी छानबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला, काफी पूछताछ और छानबीन करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया. वहीं आज गांव के ही लोगों ने जानकारी दी कि उसका शव गांव में ही बनी एक नीम के पेड़ से लटका हुआ पाया गया है। क्या बोली पुलिस? इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी उन्होंने सिकंदरा थाना पुलिस को कर दी है. इस पूरी घटना के बाद से ही गांव और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. पूरी घटना को लेकर सिकंदरा क्षेत्र अधिकारी रवि कांत गौड़ ने बताया कि जैसे ही इस घटना की जानकारी पुलिस को लगी तो मौके पर सिकंदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई. साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. इतना ही नहीं मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्षी खट्टे किए हैं. वहीं मृतक के चाचा ने तहरीर देते हुए आत्महत्या की आशंका जताई है. जल्द ही मामले की तह तक पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## शासन के निर्देश पर निःशुल्क लगेगी प्रिकॉशन डोज : सीएमओ



- 18 से 59 वर्ष अधिक आयु वर्ग के लोगों को सरकार ने दिया उपहार

लखीमपुर,खीरी। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को सरकार ने कोरोना से लड़ाई में एक बड़ा तोहफा दिया है। इन सभी को अब निशुल्क में प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी। शासन के निर्देश पर शुक्रवार को जनपद में भी इसका शुभारंभ हो गया। जिला पुरुष चिकित्सालय में सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस दौरान डीआईओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सरकार द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी युवक–युवतियों, महिलाओं एवं पुरुषों को भी अब निशुल्क में ही प्रिकॉशन डोर लगाई जाएगी। उत्तर प्रदेश सहित जनपद में भी इसकी शुरुआत शुक्रवार से हो गई है। पहले दिन जिला पुरुष चिकित्सालय से निशुल्क प्रिकॉशन डोज अभियान का शुभारंभ हुआ और इस दिन 50 से अधिक लोगों को प्रिकॉशन डोज लगाई गई है। वहीं पहली व दूसरी डोज एएनएम आराधना वर्मा व एएनएम मीरा राज द्वारा सीतांशु शुक्ला और पीयूष मिश्रा को सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी व डीआईओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता की उपस्थिति में लगाई गई। इस दौरान सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अभी तक प्रिकॉशन डोज सिर्फ 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों सहित फ्रंटलाइन वर्कर को लगाई जा रही थी लेकिन सरकार ने जनता को एक बड़ा तोहफा दिया है अब किसी को भी प्रिकॉशन डोज के लिए एक रुपया भी खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस दौरान एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी को कोरोना वायरस से पूर्ण सुरक्षा देना है। इसके लिए ही प्रिकॉशन डोज को भी निशुल्क लगाया जा रहा है। सभी लोग बढ़–चढ़कर जिला चिकित्सालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित उप केंद्रों पर भी प्रिकॉशन डोज लगवा सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## यूपी में स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल, कॉलेज और दफ्तरों में छुट्टी नहीं,

यूपी सरकार ने इस बार के स्वतंत्रता दिवस को लेकर एक बड़ा फैसला किया है. सरकार ने कहा है कि इस बार स्वतंत्रता दिवस 2022 (Independence Day 2022) पर राज्य में छुट्टी नहीं रहेगी. दरअसल, देश इस बार आजादी के 75 साल पूरे होने पर 75वां स्वतंत्रता दिवस (75जी Independence Day) मनाएगा. इसको लेकर भारत सरकार के ओर से आजादी का अमृत महोत्सव (Azadi Ka Amrit Mahotsav) कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## जिम के पास नाबालिग से छेड़छाड़ जबरन कार में बिठाया

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के चकेरी पुलिस क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने और कार में उसका अपहरण करने की कोशिश करने के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है। घटना गुरुवार शाम की है. पीड़िता की चीख–पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने कार को रोका और आरोपियों को पकड़कर जमकर पीटा। इसके बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## लोगों की सतर्कता से बची लड़की

नाबालिग लड़की के पिता ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी एक स्थानीय कॉलेज में इंटर की पढ़ाई कर रही है. पिता ने बताया, श्वह जिम जाने के लिए घर से निकली थी. कार में सवार चार युवकों ने उसे जिम के पास रोका और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे. विरोध करने पर आरोपी ने उसे जबरन कार में बिठाया और वहां से भागने का प्रयास किया. शोर मचाने पर लोगों ने किसी तरह गाड़ी को रोका और घटना की सूचना पुलिस को दी। आरोपियों की पहचान आकाश द्विवेदी, अमन द्विवेदी, अनुभव तिवारी और पीयूष दीक्षित के रूप में हुई है. चकेरी थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है. साथ ही पीड़िता के पिता की शिकायत पर छेड़छाड़, पोक्सो एक्ट व अपहरण समेत संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## बैंक स्थानान्तरण से पैला के ग्रामीण परेशान, ज्ञापन

बेहजम,खीरी। विकास क्षेत्र बेहजम की पैला ग्राम पंचायत की बैंक दूसरी जगह बेहजम कस्बे में स्थापित और संचालित होने से गांव वाले हैं परेशान। जिला अधिकारी खीरी और बैंक जिला प्रबंधक सहित बैक के उच्च अधिकारियों को ग्रामीणों ने दिया प्रार्थना पत्र। बताते हैं कि ग्राम पंचायत पैला की कुल आबादी तकरीबन दस हजार के ऊपर है और गांव के नाम लाइसेंस पर बेहजम कस्बे में इंडियन ओवरसीज बैंक संचालित है और कार्य कर रही है ।गांव वालों के मुताबिक करीब सात वर्ष पूर्व हमारे गांव को माननीय मंत्री जितिन प्रसाद के द्वारा ग्रामवासियों की बैकिंग सुविधाओं के लिए ग्राम पंचायत को एक राष्ट्रीयकृत बैंक स्वीकृति प्रदान करायी थी । जो मौजूदा समय में पैला के नाम से बेहजम कस्बे में कार्य कर रही है जिससे गांव के बुजुर्गों महिलाओं और बच्चियों सहित आम उपभोक्ताओं को बैंक कार्य के लिए आठ किलोमीटर दूर जाना पड़ता है



जबकि बेहजम कस्बे में अन्य कई बैंक संचालित है और कस्बे सहित क्षैत्र के लोगों को अपनी अपनी सुविधायें दे रही हैं फिर भी पैला की स्वीकृति बैंक बेहजम कस्बे में क्यों चल रही है क्या इतनी बड़े क्षेत्रफल वाली ग्राम पंचायत में बैक के लिए पर्याप्त जगह नहीं है अधिकारी इसका जवाब दे। अपने गांव में पुनः बैंक वापस आये और आम जनता को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराये इसलिए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान श्रीपाल मिश्रा की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीणों ने एक लिखित प्रार्थना पत्र जिला अधिकारी और बैंक अधिकारियों को रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजा है। अब देखना है क्या सक्षम अधिकारी इस समस्या पर गौर करेंगे और पुनः पैला ग्राम पंचायत को उसको अपनी बैंक वापस दिलायेंगे।

## संतुलन बनाए रखने पर अमेरिका का ध्यान, S-400 मिसाइल खरीद मामले में अमेरिका ने दी भारत को Caatsa से छूट, प्रतिनिधि सभा में बिल पास

रूस के साथ भारत की एस 400 डील के बाद से ही ये सवाल पूछा जाता था कि क्या अमेरिका का काटसा प्रतिबंध भारत को भी झेलना पड़ेगा। लेकिन अब खबर आ रही है कि अमेरिका ने भारत को काटसा से छूट दे दी है। जिसका सीधा सा मतलब है कि अमेरिका की तरफ से प्रतिबंधित देशों से भारत को हथियार खरीदने की छूट होगी। इसके साथ ही रूस और ईरान से रिश्ते रखने पर भी भारत पर प्रतिबंध नहीं लगेंगे। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा ने भारत को रूस से एस 400 मिसाइल प्रणाली खरीदने के लिए काटसा प्रतिबंधों से खास छूट दिलाने वाले संशोधित विधेयक को पारित कर दिया। भारतीय अमेरिकी सांसद रो खन्ना द्वारा पेश किए गए संशोधित विधेयक में अमेरिका के राष्ट्रपति जो



बाइडेन के प्रशासन से भारत को चीन जैसे आक्रामक रुख वाले देश को रोकने में मदद करने के लिए काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज सेंक्शन से छूट दिलाने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है। अमेरिका का एक कानून है काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज सेंक्शन (काटसा) जिसके तहत प्रावधान है कि अमेरिका अगर किसी देश पर कोई पाबंदी लगाता है तो उस देश के साथ बड़ा रक्षा सौदा करने वाले देश पर भी वो पाबंदी लग जाती है। यूक्रेन के साथ रूस की तनातनी के बाद साल 2017 में अमेरिका ने रूस के खिलाफ काटसा कानून को लागू कर दिया था। इसके बाद भारत से पहले तुर्की ने रूस से एस 400 की डील को अंजाम दिया। तुर्की नाटो संगठन में अमेरिका का पार्टनर भी है। इसके बावजूद उस पर काटसा के तहत कार्रवाई की गई।

# सम्पादकीय....

पहले नवोदित आईटूयूटू शिखर सम्मेलन का जबरदस्त आगाज

## छह महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं की पहचान कर सकारात्मक साझा हित एजेंडा स्थापित

- वैश्विक अनिश्चितता के बढ़ते दौर में जल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, परिवहन और स्पेस में संयुक्त निवेश बढ़ाने की सहमति सराहनीय कदम

वैश्विक स्तरपर भारत के बढ़ते रुतबे, प्रतिष्ठा, साख और आगाज से अब भारतीयों को गर्व से यह एहसास हो चला है कि भारत दुनिया का नेतृत्व करने की दिशा में तेजी से चल पड़ा है और अपनी हर कोशिश में सफलता के झंडे गाड़ रहा है और देश को गौरवविंत करते हुए प्रतिष्ठा में चार चांद लगा रहा है!!उसमें दिनांक 14 जुलाई 2022 को एक अध्याय और जुड़ गया जब भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका (यूएएस) चार देशों आईटूयूटू द्वारा पश्चिमएशिया क्वाड बनाकर इस समूह को आईटूयूटू का नाम दिया गया है। इसमें आई शब्द का इस्तेमाल इंडिया और इस्राइल के लिए और यू का अमेरिका और युनाइटेड अरब अमीरात के लिए है। चारों देशों के नाम के पहले अक्षर को मिलाकर संगठन का यह नाम रखा गया है। अपने पहले शिखर सम्मेलन में वैश्विक अनिश्चितता के बढ़ते दौर में जल स्वास्थ्य खाद्य सुरक्षा ऊर्जा परिवहन और स्पेस में संयुक्त निवेश बढ़ाने पर सहमति देखकर सकारात्मक एजेंडा स्थापित किया जो, दुनिया को बेहतरी में बदलने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से 14 जुलाई को संपन्न हुए आईटूयूटू शिखर सम्मेलन पर पीआईबी की सहायता से उपलब्ध जानकारी से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम आईटूयूटू को समझने की करें तो, आईटूयूटू का मतलब भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका (यूएस) है। भारत में यूएई के राजदूत की ओर से इसे पश्चिम एशियाई क्वाड के रूप में भी जाना जाता है। दरअसल, अक्टूबर 2021 में जब भारत के विदेश मंत्री इजराइल के दौरे पर थे, तब चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी। उस समय इस ग्रुप को आर्थिक सहयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच कहा जाता था। इस समूह का मुख्य मकसद पारस्परिक हित के सामान्य क्षेत्रों, संबंधित क्षेत्रों और उसके बाहर व्यापार और निवेश में आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा करना है।

साथियों बात अगर हम इजराइल के वर्चुअल मेजबानी से संपन्न आईटूऊटू में सहमति एजेंडे पर माननीय पीएम के वर्चुअल संबोधन की करें तो,उन्होंने बताया आईटूयूटू फ्रेमवर्क के तहत जल, ऊर्जा, परिवाहन, स्वास्थ्य, स्पेस और खाद्य सुरक्षा के लिए छह महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त निवेश बढ़ाने के लिए सहमत हुए हैं। उनके मुताबिक, बढ़ती वैश्विक अनिश्चिताओं के बीच हमारा कॉपरेटिव फ्रेमवर्क व्यावहारिक सहयोग का एक अच्छा मॉडल है। पूरा विश्वास है कि आईटूयूटू से हम वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा, खाद्यसुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। उन्होंने आईटूयूटू वर्चुअल शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा, आज की इस पहली समिट से ही आईटूयूटू ने एक पॉजिटिव (सकारात्मक) एजेंडा स्थापित कर लिया है। हमने कई क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाएं की पहचान की है और उनमें आगे बढ़ने का रोडमैप भी बनाया है।


साथियों बात अगर हम साथी देशों के संबोधन की करें तो उन्होंने कहा, दुनिया को बेहतर के लिए बदलना चाहते हैं हम, समूह की पहली नेताओं की बैठक में इजराइल के पीएम भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा, वास्तविक समाधान केवल उन देशों के माध्यम से आएगा, जो संसाधनों को एक साथ लाना जानते हैं। हम दुनिया को बेहतर के लिए बदलना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य निजी बाजार को भागीदार बनाना है। चार अलग–अलग देश होने के बावजूद यह स्पष्ट है कि हम सभी एक ही चीज चाहते हैं, जिसमें बुनियादी ढांचे का विकास, बच्चों केलिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा शामिल है और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करना है।

वहीं, समूह की पहली नेताओं की बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी बात रखते हुए कहा– आज हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं उनमें तेजी से जलवायु संकट या बढ़ती खाद्य असुरक्षा शामिल है,यूक्रेन के खिलाफ रूस के क्रूर हमले से अस्थिर बाजारों को और भी बदतर बना दिया गया है।

साथियों एक बात मानना पड़ेगा आज के आईटूयूटू ने इतने कम समय में जबरदस्त संकल्प, साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए साथ मिलकर भाईचारा करके वैश्विक कल्याण के लिए काम करने की इच्छाशक्ति, विषय वस्तु को चुनकर पूरी दुनिया के लिए मजबूत साझेदारी का गठजोड़ किया है। इन देशों के आर्थिक रिश्ते पहले से ही बहुत अच्छे हैं साथ मिलकर काम करने की बहुत अच्छी शुरुआत हुई है। चार देशों की भूमिका अहम होगी। चुनौती पूर्ण भरे छह विषयों पर दुनिया को सहयोग की आवश्यकता है। अमेरिका के डिप्टी एनएसए ने बहुत सकारात्मक संदेश सम्मेलन के पहले ही दे दिए थे। ग्रीन टेक्नोलॉजी संकल्पों के हिसाब से भारत के बढ़ते हुए चमक–दमक को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वैश्विक स्तरपर भारत के बिना कोई हल निकलने की गुंजाइश कम होती जा रही है। भारत के वैश्विक स्तरपर आगाज को रेखांकित करना होगा। भारत की भूमिका यूरोप और इजराइल के साथ एक सेतु की है और पूरे संदर्भ में भारत एक बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पहले नवोदित आईटूयूटू शिखर सम्मेलन का जबरदस्त आगाज हुआ हैं। महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं की पहचान कर सकारात्मक साझा हित एजेंडा स्थापित किया गया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बढ़ते दौर में जल स्वास्थ्य खाद्य सुरक्षा ऊर्जा परिवहन और स्पेस में संयुक्त निवेश बढ़ाने की सहमति सराहनीय कदम है।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र




# सरकार के रचनात्मक कामों का विरोध खुद के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा

डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

दुख इस बात से नहीं होता कि विपक्ष मुद्दे क्यों उठाता है बल्कि इस बात से होता है कि वह फिजूल के मुद्दे क्यों उठाता है। वैसे एक बात मान लेना चाहिए कि देश का समूचा विपक्ष जिस बिंदु पर आकर सोचना बंद करता है मोदी उससे आगे सोचना शुरू करते हैं। मोदी कार्यकाल के 8 साल इसी बात की ओर इशारा करते हैं कि विपक्ष ने मोदी के विरुद्ध जब–जब और जो जो भी मुद्दे उठाए उनमें उसे मौत ही खानी पड़ी है। मोदी जिन योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हैं उन सब में विपक्ष को खोट दिखती है लेकिन वे योजनाएं जनता को प्रसन्न कर देती हैं। आजादी के 75 सालों में देश ने जिन समस्याओं को झेला है उन को हल करने में मोदी अभी तक कामयाब भी रहे और जनता इसी के कारण मोदी के पक्ष में खड़ी रही जबकि विपक्ष उन पर न केवल सवाल खड़े करता रहा बल्कि मोदी को गालियां दे दे कर कोसता रहा। यह मोदी का सौभाग्य ही है कि 500 सालों से न्याय की दहलीज पर खड़ा राम मंदिर विवाद ना केवल सुलझ गया बल्कि आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है।

देश की सबसे पुरानी और 60 साल तक भारत की सत्ता पर राज करने वाली कांग्रेस ने राम मंदिर मुद्दे को सुलझाने के बजाय राम को काल्पनिक बताकर और उल जलूल सवाल खड़े कर स्वयं का नुकसान किया लेकिन इसे सुलझाने का सारा श्रेय मोदी सरकार को मिल गया। शाहबानो प्रकरण के बाद मोदी सरकार के पहले तक देश तो क्या दुनिया का कोई व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि मुस्लिम महिलाओं की बेहतरी के लिए देश से तीन तलाक की प्रथा कानूनी रूप से खत्म हो जाएगी लेकिन ऐसा मोदी सरकार ने कर दिखाया। यही नहीं नागरिकता संशोधन कानून पर भी सारा विपक्ष मोदी के विरुद्ध खड़ा रहा लेकिन इसके बाद ही वह संशोधन हुआ। कश्मीर से धारा 370 और 35 ए को समाप्त करने का असंभव काम भी मोदी ने कर दिखाया जिसने देश की जनता को मोदी के पक्ष में खड़ा कर दिया। वे सारे काम जिन पर विपक्ष मोदी का खुलकर विरोध करता रहा उन सब को मोदी की इच्छा शक्ति ने पूरा किया जिसका एकमात्र कारण यही प्रतीत होता है कि मोदी तुष्टिकरण में विश्वास नहीं करते और ना यह सोचते कि वह सत्ता में रहेंगे या जनता उन्हें ठुकरा देगी। इस निस्पृह भाव ने लोगों को मोदी का भक्त बना दिया। मोदी की राजनीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि वे जन भावनाओं की कद्र करते हैं। किसान आंदोलन में जब उन्होंने तीनों कृषि कानूनों को क्षमा मांगते हुए यह कहकर वापस लिया कि वह किसानों को कृषि कानूनों के लाभ समझा नहीं पाए इसलिए इन्हें वापस लेते हैं ने जनता की नजरों में मोदी के कद को बड़ा कर दिया जिसका परिणाम यह हुआ कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में से 4 राज्यों में भाजपा की जीत हुई। कुल मिलाकर मोदी ने ऐसे कई काम किए जिनका असर जनता पर न केवल सकारात्मक रहा बल्कि वे विपक्ष पर भारी पड़े।

हाल ही में देश के विपक्ष ने नए संसद भवन पर राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह में प्रदर्शित शेरों की मुद्रा पर सवाल खड़े कर कोई सही उचित काम नहीं किया। वैसे नए संसद भवन के सेंट्रल विसटा प्रोजेक्ट पर कोरोना काल में भी कांग्रेस ने सरकार को घेरने के लिए बेबुनियाद आरोप खड़े किए थे। कांग्रेस का कहना था कि मोदी सरकार महामारी को नियंत्रित करने में रुचि न लेकर संसद भवन में प्रधानमंत्री आवास निर्माण में ज्यादा रुचि ले रही है। यही नहीं कांग्रेस ने तब यह प्रचारित किया था कि सरकार इस प्रोजेक्ट पर 20000 करोड़ खर्च कर रही है जबकि इस प्रोजेक्ट पर 13750 करोड़ खर्च से 10 इमारतों का प्रावधान किया गया था जिसमें संसद भवन पर 862 करोड़ और सेंट्रल एवेन्यू पर 477 करोड़ खर्च होना है। कांग्रेस समेत समूचा विपक्षी खेमा इस बात से परेशान है कि इससे प्रधानमंत्री मोदी को श्रेय मिलेगा लेकिन विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाते समय यह विचार नहीं किया कि देश में होने वाले रचनात्मक कामों का विरोध स्वयं के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। यही नहीं विपक्ष ने इस योजना में रोड़े अटकाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण ली किंतु वह वहां भी निराश हुआ। मोदी की दृढ़ प्रतिज्ञ सोच ने इस प्रोजेक्ट को रुकने नहीं दिया आज स्थिति यह है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के अनुसार यह प्रोजेक्ट इस साल के अक्टूबर में पूर्ण होने की उम्मीद है। संभव है वहां शीतकालीन सत्र की शुरुआत हो जाए। विपक्ष ने इस प्रोजेक्ट पर जितना विरोध किया यह मुद्दा मोदी के लिए उतना ही लाभदायक हुआ।

अभी हाल ही में नई संसद भवन के प्रवेश द्वार पर लगाए गए अशोक स्तंभ पर विवाद खड़ा कर विपक्ष ने बैठे–बिठाए भाजपा को कांग्रेस और विपक्ष की कटु आलोचना का अवसर दे दिया। पहला विवाद तो यह खड़ा किया गया कि जिस राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का उद्घाटन नरेंद्र मोदी ने किया उसमें शेरों का चेहरा आक्रामक है जबकि ओरिजिनल चिन्ह में शेरों की आकृति शांत और उनका मुंह बंद है। वस्तुतः विपक्ष का आरोप ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी सरकार ने राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह के इतिहास को बदलने का अक्षम्य अपराध किया है। इस मुद्दे पर देश के जाने–माने राजनेताओं ने विरोध स्वरूप ट्वीट कर सरकार को घेरने का प्रयास किया। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने ट्वीट किया कि मैं 30 करोड़ भारतवासियों से पूछना चाहता हूं कि राष्ट्रीय चिन्ह बदलने वालों को राष्ट्र विरोधी बोलना चाहिए कि नहीं बोलना चाहिए। यही नहीं टीएमसी की विवादित सांसद महुआ मोइत्रा ने ट्वीट कर लिखा सच बोलना चाहिए। काफी पहले ही सत्यमेव जयते सही मायने में सिंह मेव जयते में बदल चुका है। कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा कि सारनाथ स्थित अशोक स्तंभ पर शेरों के चरित्र और प्रकृति को पूरी तरह बदल देना भारत के राष्ट्रीय प्रतीक का अपमान है। इतिहासकार इरफान हबीब ने भी आपत्ति जताते हुए कहा कि हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के साथ छेड़छाड़ पूरी तरह अनावश्यक है इससे बचा जाना चाहिए। हमारे शेर अति क्रूर और बेचौनी भरे क्यों दिख रहे हैं। यह अशोक की लाट के शेर हैं जिसे 1950 में स्वतंत्र भारत में अपनाया गया था। यही नहीं प्रशांत भूषण, अधीर रंजन चौधरी, टीएमसी के जवाहर सरकार और कई नेताओं ने भी ट्वीट कर सरकार की नियत और मंशा पर सवाल खड़े कर उसे घेरने का काम किया। यह मुद्दा ऐसा नहीं था जिस पर इतने शोर–शराबे की जरूरत थी क्योंकि जिस सारनाथ के वास्तविक प्रतीक चिन्ह की बात की जा रही है वह मात्र 1.6 मीटर ऊंचा है जबकि संसद भवन पर लगाया गया प्रतिरूप 6.5 मीटर ऊंचा है। स्वाभाविक है जब कोई आकृति वास्तविक आकृति से बड़ी कर बनाई जाती है तो उसके आकार और छवि में अंतर आता ही है। जो प्रतीक संसद भवन पर लगा है यदि उसके शेरों को उसी ऊंचाई से देखा जाए तो वे ना तो आक्रमक लगेंगे और ना ज्यादा मुंह खुले हुए लेकिन हम उस आकार को जमीन पर खड़े होकर देख रहे हैं जिसमें शेरों का मुंह ज्यादा खुला हुआ लगता है। वस्तुतः संसद भवन पर स्थापित की गई प्रतिकृति के जो छायाचित्र देखने में आए हैं यदि उनकी तुलना वास्तविक राष्ट्रीय चिन्ह से से की जाए तो छवि में बहुत अंतर प्रतीत नहीं होता। तो वहीं यदि मान लिया जाए कि संसद भवन पर लगाए गए राष्ट्रीय चिन्ह के शेर आक्रामक हैं तो क्या बुराई है क्योंकि शेर की मूल प्रवृत्ति आक्रामक ही होती है और यह भी कि वह जमाना चला गया जब एक गाल पर चांटा खाकर दूसरा गाल भी आगे किया जाता था। अब शठम शाठ्यते समाचारेत का युग है।

इस मुद्दे के साथ असदुद्दीन ओवैसी ने भारतीय संस्कृति अनुरूप उद्घाटन पूजा पर विरोध जताया तो कई नेताओं ने इस पर आपत्ति जताकर कहा कि इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री को नहीं करना चाहिए था बल्कि लोकसभा अध्यक्ष को करना चाहिए था। यही नहीं यह आपत्ति भी दर्ज कराई गई कि इस कार्यक्रम में विपक्ष को आमंत्रित क्यों नहीं किया गया। यदि उनके उत्तर ढूंढने जाएं तो पहला यह की मोदी जी हिंदू है और उन्होंने सनातन पद्धति से ही पूजा कर उद्घाटन किया और दूसरा यह कि विपक्ष जब सेंट्रल विस्टा के पूरे प्रोजेक्ट का विरोधी रहा तो यदि विपक्ष को आमंत्रित करने पर भी वह नहीं आता तो यह सरकार के लिए तो अनुचित होता। वस्तुतः विपक्ष इन सब बातों से यह सिद्ध कर रहा है कि उसके पास ऐसे मुद्दे नहीं हैं जिनसे जनता उसके पीछे खड़ी हो जाए। इन सभी मुद्दों पर जितना विवाद किया गया अच्छा होता कि विपक्ष मौन रहता या सकारात्मक रुख अपनाता तो उसे ज्यादा जन समर्थन मिलता। सच्चाई तो यह है कि मोदी जितने भी कदम उठाते हैं उनमें वे विपक्ष से बढ़त पा जाते हैं। अधिसंख्य भारतीय इस बात से खुश हैं कि देश को अंग्रेजों द्वारा बनाए गए 150 साल पुराने संसद भवन से निजात मिल गई। तो वही स्वतंत्र भारत की यह स्वदेशी इमारत हमारे गौरव में इजाफा करेगी। विपक्ष इस बात से दुखी है इसका का समूचा श्रेय मोदी को मिल रहा है। किंतु यह तो विचारणीय है कि 60 साल तक राज करते हुए कांग्रेस को संसद भवन के बनाने की सुध क्यों नहीं आई और यदि आई भी तो उसे अमलीजामा क्यों नहीं पहनाया गया।

फसल की सुरक्षा चिड़ियों के चुगने के पहले की जाती है बाद में तो पछताना ही हाथ रहता है।

## मायूसी

चार दोस्त आपस में एक दूसरे के जिगरी दोस्त हैं जो एक दूसरे के साथ सच्ची दोस्ती भी निभाते हैं।

इन चारों दोस्तों के नाम बहुत अहम है।

पहला दोस्त उम्मीद
दूसरा दोस्त सब्र
तीसरा दोस्त रहमत
चौथा दोस्त ईमान

और चारों दोस्त अल्लाह के बहुत करीब भी नजर आते हैं। लेकिन इन चारों दोस्तों की एक दुश्मन भी है जिसका नाम मायूसी है।एक दिन उम्मीद का झगड़ा मायूसी से होता है और मायूसी उम्मीद से कहती है कि मैं सब पर भारी हूं। लेकिन उम्मीद तो उम्मीद है उम्मीद कहती है कि तुम तो सिर्फ इंसानियत को खोखला बनाने के अलावा और कोई काम नहीं करती और वह जो तुम्हारा साथी गम है न इंसान को खा जाता है इसलिए तुमको हमारी फेहरिस्त में नहीं रखा गया। इस बात पर मायूसी कहती है तुम लोग तो बेबस हो सिर्फ अपने अल्लाह से दुआ के अलावा और कर ही क्या सकते हो मुझे देखो मैंने इंसान को अपने बस में कर रखा है जो शराब, नशाखोरी, जुआ, चोरी, डकैती, मारकाट, झगड़ा, फसाद और खून खराबा के चपेट में है इनसे मेरा पेट भरता है यह सब के सब हमारी खुराक हैं।

इस पर सब्र को बहुत गुस्सा आता है और मायूसी से कहता है दुआ मोमिन का हथियार है। सब्र कहता है कि मैं पूरी दुनिया पर गालिब आ गया मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता मैंने अपनी ताकत से बड़े बड़े कारनामे जीते हैं।

तुम मायूसी बेशक अंधेरे की मानिंद हो और हर होने वाली अंधेरी रात के बाद चमकती हुई सुबह जरूर होती है। दरमियान में दोस्त ईमान आकर कहता है हमारे नबियों को अल्लाह ने आजमाईश में डाला और सख्त मराहिलो मुश्किलात से गुजारा गया लेकिन उन्होंने अपने ईमान पर डाका नहीं डाला और सब्र का दामन मजबूती से हमेशा थामे रहे।

बड़ी–बड़ी जंगों में आसानी के साथ फतेह हासिल की फिर रहमत आकर बोलती है कि आखिर अल्लाह ने उन पर अपनी रहमत बरसानी ही शुरू कर दी और आखरि मायूसी तेरा ही जवाल आ कर रहा यानी अब तेरी जिन्दगी बहुत कम है।

फिर उम्मीद कहती है कि ऐ मायूसी अगर तू इंसान के लिए आधी मौत है तो यह मत भूलना मैं भी इंसान पर आधी जिंदगी बनकर गालिब हूं।

तब रहमत कहती है कि बेशक कितनी भी मुश्किल पेश आ जाएं लेकिन हमेशा यही सोचो कि सब ठीक हो जाएगा और हां मायूसी से हारना नहीं चाहिए बल्कि मायूसी को हरगिज हरा देना चाहिए। और उम्मीद तो बड़े काम की चीज है यह तो सबको संभाल कर रखती है। और ईमान कहता है की मायूसी ईमान की कमजोरी है और कुफ्र है।

कुरआन में अल्लाह फरमाता है।

'ला तकनतू मिर रह मतिल लाह'

'अल्लाह की रहमत से कभी मायूस नहीं होना चाहिए।'

इसलिए सबसे अहम बात यह है की इंसान को कभी भी मायूस नहीं होना चाहिए।

बल्कि मुश्किलात के आने पर, मायूसी के अंधेरों में भी उम्मीद और सब्र का दामन थामे रखिए सब्र एक सवारी है जो हर मुश्किल में बड़ी आसानी के साथ इस रास्ते को पार कर वाता है। और मुश्किलात का एक एक लम्हा भी जाया नहीं होने देता और हर मुश्किल लम्हात के साथ अपने दोस्त रहमत को जरूर लेकर आता है। और फिर यह चारों दोस्त मिलकर उम्मीद, सब्र, रहमत और ईमान अपनी दुश्मन मायूसी का गला घोंट देते हैं।

और हम सब मिलकर अल्लाह के फजलो करम से कामयाबी की मंजिल तै कर लेते हैं।

– असमा सबा ख्वाज

# त्रेता तथा द्वापर युगीन प्रभु श्री राम तथा श्री कृष्ण पर आधारित कृतियाँ युवाओं की प्रेरणा स्रोत

विगत दिनों वृंदावन हॉल रायपुर में संक्षिप्त सारगर्भित कार्यक्रम में एक साथ डॉक्टर हेमू यदु द्वारा लिखित तीन किताबों का लोकार्पण कार्यक्रम किया गया। सनातन धर्म के अंतर्गत त्रेता तथा द्वापर युग के महानायको भगवान श्री राम और यशोदा नंदन श्री कृष्ण की कथाओं से ओतप्रोत यशोदा की रामायण, कर्म मेव जयते और प्रभु राम के छत्तीसगढ़ के प्रवास के दौरान राम भवन गमन पथ पर लिखी गई किताब का लोकार्पण पर सारगर्भित आधार वक्तव्य देते हुए सूत्रधार,चिंतक, स्तंभकार, साहित्यकार संजीव ठाकुर ने कहा यह तीनों किताबें वर्तमान में भारत के युवा वर्ग के लिए महती प्रेरणा स्रोत एवं धार्मिक ग्रंथों की बारीक जानकारी से परिपूर्ण अत्यंत उपयोगी साबित होगी।उन्होंने कहा कि लेखक द्वारा अथक श्रम से लिखी गई शोध परक किताबें अत्यंत धार्मिक, साहित्यिक एवं ऐतिहासिक धरोहर हैं।इन किताबों का लोकार्पण डॉक्टर हर्षवर्धन तिवारी की अध्यक्षता,श्याम बेस अध्यक्ष राम वन गमन पथ शोध संस्थान रायपुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व कमिश्नर एस,के तिवारी, डॉक्टर संजीव रंजन कमांडेंट, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महेंद्र ठाकुर, भाषा विद डॉक्टर चितरंजन कर, डॉक्टर किशोर अग्रवाल, डॉ सुखदेव प्रसाद साहू रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर की गई। सूत्रधार आधार वक्तव्य स्तंभकार,चिंतक, लेखक, कवि संजीव ठाकुर द्वारा दिया गया संजीव ठाकुर द्वारा किताबों की समीक्षा भी की गई। किताब के रचयिता डॉक्टर हेमू यदु ने किताब पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बस जी ने श्री राम प्रभु के दक्षिण कौशल यानी छत्तीसगढ़ के प्रवास पर सारगर्भित उद्बोधन देकर कहा कि प्रभु राम के चरण पड़ने से छत्तीसगढ़ की धरती धन्य हो गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष हर्षवर्धन तिवारी ने भी ओम शब्द के उच्चारण और उसके वैज्ञानिक पहलू पर गंभीर बातों का उल्लेख किया पूर्व आईएएस एसके तिवारी जी ने भी अपने उद्बोधन में प्रभु राम की महिमा तथा किताब पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं द्वारा भी इस गरिमा में कार्यक्रम में अपनी गरिमा में उपस्थिति उद्बोधन में देकर प्रस्तुत की सभी विद्वत सभासदों ने यशोदा की रामायण कर्ममेव जयते और राम वन गमन पर प्रमाण सहित अपनी व्याख्या श्रोताओं के मध्य रखी एवं किताब में उल्लेखित स्थानों एवं ऋषि–मुनियों का विस्तृत वर्णन अपनी भाषा शैली में आलोकित किया।

उन्होंने कहा की तीनों किताबें सनातन धर्म साहित्य और सामयिक विचारों से ओतप्रोत होकर युवाओं का मार्गदर्शन करने वाली किताबें हैं। इस अवसर पर पुनीत शर्मा, राजशेखर चौबे, शीलकांत पाठक, श्रीमती अर्चना पाठक, दीपक गुणवंत व्यास, कवि यशवंत यदु, इंद्रदेव यदु, रामेश्वर शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन दीपक व्यास द्वारा किया गया।

संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, स्तंभकार

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

## आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

## : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# शिव और सावन

सनातन धर्म में सावन का महीना भगवान शिव का महीना माना गया है । कालान्तर में देवताओ और असुर का समुद्र मंथन का अभियान इसी महीने में समाप्त हुआ था। चौदह रत्न की प्राप्ति भी हुई जिसे देवताओ और असुरो को बांटा गया जबकि विष को भगवान भोलेनाथ पीकर नीलकंठ बने।भगवान शिव जब विषपान किये तो उनका शरीर भी नीला हो गया उस जलन को कम करने के लिए उन्हें गंगाजल से अभिषेक कराया गया।तभी से सावन में गंगाजल से अभिषेक करने की परम्परा बनी हुई है।

भगवान शिव की पूजा भी प्रकृति प्रधान है इनके पूजा में उपयोग की गयी सामग्री भी वेहद सरल और सस्ती है जो आपके इर्द गिर्द मिल जाती है।वेलपत्र,तुलसी, धथूर, भांग, दूध, गंगाजल आदि। यह वह महीना है जब बारिस की बूँदे पडने के बाद हरियाली से प्रकृति हरे रंग में नहाकर खिल जाती है यह पृथ्वी पर सौंदर्य के लिहाज से खूबसूरत महीना होता है । नदी तालाब नाले भरे होते है। पानी की निर्मलता और पर्याप्त साधन अपने शबाव पर होते है ।

जीव जन्तु पौधे सभी उस ताप से निकलकर इस सुष्क मौसम में अपनी अपनी दुनियाँ में मग्न रहते है और वर्षा का आनंद लेते है।पृथ्वी और बादल मिलकर सृष्टि और हरियाली के साथ खूब अठखेलियां खेलती है। यह महीना सब के लिए कुछ न कुछ खास लाती है।कृषक के लिए सपनो के साथ फसल बोना,तो युगल जोडियो के लिए अनुकूल मौसम,बच्चो का पानी की छप छप और कागज की नाव, झूले स्त्रियो के लिए पर्व त्योहार, और तो और यह महीना वैसे लोगो का भी जो निरस है उनके लिए नये रस और जोश का महीना माना गया है। मौसम का आनंद तभी मिल सकता है जब शांति समृद्धि और एकता कायम रहेगी।और सभी लोग प्रकृति से प्रेम करेंगे । हमारी शक्ति इनमें ही निहित है और इसकी अक्षुण्णता हमारे लिए जरूरी है।

कहने तात्पर्य यह है कि प्रकृति से प्रेम कर हम इस सावन सा बने और सबके लिए कुछ न कुछ उपहार स्वरूप देते रहें निःस्वार्थ प्रकृति की तरह सोच रखकर प्रकृति प्रेम में बंध जाएं वही तो सावन है।।

शिव सत्य है, सुन्दर है, सावन रंगीन है, हरियाली है अर्थात प्रकृति प्रेम से ही मानव सुन्दर और सत्य का मार्ग प्रशस्त कर सकेगा जैसे हमारे प्रकृति के साधक भगवान भोलेनाथ है मनुष्य को भी वैसा ही विचार लाकर प्रकृति से प्रेम करना होगा।

आशुतोष
पटना बिहार

# संक्षिप्त समाचार

## पेयजल समस्या को लेकर सभासद ने कसी कमर

दैनिक अयोध्या टाइम्स मौदहा हमीरपुर।इस समय कस्बे के लगभग आधा दर्जन से अधिक मोहल्ले भीषण पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं और उन मोहल्लों के निवासी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं ऐसे में सभासद स्वयं समर सेबल सही कराने के लिए मोर्चा संभाले हुए हैं। कस्बे के मोहल्ला मलीकुआ चौराहा वार्ड नं 14 ब्लॉक में भीषण पेयजल समस्या के चलते सभासद शिवकुमार सोनी ने मोहल्ले वालों की समस्या को देखते हुए खुद नगरपालिका के समरसेबल को सही कराने की पहल की और स्वयं लगकर समरसेबल सही कराया जिसके बाद मोहल्ले वालों को पेयजल उपलब्ध हो सका।



## सावन की शुरुआत में हरियाली की जगह जिले में दिखाई दे रहा सूखा

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। सावन माह पहला दिन जिले में सूखा निकल गया दिन भर तेज धूल भरी चलती रही। तथा तेज धूप निकली दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वही सावन माह में खेत भी खाली पड़े हैं। वही किसान जुताई कर रहे हैं। लेकिन पशुओ को चारा भी नही मिल पा रहा है। सावन माह का पहला दिन गर्म रहा सुबह से ही तेज धूल भरी हवा चलती रही। तथा तेज धूप निकली दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वही किसान खेतो की जुताई तो कर रहा है लेकिन खरीफ फसल की उम्मीद भी खत्म हो रही है। सावन माह में चारो तरफ हरियाली दिखाई देती थी। लेकिन इस वर्ष खेतो में चारा भी नही उग पाया है। इससे पशुओ को चारा भी नही मिल पा रहा है। सूखा के आसार दिखाई दे रहे हैं। सावन व भादो दो माह में पर्याप्त बरसात हो जाने से किसानों के कृषि के कार्य सम्पन्न हो जाते थे। लेकिन इस वर्ष मानसून के दगा दे जाने से किसान मायूस होकर रह गया है।



## तेज रफ्तार बाइक ने युवक को मारी जोरदार टक्कर, इलाज के दौरान मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। मौदहा में बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। वह गर्मी के चलते घर के बाहर पड़ोसी के साथ बैठा था। हादसे में दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। मृतक के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।अरतरा गांव निवासी वीरेन्द्र कुमार ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि गुरुवार देर रात गर्मी के कारण उसका छोटा भाई ब्रजेंद्र(22) पडोसी ब्रजकिशोर घर के बाहर सडक किनारे बैठा हुआ था। तभी अशोक कुमार निवासी गहरौली खुर्द ने दोनों पर बाइक चढा दी ।जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने ब्रजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पटेल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।वहीं, मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार को भी चोंटे आईं हैं।



## जयसिंहपुर क्षेत्र में किसानों की इफको बाजार के अंतर्गत बैठक हुई संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत किसानों ने इफको बाजार जयसिंहपुर में इफको एमसी द्वारा किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें इफको एमसी से फील्ड ऑफिसर श्री अभिषेक मिश्रा द्वारा इफको एमसी एवं कृषि संबंधित जैसे इस समय किसान द्वारा धान की रोपाई का समय चल रहा है धान रोपाई में लगने वाले कीटनाशक एवं फफूंद नाशक ,खरपतवार नाशक के बारे में सा विस्तार से श्री अभिषेक मिश्रा द्वारा किसान को जानकारी दिया गया तथा इफको बाजार केंद्र प्रभारी अमित कुमार मिश्रा द्वारा इफको नैनो यूरिया एवं सागरिका तथा इफको के समस्त उत्पाद के बारे में विस्तार से सभी सम्मानित किसान भाइयों को जानकारी दिया गया। सभी सम्मानित किसान भाइयों को अपना बहुमूल्य कीमती समय देने के लिए इफको बाजार जयसिंहपुर सआभार व्यक्त करता है। किसान गोष्ठी में उपस्थित किसान जैसे महावीर सिंह सुरेश प्रताप सिंह जीत बहादुर सिंह अर्जुन वर्मा शिव कुमार सिंह डॉ दिग्विजय सिंह बृजेश मुन्ना संदीप सिंह राज प्रताप सिंह संदीप शर्मा दीप पांडे सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।



## मिशन शक्ति के तहत एन्टी रोमियो अभियान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। पुलिस अधीक्षक महोदया औरैया श्रीमती चारू निगम के निर्देशानुसार थानों की एन्टी रोमियों टीम द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों व स्कूलध्कालेजों के आस–पास चेकिंग की गई। इस अवसर पर बिना कारण घूमने वाले लड़को ध्शोहदों की चेकिंग की गयी साथ ही साथ टीमों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कालेजों में महिलाध्छात्राओं से उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध मे साइबर अपराधों से बचने व सोशल मीडिया का प्रयोग करने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा छात्राओं को सशक्त व स्वावलंबन बनने व सशक्त करने हेतु महिला हेल्पलाइन नं0–1090,181,112, महिला अपराध की जानकारी देकर तथा उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया तथा अपील की गई की ।



## जिला अस्पताल में दवाओं की कमी, बाहर से दवा खरीद रहे मरीज

दिनेश कुमार सविता दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। जिला अस्पताल में एंटीबायोटिक समेत तमाम दवाएं खत्म हो गई हैं। इसकी वजह से मरीज बाहर से दवा खरीदने पर मजबूर हैं। सीएमएस ने कहा, अस्पताल में कुछ दवाओं की कमी है, जिसके लिए लगातार डिमांड भेजा जा रहा है, लेकिन अभी तक दवा उपलब्ध नहीं हो सकी है। इसलिए मजबूरन उन्हें मरीजों को बाहर से दवा खरीदने के लिए भेजना पड़ता है. जिला अस्पताल में हर दिन 700 से 800 मरीज पहुंचते हैं। इसमें गरीब लोगों की तादाद अधिक होती है। 70 किमी दूर इमिलिया से आए संतोष कुमार और 30 किमी दूर कुसमरा से आए राम बाबू ने कहा, उनको अस्पताल से पर्चा मिला था। दवाएं बाहर से खरीद कर लाना पड़ा है। जिला



अस्पताल में खांसी जुकाम बुखार सहित उलटी दस्त के मरीज बड़ी तादाद में पहुंच रहे हैं। वहां किन–किन दवाओं की कमी है और कब तक दवाएं अस्पताल में उपलब्ध होंगी। इस बाबत सीएमएस आर एस प्रजापति से बात की गई तो इन्होने माना की अस्पताल में एंटीबायोटिक सहित कुछ अन्य दवाओं की कमी है, जिसमें एमोक्सिसिलिन, प्रॉक्सी साइक्लिन, मेट्रोजिल, रेनिटिडिन, जेंटामाइसिन उपलब्ध नहीं है, रिंगर लैक्टेट भी शार्ट हो रहा है, इन सभी दवाओं के लिए कई बार डिमाण्ड भेजी जा चुकी है, लेकिन अभी तक दवाएं उपलब्ध नहीं हो पाई हैं।

## विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। राठ कोतवाली क्षेत्र के बसेला गांव में एक लाख रुपये दहेज को लेकर ससुरालीजनों ने विवाहिता को पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। उसका मंगलसूत्र, मोबाइल व दोनों बच्चों को भी छीन लिया। शुक्रवार को पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी। उसने ससुरालीजनों पर कार्रवाई की मांग की है। मामला राठ कोतवाली क्षेत्र के बसेला गांव का है। तमन्ना ने दी तहरीर में बताया कि उनका विवाह तीन साल पहले इसी गांव के सुगंध के साथ हुआ था। उनके दो बच्चे भी हैं। पति सुगन्ध, ससुर स्वामीदीन व सास मीरा शादी के बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। वे लोग आए दिन मारपीट करते और गालियां देते।शादी के बाद से ही करते थे प्रताड़ित इतना ही नहीं, उसे मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जाता था। बीते 3 दिनों से एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे। इसे लेकर मारपीट करते थे। कहा कि आज पति व सास–ससुर उसे घर से बाहर घसीटते हुए लेकर आए और निकाल दिया। ससुरालीजनों ने मंगलसूत्र, मोबाइल छीन लिया। दोनों बच्चों को भी अलग कर दिया। पीड़िता ने राठ कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। राठ कोतवाली के इंस्पेक्टर दिनेश सिंह ने बताया कि दहेज प्रताड़ना को लेकर तहरीर मिली है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों का दर्ज होगा जमीन का ब्यौरा



ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी, श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर उप कृषि निदेशक कमल कटियार ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत हर साल में 3 बार रु0 2000 की किश्त पाने वाले सभी किसानों का ब्यौरा अब लेखपाल के द्वारा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। उन्होने बताया कि भारत सरकार के स्तर से इस सप्ताह एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत किसान सम्मान निधि पाने वाले समस्त किसानों के खसरा और खतौनी का विवरण पोर्टल पर दर्ज किया जाना है। इसके लिए शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों को कड़े निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे उप कृषि निदेशक श्रावस्ती से कृषकों की सूचियां प्राप्त करके उनको सम्बंधित लेखपालों को दें। सभी लेखपाल सूची के अनुसार गांवों में जाकर लाभार्थी का पता लगाएंगे और उसकी पहचान करके उसकी भूमि का ब्योरा दर्ज करके तहसील स्तर से पोर्टल पर अपलोड करा देंगे।

ज्ञातब्य है कि यह योजना वर्ष 2019 में लागू की गई थी। तब से ही बड़ी संख्या में अपात्र लाभार्थी भी झूठी सूचना के आधार पर लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस समय जनपद में 1,91,000 लाभार्थी इस योजना का लाभ ले रहे हैं। जिसमें काफी संख्या में अपात्र व्यक्ति शामिल हैं।

भारत सरकार का इरादा अपात्र लोगों को योजना से बाहर निकालने के साथ साथ कृषकों का डेटाबेस भी तैयार करना है। जिससे भविष्य में उन्हें किसी लाभ के लिए भटकना न पड़े। उन्होने बताया कि जिन अपात्र किसानों ने योजना में गलत तरीके से लाभ लिया है वे तत्काल कृषि विभाग के कर्मचारियों से सम्पर्क करके धनराशि को तत्काल समर्पित कर दें, अन्यथा भविष्य में उन्हें वसूली की अप्रिय स्थिति का सामना भी करना पड़ सकता है। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा तहसीलवार नोडल अधिकारी भी तैनात किए गए हैं जो कार्य मे सहायता प्रदान करेंगे। इस कार्य को 15 से 20 तारीख के बीच सम्पादित किया जाना है। जिसके लिए सभी तहसीलों में एक साथ 15 तारीख को कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा लेखपालों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलों के कार्मिकों को पूरे मनोयोग से कार्य करने का निर्देश दिया है।

## मा0 मंत्री, भारत सरकार ने जनपद श्रावस्ती में नवनिर्मित सरयू नहर परियोजना के अन्तर्गत बने राप्ती मुख्य नहर बैराज का स्थलीय निरीक्षण कर लिया जायजा





- सरयू नहर परियोजना से 30 लाख से अधिक किसान हो रहे लाभान्वित : मा0 मंत्री, भारत सरकार
- देश एवं प्रदेश की सरकार किसानों के उत्थान हेतु है प्रतिबद्ध : मा0 मंत्री, भारत सरकार

श्रावस्ती। माननीय केंद्रीय मंत्री, सांख्यिकी कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं योजना मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार श्री राव इंद्रजीत सिंह जी ने जनपद के विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत राप्ती बैराज पर स्थित सरयू नहर परियोजना के अन्तर्गत बने मुख्य नहर बैराज का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। राप्ती मुख्य नहर बैराज के निरीक्षण के उपरान्त मा0 मंत्री जी ने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान अपने सम्बोधन में कहा कि 2015 में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना लागू की। और देश के ऐसे प्रोजेक्ट जो देश के हित में है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के लिए योजना बनायी तो उसमें सरयू नहर परियोजना को बनाया गया। उन्होने कहा पिछले वर्षो में समयबद्ध ढंग से इस कार्य को पूरा करते हुए शेष बचे कार्य को पूरा किया गया है। इस परियोजना के पूरा हो जाने से प्रदेश के 09 जिलो के 30 लाख से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया हो रही है, और वह अपने खेतों में बेहतर सिंचाई करके अन्न उत्पादन कर उनके जीवनशैली में भी गुणात्मक सुधार आया है। उन्होने जोर देते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश के खुशहाली का रास्ता गांव से होकर जाता है, इसलिए गांव का किसान खुशहाल रहेगा तो निश्चित ही हमारे समाज के साथ–साथ प्रदेश एवं देश खुशहाल बनेगा। उन्होने कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार किसानों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से किसान भाइयों के हित में तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मा0 मंत्री जी ने कहा कि सरयू नहर परियोजना उत्तर प्रदेश की ही नही बल्कि पूरे भारत देश की सबसे बड़ी परियोजना में से एक है। जिसका देश के माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 11 दिसंबर, 2021 को जनपद बलरामपुर के हसुआ डोल से शुभारम्भ कर



राष्ट्र को समर्पित किया गया। उन्होने कहा कि भारत देश कृषि प्रधान देश है। किसान भाईयों के लिए अनाज का बेहतर उत्पादन के लिए सिंचाई की महती आवश्यकता है, इस नहर के निर्माण से किसान भाइयों को अपने खेतों में सिंचाई हेतु बेहतर सुविधा मिल रही है। उन्होने बताया कि सरयू नहर परियोजना देवीपाटन मण्डल के किसानों के लिये वरदान साबित हो रही है। इस परियोजना के संचालन से जनपद श्रावस्ती के लाखों किसान लाभान्वित हो रहे है। उन्होने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आजाद भारत की सबसे बड़ी परियोजना का कार्य पूरा किया गया है। सरयू नहर परियोजना के लिए घाघरा, राप्ती, बाणगंगा, सरयू व रोहिणी नदी को आपस में जोड़ा गया है। तदोपरान्त मा0 मंत्री जी ने राप्ती बैराज स्थित गेस्ट हाउस परिसर में पौधरोपण कर लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष अवध क्षेत्र शेष नरायण मिश्र, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, मा0 विधायक रामफेरन पाण्डेय एवं मा0 सदस्य विधान परिषद प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमन सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्षा अजय आर्या, उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य हरीश जायसवाल, सुनील तिवारी, विनय कुमार तिवारी एवं पंकज मिश्रा सहित अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## मा0 मंत्री, भारत सरकार ने जनपद श्रावस्ती में नवनिर्मित सरयू नहर परियोजना के अन्तर्गत बने राप्ती मुख्य नहर बैराज का स्थलीय निरीक्षण कर लिया जायजा

- सरयू नहर परियोजना से 30 लाख से अधिक किसान हो रहे लाभान्वित–मा0 मंत्री, भारत सरकार
- देश एवं प्रदेश की सरकार किसानों के उत्थान हेतु है प्रतिबद्ध : मा0 मंत्री, भारत सरकार

श्रावस्ती। माननीय केंद्रीय मंत्री, सांख्यिकी कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं योजना मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार श्री राव इंद्रजीत सिंह जी ने जनपद के विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत राप्ती बैराज पर स्थित सरयू नहर परियोजना के अन्तर्गत बने मुख्य नहर बैराज का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। राप्ती मुख्य नहर बैराज के निरीक्षण के उपरान्त मा0 मंत्री जी ने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान अपने सम्बोधन में कहा कि 2015 में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना लागू की। और देश के ऐसे प्रोजेक्ट जो देश के हित में है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के लिए योजना बनायी तो उसमें सरयू नहर परियोजना को बनाया गया। उन्होने कहा पिछले वर्षो में समयबद्ध ढंग से इस कार्य को पूरा करते हुए शेष बचे कार्य को पूरा किया गया है। इस परियोजना के पूरा हो जाने से प्रदेश के 09 जिलो के 30 लाख से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया हो रही है, और वह अपने खेतों में बेहतर सिंचाई करके अन्न उत्पादन कर उनके जीवनशैली में भी गुणात्मक सुधार आया है। उन्होने जोर देते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश के खुशहाली का रास्ता गांव से होकर जाता है, इसलिए गांव का किसान खुशहाल रहेगा तो निश्चित ही हमारे समाज के साथ–साथ प्रदेश एवं देश खुशहाल बनेगा। उन्होने कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार किसानों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से किसान भाइयों के हित में तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मा0 मंत्री जी ने कहा कि सरयू नहर परियोजना उत्तर प्रदेश की ही नही बल्कि पूरे भारत देश की सबसे बड़ी परियोजना में से एक है। जिसका देश के माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 11 दिसंबर, 2021 को जनपद बलरामपुर के हसुआ डोल से शुभारम्भ कर राष्ट्र को समर्पित किया गया। उन्होने कहा कि भारत देश कृषि प्रधान देश है। किसान भाईयों के लिए अनाज का बेहतर उत्पादन के लिए सिंचाई की महती आवश्यकता है, इस नहर के निर्माण से किसान भाइयों को अपने खेतों में सिंचाई हेतु बेहतर सुविधा मिल रही है। उन्होने बताया कि सरयू नहर परियोजना देवीपाटन मण्डल के किसानों के लिये वरदान साबित हो रही है। इस परियोजना के संचालन से जनपद श्रावस्ती के लाखों किसान लाभान्वित हो रहे है। उन्होने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आजाद भारत की सबसे बड़ी परियोजना का कार्य पूरा किया गया है। सरयू नहर परियोजना के लिए घाघरा, राप्ती, बाणगंगा, सरयू व रोहिणी नदी को आपस में जोड़ा गया है। तदोपरान्त मा0 मंत्री जी ने राप्ती बैराज स्थित गेस्ट हाउस परिसर में पौधरोपण कर लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष अवध क्षेत्र शेष नरायण मिश्र, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, मा0 विधायक रामफेरन पाण्डेय एवं मा0 सदस्य विधान परिषद प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमन सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्षा अजय आर्या, उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य हरीश जायसवाल, सुनील तिवारी, विनय कुमार तिवारी एवं पंकज मिश्रा सहित अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत ने फीता काटकर एवं वैक्सीनेशन कराकर किया प्रिकॉशन डोज अभियान का शुभारम्भ

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जनपद में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत निशुल्क प्रिकॉशन डोज अभियान का मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने संयुक्त जिला अस्पताल में वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर फीता काटकर एवं वैक्सीनेशन कराकर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 15 जुलाई, 2022 से 30 सितंबर, 2022 तक चलाया जाएगा।

जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्रों में 75 दिनों तक अभियान को गति देंगी। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को तीसरी खुराक लगवाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 18 साल से ऊपर आयु वर्ग के लोग इसका लाभ उठा सकते है।

इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष ने कहा कि दूसरी डोज और प्रिकॉशन डोज के छह महीने (26 सप्ताह) का अंतराल आवश्यक है। इस डोज के लिए टीका दूसरी खुराक के बराबर ही लगेगा। वहीं लाभार्थियों को टीकाकरण स्थल पर कोविड टीकाकरण प्रमाण पत्र भी प्रदान



किया जायेगा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख सुभाष सत्या, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी, कमलेश मिश्र, रामसुधि सरोज, मंशाराम गौतम, रमेश पासवान, बाबू यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के मा0 जनप्रतिनिधिगणों के साथ बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जनपद के समस्त मा0 जनप्रतिनिधिगणों के साथ जिलाधिकारी सभाकक्ष में बैठक की गई। बैठक में मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने–अपने विचार व्यक्त किये गये। बैठक में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा द्वारा तहसील जमुनहा में उड़लहवा विद्युत सब स्टेशन क्रियाशील हो गया है। उक्त विद्युत सब स्टेशन में कुल 03 फीडर हैं, जिनमें से मात्र 01 फीडर ही क्रियाशील है, शेष 02 फीडर क्रियाशील नहीं है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को विद्युत समस्या का सामना करना पड़ता है एवं लो वोल्टेज की भी समस्या रहती है। विकास खण्ड हरिहरपुररानी ग्राम जौगढ़ में क्षतिग्रस्त सम्पर्क मार्ग की मरम्मत एवं केन नाले की सफाई कराने के लिए अवगत कराया। मा0 विधायक भिनगा इन्द्राणी वर्मा द्वारा सेमरी चौराहा से परसौरा सम्पर्क मार्ग की मरम्मत कार्य, विद्युत सम्बन्धी कार्यों का निस्तारण सुनिश्चित कराने, ए0एन0एम0 सेण्टर शाहपुर बरगदवा में पेयजल की व्यवस्था, भिनगा–सिरसिया मुख्य मार्ग से गुलरा बाजार से ग्राम शाहपुर बरगदवा तक पुर्ननिर्माण कराने, नौबस्ता पक्की सड़क से ग्राम केरवापुर सड़क का मरम्मत कार्य कराये जाने तथा विकास खण्ड जमुनहा के नासिरगंज बाजार एवं विकास खण्ड हरिहरपुररानी के ग्राम बभरापुर सहित अन्य जगहों के सड़कों के निर्माण कराये जाने हेतु अवगत कराया। मा0 सदस्य, विधान परिषद बहराइच/श्रावस्ती डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा वोल्टेज की समस्या, भिनगा से अन्य जनपदों के लिए संचालित होने वाली रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाये जाने एवं मुख्यालय इकौना में भी रोडवेज बस डिपो की स्थापना कराये जाने, विकास खण्ड हरिहरपुररानी एवं सिरसिया में सड़कों के निर्माण कराये जाने सम्बन्ध में अवगत कराया। प्रतिनिधि, मा0 सदस्य, विधान परिषद(स्नातक निर्वाचन) रमन सिंह द्वारा केन नाले की सफाई, विकास खण्ड हरिहरपुररानी के ग्राम लक्ष्मनपुर इटवरिया मे खराब टयूबवेल को अतिशीघ्र मरम्मत कराकर कियाशील कराये जाने की अपेक्षा की गयी। जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महेश मिश्रा ओम द्वारा भारत–नेपाल सीमा पर विधू वर्मा के घर से लेकर कलकलवा तक 01 किमी0 सड़क निर्माण कराये जाने, विकास खण्ड जमुनहा मे शौचालय की समस्या एवं भिनगा से अन्य जनपदों के लिए ए0सी0 बसों के संचालन कराये जाने की अपेक्षा की गयी। जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी सर्वजीत यादव द्वारा विकास खण्ड इकौना के ग्राम मनोहरापुर, खैरी, पसियनपुरवा, मनकौरा कोड़री का मजरा लौकिहा, लैबुड़वा, नरायनजोत का मजरा खैरी, भुतहा व अन्य ग्राम नदी की कटान रोकने हेतु सुरक्षात्मक उपाय कराये जाने एवं विकास खण्ड इकौना में सड़कों के मरम्मत कराये जाने की अपेक्षा की गयी।



बैठक सम्पन्न होने के उपरान्त जिलाधिकारी ने मा0 जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, उपजिलाधिकारी आशुतोष सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## पति पत्नी के विवाद में पति ने दी जान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो, जालौन। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम अभिरूवा पाली में पति पत्नी के आपसी विवाद में पति ने फांसी पर झूलकर अपनी जान दे दी झूलते शव को जब ग्रामीणों ने देखा तो परिजनों को सूचना दी तो घर पर कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के ग्राम अभिरूवा का मजरा पाली निवासी यशवन्त उर्फ मुलायम पुत्र बलवान उम्र 28 वर्ष ने बीती रात अज्ञात करणो के चलते अपने घर के पास लगे नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया ग्रामीणों के मुताबिक यशवन्त लगभग 11 बजे के करीब घर पहुचा तो पति पत्नी का आपसी विवाद होने लगा लेकिन यशवंत विवाद के बीच मे ही घर के बाहर निकल आया और उसने रस्सी का फंदा नीम के पेड़ पर बांधकर फाँसी लगा ली और अपनी जीवन लीला को खत्म कर दिया सुबह जब ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ पर लटकता देखा तो परिजनों को सूचित किया बदहवाश परिजन शव के पास पहुचे और शव को पेड़ से नीचे उतारकर बगैर पुलिस को सूचित किये दाह संस्कार कर दिया युवक के घर पर 10 दिन पहले छोटे भाई की शादी हुई है उक्त युवक जयपुर में रहकर पानी पूरी का धंधा करता था शादी में 10 दिन पहले घर आया था युवक के दो बच्चे और पत्नी है पत्नी और बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है इस विषय मे थाना प्रभारी उमाकांत ओझा का कहना है कि जानकारी नही है पता किया जा रहा है।

## धौलपुर ग्राम में शौचालय की रंगाई-पुताई का पैसा हजम कर गये सचिव और प्रधान ग्रामीणों ने उठाई प्रशासन से जांच की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो जालौन। नदीगांव विकास खंड के ग्राम धौरपुर के सचिव पवन सिंह व ग्राम प्रधान ने आपस में मिलकर शौचालय की रंगाई पुताई के हजारों रुपये का बंदर बांट कर डाला।जबकि जेई द्वारा बगैर कार्य देखे ही एमवी कर भुगतान भी करवा दिया। सूत्रों की मानें तो शौचालय के बाहर–बाहर पुताई तो करवाई गयी जबकि शौचालय के अंदर पुताई नहीं करवाई गयी। इस कार्य में लगभग 30 हजार रुपये का चूना लगाया गया है। सूत्रों की अगर मानें तो नदीगांव विकास खंड की ग्राम पंचायत धौलपुर में जितने भी विकास कार्य करावाये गये है सूत्रों की अगर मानें तो नदीगांव विकास खण्ड के ग्राम पंचायत धौलपुर में जितने भी विकास कार्य करवाये गये है उनमें शासन की योजनाओं में सचिन ओर ग्राम प्रधान द्वारा जमकर धन का बंदरबांट किया जा रहा है जिसकी बजह से गांव का विकास धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है।

## भारतीय किसान यूनियन अम्बावता गुट ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर के अवैध वसूली के खिलाफ हुई लामबंद जनपद पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दे कर किया कार्यवाही की माँग

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

सुलतानपुर। भारतीय किसान यूनियन अम्बावता गुट के प्रदेश सचिव रमेश शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में अवगत कराया है ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार सिंह जब से उक्त पद पर तैनात है इनके द्वारा अवैध वसूली बदस्तुर जारी है आये दिन सम्मानित व्यक्तियों एवं किसानों से अभद्रता करते रहते है। शहर के अधिकांश नाको कादीपुर ,कुड़वार, अमहट



चौराहा , पयागीपुर चौराहा , किसानों के ट्रैक्टर वा छोटे वाहन जिन पर सब्जियां वा अन्न लदा होता है रोक कर अवैध वसूली की जाती है प्राइवेट बसो से मासिक वसूली लेकर चलने दिया जाता रहा है । शहर में लगभग 400 विक्रम टेम्पो टेक्सी के मालिकों से भारी रकम लेकर बिना परमिट के अवैध रूप से संचालित करने की छूट सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा अवैध टैक्सी स्टैंड हटाये जाने के आदेश को ढेगा दिखाते हुए माल गोदाम रोड पर अवैध स्टैंड कांन्सटेबल की मौजूदगी में बैखौफ चल रहा है ।प्रदेश सचिव ने उक्त की जांच पीपीएस अधिकारी से करने की मांग किया।

## डीएम द्वारा गोमती नदी पर निर्माणाधीन पुल अमिलिया घाट, विकास खण्ड दूबेपुर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

सुलतानपुर। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा गुरूवार को गोमती नदी पर निर्माणाधीन पुल अमिलिया घाट, विकास खण्ड दूबेपुर का आकस्मिक



निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कार्यदायी संस्था सेतु निगम द्वारा पुल का निर्माण किया जा रहा है। सम्बन्धित द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पुल के पिलर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा स्लैप का कार्य प्रगति पर है, जो 75 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इस पुल की लागत 13.27 करोड़ रूपये है, जो सितम्बर, 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि जैसे ही पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाता है। उसके एक माह के अन्दर रोड से लिंक कर दिया जायेगा, जिससे आवागमन प्रारम्भ हो जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा समयान्तर्गत पुल का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये।

## क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों का होगा उप निर्वाचन : जिला निर्वाचन अधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स अभिमन्यु शुक्ला जिला ब्यूरो औरैया

औरैया। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं०/न०नि०) श्री प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने जनपद औरैया में क्षेत्र पंचायतों तथा ग्राम पंचायत के सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों/पदो, जो मा० न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित ना हों, पर उपनिर्वाचन कराए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने का अंतिम दिनांक व समय 20 जुलाई 2022 को शाम 4:00 बजे तक, 21 जुलाई 2022 को पूर्वान्ह 10:00 से कार्य समाप्ति तक नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 22 जुलाई 2022 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक उम्मीदवारी वापस लेने, 22 जुलाई 2022 को 3:00 से कार्य समाप्ति तक प्रतीक आवंटन तथा मतदान का दिनांक 4 अगस्त को प्रातः 7:00 से 5:00 तक निर्धारित किया गया है। मतगणना का दिनांक व समय 5 अगस्त को प्रातः 8:00 से कार्य समाप्ति तक निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## 18 प्लस वालों के लिए शुरू हो गई प्रीकाशन डोज, जरूर कराए टीकाकरण : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

- कोविड से बचाव के लिए टीकाकरण कराना जरूरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। कोविड 19 से बचाव के लिए सभी को टीकाकरण करवाना अनिवार्य है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण के लिए सत्र (बूथ) आयोजित हो रहे हैं। सभी अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र (बूथ) पर जाकर निशुल्क टीकाकरण जरूर करवा लें। यह बात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने कही।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर 15 जुलाई से 18 साल से अधिक आयु वर्ग के लोगों को प्रीकाशन डोज (एहितयाती खुराक) लगाने का अभियान शुरू कर दिया गया है। इस अभियान में लाभार्थियों को प्रीकाशन डोज में वही वैक्सीन लगाई जाएगी, जो पहले लगाई जा चुकी हो। उन्होंने बताया कि पहले प्रीकाशन डोज 9 माह अथवा 39 सप्ताह के अंदर लगाई जाती थी लेकिन शासन के निर्देश पर उसका समय घटाकर 6 माह अथवा 26 सप्ताह कर दिया गया है। ऐसे में उन सभी लाभार्थियों को प्रीकाशन डोज लगाई जाएगी, जिनका दूसरी डोज से छह माह या 26 सप्ताह का समय पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि जिन लाभीर्थियों का टीकाकरण का समय हो गया है, वह अपने नजदीकी बूथ पर जाकर प्रीकाशन डोज लगवा लें।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि लक्षित आबादी 12.54 लाख के सापेक्ष 102.38 प्रतिशत आबादी को पहली डोज लगाई जा चुकी है और 91.28 प्रतिशत आबादी को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। अब 18 साल से अधिक आयु वर्ग के लिए तीसरे यानी ऐहितयाती डोज लगना शुरू हो गई है। पहले दिन ऐहितयाती डोज लगवाने के लिए जिले में 81 सत्र (बूथ) आयोजित किए गए। इसमें लाभार्थियों को ऐहितयाती डोज लगाई गई। उन्होंने बताया कि टीम को निर्देशित कर दिया गया है कि ऐहितयाती डोज लगाते समय इस बात का ध्यान रखें कि लाभार्थी को कोविड 19 वैक्सीनेशन के लिए पहली और दूसरी खुराक में जो वैक्सीन लगाई गई थी, वहीं वैक्सीन प्रीकाशन डोज में भी लगाई जाए।

उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने नजदीकी बूथ पर जाकर निशुल्क प्रीकाशन डोज लगवा लें। इसके लिए मोबाइल पर मैसेज भी भेजे जा रहे हैं। जिन लोगों के मोबाइल पर मैसेज न आए और उनका समय पूरा हो गया हो तो वह भी बूथ पर जाकर वैक्सीन लगवा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने दुकानदारों और नगर वासियों को किया आमंत्रित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लोगों को आमंत्रित करने के लिए सदर विधायके नेतृत्व में भाजपाइयों ने दुकानदारों और नगरवासियों को आमंत्रित किया। 16 जुलाई को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के कैंथरी टोल प्लॉजा पर प्रधानमंत्री की जनसभा को सफल बनाने और लोगों की भीड़ जुटाने के लिए भाजपाई दिन रात एक किए हुए हैं। जनसंपर्क कर लोगों से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की जा रही है। लोगों को प्रधानमंत्री के विचारों को सुनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र और नगर क्षेत्र में बाजार के साथ ही डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने बाजार का भ्रमण किया। सदर विधायक ने दुकानदारों और राहगीरों को पीले चावल देकर प्रधानमंत्री की जनसभा में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया। कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचकर उनके विचारों को सुनें।

## एसडीएम और तहसीलदार को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर वकीलों की 46वें दिन भी रहा अनशन जारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

कालपी। अधिवक्ता एसोसिएशन के द्वारा एसडीएम तथा तहसीलदार को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर चल रही हड़ताल लगातार 46 वें दिन भी जारी रही। अनशन स्थल में अधिवक्ताओं ने बैठक कर जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। शुक्र वार को तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में अनशन स्थल में अधिवक्ताओं की मौजूदगी में बार एसोसिएशन कालपी के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि एसडीएम तथा तहसीलदार को कालपी से हटाने की मांग को लेकर 30 मई से हड़ताल चल रही है। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं के द्वारा 17 जून से क्रमिक अनशन चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक अधिवक्ताओं की मांग को पूरा नहीं किया जायेगा तो आगामी दिनों में भी क्रमिक अनशन जारी रहेगा। अनशन स्थल तथा कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर एच प्रसाद सलौनिया मोहनलाल, राकेश द्विदी,अपूर्व शरद श्रीवास्तव, अमर सिंह निषाद, इस्लाम अहमद, इकबाल अहमद,राम गोविंद वर्मा, देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, गंगाप्रसाद, दिनेश श्रीवास्तव, अमर सिंह , रवि तिवारी, मनोज जाटव, श्रवण कुमार निगम, वरुण प्रताप सिंह, राजेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए बेचौन बोल बम यात्री

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर बृजेश कुमार श्रीवास्तव की रिपोर्ट।



कादीपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कांवरियों का जत्था लगातार रवाना हो रहा था जिसके उपरांत सदर विधानसभा जयसिंहपुर से विधायक रहे राज प्रसाद उपाध्याय उर्फ राज बाबू ने कांवरियों को भेंट मुलाकात की और अपनी शुभकामनाओं के साथ उन्हें रवाना किया जैसे कि आपको बताते चलें कि सावन के पावन महीने में शुरू हुई कावड़ यात्रा आज पांडे बाबा बाजार कावड़ यात्रा के लिए रवाना हुए कावड़ यात्री पांडे बाबा मोतिगरपुर कादीपुर से कांवरिया भक्तगण गाजे बाजे के साथ डीजे पर थिरकते हुए भक्त एक दूसरे से खुशी का इजहार कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए बेचौन थे तभी इसी बीच अचानक सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय (राज बाबू) भी वहां आ गए विधायक जी के आ जाने से भक्त गणों की खुशी दोगुनी हो गई विधायक राज बाबू जी ने भी भक्तों से मुलाकात की और आशीर्वाद भी दिया और फिर आगे निकल गए कावड़ यात्रा भक्तगण सुरेंद्र प्रताप सिंह संदीप कुमार वर्मा दिलीप कुमार यादव अशोक वर्मा अभिषेक अग्रहरी सुजीत सिंह राजू तिवारी भीम कँहार महेंद्र वर्मा राजा पांडे राहुल अग्रहरी शिव रमेश अग्रहरि पूजन विश्वकर्मा एवं अन्य भक्त गणों के साथ दर्शन के लिए रवाना हुए।

## बबीना गांव में पानी से परेशान ग्रामीण जल संस्थान के दावे हवा हवाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

कदौरा बूंद बूंद पानी को परेशान बबीना के लोग जल संस्थान के दावे हवा हवाई ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बबीना के निवासी बून्द बून्द पानी को परेशान है एक बाल्टी पानी के लिए घण्टो अपनी बारी का इंतजार करते बच्चे बूढ़े व महिलाएं वही जल संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों की अकर्यमंडता और भ्र्ष्टाचार बबीना में पानी के संकट को जन्म दे रहे है पिछले कई सालों से बबीना में स्थित ऊंचाई वाले मुहल्लों में पानी नही पहुचता है जिस कारण कई समर्थ वान लोगो ने अपने कनेक्सन कटवाकर निजी बोरिंग करवा ली लेकिन हाल गरीबो का खराब है जबकि कई बार लिखित व मौखिक रूप से शिकायत की गई अधिकारियों को तक अवगत करवाया गया लेकिन कोई सुनवाई नही हुई आज बबीना के उन चार माहरुख , हटवाड़ा , सोनी तथा मलिन बस्तियों के मुहल्ले वालो का धैर्य जबाब दे गया करीब एक सैकड़ा लोगो ने जल संस्थान के कार्यालय तथा खण्ड विकास अधिकारी के यंहा पर पहुचकर प्रदर्शन कर नारे बाजी की गर्मिनो ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इन चार मुहल्लों में पानी नही आ रहा है जिस कारण बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है आरोप है कि अभी तीन साल पहले ही नई लाइन डलवाई गई थी जिसमे जमकर भ्र्ष्टाचार हुआ था लेकिन स्थित सुधरने का वजाय और बिगड़ गई ग्रामीण शिव कुमार , भरत कुमार ,नीरज चौधरी, भूरे, राम कुमार, विनोद कुमार ,रमेश सिंह, बजरंग, आदि ने बताया कि गर्मी और उमस में लोगो का दम निकल रहा है उसमें एक बाल्टी पानी नही मिल रहा है पीने वाले पानी के अन्य जल स्रोत जैसे कुंआ हैंडपम्प आदि बिष्मार पड़े हुए है जिससे लोग परेशान है और बून्द बून्द पानी को तरस रहे है आगे उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नही हुआ तो जल्द ही जल संस्थान के कार्यलय में ताला डालकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा इस विषय मे खण्ड विकास अधिकारी ब्रज किशोर का कहना है कि शिकायत मिली है जिसके लिए जल संस्थान को लिखा जाएगा और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा वही जल संस्थान के अवर अभियंता सभापति यादव का कहना है कि मामला संज्ञान में है जल संस्थान की इकाई को बने हुए 45 वर्ष हो गए है जो नलकूप



लगे हुए है उनका भूगर्भ जल स्तर नीचे चला गया है और ऊपर से वारिस भी नही हो रही है जल निगम को नलकूप पुनर्गठन के लिए बहुत पहले लिख दिया गया है समस्या का समाधान तभी सम्भव है जब नए स्वरूप में स्थापित कर पुनः लाइन बगैरह दुरस्त करवाई जाएगी जल्द बजट मिलने की उम्मीद है और जल्द समस्या का समाधान होगा ।

## बाबा बैजनाथ धाम के लिए कांवरियों की टोली हुई रवाना लगाए बोल बम के नारे

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इस समय कांवरियों का जत्था लगातार रवाना हो रहा है सावन मास में भक्तों ने मंदिरों में पूजा अर्चना करने के उपरांत बोल बम के जयकारे लगाते हुए साधनों से रवाना हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कोरोना काल के बाद इस वर्ष बोल बम कावरिया संघ ने महमूदपुर बरदहिया बाजार से सावन मास में 75 लोगों का कांवरियों का जत्था शुक्रवार की शाम को देवघर में बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुआ। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कांवरियों को चंदन का तिलक लगाकर बाबा भोलेनाथ के पावन धाम देवघर के लिये रवाना किया। मालूम हो कि कोरोना काल की वजह से दो साल तक कॉंवर यात्रा पर प्रतिबंध था । जिसकी वजह से श्रद्धालुओ का जलाभिषेक का मौका नहीं मिल रहा था सरकार द्वारा दो साल के बाद जब श्रद्धालुओं को कावड़ यात्रा में शामिल होने का अवसर मिला तो जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र महमूदपुर बरहरिया बाजार के कांवरिया बम शनिवार की शाम लगभग 3 बजे 75 लोगों का कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। रवाना होने के पहले महमूदपुर बरदहिया, सेमरी बाजार में डी जे के धुन में खूब झूमे और गुलाल से उड़ा कर सेमरी कस्बे में ,स्थिति शिवाला शिव मंदिर पर दर्शन किया । कावरियों का जत्था भगवान शिव के दर्शन के लिए पहले काशी में बाबा विश्वनाथ धाम में जलाभिषेक करेंगे । उसके बाद वहाँ से ट्रेंन पकड़कर बाबा भोलेनाथ के पावन धाम देवघर के लिए रवाना होंगे ।बाबा देवघर के सुलतानगंज से कॉंवर में जल भरकर वहाँ से पैदल लगभग 105 किलोमीटर बाबा देवघर पर जलाभिषेक करेंगे । इन कावरियो की बढ़ती आमद से उत्साहित कांवड़िया सगठनों ने पूरे कस्बे को झंडों से सजा दिया साथ ही सुमेरपुर संकड़िया के विवेक अग्रहरि



,धर्मेंद्र कुमार ज्ञान प्रकाश यादव,सुनील ,मुकेश अंकेश के द्वारा कावरिया बम को हलुवा का प्रसाद वितरण किया गया साथ ही क्षेत्रीय लोगों ने कांवरियों का फूल माला से स्वागत किया । इस मौके पर बरदहिया बाजार में पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह के द्वारा कांवरियो को चन्दन का तिलक लगाने के साथ सभी कावरिया बम को भगवा कलर गमछा देकर कर भोलेनाथ के धाम देवघर के दर्शन के लिए विदा किया।

## विधायक द्वारा 19 लाख लोगों को कोविड-19 के मुफ्त बूस्टर डोज अभियान का किया गया शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुलतानपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य मे शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल सुलतानपुर में मुफ्त बूस्टर डोज अभियान का शुभारंभ सुल्तानपुर भाजपा विधायक ,विनोद सिंह द्वारा किया गया। उक्त अभियान में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले लोगों को बूस्टर डोज दिया जाएगा इसके लिए पंजीकरण की कोई जरूरत नहीं है सुल्तानपुर जिले में कोरोना 19 की पहली खुराक शत प्रतिशत लोगों को दी जा चुकी है जबकि दूसरी डोज भी 90 फीसदी लोग ले चुके हैं बूस्टर डोज का लक्ष्य पहले 255846 रखा गया था यह



लक्ष्य से काफी दूर है अभी तक जिले में मात्र 50146 लोगों को ही बूस्टर डोज लगाई गई है, 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 19 लाख लोगों को बूस्टर डोज लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पूर्व मंत्री व विधायक सुलतानपुर विनोद सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जी देशवासियों के स्वास्थ्य के प्रति बेहद गंभीर हैं उन्होंने बताया कि यह अभियान 75 दिनों तक चलेगा कोरोना काल में कोविड–19 टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की सहभागिता की स्थानीय विधायक ने सराहना की । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए बूस्टर डोज का अभियान 30 सितंबर तक चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला मुख्यालय पर स्थित जिला अस्पताल में चलता रहेगा इसके लिए किसी भी रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं है। बूस्टर डोज की लाभार्थी प्रियंका, सरिता, आलोक ने कोविड–19 से बचाव के लिए प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता की सराहना की है। इसके साथ–साथ बूस्टर डोज के लाभार्थियों ने अन्य बचे हुए नागरिकों से भी अपील की है कि वे बिना हिचक के अपना कोविड–19 का टीकाकरण जरूर करवा लें।

## राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुआ पुरवा में संचारी रोग शपथ, ग्रहण का कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स मीडिया प्रभारी संतोष जायसवाल सीतापुर। बेहटा संचारी रोग कार्यक्रम–शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य जगतनरायन सिंहकी अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जनपद के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुवापुरवा में 1 जुलाई से शासन के निर्देश पर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया सीतापुर जनपद के राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुआपुरवा में 1 जुलाई से शासन के निर्देश पर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य जगत नारायण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न किया गया।

कार्यक्रम के तहत बच्चों के साथ–साथ अभिभावकों को बीमारियों की रोकथाम फिजिकल डिस्टेंसिंग साफ सफाई के बारे में जानकारी दी गई शिक्षक छात्रों की फीवर ट्रैकिंग व प्रचार–प्रसार आदि का कार्य करेंगे अभियान के शुभारंभ के दौरान विद्यालय में रैलियां आज भी आयोजन किया जाएगा माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचारी रोग अभियान चलाया गया इसके लिए विभाग की ओर से सभी विद्यालयों को पत्र भेज दिया गया है इस पत्र के आधार पर 30 जुलाई तक अभियान चलाया जाएगा रोगों के बचाव



की जानकारी दी जाएगी संचारी रोगों से बचाव के लिए छात्रों को जानकारी देने के साथ ही सामूहिक शपथ दिलाई गई कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका अपर्णा जी किरण जी व फूलमती बच्चों सहित अभिभावक गणमौजूद रहे।

## 19 जुलाई को होगा युवा उत्सव का आयोजन

- शास्त्रीय गायन,वादन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों को किया जाएगा शामिल

दैनिक अयोध्या टाइम्स अभिमन्यु शुक्ला जिला ब्यूरो औरैया। जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा वर्ष 2022–23 में युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 19 जुलाई को श्री सरोज महाविद्यालय ककोर में होगा। युवा उत्सव में लोकगीत, लोकनृत्य, कथक, भरतनाट्यम, मणिपुरी, ओडिसी, शास्त्रीय गायन हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक, सितार वादन, तबला वादन, हरमोनिया, बांसुरी वादन, गिटार वादन, वीणा वादन एवं एकांकी के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर प्रचलित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी सम्मिलित किया जाना है। जनपद के समस्त विकास खंडों के अतिरिक्त समस्त विद्यालय, महाविद्यालय एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के यहां छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने हेतु प्रतिभाशाली कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है। कलाकारों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। जनपद के विजयी कलाकार मंडल स्तर पर कानपुर नगर में प्रतिभाग करेंगे।

इसकी सूचना पृथक से दी जाएगी। जनपद युवा उत्सव में प्रतिभाग करने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 19 जुलाई है। जनपद के इच्छुक प्रतिभागी कलाकार कार्यक्रम हेतु निदेशालय द्वारा निर्मित वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण आवेदन कर सकते हैं। अथवा विकास खंडों में तैनात युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर या सीधे ही विकास भवन जिला युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय में अपना नाम, पता उम्र एवं विधा का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए कार्यक्रम हेतु अपना आवेदन करवा सकते हैं।

# पति-पत्नी विवाद में पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ

दैनिक आयोध्या टाईम्स खगड़िया। खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के करना गांव मे विवाहित महिला ने पति एवं पत्नी के बीच विवाद मे पत्नी के खाई जहरीला पदार्थ वही परीजों के सहियोग से इलाज के लिए पसहारा थाना क्षेत्र के छत्तीस नगर के निजी क्लिनिक मे इलाज किया जा रहा था जहाँ देर शाम को इलाज के दौरान महिला कि मृत्यु हो गया है। वही मृतक महिला कि पहचान करना निवासी रंजन दास कि 25 वार्षिय पत्नी निक्की देवी के रूप मे बताया जा रहा है.इधर महिला के मेके (माँ का घर) नरायणपुर थाना क्षेत्र मे है. जहाँ मृतक के माँ ने अपने पुत्री को इलाज के लिए ले गया था. इधर बुधवार कि रात को परबत्ता थाना के पुलिस बल ने घटना होने से पूर्व मे पुलिस निक्की देवी एवं उनके परिवार वाले को समझा बुझाकर पुलिस पुनः थाना आ गया था लेकिन गुरुवार कि देर सुबह महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिए जिसके बाद परिजनों ने महिला को लेकर इलाज के बाहर गयाजहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गया है।

मौके पर सुचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस बल ने मृतक महिला के घर पर गया लेकिन कुछ व्यक्ति ने बताया कि महिला को लेकर इलाज के बाहर गया है।

इधर परबत्ता पुलिस ने शव वरामद को लेकर दिलचस्पी नहीं देखें।

मौके परबत्ता थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार पाल ने बताया कि परिजनों के ओर से लिखित आवेदन नहीं दिया गया आवेदन आने के बाद आगे कि कार्यवाही किया जाएगा।

# बारिश नहीं होने से खेतों में पड़ रही दरारें, धान-पौधे हो रहे पीले, किसानों को भारी नुकसान का सता रहा भय

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी प्रखंड के बसवरिया, पौतावर, बसमन, तुरकौलिया प्रखंड बालगंगा, रधुनाथपुर, मजूराह, अरेराज प्रखंड, सग्रामपुर प्रखंड में किसान धान की खेती करते हैं। धान की फसल के लिए पानी भरपूर चाहिए। यदि हफ्ते– 10 दिन तक बारिश नहीं हुई तो बिचड़े सुख जाएंगे और धान की खेती पर संकट पैदा हो जायेगा। प्रखंड में खरीफ फसल में सबसे ज्यादा धान की खेती होती है। इसके बाद मक्का, अरहर और ज्वार आदि की खेती की जाती है। मक्का, अरहर की खेती के लिए ज्यादा पानी की जरुरत नहीं होती है। लेकिन धान की खेती के लिए सप्ताह में 30 से 40 मिलीमीटर बारिश की जरूरत होती है। इधर कुछ दिनों से बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गयी है। चम्पारण में यह स्थिति बनी हुई है। प्रखंड क्षेत्र में बारिश नहीं होने से खेतों में दरारें पड़ने लगे हैं। यह धान की खेती के लिए परेशानी का कारण है। किसानों ने बताया की किसी तरह से बीज तैयार तो कर लिया लेकिन रोपाई होना मुश्किल है। बोरिंग से रोपाई नहीं हो सकती है। क्योंकि पानी का लेयर बहुत नीचे चला गया है। उन्होंने बताया कि ज्यादा गैर रैयत किसान की संख्या रहने से आर्थिक मार झेलनी पड़ती है। वर्षा की कमी के कारण खेतों में किसानों के द्वारा लगाए गए धान का बीज सूखने के कगार पर पहुंच चुका है। खेतों में पानी की कमी के कारण खेतों में दरार हो चुका है। धान का बीज में वृद्धि नहीं हो पा रही है। जब धान का बीज मे वृद्धि नहीं होगी तो बीज में अच्छी धान की फसल भी उपज नहीं होगी। ऐसे में किसान वारिश के नहीं हो पाने के कारण काफी चिंतित



जानकारों के अनुसार धान की रोपाई के लिए जुलाई का महीना महत्वपूर्ण होता है। पूर्वी हैं। किसानों में धान की पौधा तैयार करने में लगी पूंजी भी डूबने के कगार पर है।

# मुजफ्फरपुर अघोरिया बाजार शहरी स्वास्थ्य केंद्र से सघन दस्त पखवाड़ा की हुई शुरुआत

30 जुलाई तक चलेगा पखवाड़ा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश चंद्र शर्मा ने शुक्रवार को अघोरिया बाजार स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का फीता काटकर एवं बच्चों को ओआरएस का पैकेट देकर शुभारंभ किया। सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का लक्ष्य है कि जिले के जो भी 5 बर्ष तक के बच्चे हैं उन तक ओआरएस पैकेट पहुंचाया जाए।

साथ ही डायरिया से बचाव को लेकर ओआरएस और जिंक टेबलेट देने लिए प्रेरित किया जिले के सभी पांच वर्ष तक के बच्चों को लक्षित किया गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्रों, अतिसंवेदनशील क्षेत्र, शहरी झुग्गी–झोपड़ी, निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के परिवार, ईंट–भट्ठे के निर्माण वाले क्षेत्र, अनाथालय और ऐसे चिह्नित क्षेत्र जहां दो तीन वर्ष पूर्व तक दस्त के मामले अधिक पाये गये हों, छोटे गांव व टोले जहां साफ सफाई और पानी की आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी हो, ऐसी जगहों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में रखा गया है। पखवाड़ा के दौरान आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण कर हर बच्चे को एक ओआरएस का पैकेट निःशुल्क देंगी। साथ ही परिवारों को दस्त नियंत्रण के बारे में जानकारी भी दी देंगी।



जाय। मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ ए के पाण्डेय, डीसीएम राजकिरण, एसएमओ सहित कई चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद थे। सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान डीसीएम राजकिरण ने बताया कि पखवाड़ा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा। आशा कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक घर में जाकर बच्चों को ओआरएस पैकेट देंगी और जागरूक करेंगी।

# 34 मेगा ईएमटीसीटी हेल्थ कैम्प में 4838 की जांच, एक की आयी एचआईवी रिपोर्ट पॉजिटिव

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देश पर जिले भर में मेगा ईएमटीसीटी (एलिमिनेशन ऑफ मदर टू चाइल्ड ट्रांसमिशन) हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें गर्भवती महिलाओं के साथ अन्य लोगों की निरूशुल्क जांच की जा रही है। जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि मेगा ईएमटीसीटी हेल्थ कैम्प में जांच कराने को लेकर बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलायें शामिल हो रहीं हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले भर में 34 कैम्प लगाए जा चुके हैं, जहां 4838 लोगों की एचआईवी जांच की जा चुकी है। जिसमें से एक की एचआईवी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। डॉ. कुमार ने बताया कि कैम्प में जांच के साथ लोगों को एड्स के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है। लोगों को एड्स से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की भी सलाह दी जा रही है। कैंप में गर्भवती महिलाओं, उनके पति, यौन संक्रमित रोगी, यक्ष्मा (टीवी) एवं कालाजार के रोगियों की एचआईवी जांच भी की जा रही है। गर्भवती महिलाओं का एएनसी भी किया जा रहा है।



डॉ मनोज कुमार ने बताया कि प्रत्येक कैंप में बीसीएम, एचआईवी काउंसलर, प्रयोगशाला प्रावैधिक एवं एएनएम द्वारा जांच एवं परामर्श का कार्य किया जा रहा है। संबंधित क्षेत्रों में कैंप से पूर्व एवं कैंप के दिन ऑटो रिक्शा द्वारा बैनर एवं माइक के साथ प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा घर–घर जाकर प्रचार–प्रसार भी किया जा रहा है। कैंप में प्रतिदिन लगभग ढाई सौ (250) रोगियों के जांच का लक्ष्य रखा गया है। कैम्प की मॉनिटरिंग जिला स्तर के पदाधिकारी कर रहे हैं।

डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि मदर टू चाइल्ड ट्रांसमिशन के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी महिलाओं की एचआइवी जांच अति आवश्यक है। ताकि ससमय इलाज हो सके। इससे शिशु मृत्यु दर को भी कम करने में मदद मिलेगी। इसी उद्देश्य के तहत जिले भर में ईएमटीसीटी मेगा हेल्थ कैम्प लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला को एचआईवी मुक्त रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग संकल्पित है।

# पुलिस की सरकारी पिस्टल हाथ में लेकर स्वच्छता पर्यवेक्षक दे रहा पोज, फोटो वायरल होने के बाद जांच में जुटी पुलिस



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मोतिहारी में एक युवक का सरकारी पिस्टल के साथ फिल्मी स्टाइल में खींचा गया फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल फोटो को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया जा रहा है। लोग यह कहते नहीं थक रहे कि आखिर पुलिस पदाधिकारी को मिलने वाला पिस्टल इस युवक के पास पहुंचा कैसे वायरल फोटो के साथ लिया गया। तस्वीर पुलिस विभाग को मिलने वाला पिस्टल बताया जा रहा है। वायरल तस्वीर की चर्चा जोड़ो पर है। वायरल फोटो वाला युवक सुगौली थाना क्षेत्र का स्वक्षता पर्यवेक्षक बताया जा रहा है। फोटो वायरल होने के बाद पुलिस जांच में जुटी है। सुगौली प्रखंड के फुलवरिया पंचायत के स्वक्षता पर्यवेक्षक युवक का पिस्टल के साथ फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

युवक फुलवरिया डंडी टोला निवासी कमलदेव महतो बताया जा रहा है।सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा हो रही है। वायरल फोटो में लिया गया पिस्टल का तस्वीर पुलिस विभाग के अधिकारी को मिलने वाला बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर लोग यह कहते नहीं थक रहे कि आखिर सरकार द्वारा पुलिस को दिए जाने वाला पिस्टल प्राइवेट आदमी के पास कैसे पहुंच गया। फोटो सोशल मीडिया पर आने पर सुगैली पुलिस छानबीन में जुट गई है। बुधवार देर रात वायरल हुए फोटो में आरोपित अपनी आंख के नीचे गाल पर पिस्टल लगाए हुए है। उसे हाथ में लेकर फिल्मी अंदाज में बैठा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। जांचोपरांत उचित कार्रवाई होगी।

# सिरहा पंचायत में मुखिया श्री दिनेश प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ चौपाल कार्यक्रम में किसान समन्वयक नरेंद्र कुमार मिश्रा के प्रति लोगों में दिखा आक्रोश

☒ किसान समन्वयक से मुखिया जी ने मांगा पंचायत में हुए किसान इनपुट से लाभान्वितों की सूची।

☒ किसान समन्वयक श्री मिश्रा पर पंचायत में बिचौलिया पालने और पक्षपात करने की बातें आई है सामने।

☒ किसान चौपाल में श्याम किशोर साह ने कहा कि किसान समन्वयक श्री नरेंद्र कुमार मिश्रा कहते हैं हम जीता भी खाते है,मरता भी खाते है।

पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ीदयाल प्रखंड अंतर्गत पंचायत में श्री श्याम साह के गवास के प्रांगण में माननीय मुखिया श्री दिनेश प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में किसान चौपाल का आयोजन प्रखंड एटीएम कमल कुमार के देखरेख में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कालाकांकर बिपिन बिहारी मिश्रा,सौरभ तिवारी, अनमोल भट्ट, लक्ष्मण भट्ट,, आदित्य भट्ट,सोहनलाल,बेबी शुक्ला, बादल राय आदि कलाकारों ने यह संदेश देना चाहा कि खेत में पुआलों को नहीं जलाना चाहिए। जिस पर प्रखंड एटीएम कमल कुमार जी एवं माननीय मुखिया जी ने भी उपस्थित जनों से आग्रह किया की पंचायत के किसान भाइयों आप खेत में पुआल न जलाएं। इससे आपको प्रदूषण बिगड़ती है,और जो मित्र कीड़ा उसकी मृत्यु हो जाती है। इसका हानि किसान को उठाना पड़ता है। ऊपर से भी आपको सरकार इंट्रक्शन है कि जो भी किसान अगर अपने खेत में पुआल जलाते हैं,उसका वीडियो या फोटो अगर उस खेत का कोई डाल देता है,तो उसका किसान सम्मान निधि योजना को बंद कर दी जाती है। आज के किसान चौपाल में किसान समन्वयक नरेंद्र कुमार मिश्रा के प्रति जनता में देखने को मिला आक्रोश। जनता का किसान चौपाल में कहना है कि नरेंद्र कुमार मिश्रा पक्षपाती कर पंचायत में किसान इनपुट योजनाओं को लाभान्वित कराने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। पूर्व में आयोजित किसान चौपाल में श्री अवनीश कुमार पिता लक्ष्मण साह ने अरुण खाद बीज भंडार के प्रति लगाए गए आरोप का कोई निराकरण होने की बातें सामने नहीं लाये। इस पर माननीय मुखिया श्री दिनेश प्रसाद कुशवाहा ने किसान समन्वयक श्री नरेंद्र कुमार मिश्रा से दूरभाष पर अनुरोध किया कि आप हमारे पंचायत के किसानों को दिए गए इनपुट की सूची



हमें उपलब्ध कराएं।

यदि यही स्थिति किसान समुदाय की रही तो सिरहा पंचायत की जनता को न्याय मिलने की उम्मीद बहुत कम दिखाई दे रही है किसान समय के संबंध में यह भी सुना जा रहा है कि वह अपना बिचौलिया भी पंचायत में रखे हुए हैं जिनसे लाभ मिलती है उनको किसान इनपुट का वह लाभ देते हैं और जिन से लाभ उनको नहीं मिलती है उनको किसान किसान को किसान का लाभ नहीं मिल पाती है।

आज के कार्यक्रम में किसान सलाहकार श्री सिकंदर कुमार कार्यक्रम से अनुपस्थित रहे।

ज्ञातव्य हो कि इस कार्यक्रम में प्रखंड स्तर के अधिकारी और जिला स्तर के अधिकारियों को शामिल होना था, लेकिन इस किसान चौपाल में किसान प्रखंड स्तर के अधिकारी का इंतजार करते रह गए किसान,पर नदारद रहे प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड किसान समन्वयक नरेंद्र कुमार मिश्रा। जनता मायूस रह गई।

प्रखंड कृषि पदाधिकारी पकड़ीदयाल, किसान समन्वयक पकड़ीदयाल, किसान सलाहकार सिरहा पंचायत सिकंदर कुमार की अनुपस्थिति के कारण किसान चौपाल कार्यक्रम में किसान रहे नदारद। सिर्फ स्कूली बच्चों को और 15–20 किसानों को ही देखा गया किसान चौपाल कार्यक्रम में।

# सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा शुरू 30 जुलाई तक चलेगा पखवाड़ा,दस्त से जागरूकता के लिए रथ रवाना



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) शिवहर। सिविल सर्जन डॉक्टर शैलेंद्र कुमार झा ने शुक्रवार को सरोजा सीताराम सदर अस्पताल में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का फीता काटकर एवं बच्चों को ओआरएस का पैकेज देकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर एक जन जागरूकता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर सिविल सर्जन ने रवाना किया। सिविल सर्जन डॉक्टर शैलेंद्र कुमार झा ने बताया कि सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का लक्ष्य है कि जिले के जो भी 5 बर्ष तक के बच्चे हैं उन तक ओआरएस पैकेट पहुंचाया जाए। साथ ही डायरिया से बचाव को लेकर ओआरएस और जिंक टेबलेट देने लिए प्रेरित किया। मौके पर अस्पताल प्रबंधक संजय कुमार सहित कई चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद थे। सिविल सर्जन डॉक्टर शैलेंद्र कुमार झा ने बताया कि दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान जिले के सभी पांच वर्ष तक के बच्चों को लक्षित किया गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्रों, अतिसंवेदनशील क्षेत्र, शहरी झुग्गी–झोपड़ी, निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के परिवार, ईंट–भट्ठे के निर्माण वाले क्षेत्र, अनाथालय और ऐसे चिह्नित क्षेत्र जहां दो तीन वर्ष पूर्व तक दस्त के मामले अधिक पाये गये हों, छोटे गांव व टोले जहां साफ सफाई और पानी की आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी हो, ऐसी जगहों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में रखा गया है। पखवाड़ा के दौरान आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण कर हर बच्चे को एक ओआरएस का पैकेट निःशुल्क देंगी। साथ ही परिवारों को दस्त नियंत्रण के बारे में जानकारी भी दी देंगी। डीपीएम पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि पखवाड़ा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा। आशा कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक घरों में जाकर बच्चों को ओआरएस पैकेट देंगी और जागरूक करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मासिक अपराध गोष्ठी में अपने थाना क्षेत्रों में अच्छे प्रदर्शन नहीं करने वाले थानेदारों की एसपी डॉ कुमार आशीष ने लगाई जमकर फटकार

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। मोतिहारी जिला पुलिस की मासिक अपराध गोष्ठी आज पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित हुई। जिसमें जनता के प्रति अपनी पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक कार्य करने और बहुत ही कम समय में जनता के दिलों पर राज करने लगे हैं युवा आईपीएस डॉ कुमार आशीष। एसपी का मानना हैं की पुलिस को समाज के सहयोग से ही सारी आपराधिक घटनाओं एवं होने वाले किसी तरह की वारदातो पर अगर समाज के सभी उम्र के लोग जिसमें आजकल के युवाओं की भूमिका ज्यादा होती है। अगर युवाओं का पूर्ण रूप से पुलिस को सहयोग मिलती है तो समाज के अंदर बढ़ रहे आपराधिक मामलों पर रोक लगाया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानाध्यक्ष एवं एसडीपीओ को नियमित भूमि विवाद निस्तारण बैठक कर भूमि विवाद से जनित अपराधों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया।

### जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना के पदाधिकारियों एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना के पदाधिकारियों एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई । विदित हो कि रक्सौल नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 में सुकरों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि हुई है।



जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित पदाधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जीवित सुकरों का कलिंग ऑपरेशन 2 दिनों के अंदर समाप्त कर , चिन्हित स्थल पर ही डंपिंग करें। उन्होंने कहा कि संक्रमित क्षेत्र में 1 किलोमीटर के परिधि में पूर्ण रूप से सैनिटाइजेशन करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान पटना के डॉ शशि भूषण , डॉक्टर विजय कुमार सिंह, डॉक्टर मनोज कुमार ,डॉक्टर उपेंद्र कुमार ,भीएस डॉ मृत्युंजय शरण , जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित थे।

### जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक , भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मनरेगा के तत्वधान में जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने पहुंचे

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक , भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पिपराकोठी प्रखंड में ग्राम पंचायत राज,वीरछपरा में नवोदय विद्यालय के निकट सरकारी पोखर की साफ सफाई एवं सौन्दर्यीकरण कार्य मनरेगा के तत्वधान में



जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने पहुंचे ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सरोवर के चारों और व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाए । इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, सुश्री श्वेता कुमारी, उप विकास आयुक्त , श्री कमलेश कुमार सिंह ,निदेशक डीआरडीए, डीपीओ मनरेगा , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### बीपीएसएससी परीक्षा रिजल्ट में दलसिंहसराय के एक साथ कई विद्यार्थियों ने मारी बाजी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,दलसिंहसराय। बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग (बीपीएसएससी) द्वारा जारी पुलिस सब–इंस्पेक्टर और सार्जेंट भर्ती परीक्षा के फाइनल रिजल्ट में दलसिंहसराय के अभ्यर्थियों ने भी सफलता अर्जित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसआई पद के लिए



दलसिंहसराय प्रखंड के रामपुर जलालपुर निवासी दिलीप पंडित एवं गांगो देवी के पुत्र किशुन पंडित, इसी गांव के सुधीर कुमार एवं रश्मि कुमारी की पुत्री सुप्रिया भारती और महेंद्र दास एवं चानो देवी के पुत्र इंद्रदेव कुमार के अलावा शहर के वीआईपी कॉलोनी निवासी सितेन्द्र प्रसाद सिंह एवं कुमारी अंजू सिन्हा की पुत्री स्मिता राजश्री, घाट नवादा के भोनू सहनी एवं जगतरणी देवी के पुत्र रामबाबू सहनी और भटगामा के शंकर महतो एवं इंद्रा देवी के पुत्र विनीत कुमार को इस परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई है। यह भर्ती बिहार पुलिस में एसआई के 1998 और सार्जेंट के 215 पदों को भरने के लिए परीक्षा हुई । इनकी सफलता पर जहाँ इनके अभिभावकों में खुशी की लहर है, वहीं ग्रामीणों, शुभचिंतको ने भी खबर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त किया एवं बधाई दिया। बधाई देने वाले लोगों में प्रमुख रूप से विभूतिपुर विधायक अजय कुमार, उजियारपुर विधायक आलोक मेहता, मोरवा विधायक रणविजय साहू, आर एल महतो बीएड कॉलेज के निदेशक प्रशांत पंकज व प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार, आर बी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो० संजय झा, एनसीसी पदाधिकारी डॉ लेफ्टिनेंट धीरज कुमार पांडेय, निवर्तमान मुखिया सुमित भूषण चौधरी, बिंदा कुमारी, राजद मीडिया प्रभारी राजदीपक, अरुण कुमार, आयुष कुमार, राजा कुमार, अर्पण कुमारी, शंभू ठाकुर, कुंदन कुमार आदि लोग शामिल थे।

## जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दावा, पार्टी का सिर्फ महिला प्रकोष्ठ सक्रिय हो जाए तो नीतीश कुमार से कोई हाथ मिलाने वाला नहीं है

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ)। जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि अगर पार्टी का सिर्फ महिला प्रकोष्ठ सक्रिय हो जाए तो सीएम नीतीश कुमार से कोई हाथ मिलाने वाला नहीं है। ललन सिंह गुरुवार को जदयू प्रदेश कार्यालय के कर्पूरी सभागार में पार्टी के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम बैठक संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्वेता विश्वास ने की।बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा है कि पार्टी का महिला प्रकोष्ठ बहुत बड़ा है। पार्टी में एक दर्जन प्रकोष्ठ हैं, परंतु 50 प्रतिशत आबादी वाला एकमात्र यह प्रकोष्ठ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवंबर 2005 में ही न्याय के साथ विकास का नारा दिया था, जिसपर वे कायम हैं। उन्होंने कहा था कि 50 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है और उन्हें पूरा अधिकार मिलना चाहिए। आज गांव–गांव में जीविका समूह गठित है, जिससे एक करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। सिर्फ महिला प्रकोष्ठ सक्रिय हो जाए तो नीतीश कुमार से कोई हाथ मिलाने वाला नहीं है।



वहीं बैठक में मौजूद जदयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सरकार के निर्णय ने समाज में परिवर्तन किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री को जितना धन्यवाद दिया जाए, वह कम होगा। मौके पर परिवहन मंत्री शीला मंडल व महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा श्वेता विश्वास आदि ने अपनी बात कही। बैठक में रवींद्र प्रसाद सिंह, डॉ. नवीन आर्य चंद्रवंशी, मृत्युंजय कुमार सिंह, प्रतिभा सिन्हा, ममता शर्मा, सोनी, फातिमा, उषा सिन्हा उपस्थित थे।

## बारिश नहीं होने से शिवहर में सुखाड़ की स्थिति : जदयू नेता नवनीत कुमार झा

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। जदयू नेता नवनीत कुमार झा ने जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि जिले में मानसून के समय भी बारिश नहीं होने तथा भयंकर गर्मी के कारण किसानों को धान का फसल बर्बाद हो रहा है। धरती फट रही है, किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी को ध्यान आकृष्ट करते हुए किसानों को डीजल अनुदान देने की मांग की है, ताकि वे अपनी फसल को उपजा सके। जदयू नेता नवनीत कुमार झा ने बताया है कि शिवहर में मौजूदा स्थिति में मानसून के विपरीत सुखाड़ की मार झेलनी पड़ रही है। इस समय कड़ी धूप तथा भीषण गर्मी की चपेट में जिला शिवहर में सुखाड़ ने किसानों की फसल को चौपट कर दिया है। सुखाड़ के कारण धान के फसलों का नुकसान हो रहा है।

जदयू नेता श्री झा ने कहा है कि किसान परेशान है। जलस्तर काफी नीचे चला गया है। जिले में कृषि कार्य प्रभावित हो रही है, कम बारिश ने किसानों को मुश्किल बढ़ा दी है ,राहत के लिए विभाग को कमर कसनी चाहिए। श्री झा ने डीएम को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि अधिकांश किसानों ने



रोहिणी नक्षत्र में ही धान के बिचड़े खेतों में लगा दिया था, किसानों को इस बात की उम्मीद थी कि आदरा नक्षत्र में अच्छी बारिश होगी तथा खेतों में रोपनी का कार्य शुरू हो जाएगा। कुछ किसानों ने खेतों में धान के बिचड़े भी लगा दिए थे ,जो जल गए हैं। खेतों में जमीन फट रहा है। इस समय धान को लगाने को लेकर पंपसेट के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचा कर धान की उपज करना मजबूरी है इसके लिए गरीब, मझले किसानों को धान का फसल उपजाने को लेकर पंपसेट से पानी पटाना टेढ़ी खीर साबित हो रही है ,इसलिए किसानों को डीजल अनुदान देना अत्यंत जरूरी हो गया है।

## मदारपुर मुखिया की पुत्री पहले ही प्रयास में बनी दारोगा परिवार समेत क्षेत्र में खुशी

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक प्रखण्ड के मदारपुर पंचायत की मुखिया मीना देवी पति स्व डॉ राजकिशोर सिंह की पुत्री वीणा कुमारी ने बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा विगत 24 अप्रैल की आयोजित दरोगा भर्ती की संयुक्त परीक्षा एवं बाद में हुई शारीरिक परीक्षा के उपरांत बिहार पुलिस एस आई कि परीक्षा उतीर्ण हुई है। इस बारे में उसके बड़े भाई मुखिया प्रतिनिधि डॉ जितेन्द्र सिंह ने बताया कि वीणा तीन बहनों और चार भाईयों में सबसे छोटी हैं उसने प्रथम प्रयास में ही यह सफलता प्राप्त कर की है।वही उसके उतीर्ण होने पर उनके परिजनों समेत उनके पैतृक गांव मगुरहा में खुशी की लहर है। वही उसकी शादी जलालपुर के कोठेया गांव में हुई है। इस सफलता पर उन्हें बधाई देने वालो में मुख्य रूप से बनियापुर राजद विधायक केदारनाथ सिंह,प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, बहरौली



मुखिया अजीत सिंह, सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू, दुरगौली मुखिया प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह,डुमरसन मुखिया बच्चालाल साह, जजौली मुखिया प्रतिनिधि वरूण यादव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी अमर सिंह, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, आर्मी कैंटिन संचालक रंजन कुमार सिंह, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय, ईट चिमनी व्यवसायी युगुल सिंह, बिजली ठिकदार श्री राम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रोफेसर रोहित कश्यप आदि शामिल है।

## जन संघर्ष से ही समस्याओं का निदान होगा : सत्येंद्र कुमार मिश्र

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सुगौली। जन संघर्षों से समस्याओं का निदान होगा अन्यथा लूटेरा लूटते रहेंगा और समस्या ग्रस्त शोषित समाज मुंह ताकते रहेगा।उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी )के जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने सुगौली स्थित पार्टी कार्यालय में सुगौली एवम रामगढ़वा लोकल कमिटी के संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।श्री मिश्र ने केंद्र एवं राज्य सरकार के गलत एवम जनविरोधी नीतियों का कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसके विरुद्ध जन आंदोलन करने का आह्वान पार्टी सदस्यों से किया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश का सभी महत्वपूर्ण संपत्ति एवं विभागों को कारपोरेट जगत के हवाले करके केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सांप्रदायिक एवं पूंजीवाद परस्त सरकार देश को एक एकबार पुनः गुलामी की जंजीरों में जकड़ने का प्रयास कर रही है। अतः हम कम्युनिस्टों का दायित्व है की ऐसी परिस्थिति में एक व्यापक गोलबंदी करते हुए इस फिरका परस्ती सरकार को अपदस्थ करने का काम किया जाए।बैठक को जिला सचिव मंडल सदस्य कामरेड ग्रुप त्रिवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि जन संगठनों एवं पार्टी संगठनों को दुरुस्त कर आम जनता के बीच में जाकर सरकार की गलत नीतियों का पर्दाफाश कर संघर्ष का रास्ता अख्तियार किया जाए तो देश गर्त स्थिति में जाने से बचेगा। उन्होंने अपने संबोधन में पार्टी सदस्यों को प्रशिक्षित और संगठित होने का आह्वान किया। बैठक का अध्यक्षता कामरेड मैनेजर चौधर एवं संचालन कॉमरेड धनंजय पुरी एवं कामरेड शमशुल हक अंसारी ने की। बैठक में रामगढ़वा एवं सुगौली लोकल



कमिटी के विभिन्न ब्रांच में अग्नीपथ योजना समेत अन्य समस्याओं को लेकर आंदोलन करने का फैसला लिया गया। साथ ही आगामी 7 अगस्त को मोतिहारी में आयोजित महागठबंधन के प्रतिरोध रैली में दोनों लोकल कमेटी से साथियों की अच्छी खासी भागीदारी होगी यह भी निर्णय लिया गया। बैठक में कामरेड राम नारायण प्रसाद, कामरेड मीर मोहम्मद, कामरेड बाबूलाल साह, कामरेड विश्वनाथ प्रसाद कामरेड ललन चौधरी ,कामरेड राकेश कुमार झा, कामरेड माधवलाल प्रसाद ,कामरेड मोहम्मद आदाब अंसारी, अजीज अखतर अंसारी,राज महाहमद हवारी ,धनेश्वर पंडित सहित अन्य लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया। अंत में कामरेड धनंजय पुरी एवं कामरेड समसुल हक अंसारी के धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत बैठक समाप्त हुई।

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने नाबालिग लड़की को किया रेस्क्यू, मानव तस्करी के लिए फंसाया गया था



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मोतिहारी के रक्सौल में नेपाल बॉडर के पास एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने नेपाली नाबालिग लड़की को रेस्कयू किया है। 47वीं वाहिनी पंटोका के इंस्पेक्टरध्जीडी मनोज कुमार शर्मा मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया कार्यालय की आसूचना व पीड़ित लड़की व उसको ले जाने वाले लड़के की पल पल की जानकारी निकालकर यह रेस्क्यू किया गया है। नेपाल की एक नाबालिग निर्भया (बदला नाम) एक माह से बीरगंज नेपाल से गायब थी। अभिभावक हर किसी से सहायता मांग मांग कर थक गए थे। अंततः किसी ने उन्हें सुझाव दिया कि इंस्पेक्टर मानव तस्करी रोधी क्षेत्रक मुख्यालय रक्सौल से मिलें। जिसके बाद निर्भया के माता पिता मातरोई (क्षेमु) के ऑफिस 47 वीं वाहिनी ससीब पंटोका में आकर मुलाकात की। इसके साथ ही नेपाल में पुलिस में की गई एफआईआर और एक निवेदन मानव तस्करी रोधी क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया का नाम दिया। इंस्पेक्टर मानव तस्करी रोधी क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया ने मिशन मुक्ति एनजीओ व एएचटीयू पुलिस, बड़ौदरा, गुजरात से संपर्क किया तथा नाबालिग निर्भया से संबंधित जुटाई गयी संपूर्ण जानकारी रेस्क्यू करने के लिए फोन द्वारा दी। लड़की लड़के की पल पल की सूचना के साथ साथ उनके पते की जानकारी भी इंस्पेक्टर मानव तस्करी रोधी क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया द्वारा जुटा ली गयी थी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) के चेयरमेन से गुजरात में सहयोग के लिए संपर्क किया गया। जिसके बाद आज सुबह वडोदरा के मकरबा थाना के क्षेत्र से लड़की को रेस्क्यू कर लिया गया। इसके साथ ही उस लड़के को भी पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया जो लड़की को ले कर भागा था। नाबालिग लड़की को बाल कल्याण समिति वडोदरा को सौंप दिया गया और लड़की के अभिवावक को सूचना कर दी गयी है। वहीं लड़के को पुलिस की अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंपा गया है। लड़की को बाल कल्याण समिति वडोदरा को सौंप दिया गया और लड़की के अभिवावक को सूचना कर दी गयी है। वहीं लड़के को पुलिस की अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंपा गया है।

## डोर स्टेप डिलीवरी के लिए पंचायत वार रोस्टर बनाया और पीडीएस गोदाम के पास उसे प्रदर्शित कराएं : जिलाधिकारी वैशाली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में प्रखंडों के पीडीएस गोदामों के सहायक गोदाम प्रबंधक एजीएम को निर्देश दिया गया कि डोर स्टेप डिलीवरी के लिए पंचायत वार रोस्टर बना लें और उसका फ्लेक्स बनवाकर गोदाम के पास लगा दें तथा उसका अनुपालन सुनिश्चित कराएं। जिला अधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन का वितरण निर्धारित समय पर करना सुनिश्चित किया जाए। लाभुकों को सही वजन के साथ पास मशीन से पर्ची निकाल कर निर्धारित दर पर राशन उपलब्ध कराई जाए। इसमें कहीं से भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एफसीआई के गोदाम से उठाओ एवं पीडीएस गोदाम तक अनाज को पहुंचाने के समय ट्रांसफार्मर के साथ दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि कम अनाज की प्राप्ति की शिकायत दूर किया जा सके। यह व्यवस्था एक माह करके उसका फीडबैक लिया जाए कि सुधार हो रहा है कि नहीं। जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट कर दिया कि एफसीआई पीटीएस गुना ट्रांसपोर्ट और डीलर की मनमानी नहीं चलेगी और हर हाल में से दूर किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी एवं को निर्देश दिया गया कि प्रतिमा सही समय पर वितरण सही वजन सही रेट और पास मशीन के पर्ची संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं। सभी एम ओ से पिछले 2 माह के कार्यों का लेखा लिया गया। आज की बैठक में जिलाधिकारी का मुख्य फोकस एक बोरी में अनाज की तौर पर केंद्रित था। जिलाधिकारी जानना चाहते थे कि क्या बोरी में अनाज 50 किलो ही रहता है या इससे कम भी रहता है। इस पर एफसीआई के प्रबंधक से भी पूछताछ की गई और जिला प्रबंधक के राज्य खाद्य निगम को निर्देश दिया गया कि बोरी में अनाज की टोल से संबंधित प्रमाण पत्र प्रतिमाह जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। जिला अधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि ट्रांसपोर्टरों के कार्यों की समीक्षा करें और जिनका प्रदर्शन खराब है उन्हें कार्य से मुक्त करें।



आवश्यकतानुसार गाड़ी की संख्या नहीं उपलब्ध कराने पर भी कार्रवाई की जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय का एक लाइन का पालन करें और इस से हटकर कोई कार्य नहीं करें। सभी एवं को कमजोर वर्ग के दोनों में प्रतिदिन रेंडमाली फोन करा कर राशन की सही मात्रा के मिलने की जानकारी प्राप्त करने और इसे पंजी में दर्ज करने का निर्देश दिया गया। ताकि कार्यालय जांच के समय यह पता चल सके कि कितने लोगों से इस तरह का फीडबैक लिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के पेंशन धारियों को देख ले कि उनका कार्ड बना है कि नहीं। इसके अतिरिक्त जरूरतमंद जिनको कार्ड नहीं है उनका कार्ड बनवा दें।अगर उनके पास आधार नहीं है तो आधार बनवाने के लिए कैंप लगाई जाए ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में जिला अधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह एसडीओ हाजीपुर श्री अरुण कुमार एसडीओ महनार श्री सुमित कुमार एसडीओ महुआ श्री संदीप कुमार प्रबंधक एफसीआई जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम वैशाली सभी सहायक प्रबंधक पीडीएस गोदाम एवं सभी लोग उपस्थित थे।

## पुलिस अवर निरीक्षक बन पवन बना इलाके का प्रेरणास्रोत, परिवार समेत क्षेत्र में खुशी



(संजय कुमार, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल ,पूर्वी चंपारण) छौड़ादानो प्रखंड के तिनकोनी के कन्हैया टोला निवासी शंभू सिंह व सवित्री देवी के पुत्र पवन कुमार का बिहार पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर चयन हुआ है. वही सफल अभ्यर्थी पवन कुमार अभी रेलवे में ग्रुप डी पद पर कार्यरत है. एक आम परिवार में जन्मे सफल छात्र पवन कुमार दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है. उसके सफल होने पर परिजनों व पैतृक गांव तिनकोनी सहित प्रखंड क्षेत्र में खुशी की लहर है. बता दें कि सफल अभ्यर्थी के पिता साधारण किसान व माता सफल गृहिणी है. इस बारे में उनके छोटे भाई सावन कुमार ने बताया कि वे दो भाइयों एवं एक बहन में सबसे बड़े हैं. उनकी प्रारंभिक पढ़ाई तिनकोनी गांव में स्थित राजकीय मध्य विद्यालय व हाईस्कूल की पढ़ाई एसआर आरवाई एलएचएस जीतपुर, विशुनपुरवा से हुई है. दरोगा बने पवन की इंटरमीडिएट की पढ़ाई एसकेएमआरजी, लतिहनवा , व उनकी स्नातक की पढ़ाई केसीटीसी रक्सौल में संपन्न हुई. बताया जा रहा है कि सफल अभ्यर्थी पवन पटना अवस्थित एक निजी संस्थान में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी किए एवं रेलवे ग्रुप डी परीक्षा मे सफलता हासिल कर रेलवे विभाग में कार्यरत है. सफल अभ्यर्थी पवन ने बताया कि हमेशा से मेरा पब्लिक सेवा में जाने का इच्छा था।

मैं पद पर रहते हुए आम जनता की सेवा व आम जनता को इंसाफ दिलाने का प्रयास करूंगा. पवन कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता , ग्रामीण पूर्व मुखिया स्वर्गीय रामेश्वर सिंह व गुरु योगेश्वर सिंह , शशिकांत सर समेत पटना के सुप्रसिद्ध शिक्षक खान सर को दिया है. छौडादानो के गुरुकुल ट्यूशन सेंटर के सुप्रसिद्ध अजय सर के छात्र रहे छोटे भाई सावल कुमार स्नातक की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं . उसका भी सपना है कि वे पुलिस सेवा में जाए व आम पब्लिक की सेवा करें. वहां के स्थानीय ग्रामीण लक्ष्मी नारायण प्रसाद ने बताया है कि पवन शुरू से ही तेज व होनहार था एवं यह परिवार शिक्षा के प्रति शुरु से ही जागरूक व गंभीर रहा है. पवन बिहार पुलिस अवर निरीक्षक बनकर गांव समेत पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है. वहीं प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य लोग घर पहुंच कर बधाई दे रहे हैं. स्थानीय राजद विधायक डॉक्टर शमीम अहमद सफल अभ्यर्थी पवन व परिजनों को दूरभाष पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दिए एवं उज्जवल भविष्य हेतु कामना की है. बधाई देने वालों में मुख्य रूप से तीनकोनी के पूर्व मुखिया प्रत्याशी हीरालाल कुशवाहा, पीतांबर सिंह ,पूर्व मुखिया चंद्रिका सिंह ,पूर्व सरपंच सदस्य वकील सिंह , पूर्व मुखिया संजय ठाकुर, राजू कुमार एकडरी पंचायत के पूर्व सरपंच सदस्य व युवासमाजसेवी रामप्रवेश कुशवाहा, प्रखंड प्रमुख श्रीमती सुनीता यादव, प्रमुख पति धीरेंद्र यादव, स्थानीय मुखिया धर्मेंद्र सिंह , पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर साहनी,स्थानीय पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र सिंह ,सरपंच सदस्य मनोज सिंह, वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष अरुण सिंह, प्रखंड सचिव सुबोध कुमार तिवारी, शहर के सुप्रसिद्ध इंडियन ट्यूशन सेंटर के संचालक शिक्षक संजीव कुमार यादव ,जिला महासचिव राधेश्याम कुमार यादव , युवा नेता मुमताज मंसूरी , एकडरी पंचायत के लोकप्रिय मुखिया गोपाल राय , स्थानीय पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी बबलू कुमार उर्फ संतोष कुमार, रामकृपाल ठाकुर,एक डरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पति सुरेश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्योति नारायण चौधरी ,भाजपा जिला मंत्री गणेश यादव राजद प्रखंड अध्यक्ष ध्रुव यादव, शाही यादव , बसपा के जिला अध्यक्ष व पूर्व मुखिया मथुरा राम, वरिष्ठ समाजसेवी जगाराम शास्त्री, शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी हरेंद्र रंजन ,पूर्व विधायक प्रतिनिधि महेश कुशवाहा, राजद के युवा नेता, बिकेंद्र यादवआप के युवा जिला अध्यक्ष व नरकटिया विधानसभा प्रभारी राजेश कुशवाहा आदि लोग शामिल हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रखंड मेहसी में बूढ़ी गंडक नदी के किनारे भीमलपुर जंगल का जायजा लेने पहुचे

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक, भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रखंड मेहसी में बूढ़ी गंडक नदी के किनारे भीमलपुर जंगल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने कहा कि भीमलपुर जंगल जल जीवन हरियाली अभियान का एक नमूना है। भविष्य में इस जंगल को बायोडायभर्सिटी पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा । भ्रमण के दौरान मेहसी प्रखंड के ग्राम पंचायती राज, कोठिया हरिराम में जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत मनरेगा द्वारा निर्मित सार्वजनिक कुआं जीर्णोद्धार का भी उन्होंने जायजा लिया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी,उप विकास आयुक्त,अनुमंडल पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए,डीपीओ मनरेगा, जिलाजनसंपर्क पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।



## ग्रीन डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)



मोतिहारी। ढाका पथ के भरौलिया स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल परिसर में ग्रीन डे के उपलक्ष्य पर नर्सरी , जूनियर सीनियर केजी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें यशस्वी ने हिंदी कविता, हर्षिता कुमारी द्वारा अंग्रेजी कविता एवं सीनियर के जी के बच्चों द्वारा नृत्य को दिखाते हुए विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री शुभम गुप्ता सहित प्रधानाचार्य श्री अर्नव मुखर्जी एवं कोर्डिनेटर श्री मिलन बनर्जी श्रीमती पूनम विष्णोई सहित सभी अध्यापकों का मन मोहा । इस मौके पर डायरेक्टर गुप्ता ने बच्चों का हौसला बढाया तथा प्रधानाचार्य ने हमारे जीवन में पेड़–पौधे कि अहमियता को समझाते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया द्य कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण के रक्षा हेतु पौधा रोपण भी किया गया। उक्त आशय की जानकारी शुभम गुप्ता ने दी।

## सदर अस्पताल सहरसा में 8 नए एंबुलेंस का करेंगे उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार सहरसा जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर हॉस्पिटल सहरसा सेआज सहरसा जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा 8 नए एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर सहरसा के हरेक PHC में नए एम्बुलेंस का परिचालन प्रारंभ करेंगे। आपको बता दे आज से 8 एम्बुलेंस 102 टोल फ्री नम्बर निःशुल्क सेवा जिसे सहरसा जिला पदाधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जिले के हर PHC में भेजा जाएगा।



## तटबंध टूटने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन क्षेत्रीय विधायक को लगाया दोष

संवाददाता त्रिलोकी राय की रिपोर्ट नौतन से। नौतन प्रखंड के दक्षिण तेल्हुआ पंचायत के ग्रामीणों प्रदर्शन करते हुए अपने क्षेत्र में विधायक एवं सांसद को दोष लगाते हुए कहा कई वर्षों से खंडित मुख्य तटबंध खंडित है और ईट सोलिंग टूट कर बिछड़ गया है। मंगल बाजार और नौतन से मोटरसाइकिल और साइकिल से आने वाले आदमी गिर जाते हैं। उबड़ खाबड़ रास्ता होने के कारण कभी भी खतरा हो सकती है।



## मुख्य सडक टूटकर चूर चूर हो गया

त्रिलोकी राय संवाददाता। नौतन प्रखंड के मंगलपुर कला पंचायत पीसीसी पिच टूट कर चकनाचूर हो गया है लोगों को आने जाने में बहुत बड़ा कठिन होते हैं। ग्रामीण लोग मंगल बाजार से अपने घर की ओर जाते हैं तो मोटरसाइकिल और साइकिल से गिर जाते हैं सबसे कमजोर मुख्य सड़क ही दिखाई दे रहा है क्योंकि यहां के जो जनप्रतिनिधि मुख्य सड़क को बनवा नहीं रहे हैं। नौतन प्रखंड के जनता का दुर्भाग्य है यहां के मुख्य सड़क जनप्रतिनिधि बनवा नहीं रहे हैं आने जाने में लोगों को कठिनाई हट सके।



## ग्रामीण परिवेश में रहने वाली बेटी बनी दरोगा

(प्रदीप कुमार सिंह संवाददाता अयोध्या टाइम्स तुरकौलिया)



तुरकौलिया। मोतिहारी ग्रामीण परिवेश में रहने वाली छात्रा खुशबू कुमारी बनी दरोगा दरोगा का रिजल्ट आने पर परिजन बांट रहे हैं लड्डू एलआईसी एजेंट जितेंद्र सिंह की पुत्री है खुशबू कुमारी माता नागरिका देवी चाचा उर्वरक व्यवसाई वीरेंद्र सिंह बांट रहे हैं मिठाई तुरकौलिया के सपही गांव की है खुशबू कुमारी सपही गांव की नाम रोशन कर पूरी जिले का भी नाम रौशन किया,पूरे ग्रामीणों मैं खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है।

## जी एस टी का पंजीयन न कराने वाले आहरण एवं वितरण अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्यवाही

दैनिक अयोध्या टाइम्स अभिमन्यु शुक्ला जिला ब्यूरो औरैया

औरैया 15 जुलाई 2022– उपायुक्त अयोध्या प्रसाद ने बताया कि राज्य कर विभाग उन सरकारी विभागों को पंजीयन के लिए प्रेरित करेगा जिनके द्वारा किसी भी प्रकार के भुगतान, किसी वस्तु की खरीद एवं सेवा हेतु ठेकेदार को किए जाते हैं। साथ ही उन्होंने टीडीएस काटने के लिए राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभागों के लिए राज्य कर विभाग एसपी ऑफिस के पास ककोर मुख्यालय में हेल्प डेस्क बनाई गई है ।उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों, क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायतों में विकास कार्यों के लिए जो भुगतान किया जा रहा है। उसके लिए जीएसटी में पंजीकरण होना अनिवार्य है ।साथ ही जीएसटी में पंजीकृत ठेकेदारों से ही कार्य कराए जाएं ।उन्होंने बताया कि विभाग को



अधिनियम की धारा 51 के तहत पंजीयन नहीं कराया है। जीएसटी का पंजीयन नहीं कराने वाले सरकारी विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को ऑनलाइन बैठक के दौरान राज्य कर विभाग की आयुक्त महोदया मिनिस्ती एस ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। मंडल कार्यालय के राज्य कर के उपायुक्त श्री अयोध्या प्रसाद द्वारा बताया गया कि पंजीयन कराने वाले सरकारी आयुक्त ने पंजीयन के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने कर योग्य सीमा से कम व्यापार करने वाले व्यापारियों को भी पंजीयन के लिए प्रेरित करने और पंजीयन के लाभ की जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए हैं ।

जिसमें डेढ़ करोड़ रुपए वार्षिक सीमा तक के छोटे एवं सीमांत व्यापारियों के लिए समाधान योजना एवं समस्त पंजीकृत व्यापारियों के लिए रू0, दस लाख तक के व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना की व्यवस्था है।

## आरोपी खुलेआम अबैध हथियारों से लैस होकर घूम रहे,पीड़ित परिवार में दहशत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। सदर कोतवाली के ग्राम कुल्हूपुर निवासी परशुराम पुत्र बेटालाल ने मीडिया को बताया है कि वह घर का अकेला कमाने वाला व्यक्ति है जोकि दर्शन गैस एजेंसी औरैया में काम करके अपनी बुजुर्ग माँ एवं पत्नी के साथ रहकर अपना भरण पोषण कर रहा है, परशुराम ने जानकारी देते हुये कहा कि उसके साथ घटना दिनांक 28६06६2022 समय करीब 08रू50 बजे है जब वह भैस बांध कर जैसे ही निकला तो गाँव के ही निवासी बिपक्षी अनूप, अनिल, नवाब, बिटटेस पुत्रगण माता प्रसाद व दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे को बिना किसी बजह ना कोई रंजिश अचानक अश्लीलता पूर्वक गाली देने लगे जब पीड़ित ने उपरोक्त लोगों से गाली देने के कारण पूछते हुये बिरोध किया तो उपरोक्त बिपक्षीगणों पीड़ित व्यक्ति पर चाकुओं से जान से मारने की योजना अनुसार उसपर हमला कर दिया, हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया, तथा घायल अवस्था में ही घटना के संबंध में पीड़ित ने स्वयं ही थाना कोतवाली औरैया पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसमें मु.अ.सं. 0491६2022





धारा 147,307 एवं 504 के अंतर्गत मुकदमा लिख लिया है, परन्तु क्षेत्रीय पुलिस द्वारा मुकदमा लिखने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार नही कर रही है, तथा पीड़ित परशुराम उर्फ मंगूलाल का घर मैन रास्ता है, जहाँ से आरोपीगण आये दिन अबैध हथियार लहराते हुये पीड़ित परिजनों को बुरी निगाह से घूरतेध्देखते हुये निकलते है, जिससे पीड़ित परिजनों को जान जोखिम खतरा है, जिसने उच्चधिकारियों को लिखित शिकायत देकर आरोपियों की गिरफ्तार करने व जान माल रक्षा करने की गुहार लगाई है

## बिहार की 2 बहनों ने किया कमाल, एक साथ बनीं दारोगा, आलू बेचने वाला पिता खुशी में बांट रहा लड्डू

नवादारू जिले के पकरीबरावां की दो सगी बहनों ने बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर प्रखंड ही नहीं बल्कि जिले का भी नाम रोशन कर दिया है. 77 प्रतिशत मिला. दूसरी बहन पूजा कुमारी ने वर्ष 2014 में हाई स्कूल पकरीबरावां से मैट्रिक की परीक्षा पास की और उसे 66 प्रतिशत अंक मिला. दोनों बहनों ने कृषक कॉलेज



रिजल्ट आने के बाद जैसे ही यह पता चला कि प्रिया और पूजा का चयन दारोगा के लिए हो गया है तो पूरा परिवार खुशी से झूम उठा. खुशी में पिता मदन साव जो आलू बेचते हैं वो अब लड्डू बांट रहे हैं. दोनों सगी बहनों ने दिन–रात मेहनत कर सफलता पाकर मिसाल कायम कर दिया है।



परीक्षा के समय कुछ महीनों के लिए दोनों बहनें अपने ननिहाल नवादा में रहकर तैयारी करने लगीं. दोनों बहनों ने गरीबी को काफी नजदीक से देखी है इसलिए वह घर पर ही रहकर दिन–रात मेहनत करने लगीं जिसके बाद यह सफलता मिली है. दोनों बहनों ने यह भी बताया कि इसके पीछे उनके मामा टिंकू साव का भी काफी सहयोग रहा. उन्होंने इस पद पर जाने के लिए हमेशा प्रेरित किया था।

प्रिया कुमारी ने 2013 में प्रोजेक्ट कन्या मध्य विद्यालय पकरीबरावां से मैट्रिक की परीक्षा पास की और उसे धेवधा, पकरीबरावां से इंटर और ग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी की है. पूजा ने पहली बार में ही सफलता हासिल की है जबकि बड़ी बहन प्रिया को दूसरी बार में यह सफलता मिली है.

दो सगी बहनों का दारोगा में रिजल्ट आते ही सगे–संबंधियों के साथ–साथ मित्रों का तांता गुरुवार को लगा रहा. जैसे ही खबर आई की फुटपाथ पर आलू बेचने वाले की एक नहीं बल्कि दो–दो बेटियां दारोगा बनने जा रही हैं तो लोग घर पहुंचकर बधाई देने लगे. लोग पिता–पुत्री का मुंह मीठा करवाने लगे. पिता ने भी मिठाई खिलाई.।

## कृमि निवारण दिवस पर सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों व घर-घर जाकर बच्चों व किशोरों को दी जाएगी दवा

- जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति निवारण कार्यक्रम को लेकर किया बैठक, दिए आवश्यक निर्देश
- 20 जुलाई 2022 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम



अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अमेठी 15 जुलाई 2022, बच्चों में बढ़ते कुपोषण की रोकथाम, शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 20 जुलाई 2022 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही 25 से 27 जुलाई 2022 तक मॉक–अप दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अभियान के तहत 1 से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को आंगनबाड़ी केंद्रों व घर–घर जाकर पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजाल गोली निशुल्क खिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम से पूर्व सभी स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों पर दवा पहुंचाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर ने बताया कि शासन द्वारा जनपद अमेठी में 618944 बच्चों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष 650000 एल्बेंडाजोल की गोलियां प्राप्त हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 1 से 2 वर्ष तक के बच्चे को ऐल्बेण्डाजोल 400 एमजी की आधी गोली एवं 3 से 19 साल के बच्चे को 1 गोली चबाकर खाने को दी जाएगी। जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं उन्हें भी आंगनबाड़ी केन्द्रों के मार्फत दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान साल में दो बार चलाया जाएगा। अभियान में शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने बताया कि यह दवा पूर्णतया सुरक्षित है। जो बच्चे स्वस्थ दिखें उन्हें भी ये खिलाई जानी है क्योंकि कृमि संक्रमण का प्रभाव कई बार बहुत वर्षों बाद स्पष्ट दिखाई देता है। दवा से पेट के कीड़े मरते हैं इसलिए कुछ बच्चों में जी मिचलाना, उल्टी या पेट दर्द जैसे सामान्य छुट–पुट लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो बच्चे बीमार हैं या कोई अन्य दवा ले रहे हैं उनको ये दवाई नहीं खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि शरीर में कृमि संक्रमण से शरीर और दिमाग का संपूर्ण विकास नहीं होता है। कुपोषण और खून की कमी होने से हमेशा थकावट रहती है। भूख ना लगना, बेचैनी, पेट में दर्द, उल्टी–दस्त व वजन में कमी आने जैसी समस्याएं हो जाती हैं। बच्चों में सीखने की क्षमता में कमी और भविष्य में कार्यक्षमता में कमी आ सकती है। सीएमओ ने बताया कि कृमि संक्रमण से बचाव के लिये खुली जगह में शौच नहीं करना चाहिए। खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोना चाहिए और फलों और सब्जियों को खाने से पहले पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए।

नाखून साफ व छोटे रहें, साफ पानी पीएं, खाना ढक कर रखें और नंगे पांव बाहर ना खेलें, हमेशा जूते पहनकर रखें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ए0के0 सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि व समय 20 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह् 10 बजे से अपरान्ह् 04 बजे तक)

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अमेठी। 15 जुलाई 2022, निर्वाचन आयोग के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0) राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद के सम्बन्धित विकास खण्डों में ग्राम पंचायतों के प्रधान तथा उनके सदस्यों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों जो मा0 न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उप निर्वाचन समय सारिणी के अनुसार कराया जाना है। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि व समय 20 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह् 10 बजे से अपरान्ह् 04 बजे तक), नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि व समय 21 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह् 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक), उम्मीदवारी वापस लेने की तिथि व समय 22 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह् 10 बजे से अपरान्ह् 03 बजे तक), प्रतीक आवंटन की तिथि व समय 22 जुलाई 2022 (अपरान्ह् 03 बजे से कार्य की समाप्ति तक), मतदान की तिथि व समय 04 अगस्त 2022 (प्रातः 07 बजे से अपरान्ह् 05 बजे तक) व मतगणना की तिथि व समय 05 अगस्त 2022 (प्रातः 08 बजे से कार्य की समाप्ति तक) कराये जाने का आदेश दिया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्यों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के रिक्त स्थानोंध्पदों पर निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण देते हुए निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा 16 जुलाई 2022 को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जायेगी। उक्त निर्वाचन कार्यक्रम को प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराते हुए व्यापक प्रचार कराया जायेगा और सम्बन्धित गॉवों में मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को इसकी सूचना दी जायेगी। सार्वजनिक जानकारी हेतु ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा। उक्त उप निर्वाचन उ0प्र0 पंचायतराज (सदस्यों, प्रधानों और उप प्रधानों का निर्वाचन) नियमावली, 1994 एवं उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (सदस्यों का निर्वाचन) नियमावली, 1994 के अनुसार सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा सार्वजनिक सूचना निर्गत करने के साथ ही नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ हो जायेगा। उपर्युक्त उप निर्वाचन में नामांकन पत्र दाखिल व विक्रय करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य प्रधान ग्राम पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों से सम्बन्धित कार्य विकास खण्ड मुख्यालय तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालयध्क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर घोषित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेगें और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जायेगा तथा संदर्भित निर्वाचन कोविड–19 व अन्य किसी महामारी के सम्बन्ध में राज्य आपदा प्रबन्ध, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध, राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराते हुए सम्पन्न कराये जायेगें।

## बाबा अमरनाथ धाम हेतु औरैया से साइकिल द्वारा महिला व पुरुषों का जत्था रवाना हुआ

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

○ विचित्र पहल सेवा समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया

○ यातायात प्रभारी डॉ.के.के. मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया



औरैया। एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा आज दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे स्थानीय फूलमती मंदिर, औरैया से महिलाओं व पुरुषों की बाबा अमरनाथ धाम तक साइकिल यात्रा के श्रद्धालुओं को माल्यार्पण, खाद्य सामग्री व धनराशि भेंटकर कर हृदय से अभिनंदन करते हुए यातायात प्रभारी डॉ. के.के. मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को हर्षोल्लास के साथ रवाना किया, साइकिल यात्रा के शिव भक्तों में जल्द भगवान से मिलने की आस व उनके चेहरे पर आत्मिक खुशी झलक रही थी, समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट में श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था, भावना, साहस व जज्बा देखकर हौसला अफजाई करते हुए उनको हृदय से प्रणाम कर पुष्प वर्षा करते हुए साइकिल यात्रा को विदा किया।

साइकिल यात्रा संयोजक संतोष कुमार ने बताया कि मैं साइकिल द्वारा एक बार अमरनाथ व दो बार वैष्णो देवी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर चुका हूं, जिलाधिकारी, औरैया की अनुमति के उपरांत आज दिन शुक्रवार को मेरे अलावा श्रीमती शारदा देवी, दिनेश कुमार, मंगल सिंह व प्रेमा देवी दो पुरुष व दो महिलाओं के साथ चौथी साइकिल यात्रा प्रारंभ की जा रही है जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम लखना स्थित कालका मंदिर, बकेवर स्थित गोपाल मंदिर, शिकोहाबाद स्थित बालाजी मंदिर, जय गुरुदेव मंदिर, मां शेरावाली मंदिर, पलवल में स्थित दुर्गा मंदिर, फरीदाबाद सेक्टर–16, करनाल में गुरु गोरखनाथ धुना, लुधियाना में पांडव मंदिर, पठानकोट चढ़ाई पर स्थित मां शेरावाली मंदिर, जम्मू–कटरा में स्थित बालाजी मंदिर, बालटाल में पड़ाव के उपरांत 3 अगस्त को बाबा अमरनाथ के दर्शन करेंगे, जबकि दर्शन भ्रमण के उपरांत लगभग 15 अगस्त तक औरैया आने की संभावना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभासद छैया त्रिपाठी, आदित्य पोरवाल, सभासद पंकज मिश्रा, रानू पोरवाल, आनन्द गुप्ता डाबर, कपिल गुप्ता, विनोद भल्ले, लाल जी अग्रवाल, वी. के. दीक्षित, राकेश गुप्ता, सतीश पोरवाल, महिला शाखा तुलसी की अध्यक्ष लक्ष्मी विश्नोई, संरक्षक मीरा गुप्ता, उमा गहोई, सुनीता चौबे, एकता पुरवार, गुड्डन गुप्ता, नीलम अग्रवाल, फूलमती मंदिर कमेटी के संरक्षक पप्पू गुप्ता, मंदिर के पुजारी दुबे जी व मुकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## स्कूल में संस्था पदाधिकारियों ने फलदार छायादार पौधे लगाकर आम जनमानस को पौधारोपण करने एवं वृक्षों को संरक्षण कर पृथ्वी को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने के लिए जागरुक किया

एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू पर्यावरण प्रेमी वन अनुसंधान केन्द्र प्रभारी मदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के आगमन पर हल्द्वानी दमुवाढूंगा स्थित क्वीन्स पब्लिक स्कूल में संस्था पदाधिकारियों ने फलदार छायादार पौधे लगाकर आम जनमानस को पौधारोपण करने एवं वृक्षों को संरक्षण कर पृथ्वी को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने के लिए जागरूक किया।

इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय क्वीन्स पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आरपी सिंह ने संयुक्त रुप से कहा कि सर्वप्रथम लाभ तो वृक्ष शब्द से ही लगने लगता है इसलिए पर्यावरण और मानव का संबंध बहुत ही घनिष्ठ है क्योंकि स्वस्थ जीवन और पृथ्वी ग्रह पर जीवन के अस्तित्व में पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका है और हम सभी का भोजन हवा पानी एवं अन्य जरूरतें पर्यावरण पर ही निर्भर हैं क्योंकि अनेक वृक्षों के छाल बीज फल पत्ते कई प्रकार की दवाइयों में उपयोग किये जाते है ।

जैसे की नीम के पत्तो को पानी मे उबालकर नहाने से शरीर के रोग दूर होते है इसी प्रकार उसके डालियां दातुन के रूप मे उपयोग किया जाता है साथ ही बहुत से वृक्ष आयुर्वेदिक औषधि होने के साथ वातावरण को स्वच्छ एवं निर्मल रखकर प्राणदायक ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है और वृक्षों के द्वारा मिलने वाले लाभों में वाहनों द्वारा उत्सर्जित धुएं और उद्योगों से निकलते प्रदूषण को वृक्षों की उपस्थिति के कारण काफी हद तक नियंत्रित कर वातावरण शुद्ध हो जाता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने पर्यावरण को बचाए रखकर उसकी रक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है क्योंकि बिना वृक्षों के हमको शुद्ध वातावरण प्राप्त नहीं हो सकता है इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए



इसी क्रम में पर्यावरण प्रेमी जड़ी बूटी विशेषज्ञ वन अनुसंधान केन्द्र प्रभारी एवं वन क्षेत्राधिकारी मदन सिंह बिष्ट के द्वारा किए जा रहे पर्यावरण के प्रति सराहनीय कार्य के लिए संस्था पदाधिकारियों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर भगवान गणेश जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया

इस दौरान वृक्षारोपण करने में संस्था संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सचिव नन्दकिशोर आर्या कोषाध्यक्ष बलराम हालदार मार्गदर्शक आरपी सिंह मदन सिंह बिष्ट विनोद जयसवाल रितिक साहू गोविन्द मिस्त्री संदीप यादव दीपक पलाडिया जगदीश बिष्ट धर्मेश नेगी कविता बिष्ट उषा पाण्डेय भारती बेलवाल ममता पाण्डेय जानकी देवी अनिता भंडारी नीलम चिलकोटी कविता पाण्डेय पूजा बोरा निशा जोशी निर्मला पाण्डेय गीता बिष्ट नीलू कुमारी प्रमिला गोस्वामी तनूजा बाथयाल आरती कुमारी नीतू बिष्ट पूजा सेन चंचल सती ओपी कपूर वत्सल शाह घनश्याम जोशी सुमित गोयल भारत आर्या पेर्मेंद्र कुमार निलेश गुप्ता विनोद आर्या सूरज मिस्त्री सुशील राय मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# केस्को अधिकारियों ने ओ टी एस स्कीम मे खेला खेल

राकेश डंग वरिष्ठ पत्रकार

केस्को
Kanpur Electricity Supply Company Limited
A GOVERNMENT OF U.P. UNDERTAKING

कानपुर। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ता के बकाये बिलों मे ब्याज माफ बाकी बकाए को आसान किस्तों मे जमा करने के लिए ओ टी एस स्कीम चलाई गई पर केस्को अधिकारियों ने ओटीएस स्कीम पर पानी फेर दिया अपनी पीठ थप थपाने के लिए उपभोक्ताओं के बकाए बिलो को अपनी जेब से एक से 5 जमा करके ओ टी एस स्कीम मे डाल दिया यहां तक उपभोक्ता के 50000 बकाए बिल को भी अपनी जेब से 5 जमा करके ओटीएस स्कीम में डाल दिया ऐसे केस ज्यादातर कल्याणपुर डिवीजन के हैं जब संवाददाता राकेश डंग ने कल्याणपुर डिवीजन के सहायक अभियंता से पूछा तो उन्होंने जवाब दिया कि यह तो सभी डिवीजनो में हो रहा है। केस्को अधिकारियों ने अपने डिवीजन को ओ टी एस स्कीम मे अव्वल दिखाने के लिए यहां तक भी जा सकते हैं ।यह है केस्को की अच्छी पहचान।

# संक्षिप्त समाचार

## बिजली मोटर रिपेयरिंग एवं साड़ियों की कढ़ाई छपाई ट्रेड में अभ्यर्थियों का चयन कर चार माह का दिया जायेगा निःशुल्क प्रशिक्षण - उपायुक्तउद्योग श्री राजेश कुमार पाण्डेय

ओंकार नाथ चौधरी



बलरामपुर। उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों के स्वरोजगार प्रदान करने एवं उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने तथा उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सामूहिक प्रशिक्षण योजना, जिसमें चार माह का प्रशिक्षण दिये जायेंगें। इस वर्ष के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु अभ्यर्थियों हेतु दो ट्रेडो यथा बिजली मोटर रिपेयरिंग एवं साड़ियों की कढ़ाई छपाई में ट्रेड का चयन किया गया ।

प्रशिक्षण योजना के तहत जनपद के पिछ्ड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्ति ही पात्र होंगे। जिनकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता जूनियर हाई स्कूल एवं आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होना चाहिए। जिसमें चार माह का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जायेगा, साथ ही प्रशिक्षण के पश्चात् प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को रु0 5000 की धनराशि मानदेय के रूप में उनके खाते में हस्तान्तरित ही जायेगी।

इस योजना के तहत आवेदन ऑनलाइन माध्यम से विभाग की वेबसाइट–https://diupmsme.upsdc.gov.in and https://msme .up.up.gov.in से पर किया जा सकता है, जिसकी अन्तिम तिथि 25 जुलाई तक बढ़ायी गयी है।

## श्री राम ग्रुप चीनी मिल अजबापुर में गैस रिसाव की वजह से मृतक व घायल मजदूरों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स के क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर। श्री राम ग्रुप अजबापुर चीनी मिल में वायलर की पेंटिंग कार कार्य कर रहे मजदूरों की जहरीली गैस रिसाव के कारण एक मजदूर की मौके पर हीमौत हो गई हुआ दूसरा मजदूर बेहोश हो गया जिसका इलाज चिकित्सालय में हुआ दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है घर में अन्य कमाने वाला कोई व्यक्ति नहीं है जिससे परिवार का जीवन यापन हो पाना संभव नहीं है



अतः आपसे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन सादर अनुरोध करना चाहता है मृतक व घायल परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल उचित सहायता दिलाए जाने की कृपा की जाए। युवा जिला अध्यक्ष सुखदेव सिंह जनपद लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश नाम जरूर बोल देना इसमें लिखा लेना राष्ट्रीय मजदूर संगठन के युवा जिला अध्यक्ष सुखदेव सिंह सिद्धू जिला उपाध्यक्ष दलजीत सिंह ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष पर्वत सिंह पवन सिंह संधू रणवीर यादव गुरमीत सिंह गगन सिंह अन्य तमाम कार्यकर्ता मौजूद।

## भविष्य में होने वाले कार्यक्रम को लेकर के नैपालापुर में किया गया मंथन, कपिल लोधी

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स के क्राइम ब्यूरो शिव गोविन्द शुक्ला जनपद सीतापुर। भारतीय लोधी एकता समिति के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री जी तथा कार्यकर्ताओं के द्वारा निर्णय लिया गया कि पहले हर प्रधानों से एवं बि डी सी घर–घर मिलकर के नुक्कड़ बैठक करके उसके बाद में बड़े कार्यक्रम की रणनीति बनेगी इस बैठक में उपस्थित रहे जगदीश प्रसाद लोधी सूरत लोधी डॉक्टर प्रेम कुमार कैलाश लोधी भगवती प्रसाद रामखेलावन रामशंकर लोधी शिवा लोधी कुंज बिहारी लोधी बृजमोहन लोधी बाबा नथा दास लोधी खेमकरण लोधी रामू लोधी रामचंद्र लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।



## पुत्र के सदमे में पिता ने लगाई फांसी मौत

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव जगदीशपुर /अमेठी

लगभग दो माह पूर्व प्राइवेट अस्पताल में बेटे का उपचार कराने गया पिता जहां चिकित्सकों की लापरवाही के चलते बालक की मौत हो गई थी जिसके वियोग में ब्याकुल पिता ने फांसी के फंदे से झूलकर जीवन लीला समाप्त कर लिया ।



कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कपूरी पुर गांव निवासी जयबहादुर सिंह उम्र लगभग 34 वर्ष जो दो माह पूर्व राधेश्याम ट्रामा सेंटर रामलीला मैदान जगदीशपुर में अपने साथ वर्षीय पुत्र युवराज को लेकर उपचार कराने गये थे जहां चिकित्सकों की लापरवाही के चलते बालक की दर्दनाक मौत हो गई थी जिसमें नर्सिंग होम के चिकित्सकों के प्रति कार्यवाही करने के लिए दर दर भटक रहे थे पुलिस ने एफ आई आर दर्ज करने के बाद मामला लटकाए रखा जबकि पिता द्वारा ट्रामा सेंटर सीज कर ठोस कार्यवाही करने के लिए आला अधिकारियों से मांग करते रहे परन्तु मामला ज्यों का त्यों पड़ा रहने के चलते पिता आये दिन चिंतित रहकर भोजन पानी त्याग कर नाम मात्र के लिए अन्न ग्रहण करते रहे परिजनों की मानें तो मौत के तीन चार दिन पूर्व भोजन त्याग दिया था आज सुबह अपने कमरे में जाने के बाद पंखे की कुंडी से कपड़े के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया परिजनों ने जब काफी देर तक इंतजार करने के बाद भोजन के लिए बुलाने कमरे पर गये तो झूलता शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया सूचना के घंटों विलम्ब के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करके लाश का पंचनामा करके पी एम के लिए भेज दिया।

## मालगाड़ी की चपेट मे आने से युवती की मौत

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव फुरसतगंज ध्अमेठी।

अमेठी रायबरेली रेलवे लाईन फुरसतगंज क्रासिंग के पास एक २०वर्षीय युवती की मालगाड़ी की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गई। मामला फुरसतगंज स्टेशन से दो सौ मीटर दूर पूर्वी फाटक है जहां से



मालगाड़ी अपने समय (5.58)से गुजर रही थी तभी अचानक एक युवती उसके चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।वहीं युवती की पहचान नहीं हो पाई है वहीं युवती के बदन पर लाल रंग की कमीज तथा नीले रंग का सलवार तथा धानी रंग का दुपट्टा बदन पे था वहीं हाथ में रक्षा सूत्र भी बंधा हुआ था। सूचना पर पहुंची फुरसतगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया वहीं एस आई वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि शव की शिनाख्त कराई जा रही है आगे विधिक कार्यवाही की जायेगी।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## रामपुर में ईओ डा.इंदु शेखर मिश्र ने आते ही अपना पुराना रवैया अपनाते हुए पालिका के बकायदारों पर शिकंजा कसना शुरू

दैनिक अयोध्या टाइम

रामपुर। रामपुर में ईओ डा.इंदु शेखर मिश्र ने आते ही अपना पुराना रवैया अपनाते हुए पालिका के बकायदारों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया हैं। पालिका की राजस्व टीम ने टीपू सुल्तान मार्केट में टैक्स वसूली अभियान चलाकर 55 हजार रूपये वसूल किये।



ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र ने बताया कि रामपुर नगर पालिका प्रशासन अपना राजस्व बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रहा हैं। पालिका की राजस्व टीम द्वारा पालिका की दुकानदार जो किराया समय से नहीं दे रहे हैं उनपर दबाव बनाकर किराया वसूला जा रहा हैं। कर अधीक्षक मयूरी शर्मा व राजस्व निरीक्षक शेलेन्द्र के नेतृत्व में पालिका की राजस्व टीम द्वारा टीपू सुल्तान मार्केट में अभियान चलाया गया जिसमें 55 हजार रूपये वसूल किये गये। उन्होने बताया कि रामपुर में नगर पालिका परिषद की सैकड़ों की संख्या में दुकाने हैं लेकिन उसमें कुछ दुकानदार पालिका का समय से किराया अदा नहीं कर रहे हैं जिस कारण पालिका के राजस्व में कमी आ रहीं हैं। इसी को लेकर कर अधीक्षक व निरीक्षक के नेतृत्व मे टीम गठित कर पालिका की दुकानों पर अभियान चलाकर किराया वसूला जा रहा हैं। टीपू सुल्तान मार्केट से ही 55 हजार रूपये वसूल किये गये है। उन्होने पालिका की दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय से किसी दुकानदार ने अपना किराया जमा नहीं किया तो फिर उसके खिलाफ कार्यवाही से पीछे नहीं हटा जायेगा अभी सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ा जा रहा हैं ताकि सभी दुकानदार समय रहते किराया जमा कर सके। यदि इसके बाद भी दुकानदार अपना बकाया किराया जमा नहीं करते हैं तो फिर उनके खिलाफ ठोस कार्यवाही की जायेगी।रामपुर। रामपुर में ईओ डा.इंदु शेखर मिश्र ने आते ही अपना पुराना रवैया अपनाते हुए पालिका के बकायदारों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया हैं। पालिका की राजस्व टीम ने टीपू सुल्तान मार्केट में टैक्स वसूली अभियान चलाकर 55 हजार रूपये वसूल किये।

ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र ने बताया कि रामपुर नगर पालिका प्रशासन अपना राजस्व बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रहा हैं। पालिका की राजस्व टीम द्वारा पालिका की दुकानदार जो किराया समय से नहीं दे रहे हैं उनपर दबाव बनाकर किराया वसूला जा रहा हैं। कर अधीक्षक मयूरी शर्मा व राजस्व निरीक्षक शेलेन्द्र के नेतृत्व में पालिका की राजस्व टीम द्वारा टीपू सुल्तान मार्केट में अभियान चलाया गया जिसमें 55 हजार रूपये वसूल किये गये। उन्होने बताया कि रामपुर में नगर पालिका परिषद की सैकड़ों की संख्या में दुकाने हैं लेकिन उसमें कुछ दुकानदार पालिका का समय से किराया अदा नहीं कर रहे हैं जिस कारण पालिका के राजस्व में कमी आ रहीं हैं। इसी को लेकर कर अधीक्षक व निरीक्षक के नेतृत्व मे टीम गठित कर पालिका की दुकानों पर अभियान चलाकर किराया वसूला जा रहा हैं। टीपू सुल्तान मार्केट से ही 55 हजार रूपये वसूल किये गये है। उन्होने पालिका की दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय से किसी दुकानदार ने अपना किराया जमा नहीं किया तो फिर उसके खिलाफ कार्यवाही से पीछे नहीं हटा जायेगा अभी सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ा जा रहा हैं ताकि सभी दुकानदार समय रहते किराया जमा कर सके। यदि इसके बाद भी दुकानदार अपना बकाया किराया जमा नहीं करते हैं तो फिर उनके खिलाफ ठोस कार्यवाही की जायेगी।

## विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर उधमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन स्वावलंबी भारत अभियान समिति के तत्वधान में प्रधानमंत्री कौशल केंद्र सिविल



लाइंस आयोजित किया गया।

सम्मेलन में स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक फरहत अली खां ने कहा कि बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए व्यापक प्रपत्र ऐसे जन जागरण प्रबोधन में योजना की जरूरत हैं उसके लिए आर्थिक संगठनों के साथ–साथ शैक्षिक व सामाजिक संगठनों की एक व्यापक पहल हैं। स्वावलंबी भारत अभियान 1947 में राजनीतिक स्वतंत्रता के बाद एवं पिछले 30 वर्षों के वैश्वीकरण की नीतियों के मिश्रित परिणाम मिले हैं जबकि इसकी अवधि के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि उसके पूर्व के 40 वर्षों की नियोजित वृद्धि की तुलना में अधिक ठीक लेकिन रोजगार के अवसर आनुपातिक रूप से निर्मित नहीं हुई। इसलिए इस अवधि की जीडीपी समृद्धि को रोजगार विहीन समृद्धि भी कहा गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार गरीबी में कमी की गति पहले की तुलना में तेज बताई जा रही हैं। खासकर पिछले दो दशकों में आज गरीबी रेखा बीपीएल 15 प्रतिशत से नीचे आ गई हैं जो कि शुभ संकेत हैं लेकिन जबतक देश और रोजगार युक्त नहीं होता वह पूर्ण स्वालंबन वैश्विक मार्गदर्शक के अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता। कुलदीप सिंह ने कहा युवा केवल अपने रोजगार तक ही नहीं बल्कि वह देश के रोजगार व आर्थिक उन्नति की सोचे। वह सहकारिता संस्कार का अवलंबन करते हुए राष्ट्र उत्थान के कार्य का एक अंग बने। इस मौके पर उद्यमिता के क्षेत्र में विशेष कार्य कर अपना स्थान बनाया उन्हें सम्मानित किया गया। खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजीव गुप्ता ने ग्राम उद्योग में किस तरह स्वावलंबी योजनाओं में अपना योगदान दे के बारे में पूरी जानकारी दी।

मनोज अग्रवाल, दिलीप सक्सेना, मुकेश पाठक, मनीष शर्मा, वेद प्रकाश आहूजा, प्रधानमंत्री कौशल केंद्र के संचालक सिराज अली आदि मौजूद थे।

## सीएचओ व एएनएम को दिया प्रशिक्षण

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार कक्ष में दस्तक अभियान के तहत सीएचओ व एएनएम को



प्रशिक्षण दिया गया शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार कक्ष में चिकित्साधीक्षक शैलेन्द्र चौरसिया की अध्यक्षता में सीएचओ व एएनएम प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन किया गया,जिसमें दस्तक अभियान के तहत सीएचओ व एएनएम को प्रशिक्षित किया गया। चिकित्साधीक्षक शैलेन्द्र चौरसिया ने बताया कि घर–घर जाकर पूरे क्षेत्र का सर्वे कराया जाएगा। इस दौरान लगभग विभिन्न प्रकार की 35 बीमारियों का सर्वे होगा,जो ऑनलाइन अपलोड होगा,जिससे कि पता चल सके किस क्षेत्र में किस बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है।

संचारी रोग जैसे कोरोना, टीबी रोग,न्यूमोनिया, टायफाइड, मलेरिया आदि रोगों के रोकथाम के लिए दस्तक अभियान शुरू किया गया है। गैर संचारी रोगों की भी जानकारी जुटाई जाएगी। इस दौरान डब्ल्यूएचओ से डॉक्टर अशोक,डॉक्टर विकास, ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी अतुल गर्ग व आरिश खान आदि मौजूद रहे।

## बीसी सखियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित सौंपा गया ज्ञापन

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बीसी सखियों का चयन किया गया जिसमें सरकार द्वारा निश्चित मानदेय और अन्य आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु आज कलेक्ट्रेट परिसर में मुख्यमंत्री से संबोधित अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में आज दर्जनों की तादाद में बीसी सखियों ने अपनी मांगों को लेकर अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि प्रत्येक बी सी सखियों का मानदेय 4000 किया जाए वह बीसी सखियों को गांव में ही कॉमन सर्विस सेंटर आईडी प्रदान की जाए साथ ही उन्हें राष्ट्रीय कृत बैंकों से जोड़कर उनके परिवार हेतु 500000 का आकस्मिक बीमा प्रदान किया जाए ऐसी ही कई मांगों को लेकर आज दर्जनों की तादाद में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर बीसी सखियों ने अपनी मांगों को बुलंद करते हुए मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन सौंपकर आने वाली समस्याओं के बारे में अपनी बेदनाओं को व्यक्त किया।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष प्रतिभा मिश्रा जिला उपाध्यक्ष मृदुला पाठक सुनीता वीनू पाल सरिता हर्षिका दुबे सीमा नीलम आज बीसी सखी मौजूद रही।

## दो दिवसीय नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा दूत प्रशिक्षण की हुई शुरुआत

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। नेहरू युवा केंद्र, कन्नौज तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार की नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत दो दिवसीय ग्राम स्तरीय गंगा दूत प्रशिक्षण का आयोजन श्री दृग पाल सिंह मेमोरियल इंटर कालेज गुगरापुर कन्नौज में में कराया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस कार्यक्रम का प्रारंभ नमामि गंगे एंथम से करा गया व विभिन्न गंगा ग्रामों से आये गंगा दूतों को अजय त्रिपाठी ,जिला परियोजना अधिकारी(नमामि गंगे) द्वारा नेहरू युवा केंद्र संगठन व नमामि गंगे परियोजना के विषय, महत्व व उद्देश्य से अवगत कराया गया तथा प्रशिक्षण की रूपरेखा से अवगत कराया। सर्वज्ञ गौतम के द्वारा गंगा दूतों को माँ गंगा के इतिहास व माँ गंगा से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों से युवाओं को अवगत कराया और गंगा स्वच्छता हेतु चलाई जा रही नमामि गंगे परियोजना के विषय मे विस्तारपूर्वक बताया व इससे जुड़ कर इसे सफल बनाने हेतु प्रेरित किया गया स

तथा स्पीयर हेड ज्योति गौतम के द्वारा प्रशिक्षण सत्र में गंगा दूतो को कैसे और क्या करके गंगा को स्वच्छ रखने में योगदान करना है आदि विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। काव्या सिंह राज्य स्तरीय प्रशिक्षक पंचायतीराज ने अपने विचारों से गंगा दूतों में गंगा स्वच्छता में योगदान देने के लिए जागरूक किया. और बताया कि कैसे गंगा दूतों को अपने अपने गंगा ग्राम में युवाओं को जोड़ना है।



प्रशिक्षण में काव्या सिंह के द्वारा गंगा दूतों के बीच ग्रुप डिस्कशन, ग्रुप चार्ट एक्टिविटी जिसमे उन्हें विभिन्न शीर्षकों पर आधारित विचार आदि प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

कार्यक्रम ने मुख्य रूप से राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक प्रदीप कुमार, राजेंद्र कुमार, प्रबंधक महेश चंद्र यादव उपस्थित रहे।

## समाजसेवी स्व. मुरारी लाल शर्मा की पुण्यतिथि पर शिक्षक सम्मान समारोह, वृक्षारोपण, पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

आज समाजसेवी स्व० पं० मुरारी लालशर्मा की पुण्य स्मृति में वृक्षारोपण एवं पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन पं० मुरारी लाल सीनियर सैकेन्डरी स्कूल में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीएम– अभिषेक कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि– आरएसएस के विभाग प्रचारक प्रमोद कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में बीएसए अंजली अग्रवाल तथा मुख्य वक्ता विनोद पचौरी रहेद्य कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्व. पं.मुरारी लाल शर्मा के चित्र के समक्ष सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। तदुपरान्त सर्वप्रथम पौधारोपण कर प्रकृति एवं जीवन के सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया गया। उसके बाद कक्षा में रैंकर्स एवं वर्षभर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के विजयी विद्यार्थियों को पुरूष्कृत किया गया।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम अभिषेक कुमार सिंह ने सफल परीक्षार्थियों को शुभकामना एवं स्थान न प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी हार न मानते हुए मनोबल ऊँचा रखते हुए आगे लगातार प्रयास करने को कहाद्य कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरएसएस के विभाग प्रचारक प्रमोद ने भारतीय संस्कृति से ओत–प्रोत शिक्षा पद्धति पर बल दिया तथा कितनी भी विपरीत परिस्थिति आने पर हार न मानते हुए शिक्षा प्राप्त करने का संकल्प दिलाया।

मुख्य वक्ता विनोद पचौरी ने स्व. पं. मुरारी लाल शर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अध्यक्ष बीएसए अंजली अग्रवाल ने विद्यालय को पूरा सहयोग करने एवं नई शिक्षा नीति के फायदे का विस्तार से वर्णन किया।

इस अवसर पर ही सीएल जैन डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य व अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. रामस्नेही गुप्ता एवं राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त शिक्षक– डॉ० राकेश चंद्र चतुर्वेदी का अभिनंदन किया गया विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गर्ग ने सभी अतिथियों का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आरएसएस के महानगर प्रचारक धर्मेंद्र प्रेमी , अभाविप के विभाग संगठन मंत्री विश्वेन्द्र शर्मा, राज पलिया, आदर्श भारद्वाज, रुचि सक्सैना, आस्था गुप्ता, श्वेता शर्मा, सरोज दक्ष, अनुपम जादौन, दीप्ति कुमारी, योगेश अग्रवाल, माधव पाण्डेय, रितेश शर्मा, भोज पाल सिंह, राम मोहन शर्मा, सक्षम पाठक आदि उपस्थित रहे।

## एटा रोड पर अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी

सिकंदराराऊ

शुक्रवार को एटा रोड स्थित गांव फुलरई के पास एक 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला । जिससे क्षेत्र में सनसनी मच गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई ।

सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने महिला के शव को शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या करने के बाद सबको यहां फेंका गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

शुक्रवार की सुबह एटा रोड पर गांव फुलरई के पास एक अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला । जिसे देखने के लिए राहगीरों की भीड़ जमा हो गई । पूरे क्षेत्र में सनसनी मच गई । लोगों ने महिला का शव मिलने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई । पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन महिला के शव की कोई शिनाख्त नहीं हो सकी । तत्पश्चात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हाथरस पोस्टमार्टम गृह भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सड़क किनारे एक 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया गया है।

## कोतवाली पुलिस ने , हत्या, मारपीट आदि के मुकदमें में वांछित 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त असलाह-कारतूस बरामद

सिकंदराराऊ। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार वैद्य के आदेशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गांव टीकरी कलां में झगड़े के दौरान बच्चे की मौत के मामले में वांछित 4 अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त 2 लाइसेंसी रिवाल्वर .32 बोर मय 6 जिन्दा कारतूस .32 बोर, 1 दो नाली लाइसेंसी बन्दूक 12 बोर मय 4 जिन्दा कारतूस 12 बोर व 1 लाइसेंसी रायफल .315 बोर मय 2 जिन्दा कारतूस .315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 13/14 जुलाई 2022 को रात्रि में थाना सिकन्द्राराऊ पर सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम टीकरी कलां में किसी बात को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट व फायरिंग हो गई है । जिसमें कुछ लोग घायल हो गए हैं तथा एक बच्चे की मृत्यु हो गई है । सूचना पर तत्काल क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ सुरेन्द्र सिंह एवं थाना प्रभारी सिकन्द्राराऊ अशोक कुमार सिंह द्वारा मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुँचकर मारपीट एवं फायरिंग में घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया तथा मृतक के शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भिजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राराऊ पर मु0अ0सं0 364/2022 धारा 147/148/149/302/307/323/504 भादवि पंजीकृत किया गया था ।



घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार वैद्य द्वारा घटना में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राराऊ को निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम में 14 जुलाई 2022 को थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना सिकन्द्राराऊ पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित 4 अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त असलाह–कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है ।गिरफ्तार अभियुक्त हरीश पुत्र महेन्द्र सिंह , अरविन्द पुत्र महेन्द्र सिंह उर्फ कैलाश , धर्मेन्द्र उर्फ कौशल पुत्र महेन्द्र सिंह उर्फ कैलाश एवं अरुन पुत्र जितेन्द्र सिसौदिया निवासीगण ग्राम टीकरी कला थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस पुलिस ने जेल भेजा है।

## एसडीएम ने गांव नगला जलाल में कराई चकरोड़ की पैमाइश, अतिक्रमणकारियों से वसूला जुर्माना

सिकंदराराऊ। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी अंकुर वर्मा ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की ।ग्राम पंचायत नगला जलाल में अवैध कब्जा हटवा कर चकरोड निकलवाया तथा चरागाह की भूमि पर निर्मित अवैध दुकानों को हटाने के लिए अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी। वहीं कासगंज रोड पर पंत चौराहे के पास सड़क पर अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से 7000 रुपये जुर्माना वसूला गया।

उप जिलाधिकारी अंकुर वर्मा ने बताया कि गांव नगला जलाल में एक व्यक्ति द्वारा चकरोड निकालने में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा था। राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर चकरोड की पैमाइश कराई। अब चकरोड बनने का रास्ता साफ हो गया है। शनिवार से चकरोड पर काम शुरू हो जाएगा । इसी क्रम में गांव में चरागाह की भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कर लिया गया है।

इस अवैध निर्माण को हटाने के लिए संबंधित व्यक्ति को चेतावनी दे दी गई है तथा वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि सभी मार्गों पर नगर में अतिक्रमणकारियों को अपने अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार



चेतावनी दी गई है। कासगंज मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने सामान रख लिया जाता है। इस बारे में उन्हें कई बार सचेत किया जा चुका है। शुक्रवार को ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई करके 7000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। किसी भी अतिक्रमण कारी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी ।

# संक्षिप्त समाचार

## नगर पालिका का भव्य कंट्रोल रूम तैयार

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ यात्रा को लेकर नगर पालिका प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटा है। कांधला तिराहे पर टँकी परिसर में भव्य कंट्रोल रूम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं कांवड़ यात्रा को लेकर नगर पालिका प्रशासन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। प्रकाश ,सफाई व्यवस्था के साथ–साथ मर्ग को गड्ढामुक्त करने व



कंट्रोल रूम की स्थापना करने की सभी तैयारियां कमो बेश पूरी कर ली गई हैं। ईओ/उपजिलामजिस्ट्रेट (न्यायिक)मणि अरोड़ा ने बताया कि कांवड़ियों के स्वागत के लिए नगरपालिका की सभी तैयारियां पूरी हैं। कांधला तिराहे पर टँकी परिसर में भव्य कंट्रोल रूम तैयार हो चुका है,जो कांवड़ियों की आमद का मुन्तजिर है।

## यमुना घाट पर तीन दर्जन प्राइवेट गोताखोर रहेंगे तैनात

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ यात्रा के दौरान यमुना घाट पर स्नान करने के दौरान डूबे शिवभक्तों को बचाने के लिए लगभग तीन दर्जन प्राइवेट गोताखोरों की तैनाती की गई है कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन गंभीर नजर आ रहा है। शिवभक्त कांवड़ियों के लिए हर सुविधा को परखा जा रहा है।सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के



लिए लगातार पुलिस अधिकारी सड़कों पर उतरकर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर रहे हैं। कहीं कोई कमी बेशी न रह जाए, इसके लिए निरन्तर भृमण किया जा रहा है। एसडीएम कैराना शिवप्रकाश यादव कांवड़ मार्ग को सुरक्षित करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियो एंव कर्मचारियों को निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि यमुना नदी के घाट पर दोनों ओर बल्लियों से बेरिकेडिंग करा दी गई है। साथ ही चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी शीघ्र ही पूरी करा ली जाएगी। स्नान के दौरान शिवभक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग तीन दर्ज प्राइवेट गोताखोरों की तैनाती रहेगी,जो डूबते कांवड़ियों को समय रहते बचा सकेंगे।

## हथियार तस्कर की तलाश में सीआईए टू की दबिश

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। हथियार तस्कर की तलाश में पानीपत सीआईए टू ने गाँव तितरवाड़ा में दबिश डाली। सफलता न मिलने पर टीम वापस लौट गई ।शुक्रवार को एएसआई धर्मसिंह के नेतृत्व में पानीपत सीआईए टू की टीम ने क्षेत्र के गाँव तितरवाड़ा में हथियार तस्कर की तलाश में दबिश दी ।भनक लगने पर दबिश अभियान से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। जिसके बाद टीम को वापस लौटना पड़ा। हरियाणा जनपदों के अलग–अलग थानों से पुलिस टीम विभिन्न मामलों में फरार आरोपियों की तलाश में कैराना क्षेत्र में लगातार दबिश अभियान चला रही है। अधिकतर नशा तस्कर व हथियार तस्करों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## आज दिल्ली के विज्ञान भवन में सीसीई पीएमटी कोचिंग को बेस्ट कोचिंग अवार्ड मिला

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना के जामा मस्जिद निवासी इंजीनियर नवाब आलम जो ओखला में सीसीई पीएमटी कोचिंग चलाते हैं उन्होंने यह जानकारी



दी की लोकसभा सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने सीसीई पीएमटी कोचिंग को आज दिल्ली के विज्ञान भवन में एक इंटरनेशनल कॉन्क्लेव में ओखला की बेस्ट कोचिंग के अवार्ड से सम्मानित किया इस मौके पर कोचिंग के इंजीनियर नवाब आलम, इंजीनियर मोहम्मद मुनीर, फजलुर रहमान, डॉक्टर वकी सिद्धकी, डॉक्टर असलम कुरेशी, नदीम खान,मोहम्मद हसन तारिक अनवर आदि मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद मे पत्नी के बुलावे पर उसके परिजनों ने जलालाबाद पहुंच घर मे घुसकर पति व परिवार के लोगो पर जानलेवा हमला करते हुए गम्भीर रूप से घायल कर दिया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

पिटाई से घायल पति ने अपनी पत्नी के भाईयो व उसके परिजनों सहित 8 अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है ।मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद पुत्र धर्मपाल कस्बा जलालाबाद के मौहल्ला आर्यनगर का निवासी है उसकी शादी जनपद सहारनपुर के गंगोह निवासी ब्रह्मपाल की पुत्री से लगभग4 वर्ष पहले हुई थीं आरोप है कि शुक्रवार को दोपहर के समय लगभग 1 बजे प्रमोद के साले सुनील,नीरज,छोटू पुत्रगण बृहमपाल निवासी गंगोह जनपद सहारनपुर अपने 8–10 अज्ञात साथियो के साथ अपनी बहन के ससुराल पहुंचे और घर मे घुसकर अपने बहनोई प्रमोद पर लात घूसो व लोहे के नुकीले पंच आदि से हमला कर दिया इसी बीच प्रमोद को बचाने आये उसके माता पिता भाभी,व अन्य पर भी इन लोगो ने हमला बोल दिया प्रमोद ने जब इन लोगो से इस मारपीट का कारण पूछा तो उन्होने बिना कुछ बताये पूरे परिवार को जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला किया जिसमे पति प्रमोद उसकी मा सन्तोष,पिता धर्मपाल, भाई पंकज बहन दिव्या व भाभी प्रीति जो गर्भवती है को गम्भीर रूप से घायल कर दिया सभी के सिर व चेहरे पर गम्भीर चोटे आई है ।इस बीच शोर सुनकर मोहल्ले के लोगो ने आकर बामुश्किल हमलावरों के चुंगल से इन लोगो को छुड़ाया ।सूचना पर पहुंची जलालाबाद पुलिस ने मौके से दो हमलावरो को पकड लिया जबकि अन्य हमलावर मोका पाकर भाग गये ।जलालाबाद पुलिस ने घायलो को थानाभवन चिकित्सालय पहुचाया जहा सभी घायलों का उपचार चल रहा है घायल प्रमोद ने बताया कि उसके ससुराल वाले दबंग किस्म के लोग हैं हम लोगों को उनसे जान का खतरा बना हुआ है ।बताया जाता है कि कुछ दिन से पति पत्नी में घरेलू विवाद चल रहा था जिसका परिणाम यह हुआ कि प्रमोद के ससुराल वालों ने जलालाबाद पहुंचकर इस घटना को अंजाम दे डाला।

## आजमगढ़ में 35 मकानों से कब्जा हटाने गए प्रशासन को ग्रामीणों का झेलना पड़ा भारी विरोध, चेतावनी देकर लौटे अधिकारी

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

1चांदपट्टी के मेहरा गांव में सरकारी भूमि पर 35 ग्रामीणों का वर्षों से है कब्जा है, 3 दिन पूर्व कब्जा हटा लेने की जारी नोटिस की गई थी नोटिस

आजमगढ़ । सगड़ी तहसील क्षेत्र के चांदपट्टी मेहरा गांव में शुक्रवार की शाम को 35 मकानों से अवैध कब्जा हटाने गए तहसील प्रशासन को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा, ग्रामीणों ने इस कदर प्रशासन का विरोध किया की तहसील प्रशासन कब्जा हटाए, बगैर कब्जा हटाने की चेतावनी देकर वापस चला गया, बता दें कि तहसील प्रशासन ने सरकारी जमीन पर बने 35 मकानों पर मंगलवार को बेदखली के लिए नोटिस चस्पा किया था, शुक्रवार की देर शाम कब्जा हटाने गए नायब तहसीलदार मयंक मिश्रा को ग्रामीणों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा, इसके बाद नायब तहसीलदार ने कब्जेदारों को 24 घंटे के अंदर कब्जा हटा लेने का निर्देश देते हुए वापस लौट गए। सगड़ी तहसील के चांदपट्टी मेहरा गांव में सरकारी जमीन पर कई दशक पहले से 35 परिवार मकान बनाकर रहते हैं, 2018 में गांव के ही मोहम्मद अली ने सरकारी भूमि पर किए गए कब्जे की शिकायत की, शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो मोहम्मद अली हाईकोर्ट चला गया, हाई कोर्ट के निर्देश पर 2018 में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किए लोगों के खिलाफ तहसीलदार



न्यायालय में 15 सी का मुकदमा दर्ज हुआ, मुकदमें में 35 लोगों के खिलाफ बेदखली का आदेश हुआ, मंगलवार को इन घरों पर लेखपाल रितेश और अन्य तहसील के कर्मचारियों ने नोटिस चस्पा किया, 3 दिन के अंदर कब्जा हटा लेने का निर्देश दिया, समय सीमा बीत जाने के बाद शुक्रवार को देर शाम नायब तहसीलदार मयंक मिश्रा तहसील कर्मियों के साथ अतिक्रमण हटाने गए, मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि जमाने से हम लोग इस जमीन पर घर मकान बनाकर रहते हैं। अब हम कहां जाएंगे।

## सदर विधायक पल्टूराम ने जल गुणवत्ता परीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर। सदर विधायक पल्टूराम द्वारा ब्लॉक सभागार बलरामपुर में जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत् २ दिवसीय विकास खंड स्तरीय जल गुणवत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया । इस दौरान सदर विधायक पल्टूराम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक गांव से उपस्थित 5–5 महिला समूह को जल गुणवत्ता परीक्षण का किट प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सदर विधायक पल्टूराम ने प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती और सभी को पीने के लिए स्वच्छ जल मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना की शुरुआत की गई। सभी को पीने के लिए स्वच्छ जल मिलना आज के समय में एक बहुत बड़ी चुनौती है। आज तमाम परिवार ऐसे है जिन्हें पानी की समस्याओं से भी जूझना पड़ता है उन्हें स्वच्छ जल के लिए कई परेशानियों से गुजरना पड़ता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का



उद्देश्य अपने अपने गांव में जल की गुणवत्ता का परीक्षण करना है आज तमाम वजहों से स्वच्छ जल दूषित हो रहा है जिसके कारण मनुष्य तमाम बीमारियों का शिकार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर घर तक शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है नमामि गंगे योजना के तहत नदियों को साफ करने का भी कार्य किया जा रहा है । इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बलरामपुर गोविन्द सोनकर, भाजपा कार्यसमिति सदस्य संदीप उपाध्याय, बीडीओ सागर सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

## लोक निर्माण व वन विभाग कार्यालय के पास पर रखा गया मोबाइल शौचालय बदहाल पड़ा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता/उतरौला(बलरामपुर)

नगर परिषद की ओर से श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा पर स्थित लोक निर्माण व वन विभाग कार्यालय के पास पर रखा गया मोबाइल शौचालय बदहाल पड़ा हुआ है। कुछ दिन पहले ही आम जन की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए मोबाइल शौचालय यहां रखा गया था। जब से यह शौचालय रखा हुआ है इसकी सफाई तक नहीं की जा रही है।



नगर पालिका उतरौला की ओर से श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा पर रखा गया मोबाइल शौचालय बदहाल पड़ा हुआ है। कुछ दिन पहले ही यह शौचालय यहां रखा गया था। जब से यह शौचालय रखा हुआ है इसकी सफाई तक नहीं की जा रही है। शौचालय में पानी की भी कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। 2 से 3 दिन तक मोबाइल शौचालय के पास नगर पालिका ने पांच हजार लीटर की क्षमता वाला वाटर टैंक रखा था। लेकिन अब वह भी हटा दिया गया। मोबाइल शौचालय में पांच सौ लीटर की पानी टंकी लगी हैं, लेकिन वह टूटा हुआ है इस वजह से उनमें पानी नहीं होता है। लोगों को खुले में शौच ना जाना पड़े इसके लिए यह शौचालय रखा गया था। चौराहा के के आस पास पहले नगर पालिका का कोई शौचालय नहीं था। अब मोबाइल शौचालय रख दिया गया है तो उनकी देखभाल नहीं हो रही है। यह शौचालय पीडब्ल्यूडी एवं वन विभाग कार्यालय के बिल्कुल पास ही रखा गया है। पानी की व्यवस्था ना होने के कारण सोच करने आने वाले लोगों को वापस लौटना पड़ता है।

ऐसे में यह शौचालय स्वच्छता की बजाय गंदगी का संदेश दे रहा है।

तत्काल पानी की व्यवस्था कराई जा रही है

अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि तत्काल शौचालय में पानी की व्यवस्था करवाई जा रही है। इसके अलावा शीघ्र ही एक अतिरिक्त मोबाइल शौचालय की व्यवस्था कराई जाएगी।

## जेसीबी व बाइक की जोरदार टक्कर, युवक घायल

पवन कुमार/रुदौली अयोध्या।

पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत रोजागांव चीनी मिल, गनौली छई मोहड़ी के पास विपरीत दिशा से आ रही जेसीबी व बाइक की जोरदार टक्कर हो जाने से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल। जानकारी के मुताबिक अखिलेश तिवारी 40 साल ग्राम करौंदी रोजा गांव चीनी मिल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। जोरदार टक्कर होने के बाद जेसीबी के आगे का सूढ़ अखिलेश तिवारी के पेट में घुस जाता है और उनका पेट फट जाता है। जिससे वो बुरी तरह जख्मी हो जाते है। स्थानीय लोगों के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार घटना 7रू00 बजे की बताई जा रही है। हर रोज की भांति शुक्रवार की सुबह चीनी मिल ड्यूटी करने के लिए निकले थे, उनके साथ दूसरा व्यक्ति बृजेश यादव 35 साल ग्राम रानेपुर भी बाइक पर सवार था। और टक्कर होने के बाद अखिलेश तिवारी 40 ग्राम करौंदी थाना मवई को गंभीर



चोटें आई हैं। वही बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति बृजेश यादव 35 ग्राम रानेपुर थाना मवई को हल्की चोटें आई हैं। घायल व्यक्तियों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल रेफर कराया गया।

## भूलेख अंकन हेतु कृषि विभाग व राजस्व विभाग के लाभार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमरनाथ रूदौली संवाददाता

रूदौली/अयोध्या।तहसील रुदौली



के सभागार मे पीएम किसान योजना के लाभार्थियों की खतौनी को पीएम किसान पोर्टल पर अंकन हेतु प्रशिक्षण का अयोजन किया गया। पीएम किसान योजना के समस्त लाभार्थियों को भारत सरकार के पोर्टल पर भूलेख अंकन हेतु कृषि एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें उप जिला अधिकारी रुदौली स्वप्निल यादव, तहसीलदार प्रज्ञा सिंह, उप कृषि निदेशक अयोध्या डॉ संजय त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा, अपर जिला कृषि अधिकारी अयोध्या डॉ विनय मिश्रा, प्रभारी राजकीय कृषि बीज गोदाम रुदौली अनिल कुमार, एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी प्रशिक्षण सम्मिलित हुए।

## समाजसेवी संस्थान शिवभक्तों का करेगा निःस्वार्थ सेवा- सुरेश यादव

अयोध्या। समाज सेवी संस्थान की एक आवश्यक मीटिंग आज कैंट स्टेशन निकट एक होटल में की गई। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी सुरेश यादव ने कहा कि हमारी संस्था आम जनमानस की सेवा हेतु सदैव समर्पित है। शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृत और सामाजिक कार्यों हेतु आए दिन कार्य किया जा रहा है। समाजसेवी सुरेश यादव ने कहा कि सावन मेला शुरू हो गया है। हमारी संस्था द्वारा आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है कि पन्नी का उपयोग ना करें। साथ ही खुले खाद पदार्थों का सेवन ना करें। इसके अलावा मलिन बस्तियों में गरीब बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।सावन के साथ ही बरसात का मौसम चल रहा है ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति भी मलिन और गरीब बस्तियों व कांशी राम कालोनी में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

जबकि संस्थान के महामंत्री समाजसेवी जंग बहादुर उपाध्याय ने कहा कि समाज सेवी संस्थान का मुख्य लक्ष्य समाज के हर जरूरतमंदों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचाना है और इसके लिए हमारी संस्था प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष कोरोना काल में बहुत से गरीबों की मदद की गई। किसी को राशन दिया गया तो किसी को छाता पन्नी मास्क सैनिटाइजर तो दूसरी और बच्चों को साइकिल और स्टेशनरी प्रदान की गई।



इस दौरान कहा गया कि हमारी संस्था लोगों को जागरूक करने के लिए जल्द ही एक संगोष्ठी का आयोजन करेगी। जिसमें विद्वत जन आम जनमानस को जन जागरूक करेंगे और उनका मार्गदर्शन करेंगे। अयोध्या में सावन का महीना बहुत ही पवित्र होता है। ऐसे में सावन के प्रत्येक सोमवार को संस्थान के द्वारा शिवालय मंदिरों पर आने वाले भक्तों की सेवा की जाएगी।

## रास्ते में अवैध निर्माण को लेकर बिफरे अधिवक्ता

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत कुचेरा पूरे परसन मिश्र गांव में हल्का लेखपाल द्वारा बंजर भूमि पर अवैध निर्माण करवाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। अवैध निर्माण के चलते मिल्कीपुर अधिवक्ता संघ के सदस्य अधिवक्ता का रास्ता बंद होने पर अधिवक्ता संघ मिल्कीपुर बिफर पड़ा है अधिवक्ताओं ने इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक और तहसील प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसील में जमकर हंगामा काटा और नारेबाजी की।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजस्व गांव कुचेरा पूरे परसन मिश्र गांव में बंजर की भूमि पर हल्का लेखपाल की मिलीभगत से गांव के ही केसरी प्रसाद चौहान व उनके बेटों द्वारा अवैध निर्माण करके गांव के सार्वजनिक रास्ते को बंद किया जा रहा है। जिसकी शिकायत अधिवक्ता सुरेश तिवारी व गांव के अन्य लोगों द्वारा कई बार तहसीलदार व एसडीएम मिल्कीपुर से की गई थी। जिसमें हल्का लेखपाल कमलेश शर्मा द्वारा विपक्षी से मिलीभगत करते हुए अपने अधिकारियों को बंजर भूमि को आबादी भूमि बता कर बार–बार झूठी एवं भ्रामक रिपोर्ट देकर गुमराह किया जा रहा था। शुक्रवार को मिल्कीपुर तहसील परिसर में हल्का लेखपाल कमलेश शर्मा का खतौनी संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेजों का बस्ता उनका कथित मुंशी जुम्मन लेकर इधर–उधर घूम रहा था। जिसे अधिवक्ताओं ने रंगे हाथ पकड़ लिया और घसीटते हुए एसडीएम अमित कुमार जायसवाल के समक्ष पेश कर दिया। नाराज अधिवक्ता उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग करने लगे। इतने में एसडीएम मिल्कीपुर अमित कुमार जायसवाल का प्राइवेट स्टोनो अमित श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंच गया उसने आक्रोशित एवं नाराज अधिवक्ताओं के सामने ही उस प्राइवेट मुंशी को दस्तावेज से भरा बस्ता लेकर तहसील परिसर से भाग जाने को कहा। एसडीएम के प्राइवेट स्टोनो की बात सुनकर अधिवक्ता आक्रोशित हो उठे और लेखपाल व उनके कथित मुंशी द्वारा ग्राम सभा की बंजर भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही कराने व सार्वजनिक बंद रास्ते को खुलवाने की मांग करने लगे। नाराज अधिवक्ता तहसीलदार मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। अधिवक्ताओं के तेवर देख एसडीएम मिल्कीपुर अमित कुमार जयसवाल व तहसीलदार हेमंत कुमार गुप्ता सहित हल्का लेखपाल के साथ अधिवक्तागण भी मौके पर पहुंच गए। विवादित स्थल पर पहुंचकर जब उक्त भूमि की लेखपाल द्वारा पैमाइश की गई तो आम रास्ते पर हो रहा अवैध निर्माण बंजर की भूमि में पाया गया। जिसे मौके पर मौजूद एसडीएम द्वारा अभिलंब खाली कराए जाने का आश्वासन अधिवक्ताओं को दिया गया। अधिवक्ताओं द्वारा यह भी बताया गया कि जब तहसीलदार हेमंत कुमार गुप्ता से उक्त मामले की शिकायत की जाती थी तो उनके द्वारा कहा जाता था कि मैंने प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर को अवैध कब्जा रोके जाने के संबंध में निर्देश दिया है। लेकिन मेरे आदेश का अनुपालन इनायत नगर पुलिस द्वारा नहीं किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो मिल्कीपुर तहसील में शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक धड़ल्ले से कार्य किया जाता है। जिसमें तहसील के सभी दलालों का आना जाना लगा रहता है। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने बंजर खाते की भूमि से होकर जाने वाली सार्वजनिक रास्ते पर हो रहे अवैध निर्माण को यदि बंद कराते हुए हटवाया न गया तो बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी भी दे डाली है। संगठन के पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला एडवोकेट ने बताया कि प्रकरण में इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह सहित तहसीलदार हेमंत गुप्ता और क्षेत्रीय लेखपाल कमलेश शर्मा की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है जिनके कारनामों के चलते तहसील में यह सब दृश्य देखने को मिल रहा है।

## छह माह में ही लग सकेगी प्रिकाशन डोज : सीएमओ

अयोध्या। सरकारी अस्पतालों व् स्वास्थ्य केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को कोविड़ टीकाकरण की प्रिकॉशन से आच्छांदित किया जाएगा । आज शुक्रवार 15 जुलाई से आगामी 75 दिनों अर्थात 30 सितंबर 2022 तक कोविड वैक्सीनेशन प्रिकॉशन डोज लगेगी द्य कोविड़ की दूसरी डोज के बाद 9 माह के अंतराल को घटा कर अब 6 माह कर दिया गया है । कोविड 19 वैक्सीन की प्रिकाशन डोज हेतु पहली और दूसरी खुराक में प्रदान की गई वैक्सीन का ही प्रयोग किया जायेगा । यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने बताया कि 18 से 59 आयु वर्ग के वो पात्र जिन्हें सरकार की नई व्यवस्था के तहत प्रिकॉशन डोज अभी तक निजी क्षेत्र में भुगतान कर लग रही थी द्य इस नई व्यवस्था के अनुसार पात्र लाभार्थी सरकारी चिकित्सालयों में प्रिकॉशन डोज निःशुल्क लगवा सकते हैं और साथ ही जो पात्र लाभार्थी भुगतान कर वैक्सीन लगवाना चाहते हैं वो भुगतान कर जनपद के निजी अस्पताल राज राजेश्वरी में भी लगवा सकते हैं।

सीएमओ ने यह भी बताया कि 12 से 14 व 15 से 17 वर्ष के सभी छूटे बच्चे को कोविड़ वैक्सीन की दोनों खुराकें अवश्य ले ले । सभी अभिभावक अपने 12 से 17 वर्ष बच्चों व् 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगो की वैक्सीनेशन छूट गई है वह भी निकटतम को कोविड केंद्रों पर ले जाकर वैक्सीन लगवा ले। जिनको कोविड की दोनों डोज लग गई है उनको संक्रमण की संभावना न्यूनतम होती है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को शुक्रवार से मुफ्त बूस्टर डोज का टीका लगा रहा। इसकी व्यवस्था सभी सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कर दी गई है ।

सभी लोगों को बूस्टर टीका लगाने की व्यवस्था कर दी है इस व्यवस्था के बाद जिले के सभी लोगों को कोरोना से बचने के लिए बूस्टर डोज दी जा रही है , इसके लिए जिला अस्पताल के साथ सभी सरकारी अस्पतालों , सीएचसी पीएचसी में प्रथम द्वितीय डोज के साथ ही सभी को बूस्टर डोज टीका निःशुल्क लगाया जाएगा । सभी उक्त आयु वर्ग के नागरिकों से अपील है कि वे अपना प्रिकॉशन डोज समय से जरूर लगवा लें।

## पंचायत सचिव की डीएम से की गयी शिकायत

मिल्कीपुर–अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर की ग्राम पंचायत टिकरा के ग्राम प्रधान मनसाराम ने जिला अधिकारी और आइजीआरएस पोर्टल पर पंचायत सचिव के द्वारा फर्जी बिल लगाकर भुगतान किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम प्रधान की शिकायत के बाद हड़कंप मच गया है। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनके द्वारा अजय ट्रेडर्स मंजनाई से इंडिया मार्का नल का रिबोर कराया गया था पंचायत सचिव द्वारा जिसका भुगतान उक्त फर्म को न करके अपनी मनचाही फर्म पर कर लिया गया जब उन्होंने सचिव रंजीत कुमार से पूछा तो पैसा वापस कराने का आश्वासन देते रहे परंतु आज तक उनका पैसा वापस नहीं दिया और धमकी देने लगे कि वह पैसा वापस नहीं करुंगा जो करना है कर लो । उनका आरोप है कि उक्त पंचायत सचिव अपने गृह विकासखंड मिल्कीपुर में 6 वर्षों से कार्यरत होने के कारण मनमानी कर रहे हैं और आए दिन ग्राम प्रधानों का शोषण करते हैं उन्होंने जिलाधिकारी से पंचायत सचिव रंजीत कुमार की जांच कराते हुए उचित कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

## रंगमहल मंदिर में शुरू हुआ झूलनोत्सव

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के रंग महल, सद्गुरू सदन सहित आधा दर्जन मंदिरों में झूलन उत्सव प्रारम्भ हो गया है। कनक भवन और रामलला के दरबार सहित अयोध्या के 2 हजार मंदिरों में यह उत्सव 31 जुलाई से आरंभ होकर सावन पूर्णिमा यानि रक्षा बंधन तक चलेगा। रंग महल को माता कौशल्या ने सीता सहित चार बहुओं को मुंह दिखाई में उपहार के तौर पर दिया था। मंदिर में भगवान श्रीराम– सीता सहित चारों भाइयों ने अपनी महारानी सहित अलग–अलग झूलन पर विराजमान हैंस संतों के साथ श्रद्धालु भी भगवान की झांकी को देख आनंदित हो रहे हैं। मंदिर के महंत राम शरण दास हर शाम 7 बजे आरती कर उत्सव को आरंभ करते हैंस यह उत्सव रोज तीन से चार घंटे चल रहा है। उन्होंने बताया कि सावन माह की दोनों एकादशी पर फूल बंगला व गलबहिया की झांकी का परंपरागत आयोजन होता है। गलबहियां की झांकी में भगवान श्रीराम व सीता के हाथ एक–दूसरे के गले में होते हैंस अयोध्या में इस तरह की यह खास झांकी है जो मंदिर के संस्थापक सरयू सखी की भगवान राम के प्रति खास तरह की भक्ति से जुड़ कर चली आ रही है। गोलाघाट स्थित सद्गगुरू सदन में भगवान सीताराम के साथ गुरु भी झूलन में विराजमान होते हैं। यहां यह उत्सव बहुत ही भक्ति भाव से



होता हैंस गायन और वादन के साथ नृत्य की त्रिवेणी में श्रद्धालु घंटों डूबे रहते हैं। सरयू के तट पर होने के कारण इस मंदिर का उत्सव और भी सुखदायक होता हैं। मंदिर के महंत सियाकिशोरी शरण ने बताया कि यहां उत्सव रोज सायं साढ़े सात बजे आरंभ होता है।

## नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

अयोध्या। राम मनोहर लोहिया अधिवक्ता बीकापुर सभागार कक्ष में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सन 2022––23 अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई गई। साथ ही इस मौके पर साथी अधिवक्तागणों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई।

तहसील बीकापुर में शुक्रवार को अधिवक्ता सभागार कक्ष में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष मैनुद्दीन ने किया।

समारोह के मुख्य अतिथि इलाकाई विधायक भाजपा अमित कुमार चौहान रहे। उपजिलाधिकारी प्रशात कुमार ने नव निर्वाचित अध्यक्ष रामसजीवन पांडे,श्री कांत तिवारी, घनश्याम द्विवेदी, व पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई। विधायक अमित कुमार सिंह चौहान ने कहा कि अधिवक्ता समाज के बुद्धिजीवी वर्ग में आते हैं। अधिवक्ता ही वादकारियों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और उन्हें न्याय दिलाते हैं।

एसडीएम प्रंशात कुमार ने सत्य, निष्ठा, ईमानदारी के साथ न्याय करते रहने को कहा।

इस मौके पर तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा,राम तेज वर्मा, तुलसी




राम तिवारी, अवधेश कुमार उपाध्याय,लाल मणि तिवारी, बैजनाथ यादव,शेख मोहम्मद इस्हाक, ओमप्रकाश यादव,उमेश तिवारी, के अलावा गुलरेज हैदर, अवध राम यादव, अवधेश कुमार निषाद, अवधेश कुमार वर्मा, हरगोविंद वर्मा, मंशाराम वर्मा, बलराम यादव,राम जगत, सच्चिदानन्द, धुरुव कुमार,श्याम सुन्दर कनौजिया,शिव प्रसाद वर्मा, मनीराम,आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएचसी मे शुक्रवार को कोरोना का बूस्टर डोज लगाने के लिए टीकाकरण शुरू

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता/उतरौला(बलरामपुर)

सीएचसी मे शुक्रवार को कोरोना का बूस्टर-डोज लगाने के लिए टीकाकरण शुरू किया गया। अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश ने टीकाकरण की शुरुआत की। बताया कि 18 वर्ष से अधिक की आयु वाले लोगों का टीकाकरण कराया जा रहा है। जिन लोगों ने कोविड की दूसरी वैक्सीन नौ महीने पहले लगवाई है वे भी बूस्टर डोज लगवा सकते हैं। एएनएम रेखा शर्मा, श्वेता, शहबाज का विशेष सहयोग रहा।



### उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर देवी पाटन मंडल को सूखा ग्रस्त घोषित करने की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) भारतीय किसान क्रांति यूनियन जिलाध्यक्ष मोहम्मद खलील शाह ने मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर देवी पाटन मंडल को सूखा ग्रस्त घोषित करने की मांग की है।

दिए गए पत्र में कहा है कि बलरामपुर सहित पूरे देवी पाटन मंडल में मानसून की अपेक्षित बारिश न होने पर किसानों की हालत बहुत दयनीय है।आषाढ़ का पूरा महीना बीत गया है मगर बारिश नहीं हुआ है।जिसके कारण पानी के अभाव में खेतों में रोपे गए धान की फसल सूख रहे हैं।ऐसे विषम परिस्थितियों में आप से मांग और आशा करता हूं कि किसानों की मदद के लिए देवी पाटन मंडल को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को सूखा राहत पैकेज व निजी ट्यूबेल के लिए निशुल्क बिजली,मनरेगा योजना के तहत अधिक अधिक रोजगार सृजित कर गांव के खेतिहर मजदूरों को 600रूपए प्रति दिहाड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाय।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक संपन्न, कार्यदाई संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं को पूरा किए जाने का दिया निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर! जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता जल जीवन मिशन की बैठक संपन्न हुई, बैठक में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों में पेयजल परियोजनाओं हेतु भूमि आवंटन, निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की प्रगति, पेयजल परियोजनाओं के कार्यों का थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन आदि की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को ग्राम पंचायतों में पेयजल परियोजनाओं की गुणवत्ता का नियमित निरीक्षण एवं थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराए जाने का निर्देश दिया। कार्यदाई संस्था एलएनटी को पेयजल परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया।



इस दौरान अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद पाठक, अधिशासी अभियंता जल निगम मुकीम अहमद, डीपीआरओ निलेश प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### ट्रेन से कट कर युवक की मौके पर ही मौत हो गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। रेलवे स्टेशन 117 गेट के आस पास भटनी देवरिया रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक भटनी थाना क्षेत्र बनकटा तिवारी का निवासी था। वासुदेव सुबह अपने घर से देवरिया मार्केट करने जा रहा था। सुबह को मृतक व्यक्ति के परिजनों को मोबाइल से फोन कर सूचना दिया गया ।



सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

भटनी क्षेत्र के बनकटा तिवारी निवासी वासुदेव बरनवाल (44) पुत्र जाधव लाल बरनवाल शुक्रवार की सुबह अपने घर से लहसुन खरीदने देवरिया जा रहे थे अभी वह भटनी के 117 नं. ढाले के समीप पहुंचे थे कि ट्रेन से काट कर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पहुंचे जीआरपी थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू अपने हमराही के साथ शव के पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर वासुदेव की मौत की सूचना बनकटा तिवारी घर पर पहुंचते ही कोहराम मच गया। आस पास के क्षेत्र में हवा की तरह खबर फैल गई घर वालो का रो रो बुरा हाल हो गया।

### एक्सीडेंट से महिला समेत दो लड़के गंभीर रूप से चोटिल हो गए

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। विकास खण्ड के पिपरा देवराज गॉव निवासिनी मालती देवी पत्नी शंभू अपने बेटे के साथ लार रोड से भटनी पिपरा देवराज आ रही थी, तभी मुजरी चौराहे के पास अचानक एक बंदर को बाइक से टकराने के कारण बाइक सवार माँ और बेटे गंभीर रूप से घायल हो गये जब कि बंदर की मौत हो गयी। बताते चलें कि लार रोड से महिला अपने ससुराल घर पिपरा देवराज आ रही थी तभी अचानक रोड पर बंदर आ गया। अचानक बाइक बंदर से टकराई जिसमें बंदर की मौके पर मौत हो गई महिला समेत दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिसको लेकर स्थानीय निवासियों ने एंबुलेंस को फोन कर जिला अस्पताल इलाज हेतु भिजवाया । स्थानीय लोगो ने बताया कि पिपरा देवराज के रहने वाली महिला मालती देवी पत्नी शम्भू है ।



### सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर वंदना गृहणियों के लिए बनी पथ प्रदर्शक

अयोध्या। सफलता परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती है। जब मन में अपने लक्ष्य को पाने का जज्बा हो व कड़ी मेहनत करने की क्षमता हो तो बड़े से बड़ा लक्ष्य छोटा हो जाता है। पारिवारिक जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वाहन करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का उदाहरण बनी है अयोध्या के कंधारी बाजार की रहने वाली वंदना मौर्या। सीए की फाईनल परीक्षा उत्तीर्ण करके वंदना ग्रहणियों के लिए पथ प्रदर्शक बन गयी है। वंदना शहर के चर्चित सीए प्रशान्त मौर्या की पत्नी है। उनके चार वर्ष की पुत्री भी है। उन्होंने इस कामयाबी के पीछे पति का बड़ा योगदान बताया है। अपनी सफलता का श्रेय परिजनों को देते हुए वंदना मौर्य ने कहा कि सच्ची लगन व सत्त प्रयास करने से एक दिन सफलता जरुर हाथ लगती है। सफल होने के जरुरी है कि अपनी कमजोरी का आंकलन करके उसे जल्द दूर करना और लक्ष्य के प्रति ध्यान केन्द्रित रखना। परिश्रम, उत्साह व दृढ़ विश्वास जीवन में सफलता पाने के लिए अति आवश्यक है। वहीं परीक्षा परिणाम आने के बाद वंदना मौर्या को अपनी इस सफलता पर लगातार बधाईयां मिल रही है।



## अखण्ड पाठ व भंडारे के पश्चात रात्रि में भजन कीर्तन के बाद दूर दराज से आए सन्त महात्माओं को शुक्रवार को दक्षिणा देकर विदाई

पीलीभीत। पूरनपुर रामलीला मैदान के सामने श्रीराम जानकी मंदिर के महंत बाबा राघवदास के द्वारा गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में 12 जुलाई से अखण्ड पाठ व भंडारा प्रारम्भ हुआ। अखण्ड पाठ व भंडारे के पश्चात सन्त महात्माओं ने मंदिर पर रात्रि में विश्राम कर रात्रि भर भजन कीर्तन किए। जिसमें कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर सन्त महात्माओं के भजन कीर्तन को सुना और उनसे नवीन जानकारी प्राप्त की।



मन्दिर के महंत बाबा राघवदास ने दूर–दराज से आए हुए सन्त महात्माओं को भंडारे में प्रसाद ग्रहण कराकर उनको दक्षिणा देकर विदाई दी। जिसमें दूरदराज के शाहजहांपुर, बंडा, जितौरिया, लुकटिहाई, बलरामपुर, कसगंजा, अमरैयाकलां, खाता, तकियादीनारपुर, सुखदासपुर, देवीपुर आदि कई स्थानों के सन्त महात्माओं ने अखण्ड पाठ व भंडारे में भाग लिया।धार्मिक समारोह में बाबा राघवदास, बाबा पूरनदास, ब्रह्मचारी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बाबूराम पासवान, मुनेंद्रपाल सागर, विकास सोनकर, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, डॉ तेजबहादुर सिंह, शैलेन्द्र गुप्ता, आशीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## बार-बार स्पार्किंग होने से गुरुवार की शाम को भयंकर आग लगने से बिजली सप्लाई बन्द होने से भीषण गर्मी में उपभोत्ताओं का हाल बेहाल

पीलीभीत। पूरनपुर माधोटांडा बिजली उपकेंद्र से गांव अमरैयाकलां में बिजली सप्लाई संचालित है। जिसमें बिजली विभाग द्वारा कई गांवों में पुरानी जर्जर लाइनों में मोटी बिजली केविल डालने का ठेका ठेकेदार को दिया गया था। मगर ठेकेदार ने सांठगांठ कर बिजली की मोटी केविल घटिया क्वालिटी की गांवों में खम्भों पर लगा दी। जिसमें आए दिन उसमें स्पार्किंग होने से भयंकर आग लगने लगती है। जिससे ग्रामीणों व बच्चों पर खतरा मंडरा रहा है। बीते दो माह में बिजली की मोटी केविल में स्पार्किंग होने से पहले 16 मई व 10 जुलाई और 14 जुलाई को भयंकर आग लग चुकी है। जिससे परिषदीय स्कूलों में पढ़ने बाले छात्रों, राहगीरों और ग्रामीणों पर खतरा मंडरा रहा है। मगर बिजली विभाग घटिया क्वालिटी की बिजली केविल में बार–बार जुगाड़ कर सप्लाई शुरू कर देता है। मगर घटिया जर्जर बिजली केविल न बदलने से खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।



14 जुलाई शाम करीब 8रू15 पर केविल में भयंकर आग लगने से बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। मगर समाचार लिखे जाने के 20 घण्टे तक बिजली विभाग का कोई कर्मचारी गांव में बिजली लाइन सही करने नहीं पहुंचा है। जिससे भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है।

## 4 दिन से लापता युवक का अभी तक नहीं लगा कोई सुराग

• कोतवाली पुलिस के साथ–साथ एसओजी टीम भी गुमशुदा की तलाश में जुटी लेकिन अभी तक नहीं लगा कोई क्लू

ब्यूरो रिपोर्ट दैनिक अयोध्या टाइम्स पीलीभीत। पीलीभीत दुकान का सामान लेने के लिए निकला युवक लापता हो गया था जिसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है उसकी बाइक कचहरी के समीप झाड़ियों में पड़ी मिली थी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी थी। बता दें मामला थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम मेदना निवासी ज्ञान प्रकाश ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा गया है कि उनके पुत्र त्रिलोक चंद्र उर्फ विक्की की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पिपरिया अगरु में है । वह दुकान का सामान लेने के लिए बाजार आये थे। इसके बाद वह वापस नहीं आये। जिसकी तहरीर 12 जुलाई को कोतवाली पुलिस को दी गई थी लेकिन लापता युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।



## कालेज/डिग्री कालेजो की खाली पड़ी भूमि पर की जाये बागवानी

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में नगर क्षेत्र स्थित शासकीय कॉलेज/डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्यों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई।



समीक्षा के दौरान नगर क्षेत्र के 07 कॉलेजध्डिग्री कालेज के प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों की टूटी फूटी बाउण्ड्रीवाल मरम्मत कार्य कराया जाये तथा वाउण्ड्रीवाल पर स्वच्छता, शिक्षा आदि से सम्बन्धित पेटिंग कार्य कराना सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही कालेज के खेल परिसर को स्वच्छ बनाया जाये परिसर में उगी घास को कटर से कटवाना सुनिश्चित करें, मैदान में डस्टविन लगवाई जाये जिससे कूडा इधर उधर न फेंका जा सके तथा खाली पड़ी भूमि पर बागवानी का कार्य कराया जाये, किनारे किनारे पेड पौधे व फूल के पौधों का रोपण किया जाये जिससे विद्यालय परिसर स्वच्छ एवं साफ सुथरा दिखें। इसके साथ ही साथ कालेज के मुख्य द्वार पर सुरक्षागार्ड की तैनाती की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला विद्यालय निरीक्षक, कॉलेजों/डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कन्या सुमंगला योजना के पात्र लाभार्थी के आवेदनों में की जाये वृद्धि

पीलीभीत ।जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में कन्या सुमंगला योजना के आवेदनों की वृद्धि के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा श्रेणी–1 व श्रेणी–2 के लिए नामित नोडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आशा व एमओआईसी को निर्देशित करें कि वे जन्म लेने वाली बालिकाओं व 1 वर्ष का टीकाकरण पूर्ण कर चुकी बालिकाओं के अधिक से अधिक आवेदन कराएं व प्रत्येक माह जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में पात्र लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएं। श्रेणी 3 कक्षा 1, व श्रेणी 4 कक्षा 6, के लिए नामित नोडल बेसिक शिक्षा अधिकारी व श्रेणी 5 कक्षा 9, व श्रेणी 6 स्नातक प्रथम वर्ष बाद 2 वर्षीय डिप्लोमा, के लिए नामित नोडल जिला विद्यालय निरीक्षक को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में अभियान चलाकर नव प्रवेशित बालिकाओं के अधिक से अधिक आवेदन कराएं व विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से कोई भी लाभार्थी शेष नहीं का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें।





उप जिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारियों के द्वारा भौतिक एवं स्थलीय जांच शहरी क्षेत्र के लिए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) व ग्रामीण क्षेत्र के लिए डीसी मनरेगा को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें कि वह स्थलीय जांच 1 सप्ताह के अंदर कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करके अधिक से अधिक आवेदन कराएं। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को कन्या सुमंगला योजना के बारे में अवगत कराया गया कि लाभार्थी की पारिवारिक वार्षिक आय अधिकतम 3 लाख हो व परिवार में अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ मिल सकेगा। इस योजना में बालिकाओं को 6 श्रेणियों में कुल रू0 15000 की धनराशि दी जाएगी जिसमें ,श्रेणी–1 बालिका के जन्म होने पर रू0 2000 ,श्रेणी–2 बालिका के 1 वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के उपरांत रू0 1000, श्रेणी– 3 कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश के उपरांत रू0 2000, श्रेणी–4 कक्षा 6 में बालिका के प्रवेश के उपरांत रू0 2000, श्रेणी–5 कक्षा 9 में बालिका के प्रवेश के उपरांत रू0 3000 ,श्रेणी–6 बालिकाएं जिन्होंने कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण करके स्नातक अथवा 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिया हो को रू0 5000 की धनराशि दी जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ,जिला प्रोबेशन अधिकारी व डीसी मनरेगा उपस्थित रहे।

## श्रावण मास/कांवड़ यात्रा/मोहर्रम को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के विभिन्न थानों द्वारा क्षेत्र के डीजे संचालकों/ताजियेदारों के साथ की गयी गोष्ठी, दिये गये आवश्यक निर्देश

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 के निर्देशन में जनपद में शान्ति/कानून व सुरक्षा व्यवस्था अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक पवित्र मोहन त्रिपाठी के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस टीमे सक्रिय हैं व क्षेत्र में भ्रमण/गश्त करते हुये स्थानीय लोगों के साथ गोष्ठी कर संवाद कर रही हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.07.22 को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में श्रावण मासध्कांवड यात्राध मोहर्रम को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत थाना क्षेत्रों के डीजे संचालकोंध्ताजियेदारों से साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले डीजे संचालकोंध्ताजियेदारों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया व उनसे सुझाव भी मांगे गये तत्पश्चात सभी को शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों से अवगत कराया गया।

सभी को अवगत कराया गया कि असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। अफवाह फैलाने वाले असमाजिक तत्वों की सूचना तुरंत सम्बंधित थाना पुलिस को दें, जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह फैलायेगा उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही की जाएगी।



## दिलीपपुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की लेखपाल ने की पैमाइश

एक सप्ताह के अंदर अवैध कब्जा छोडने की कब्जेदारों को दी सख्त हिदायत

ग्राम सभा की जमीन पर शौचालय व दीवाल बनाकर किये कब्जा

गाटा संख्या 1236 की ग्रामीण व लेखपाल व ग्राम प्रधान की मौजूदगी की गई पैमाइस,

दैनिक अयोध्या टाइम्स अभिमन्यु शुक्ला जिला ब्यूरो औरैया

अछल्दा(औरैया)दलीपपुर गांव में ग्राम सभा की सरकारी भूमि व चकरोड पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे की ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर प्रधान की मौजूदगी में लेखपाल ने पैमाइश कर सरकारी भूमि पर 1 सप्ताह के अंदर अवैध कब्जा हटाने का कब्जेदारों को सख्त निर्देश दिया गया है।





प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिधूना तहसील क्षेत्र के अछल्दा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत वैशौली के ग्राम दिलीपपुर निवासी सुमित कुमार प्रदीप कुमार अंकित कुमार व वदन सिंह आदि द्वारा उप जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया था कि ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि संख्या 1236 व चकरोड की भूमि पर रज्जन पुत्र बलधारी यतेंद्र कुमार पुत्र बलवंत आदि लोग दीवार बनाकर भूसा के कूप लगाकर वह शौचालय बनाकर अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए हैं।

ग्रामीणों की शिकायत पर गुरुवार को क्षेत्रीय लेखपाल सत्येंद्र यादव ने प्रधान पति राहुल कुमार की मौजूदगी में मौके पर जाकर पैमाइश की और अवैध रूप से कब्जा की गई भूमि को चिन्हित कर अवैध कब्जा करने वालों से 1 सप्ताह के अंदर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करने की सख्त हिदायत देते हुए स्वयं कब्जा न हटाने पर पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण ध्वस्त करने की भी चेतावनी दी है।

## जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के द्वारा चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में जनपद मथुरा के विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में जनपद मथुरा के विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी मथुरा के माध्यम से ज्ञापन सोफा जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट ने कहा कि है कि मथुरा जनपद के सिंचाई विभाग निचली माट खण्ड गंग नहर मथुरा में कार्यरत एस डी ओ रन्धीर सिंह पिछले करीब 4 साल से इसी पोस्ट पर तैनात है । इनके द्वारा जनता को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है इनका कार्य व व्यवहार बहुत खराब है । तथा उक्त अधिकारी खुले रूप से जनता का शोषण कर रहे हैं। तथा कार्यालय में इनसे इनकी कार्यशैली के बारे में बात हो तो यह कहते हैं कि मेरी मंत्री तक पहुंच है आप मेरी कोई भी शिकायत कर लो मेरा आप कुछ नहीं बिगाड़ सकते। उक्त अधिकारी के भ्रष्टाचार से मथुरा की जनता बहुत परेशान है। उक्त अधिकारी का स्थानांतरण कर भ्रष्टाचार से कमाई हुई संपत्ति की जांच की जाए।

गांव नगला बंजारा मकदूम फार्म के पास ब्लॉक फरह मे अग्निकांड के कारण बंजारे समाज का काफी नुकसान हुआ था । राज्य सरकार द्वारा पीड़ितों को समुचित मुआवजा दिया जाए ।

यमुना शुद्धिकरण के नाम पर नगर निगम मथुरा द्वारा बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है उच्च अधिकारी द्वारा जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा यमुना मैया को शुद्ध करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य होना चाहिए

बलदेव गोकुल महाबन चिंताहरण रमणरेती तीर्थ स्थल होने के बाद भी यमुना एक्सप्रेस वे पर कोई भी इन तीर्थ स्थलों पर यात्रियों के आने के लिए कट नहीं है यह बलदेव विधानसभा की सबसे बड़ी समस्या है मथुरा बलदेव मार्ग पर यमुना एक्सप्रेस वे पर कट निकाला जाए रोड पर घूम रहे आवारा जानवरों विकराल समस्या है आवारा जानवर कभी भी किसी भी राहगीर को कहीं पर भी चुटेल कर देते हैं तथा किसानों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं आवारा पशुओं को समुचित स्थान पर पहुंचाया जाए। नहर बम्बो में सिंचाई के लिए टेल तक पानी नहीं पहुंचता है। किसानों को नहीं मिल पाता है सिंचाई के लिए पानी टेल तक पानी पहुंचाया जाए।

गांव नगला सेवा से नूरपुर तक कच्चा रास्ता है जबकि यह रास्ता करीब 10 गांव को जोड़ता है इस बारिश के मौसम में निकलना दुश्वार हो जाता है इस रास्ते को पक्का कराया जाए।

महावन के खीर मोहन पर प्रतिबंध लगाने से क्षेत्र में बेरोजगारी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। यह समस्या सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाती है। खीर मोहन पर प्रतिबंध लगाना कोई समस्या का निवारण नहीं है बल्कि खीर मोहन की शुद्धता का ध्यान रखा जाना चाहिए ।



छाता की शुगर मिल चलाने का जो वादा सरकार ने किया था वह भी तक पूरा नहीं किया गया है। आज तक शुगर मिल पर कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

जनपद मथुरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगह जगह सब सेंटर बनाए गए थे किंतु उनमें आजतक किसी भी सब सेंटर पर स्वास्थ्य कर्मी की पोस्टिंग नहीं की गई। राया ब्लॉक में गुडेरा का सब सेंटर । गोवर्धन ब्लॉक में महरौली का सब सेंटर जर्जर हालत में है आज तक कोई भी मरम्मत नहीं कराई गई है जनपद के सभी सैंटरो की मरम्मत जो फाइलों में दिखाई गई है उन सभी की जांच कराई जाए।

गंग नहर कुमाह माइनर में पानी टेल तक पहुंचाया जाए । नगर निगम मथुरा वृंदावन के द्वारा किए गए 5 वर्ष मैं विकास के नाम पर किए गए घोटालों की जांच किसी उच्च अधिकारी से कराई जाए ।

प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार महंगाई बेरोजगारी तथा महिलाओं के उत्पीड़न तथा विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ताओं व कांग्रेसी जनों पर बदले की भावना से की जा रहे उत्पीड़न को तुरंत रोका जाए। धरना प्रदर्शन में भाग लेने वालों में प्रमुख मैं प्रदेश सचिव मुकेश धनगर उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा एडवोकेट राहुल अरोरा महामंत्री नीलेश जादौन ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत प्रवीण ठाकुर हरीश पचौरी आदर्श शर्मा अश्विनी शर्मा एड अश्विनी शुक्ला एड सुशील सागर ऐड मनीष चतुर्वेदी एड रुपेश चौधरी एड प्रतीक वर्मा ठाकुर साहब सिंह बृजेश शर्मा एड मुस्लिम कुरेशी शाहरुख खान एडवोकेट रोशन लाल विनय बंसल कलुआ प्रधान यासीन समीम अब्बासी मीरा देवी बंटी सिद्दीकी किशोर पवार काशन रिजवी अतुल गौतम चंद्र प्रकाश बघेल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## मथुरा के कृष्णा नगर इलाके में चोरी की बड़ी वारदात, कप्तान ने किया मौका मुआयना

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।मथुरा के कृष्णा नगर इलाके में चोरी की बड़ी वारदात हो गई है। कप्तान ने मौका मुआयना किया है और घटना का अनावरण करने के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। यह घटना कर्मचारी नेता रहे वर्तमान में भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पन्नालाल गौतम के बैंक कॉलोनी स्थित आवास पर हुई है जहां से चोर उनकी लाइसेंसी पिस्टल के अलावा लाखों रुपए के आभूषण आदि चुरा कर ले गए हैं।

यह घटना से मथुरा के पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने मौका मुआयना कर अधीनस्थ अधिकारियों को घटना का शीघ्र अनावरण करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस की विभिन्न टीमें घटना की जांच पड़ताल और सुराग रसी में लगी हुई।



# संक्षिप्त समाचार

## अगले चार दिन छिटपुट बारिश की संभावना (मौसम प्रेक्षक)

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 16 जुलाई से अगले 4 दिनों के दौरान जिला कन्नौज के विभिन्न स्थानों पर जिले के कुछ स्थानों पर गरज और बिजली गिरने के साथ छिटपुट बारिश होने की संभावना है। अनुमानित 5 दिनों के दौरान बादल छाए रहेंगे। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.3–38.4 और 26.4–29.2 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम और न्यूनतम क्रमशरू 46–68: और 27–44: रहेगी। अगले पांच दिनों तक पूर्वी हवा चलने की संभावना है, जो 07–21 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी।किसानों को सलाह दी जाती है कि धान के खेत में मिट्टी की नमी बनाए रखने के लिए 1 किलो प्रति एकड़ पूसा हाइड्रोजेल का उपयोग करके धान की रोपाई पूरी करें।किसानों को सलाह दी जाती है कि 3–5 दिनों के अंतराल पर लगातार सिंचाई के साथ खेत में धान की रोपाई करें।

## घर पर अकेली महिला को पाकर की छेड़छाड़ पीड़िता ने की शिकायत

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मे बीती रात महिला को अकेला पाकर गांव के ही युवक ने घर में घुसकर दबोच लिया। उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोरगुल करने पर युवक मौका पाकर फरार हो गया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के लाख गांव निवासी महिला घर पर चारपाई पर सो रही थी। घर पर पति नहीं था। किसी कार्य को बाहर गए थे। इतने ने मौका पाकर गांव के की गौरव पुत्र संजय ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़खानी की। शोरगुल करने पर युवक मौका पाकर निकल लिया। महिला ने जब इसकी शिकायत उसके घर पहुंच कर की, तो घर के लोग लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गए। थाने पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना अध्यक्ष कमल भाटी ने बताया प्रार्थना पत्र के आधार जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

## दहेज में कार की मांग को लेकर ससुरालियों ने मारपीट कर निकाला

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। सौरिख शादी में मिले दहेज से संतुष्ट न होने से नाराज ससुरालियों ने विवाहिता को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी। तिर्वा कोतवाली के गांव लिलुइया निवासी रामचंद्र ने अपनी पुत्री सपना की शादी 8 जून 2016 को सौरिख थाना क्षेत्र के नगरिया महादेव अंबेडकर नगर निवासी दुर्विजय सिंह के पुत्र गोविंद उर्फ गजेंद्र के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार ढाई लाख रुपए एक मोटरसाइकिल ब दान दहेज देकर हुई थी। कुछ दिन तक सब कुछ ठीक–ठाक चलता रहा कुछ समय बाद पति गोविंद किसी वंदना नाम की महिला को भगा कर घर ले आया और उसके साथ रहने लगा और मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी बही ससुरालीजन शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और विवाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया ससुरालियों ने एक कार ब 5 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग करते हुए विवाहिता को मारपीट की सूचना पर पहुंचे पिता ने समझाने का प्रयास किया लेकिन ससुरालीजन नहीं माने और 15 मार्च 2022 को मारपीट कर घर से निकाल दिया।विवाहिता ने पति गोविंद उर्फ गजेंद्र जेठ पिंटू सास मुन्नी देवी ननंद संतोषी पति के भांजे गुड्डू रोहित मोहित पुत्र गढ़ महेंद्र निवासी गांव चांदे जनपद मैनपुरी के खिलाफ मारपीट व दहेज उत्पीड़न की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों द्वारा अभी तक अपना आधार अपडेट करवायें

पीलीभीत। शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय वृद्धापेंशन योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–22 में समस्त लाभार्थियों की पेंशन आधार के माध्यम से प्रेषित की जानी है, जिसके लिए पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों द्वारा अभी तक अपना आधार ओथेटीकेशन नहीं कराया गया है सभी लाभार्थी को निर्देशित किया जाता है कि अपने नजदीकी जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से विभागीय वेवसाइट पर अपना आधार ओथेटीकेशन अनिवार्य रूप से कराये। अन्यथा की स्थिति में उनकी पेंशन विभाग द्वारा प्रेषित नहीं की जा सकेगी। सर्वप्रथम बेवसाइट https://sspy&up.gov.in पर जाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय से सम्पर्क करें।

### 13 अगस्त 2022 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक विशेष लोक अदालत का आयोजन

पीलीभीत। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश के अनुपालन में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा Sensitization of Family Court Matters हेतु गठिति समिति के निर्देशाानुसार दिनांक 13.08.2022 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त आयोजित पारिवारिक विशेष लोक अदालत में प्री–लिटिगेश् ान स्तर पर समाधान योग्य मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

उपरोक्त के सम्बन्ध में पारिवारिक वादों के निस्तारण हेतु प्री ट्रायल बैठक की तिथि प्रथम प्री ट्रालय आज दिनांक 15.07.2022, द्वितीय बैठक दिनांक 20.07.2022, तृतीय बैठक 28.07.2022, चतुर्थ बैठक 03.08.2022 एवं पंचम बैठक दिनांक 10.08.2022 को निर्धारित की गई हैं। पारिवारिक वादों से सम्बन्धित निःशुल्क प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत में उपलब्ध कराये जा सकते हैं। जिससे उनका निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

### भारत गैस एजेंसी पर एक हजार से लेकर पांच हजार रुपये मांगने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



पीलीभीत। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बिहारीपुर भारत गैस एजेंसी का है जहां पर आए दिन कोई ना कोई मामला सुर्खियों में आता रहता है

एक बार फिर भारत गैस एजेंसी का मामला सुर्खियों में आया है जहां पर कई गांव के ग्रामीणों ने एकत्रित होकर भारत गैस एजेंसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया ग्रामीणों ने बताया कि उज्जवला गैस कनेक्शन के नाम पर गैस एजेंसी मालिक की 1000 रुपए से लेकर 5000 रुपयों तक की मांग करते हैं रुपए ना देने पर एक – एक वर्ष ग्रामीणों को परेशान करते हैं मूढासेमनगर उर्फ पडरी की एक महिला ने बताया कि आज हमें 7 से 8 माह तक गैस एजेंसी के चक्कर लगाते हो गए हैं लेकिन यहां पर उज्जवला गैस कनेक्शन के नाम पर चार हजार मांगे जा रहे हैं रुपए ना देने पर गैस एजेंसी मालिक लगातार चक्कर लगवा परेशान कर रहे हैं।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कोतवाली भिनगा पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 188/2022 धारा 354,506 IPC व 7/8 पोक्सो अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त महेश वर्मा पुत्र ओमकार




कार्रवाई साथ ही महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे के कुशल निर्देशन मे थानाध्यक्ष जीतेंद्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा मय हमराह टीम द्वारा थाना वर्मा निवासी जौगड दाखिला गोठवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर भिनगा रेंजरी बैरियर के पास से गिरफ्तार किया गया।

इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष जीतेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शशि शेखर जरोरा, कांस्टेबल अजय कुमार मौजूद रहे।

## नाजायज शराब व शराब बनाने का उपकरण (भट्ठी) के साथ 1 अभियुक्त गिरफ्तार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशवचन्द्र गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी इकौना महेन्द्र पाल शर्मा के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना मय पुलिस टीम के साथ मुखविर की सूचना पर सीताद्वार नहर पुलिया तालाब के बगल से 01 अभियुक्त राजू पुत्र राधेश्याम निवासी टण्डवा मंहथ थाना इकौना के कब्जे से 20 ली0 कच्ची नाजायज शराब व शराब बनाने का उपकरण(भट्ठी) के साथ



गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर मु0अ0सं0 176/2022 धारा 60 (2) आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी, उ0नि0 लालजी पासवान, हे0का0 दिनेश कनौजिया सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## एक हफ्ते से परिवार के लोग बेटी के आने की कर रहे इंतजार के बाद दिया प्रार्थना पत्र

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकुइया का मजरा ओरी पुरवा निवासी तेजराम पुत्र विपत वर्मा ने थाना मल्हीपुर में प्रार्थना पत्र दिया। और कहा कि मेरी मंद बुद्धि नाबालिग बेटी नीलम एक हफ्ते पूर्व अचानक गांव से बाहर चली गई थी। जिसकी तलाश परिवार वालों सहित रिश्तेदारों ने काफी खोज बीन की गई परंतु बेटी नीलम का कहीं पता नही चला। जिसपर पीड़ित बेटी नीलम के पिता तेज राम ने थाना



मल्हीपुर में प्रार्थना पत्र देकर बेटी की तलाश कराए जाने की मांग की है।

## सफाई कर्मी की मनमानी,कूड़े कचरे से पटी, बजबजाती नालियां लोगों के सामने बनी मुसीबत

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनहा भवनियापुर, ग्राम पंचायत बरगदहा व ग्राम पंचायत फतेहपुर बनगई का मजरा बासगढी जो जमुनहा बाजार में मिला हुआ है। इंडो नेपाल बॉर्डर भारतीय सीमा में बसा हुआ जमुनहा बाजार जो घनी बस्ती के साथ ही साथ अपने आप में एक अच्छी बाजार के रूप में जाना जाता है। बाजार से मिला हुआ पुलिस चौकी, कंपोजिट विद्यालय, बीआरसी कार्यालय, एसएसबी चौकी, इंडियन बैंक,आर्यावर्त बैंक,आदर्श इंटर कालेज,प्राइवेट बस स्टाप, प्राथमिक स्वास्थ केंद्र सहित राजा हीरा सिंह की हवेली बनी हुई है। तीन ग्राम पंचायतों के बीच जमुनहा बाजार की हालत बद से बदतर बनी हुई है। जल निकासी की समस्या झेल रहे बाजार वासियों के घरों के सामने सबसे बड़ी समस्या बजबजाती नालियां सड़कों पर भरा गन्दा पानी जो लोगों के सामने मुसीबत बनी हुई है। भीषण उमस भरी गर्मी में उठ रही दुर्गंध के चलते लोग अपने घरों के सामने बैठ भी नही पाते ऊपर से मच्छरों का प्रकोप आम लोगों का जीना हराम किए हुए है। कई बार स्थानीय लोगों के द्वारा भाड़े पर मजदूरों को बुलाकर नालियों की




सफाई करवाई गई है। सफाई कर्मचारियों की मनमानी से तंग होकर स्थानीय लोगों के द्वारा प्रदर्शन करते हुए कहा कि राम जानकी मंदिर के सामने, ईदगाह जाने वाले मार्ग मस्जिद के पास, काली मंदिर जाने वाले रास्ते पर गंदे नाले का पानी बह रहा है। तथा जगह जगह कूड़े कचरे का अंबार लगा हुआ है। यदि जल निकासी की समस्या व नालियों की साफ सफाई तत्काल सही नहीं करवाई गई तो हम सब कस्बा वासी मिलकर जिलाधिकारी महोदय से अपनी पीड़ा को बताएंगे।

इस अवसर पर विष्णु गुप्ता,आनंद साहनी, मंदिर समिति जमुनहा, आफताब आलम, कन्हैया मोदनवाल, रितुराज, केशव राम मौर्या, श्याम लाल साहनी, दिलीप कुमार गुप्ता, आदि कस्बा वासी उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष जिला पंचायत ने फीता काटकर एवं वैक्सीनेशन कराकर किया प्रिकाशन डोज अभियान का शुभारम्भ

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत निशुल्क प्रिकॉशन डोज अभियान का अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने संयुक्त जिला अस्पताल में वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर फीता काटकर एवं वैक्सीनेशन कराकर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 15 जुलाई, 2022 से 30 सितंबर, 2022 तक चलाया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्रों में 75 दिनों तक अभियान को गति देंगी। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को तीसरी खुराक लगवाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 18 साल से ऊपर आयु वर्ग के लोग इसका लाभ उठा सकते है।

इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि दूसरी डोज और प्रिकॉशन डोज के छह महीने (26 सप्ताह) का अंतराल आवश्यक है। इस डोज के लिए टीका दूसरी खुराक के बराबर



ही लगेगा। वहीं लाभार्थियों को टीकाकरण स्थल पर कोविड टीकाकरण प्रमाण पत्र भी प्रदान




किया जायेगा।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख सुभाष सत्या, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी, कमलेश मिश्र, रामसुधि सरोज, मंशाराम गौतम, रमेश पासवान, बाबू यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे।

## इंडो नेपाल बार्डर भारतीय सीमा क्षेत्र के गांवों में देहात चाइल्डलाइन के द्वारा लोगो को किया गया जागरूक

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) देहात चाइल्डलाइन श्रावस्ती के निदेशक दिव्यानी चतुर्वेदी के निर्देशन में संचालित चाइल्डलाइन श्रावस्ती केंद्र समन्वयक हसन फिरोज के निर्देशन में देहात चाइल्डलाइन टीम द्वारा श्रावस्ती जनपद के ब्लॉक जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगदहा में खुली बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय डिलवा में किया गया, जिसमे प्राथमिक विद्यालय डिलवा के अध्यापक, शिक्षा मित्र,आशा, आगनवाड़ी कार्यकत्री,ग्राम प्रधान,विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य,अभिभावक, पुलिस बाल कल्याण अधिकारी मल्हीपुर,व चाइल्डलाइन टीम के कोऑर्डिनेटर,टीम सदस्य की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया,टीम सदस्य हंसराम जी के द्वारा चाइल्डलाइन 1098 की संरचना और कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया,पंकज श्रीवास्तव के द्वारा बच्चो के बाल अधिकारों की जानकारी दी गई,श्रीपाल जी द्वारा,बालश्रम से बचाव की विस्तृत जानकारी दिया गया, कोऑर्डिनेटर हसन फिरोज द्वारा बाल विवाह,बाल तस्करी, मानव तस्करी तथा सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी दिया गया, पुलिस बाल कल्याण अधिकारी श्री रियाज अंसारी जी और अध्यापक आशीष सिंह जी द्वारा मानव तस्करी,बालश्रम,बाल विवाह आदि मुद्दो पर लोगो को जानकारी दी गई,लोगो व बच्चो को सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नम्बर 1098,112,1076,1912 आदि नंबरों की जानकारी दी गई,। उक्त कार्यक्रम में बरगदहा के प्रधान



हरिद्वार,अध्यापक आशीष सिंह,हर्षित गुप्ता,शिक्षामित्र सूचित कुमार, रसोईया राजकुमारी,रेखा देवी,गीता देवी, साधना, छोटका,ग्राम पंचायत सदस्य रामदयाल,संतोष कुमार,छोटे लाल समाजसेवी राम पाल वर्मा, पुलिस बाल कल्याण अधिकारी रियाज अंसारी,मुकेश गुप्ता, संतराम, विनोद कुमार,आगनवाड़ी कार्यकत्री सुमन देवी, आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे, उक्त कार्यक्रम में 65 लोगो ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर चाइल्डलाइन श्रावस्ती कोऑर्डिनेटर हसन फिरोज, काउंसलर सुषमा कश्यप टीम सदस्य पंकज श्रीवास्तव,हंसराम,श्रीपाल, आसिया टीम वालंटियर नीरज श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## उत्साह के साथ लगवाई एहतियाती डोज शुक्रवार को स्वास्थ्य केंद्रों पर 18 से 59 वर्ष के लोगों को लगीमुफ्त एहतियाती डोज

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

- लाभार्थियों ने सरकार के फैसले को बताया अच्छा कदम

मथुरा।जनपद में शुक्रवार से 18 से 59 वर्ष तक के लोगों को कोविड वैक्सीन की एहतियाती डोज मुफ्त में लगाने का अभियान शुरू किया गया है। अब तक यह निजी केंद्रों पर शुल्क लेकर लगाई जा रही थी। अब 15 जुलाई से 30 सितंबर तक जनपद में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर यह मुफ्त लगाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि कोविड टीका की एहतियाती खुराक 59 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए पहले से निरूशुल्क उपलब्ध थी । अब शासन के निर्देश पर जनपद के सभी सरकारी कोविड



टीकाकरण केंद्रों पर 18 से 59 वर्ष तक के लोगों को मुफ्त में एहतियाती डोज लगायी जाएगी ।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मुनीश पौरुष ने बताया कि 18 से 59 वर्ष तक वह लोग जिन्हें दूसरी डोज लगवाए हुए छह माह या 26 सप्ताह हो गए हैं, वह अपने जिला अस्पताल, सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों पर बने टीकाकरण केंद्रों पर कोविड वैक्सीन लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को पहले कोवैक्सीन लगी है उन्हें कोवैक्सीन और जिन्हें कोविशील्ड लगी है उन्हें कोविशील्ड वैक्सीन लगाई जाएगी। जिला अस्पताल में बने टीकाकरण केंद्र पर एहतियाती डोज लगवाने आए लोगो ने बताया कि उनके एहतियाती डोज नहीं लग पाई थी,



अब सरकार द्वारा इसे मुफ्त करने के बाद उन्होंने एहतियाती डोज लगवा ली है। अब वह खुद को कोविड संक्रमण से सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

एहतियाती डोज को मुफ्त में लगाना सरकार का अच्छा फैसला है। इससे अब 18 से 59 वर्ष तक के लोग भी कोविड संक्रमण से सुरक्षित हो सकेंगे।

## पत्रकार को न्याय दिलाने पुलिस कप्तान से मिला श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का प्रतिनिधिमंडल

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

- पत्रकार के खिलाफ चौथ वसूली के मामले की जांच सीओ महावन करेंगे

मथुरा। सामाजिक बगीची में कब्जे को लेकर पत्रकार अमित अग्रवाल के खिलाफ चौथ वसूली का मुकदमा दर्ज होने के मामले में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन आइजेयू मथुरा इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने उनको बताया कि द्वेषपूर्ण भावना के तहत उक्त मुकदमा दर्ज कराया गया है जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष जांच का भरोसा देते हुए न्याय उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया और जांच सीओ महावन को सौंप दी है।

ज्ञात रहे कि विगत सप्ताह थाना राया क्षेत्र में एक सामाजिक बगीची में कब्जे को लेकर सपा नेता ने राया के पत्रकार अमित अग्रवाल के खिलाफ चौथ वसूली का मुकदमा दर्ज करा दिया था। इस मामले को लेकर शुक्रवार को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन आईजेयू के जिला अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी अभिषेक यादव से मिला और वस्तु स्थिति से अवगत कराया ।

पुलिस कप्तान ने आश्वासन दिया कि निष्पक्ष जांच करवा कर दूध का दूध और पानी का पानी किया जाएगा निर्दोष के खिलाफ कोई



कार्रवाई नहीं होगी और जो भी दोषी होगा उसको कतई बक्शा नहीं जाएगा । प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ पत्रकार अजय शर्मा, राजू पंडित, गिरधारी लाल श्रोतिय, शिवशंकर शर्मा, रमेश चंद, विजय आर्य, वकील खान, कौशलेंद्र सिंह, लोकेश चौधरी, मोहन प्रसाद मीणा, अनिल शर्मा, गजेंद्र चौधरी, अनेक सिंह, गौरव शर्मा, आर के धनगर, रिंकू शर्मा, कालीचरण बिंदल, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## मार्तंड तीर्थ जंबूदीप के मुख्य तीर्थ मार्तंड तीर्थ पर अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा की बैठक आयोजित की गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।मार्तंड तीर्थ दिनांक 15٥7٥ 2022 को जंबूद्वीप के मुख्य तीर्थ मार्तंड तीर्थ पर अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समग्र भारत के तीर्थ पुरोहितों का प्रतिनिधित्व करते हुए अलग—अलग स्थानों से प्रधान— प्रधान तीर्थ पुरोहितों का आगमन हुआ। बैठक में अनंत श्री विभूषित श्रीमद जगद्गुरु स्वामी अमृतानंद तीर्थ शंकराचार्य श्री शारदा सर्वज्ञ पीठम कश्मीर तथा अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित महेश पाठक चतुर्वेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मूल रूप से जिन विषयों पर चर्चा की गई उनमें मुख्य तौर पर मार्तंड तीर्थ के ब्राह्मणों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार से सहायता के नाम पर उनके लिए मूलभूत आवश्यकताओं में जैसे मकान बना कर देना , साथ ही रोजगार मूलक कार्यक्रमों को ब्राह्मणों से सीधा जोड़ना एवं शासन



एवं प्रशासन का पूर्ण सहयोग व संरक्षण ब्राह्मणों को पूर्ण विस्थापन के लिए दिया जाए। इसके अलावा स्थानीय मार्तंड तीर्थ ट्रस्ट के द्वारा किए गए प्रयासों में वेद वैदिक शिक्षाओं का परंपरागत अनुगमन, साथ ही अमरनाथ यात्रा के पूर्व मार्तंड तीर्थ दर्शन की परंपरा को पुनःआगे बढ़ाने के प्रयास सहित तीर्थ पुरोहितों के सुरक्षा की बात कही गई।

बैठक में अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित महेश पाठक (मथुरा) उपाध्यक्ष पंडित सतीश शुक्ला (नासिक) पंडित रामकृष्ण तिवारी (प्रयागराज) पंडित जयंत शिखर (त्रंबकेश्वर) पंडित मधुकर गवांडे (भीमाशंकर) पंडित कन्हैयालाल त्रिपाठी (वाराणसी) युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अमर डब्बावाला (उज्जैन) युवा शाखा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित हेमंत त्रिगुणायत (सोरम जी) पंडित संजय चतुर्वेदी (मथुरा) पंडित पंकज दुबे (उज्जैन) पंडित कमल चतुर्वेदी पंडित नीरज चतुर्वेदी पंडित अनिल चतुर्वेदी (सभी मथुरा) प्रयागराज से पंडित बालकृष्ण शर्मा आदि ने बैठक में केंद्र सरकार से सहयोग एवं संरक्षण की मांग करते हुए अपने विचार रखें।

वहीं स्थानीय मार्तंड तीर्थ ट्रस्ट के प्रमुख अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार सीधा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित भारत भूषण साधु

उपाध्यक्ष पंडित बंसीलाल मुखी, महासचिव पंडित तेज कृष्ण टिक्कू कोषाध्यक्ष पंडित मोतीलाल टिक्कू सहित प्रबंध कमेटी के सभी वरिष्ठ वरिष्ठ उपस्थित थे।

मार्तंड तीर्थ अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार सीधा ने केंद्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा की साथ ही अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित महेश पाठक के द्वारा समग्र भारत के प्रतिनिधित्व का मात्र नेतृत्व को सहयोग के लिए वचन दिया गया जिसके लिए मारकंडे तीर्थ ट्रस्ट ने हर्षित होगा धन्यवाद प्रेषित किया ।

## डाक्टर द्वारा मरीज के साथ किया गया दुर्व्यवहार

बूढनपुर तहसील संवाददाता
अमित यादव एडवोकेट

अतरौलिया,वैसे तो 100शैय्यायुक्त संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया आजमगढ़ हमेशा चर्चा में रहता है क्योंकि यहां के डॉक्टर मनमाने तरीके से काम करते हैं। इस बार डॉ अमरेंद्र त्रिपाठी द्वारा एक मरीज के साथ दुर्व्यवहार किया गया। पीड़ित अमित यादव का कहना है कि मुझे पेट की समस्या थी और मेरी माताजी जी को भी समस्या थी। मैं स्वयं को व अपनी माताजी को दिखाने के लिए डॉ अमरेंद्र त्रिपाठी के यहां गया। वहां मैंने देखा कि डॉ अमरेंद्र त्रिपाठी द्वारा लोगों से प्राइवेट अस्पताल (जहां वह प्रैक्टिस करते हैं) आने के लिए कहा जा रहा है। जब मेरी बारी आई तो मुझसे भी डॉ.अमरेंद्र त्रिपाठी ने यही बात कही। इसकी शिकायत मैंने सी एम एस डॉक्टर के के झां से करने के लिए उन्हें फोन लगाया जिस पर डॉ अमरेंद्र त्रिपाठी गुस्सा हो गए और मुझे गाली गलौज देते हुए मारने के लिए कुर्सी उठा लिए। लेकिन वहां पर उपस्थित लोगों ने बीच—बचाव किया और किसी तरह से मैं वहां से बाहर निकला। पीड़ित का कहना है कि इसके संबंध में मैंने सीएमओ से




शिकायत की है और कार्यवाही की मांग की है।


वहीं इस मामले में सीएमओ ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

अब देखना यह होगा कि आखिर इस मनबढ़ डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही कब होती है?

## संक्षिप्त समाचार

### करीब 10 घण्टे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही

दैनिक अयोध्या टाइम्स।बाराबंकी। गुरुवार की देर रात्रि तेज हवा चलने के दौरान विद्युत लाइन में आयी यांत्रिक खराबी के कारण क्षेत्र में करीब 10 घण्टे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही इस दौरान लोग गर्मी से परेशान रहे।



ल्लेखनीय हो कि गुरुवार की देर रात्रि करीब 10 बजे अचानक छाये काले बादलों के बीच तेज हवा चलने पर कई जगहों विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई विद्युत उपकेंद्र मसौली के निकट विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया जिससे क्षेत्र में बिजली गुल हो गयी। रात्रि में ही विद्युतकर्मियों ने हरसम्भव प्रयास किया परन्तु सही न होने के कारण रात्रि 10 बजे से सुबह 8 बजे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। भीषण गर्मी में लोग परेशान रहे।

### 125 ग्राम अवैध स्मैक सहित थाना हैदरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त बृजेश उर्फ बच्चन पुत्र स्व. श्री राम निवासी ग्राम किलहनुआ मजरे रौली थाना हैदरगढ़ को ग्राम टिकरा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्त के पास से कुल 125 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना हैदरगढ़ पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।




अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम—प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा,उ.नि.संजय यादव,हे.का.फूलचन्द्र यादव, हे.का.अशोक कुमार,का.विनय सिंह, का.सुजीत कुमार थाना हैदरगढ़।

### तमंचा कारतूस सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मेराज पुत्र रामतेज निवासी ग्राम तकिया पंसारा थाना टिकैतनगर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर थाना टिकैतनगर पर आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम—प्र.नि.अजय कुमार त्रिपाठी,उ.नि. अंजेश सिंह,का.राकेश चौरसिया , का. श्योवीर सिह, थाना टिकैतनगर ।



### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज को ले जाते समय हुई रास्ते में मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स।

बाराबंकी। शुक्रवार की भोर हाईवे पार कर शौच के लिए जा रहे एक 25 वर्षीय युवक की बैगनार गाड़ी की चपेट में आ जाने से गम्भीर रूप से



घायल हो गया परिजन इलाज के लिए ले जाते उससे पूर्व युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी अंकुल यादव पुत्र रामनाथ शुक्रवार की सुबह पेट्रोल पंप के निकट शौच के लिए जा रहा था हाईवे पार करते समय अयोध्या की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बैगनार गाड़ी नम्बर यूपी 78 ईएच 8878 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे अंकुल यादव गम्भीर रूप से घायल हो गया पर सूचना पर पहुँचे परिजन इलाज के लिए ले जाते इससे पूर्व युवक की मौत हो गयी। मृतक की अभी कुछ माह पहले ही शादी हुई थी घटना के बाद से घर मे कोहराम मचा हुआ है तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### लक्ष्मी देवी डिग्री कश्लेज तिन्दोला में हुआ पौधरोपण


दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव के संयोजन में चलाए जा रहे ष्जीवन रक्षार्थष एक पौधरोपण अभियान के तहत शुक्रवार को विकासखंड देवा क्षेत्र के तिन्दोला झील स्थित जी एन आई टी एम परिसर में संचालित लक्ष्मी देवी डिग्री कॉलेज में वृहद पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कॉलेज के चेयरमैन डॉ0 शिवेश मणि त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पौधे हमारा भविष्य है।पौधे लगाकर हम आने वाले समय के लिए भविष्य संचय कर रहे हैं।प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में पेड़ अवश्य लगाने चाहिए जिससे हमारी धरा हमेशा सुंदर और हरी भरी रहे।मुख्य अभ्यागत के रूप में पधारे सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश कुमार यादव ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण के लिए सुखद होगा। पौधे लगाने के बाद इनका पालन—पोषण करना बहुत जरूरी है।वही जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजीव कुमार राजू ने जनकल्याण किसान एसोसिएशन को धन्यवाद देते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं।सभी शुभ अवसरों पर एक एक पौधा अवश्य रोपित किया जाए।जिससे हमारा पर्यावरण शुद्ध रहेगा। संगठन की मार्गदर्शक श्रीमती संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि पौधे हैं तो जीवन है। जितना ज्यादा पौधे लगाएंगे उतना ही हम अपने आगे आने वाली पीढ़ियों को जीवन देंगे। इस अवसर पर डॉ0 मैत्री मणि त्रिपाठी शिव बहाल मौर्य, हिमांशु गोस्वामी सहित दर्जनों लोगों की उपस्थित में अमरूद,कटहल,नींबू, सहजन,जामुन आदि के एक सैकड़ा से अधिक पौधे रोपित किये गए।



### रिश्तेदारी में आई महिला के जेवर हुए चोरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। मसौली धनातिया पर मायके आयी एक महिला के जेवरात चोरी हो गये पीड़िता के पिता ने मुकामी पुलिस को चोरी की तहरीर दी है। कस्बा इंचार्ज सुधीर कुमार यादव ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।

थाना व कस्बा मसौली निवासी रामप्रताप यादव के यहाँ बुधवार को आयोजित धनातिया कार्यक्रम में शामिल होने आयी पुत्री बीती रात्रि अपने जेवरात घर के कमरे में मेज पर रखकर सो गयीं रात्रि में घुसे अज्ञात चोरों ने झोले में रखी जेवरात जिसमे चार जोड़ी पायल, सोने का एक हार, तीन अंगूठी, एक जोड़ी झुमकी, सोने का बाला, दो मंगलसूत्र,तीन सोने के बूंदे व 5 हजार की नगदी उठा ले गये। सुबह जगे परिजनों ने घर के आंगन में बिखरे पड़े खाली डिब्बो को छानबीन की तो पुत्री रिंकू के जेवरात गायब मिले। पीड़िता के पिता रामप्रताप यादव ने मसौली पुलिस को चोरी की तहरीर दी है मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज सुधीर कुमार यादव ने मामले का मुआयना किया।



## बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट से लाखों लूटने वाले बदमाश पुलिस की पकड़ से बाहर

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट को गन प्वाइंट पर लेकर लाखों रुपए लूटने वाले बदमाश पुलिस की पकड़ से पांचवें दिन भी बाहर रहे जिससे बैंक कर्मियों में दहशत का माहौल है उन्होंने पुलिस से बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की है! ज्ञात हो 11 जुलाई को राष्ट्रीय राजमार्ग पर नवीन बस स्टैंड के सामने स्थित बंधन फाइनेंस बैंक के कलेक्शन एजेंट मोहम्मद वसीम निवासी ग्राम मुरसेना जहानाबाद पीलीभीत से बाइक सवार चार लुटेरों ने गन प्वाइंट पर लेकर नगरिया विक्रम नहर पुलिया के कच्चे रास्ते पर अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम टांडा जाते समय बाइक सवार 4 बदमाशों ने गन प्वाइंट पर लेकर उसके साथ मारपीट कर समूह से बसूले लगभग 1 लाख रुपए, मोबाइल, टेबलेट व मोटरसाइकिल लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे बरेली एसएसपी एसपी देहात एवं क्षेत्र अधिकारी ने फरीदपुर पुलिस को मामले का पर्दाफाश करने का आदेश दिया था लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस लुटेरों तक नहीं पहुंच सके पुलिस के ढुलमुल रवैया के चलते नगर में चोर बदमाश लुटेरों का गैंग सक्रिय है जो ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम दे रहा है विगत दिवस भी दिनदहाड़े नगर के मोहल्ला परा निवासी हेड टीचर सतीश चंद्र शर्मा की बाइक अज्ञात चोरों ने उड़ा दी थी।



विगत महा स्टेट बैंक में व्यापारी के 6 लाख की लूट, पीएनबी बैंक से रुपए निकालकर जा रहे खनी नवादा के युवक से 30000 की लूट जिसमें थाना पुलिस ने खनी नवादा के युवक से 30000 की लूट की घटना का खुलासा कर ही पाई थी की सोमवार को दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने लाखों की लूट कर वारदात को अंजाम दे दिया जिससे क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई लेकिन पुलिस के हाथ बदमाशों के गिरेबान तक नहीं पहुंच सके।

## खबर छपी तो 12 घंटे में बरामद हो गई हेड टीचर की बाइक



अयोध्या टाइम्स फरीदपुर संवाददाता। विद्यालय से लौटने के बाद दरवाजे पर दिनदहाड़े खड़ी बाइक अज्ञात चोर उड़ा ले गए घटना की तहरीर पुलिस को दी गई खबर अखबारों की सुर्खियां बनने पर पुलिस ने 12 घंटे के भीतर टीचर की बाइक बरामद कर उसके हवाले कर दी! मामला 13 जुलाई का था फरीदपुर का इलाका भी बदमाशों और चोरों के हवाले हैं बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट से लाखों की लूट का मामला अभी खुला नहीं तब तक नगर से हेड टीचर की दरवाजे पर खड़ी बाइक अज्ञात चोरों ने उड़ा दी नगर के मोहल्ला परा बरगद के निकट निवासी सतीश शर्मा ब्लॉक भुता के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं बुधवार को वह विद्यालय से लौटने के बाद घर आए और बाइक संख्या यूपी 25 ए वाई 5802 पैशन एक्सप्रो बाजार जाने के उद्देश्य से दरवाजे पर खड़ी कर दी कुछ देर बाद देखा तो बाइक गायब थी काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश करने में जुट गई खबर अखबार की सुर्खियां बनने पर पुलिस ने टीचर की बाइक 12 घंटे के भीतर नगर के मोहल्ला कसयाबांन से लावारिस खड़ी बरामद कर ली गुरुवार को देर शाम टीचर को उसकी बाइक हवाले कर दी बाइक पाकर टीचर ने फरीदपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया है!

## अतिक्रमण के चलते ट्रक के नीचे आकर दो घायल

अयोध्या टाइम्स फतेहगंज पूर्वी संवाददाता। नगर के बिलपुर रेलवे क्रासिंग के पास दातागंज मार्ग पर शुक्रवार दोपहर के समय जब क्रॉसिंग खुली तो दातागंज की तरफ एक ट्रक जा रहा था वहीं ग्राम जहानपुर निवासी शाहजहांपुर हरिशरण ,रामलाल और बच्चों के साथ अपनी रिश्तेदारी ग्राम जरौल से अपने घर मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी ट्रक के पास पहुंचते ही उनकी बाइक का हैण्डिल पास खड़े एक वाहन से टकरा गया और उनकी बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक की तरफ गिर गई जिसमें उन दोनों लोगों के पैर ट्रक के पिछले टायरों के नीचे आ गए जब तक ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक लगाए तब तक उनके पैर बुरी तरह कुचल चुके थे ये देखकर वहाँ लोगों की भीड़ जमा हो गई और किसी तरह उन लोगों को ट्रक के नीचे से निकाला और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया और घायलों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

अतिक्रमण की वजह से हुआ हादसाः बिलपुर स्टेशन की क्रासिंग के पास दोनो तरफ दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है तो वही डग्गामार वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है।

जिसकी वजह से जब भी क्रासिंग बन्द होती है तो लम्बी लाइनें लग जाती हैं और अतिक्रमण के चलते पैदल निकलने की भी जगह नहीं बचती है।इसी के चलते आज ये हादसा हुआ सड़क किनारे खड़े वाहन से बाइक का हैंडिल टकराया और अनियंत्रित होकर दूसरी तरफ गिर गई जिसमें ये लोग घायल हो गए।

## स्वकर मामले में नगरपालिका ने दिया है नगर की जनता को धोखा : अरुण कुमार श्रीवास्तव



गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कल नगर पालिका प्रशासन गाजीपुर द्वारा स्वकर की दरों में 50फीसदी कम करने के फैसले को नगर की जनता के साथ धोखा बताया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि स्वकर की दरों को कम करने या उसे समाप्त करने का अधिकार नगर पालिका प्रशासन को था तो यह फैसला लेने में इतना विलम्ब क्यों? उन्होंने कहा कि कि स्वकर प्रणाली लागू करने का फैसला 2012-13 में नगरपालिका ने लिया था और तभी से नगर की जनताऔर तमाम राजनीतिक दल इसे समाप्त करने की मांग को लेकर आंदोलन भी कर रहे थे। लेकिन नगरपालिका प्रशासन ने जनता की इस मांग पर कभी गंभीरता से विचार करने का काम नहीं किया। नगर की जनता स्वकर को लेकर लगभग 10वर्षों से मानसिक पीड़ा झेल रही है। जिसकी जिम्मेदारी सीधे सीधे नगर पालिका की बनती है। उन्होंने कहा कि आज नगरपालिका चुनाव में अपनी हार नजदीक देख चेयरमैन नगरपालिका गाजीपुर यह फैसला लेने को मजबूर हुई है। उन्होंने कहा कि केवल स्वकर की दरों में 50फीसदी कमी करने से नहीं बल्कि नगर की जनता की भलाई के लिए स्वकर प्रणाली को पूरी तरह से समाप्त करने की जरूरत है। उन्होंने जल्द से जल्द नगरपालिका प्रशासन से स्वकर प्रणाली को पूरी तरह से समाप्त करने की मांग किया।

## फरीदपुर में तीसरी बार नारकोटिक्स टीम ने लगाए नोटिस, दबंग तस्करों ने फाड़े

अयोध्या टाइम्स फरीदपुर संवाददाता। नगर के मोहल्ले में क्राइम ब्रांच और नारकोटिक्स टीम ने छापा मारकर तीन कुख्यात तस्करों के घरों पर नोटिस चस्पा किए टीम की भनक पर तस्कर मौके से फरार हो गए लेकिन टीम के जाते ही दबंग तस्करों ने नोटिस फाड़ कर फेंक दिए जो मोहल्ले में चर्चा का विषय बने हुए हैं!

ज्ञात हो फरीदपुर का इलाका नशे के कारोबार के लिए अन्य राज्यों में भी मशहूर है 18 अगस्त की रात फरीदपुर फतेहगंज पूर्वी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही ने रामगंगा कटरी के गांव पड़ेरा निवासी नशे के सौदागर प्रधान सईद खा उर्फ छोटे भतीजे राजू को 20 किलो स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था इसी दरमियान तस्करों का भंडाफोड़ हुआ था पुलिस ने दर्जनों तस्करों को घसीट कर जेल भेज दिया तत्वों का मुख्यालय जनता ढाबा और प्रधान के पार्टनर फैयाज की बैटरी फैक्ट्री को प्रशासन ने अवैध मानकर जमींदोज कर दिया था संपत्ति पर सफेमा के बोर्ड भी लगाए फिर भी नशे के कारोबार पर रोक नहीं लगा पाए इसी के तहत क्राइम ब्रांच और नारकोटिक्स टीम ताबड़तोड़ तस्करों पर कार्यवाही कर रही है शुक्रवार को टीम ने दिनदहाड़े अपनी तीन गाड़ियां बिजली घर के इर्द-गिर्द लगाकर पैदल मार्च करके कुख्यात टायर चोर स्मैक तस्कर अकरम डॉन अयूब ढाबे वाले का लड़का शोएब उर्फ बैगन एवं डॉक्टर यामीन का लड़का मोईन टीम के निशाने पर है जिनकी तलाश में टीम ने नगर के मोहल्ला ऊंचा मैं तीन तस्करों के घर छापेमारी कर नोटिस लगाए लेकिन सूचना लीक होने पर तस्कर मौके से फरार हो गए टीम के जाते ही दबंग तस्करों ने नोटिस फाड़ कर फेंक दिए जो चर्चा का विषय है ज्ञात हो विगत महा दिनदहाड़े तस्करी की मुखबिरी करने की भनक पर मेराज कातिब और कुख्यात टायर चोर एवं स्मैक तस्कर अकरम डॉन में दिनदहाड़े फायरिंग हुई जिसमें अकरम डॉन और नाजिम फायरिंग में गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने सीएससी में भर्ती कराया लेकिन डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताकर बरेली रेफर कर दिया डॉक्टरी इलाज में स्वस्थ होकर घर वापस आते ही अकरम डॉन के भतीजे नाजिम उर्फ कालिया ने सोशल मीडिया पर नाजायज हथियार लहराकर किसी बड़ी अनहोनी की तरफ इशारा किया था क्योंकि पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को नामजद करने के बाद मेराज कातिब के दो भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया अब तीसरी बार नारकोटिक्स टीम ने तस्करों के घरों पर नोटिस चस्पा किए हैं जिस पर लोगों की निगाहें जमी हुई हैं कहीं कोई बड़ी वारदात का जन्म ना हो जाए!

## जिलाधिकारी ने क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्तस्थानों, पदों को समय पर कराए जाने के दिए निर्देश

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। जिला मजिस्ट्रेट, जिला निवार्चन अधिकारी (पंचायत) अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि राज्य निवार्चन आयोग की अधिसूचना के क्रम में भारत के संविधान के अनुच्छेद 243ट सपठित उ.प्र. क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत अधिनियम के 1961 की धारा-264ख के अन्तगर्त प्राप्त शक्ति का प्रयोग करते हुये जनपद मैनपुरी में क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों, पदों जो मा. न्यायालय के स्थगनादेश से वाधित न हो, पर उप निवार्चन निम्नाकिंत विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराये जाने के निदेर्श जारी किये है। उन्होने बताया कि रिक्त पदों हेतु नाम निदेर्शन पत्रों को जमा करने का अंतिम दि. व समय 20 जुलाई 2022 को समय पूवार्न्ह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक, नाम निदेर्शन पत्रों की संवीक्षा का काय र्दि. 21 जुलाई को पूवार्न्ह 10 बजे से काय र्की समाप्ति तक होगा, 22 जुलाई को उम्मीदवार पूवार्न्ह 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे, 22 जुलाई को ही अपरान्ह 03 बजे से काय र्समाप्ति तक प्रतीक चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। उन्होने बताया कि 04 अगस्त को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होगी, दि. 05 अगस्त को प्रातः 08 बजे से मतगणना होगी। श्री सिंह ने बताया कि उपयुर्क्त सूचना के अधीन क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायत के सदस्यों के रिक्त स्थानों, पदों पर निवार्चन हेतु प्रादेशिक निवार्चन क्षेत्र का पूण र्विवरण देते हुये निवार्चन अधिकारी पंचायत अपने स्तर से सावर्जनिक सूचना 16 जुलाई को निगर्त करेंगे, निवार्चन अधिकारी पंचायत द्वारा सावर्जनिक सूचना निगर्त करने के साथ ही नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारंभ हो जायेगा, उप निवार्चन में नामांकन पत्रों का विक्रय, नामांकन पत्रों के दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापिस लेने तथा चुनाव चिन्ह आवंटन का काय र्क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर तथा जिला पंचायत सदस्यों के लिए जिला मुख्यालय पर होगा, सभी मतों की गणना क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर की जायेगी, सदस्य क्षेत्र पंचायत के स्थानों, पदों का निवार्चन परिणाम क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर तथा सदस्य जिला पंचायत के स्थानों, पदों का निवार्चन परिणाम जिला मुख्यालय पर घोषित किया जायेगा, समय सारिणी के मध्यम पड़ने वाले सावर्जनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कायार्लय खुले रहेंगे और निधार्रित समय सारिणी के अनुसार कायर्वाही की जायेगी। उन्होने कहा कि उप निवार्चन के दौरान कोविड-19 व अन्य किसी महामारी के सम्बन्ध में राज्य आपदा प्रबन्धन, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन, राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर निगर्त दिशा निदेर्शों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराते हुये सम्पन्न कराये जायेंगे।

## कोविड टीकाकरण स्थल पर जाकर प्रत्येक पात्र महिला एवं पुरुष कोविड-19 टीकाकरण अवश्य करवायें, मुख्य चिकित्साधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पी. पी. सिंह ने जिला महिला चिकित्सालय, एम.सी.एच. विंग में सरकारी टीकाकरण केन्द्रों पर 18 बर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को कोविड टीकाकरण की प्रीकॉशन डोज से आच्छादन हेतु विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। उन्होने बताया कि सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में आहूत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा कोविड टीकाकरण समीक्षा के क्रम में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ. प्र. द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में जनपद के 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त वयस्क नागरिकों को आज से आगामी 75 दिनों तक अथार्त दि. 30 सितम्बर तक कोविड वैक्सीन की द्वितीय डोज प्राप्त होने के 06 माह अथवा 26 सप्ताह पूण र्होने के पश्चात् प्रदेश के समस्त सरकारी टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड टीकाकरण की निःशुल्क प्रीकॉशन डोज से आच्छादन आरंभ किया गया है, जिसकी सुविधा जनपद के सभी सरकारी केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। इस दौरान कोविड-19 वैक्सीन की प्रीकॉशन डोज हेतु पहली एवं दूसरी खुराक में प्रदान की गई, वैक्सीन Same Type or Homologous का प्रयोग किया जायेगा। उन्होने जनपदवासियों से अपील की है कि अपने नजदीकि कोविड टीकाकरण स्थल पर जाकर प्रत्येक पात्र महिला एवं पुरुषों का कोविड-19 टीकाकरण अवश्य करवायें, जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिये रक्षा कवच है।



स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रवीन्द्र सिंह गौर ने कोविड टीकाकरण प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन में गत जनवरी 2021 से 15 जुलाई 2022 के पूवार्न्ह तक कुल 1680065 प्रथम एवं 1650155 द्वितीय तथा 27902 प्रीकॉशन डोज लगाये जा चुके हैं, प्रदेश एवं मंडल औसत के सापेक्ष जनपद की कोविड टीकाकरण प्रगति उच्च सूचकांक की श्रेणी में है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधीक्षक डा.ए.के. पचौरी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. राकेश कुमार, एस. एम.ओ. डा.वी.पी. सिंह, डी.एम.सी. एस.एम.नेट यूनीसेफ संजीव पाण्डेय, एच.एस. हरिभान सिंह, एएनएम, वैक्सीनेटर शशीप्रभा आदि उपस्थित रहे।

## फरीदपुर में पंप से दिनदहाड़े पेट्रोल डलवाकर कार सवार बदमाश फरार पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट



अयोध्या टाइम्स फरीदपुर संवाददाता। बीसलपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप पर हजारों का पेट्रोल डलवाकर कार सवार बदमाश फरार हो गए सेल्समैन के शोर-शराबा करने एवं पीछा करने पर भी वह हाथ नहीं आया सेल्समैन ने पंप मालिक को घटना की सूचना देने के बाद से तहरीर सबूतों के साथ पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया! नगर के बीसलपुर रोड पर भारत पैट्रोलियम का पंप है सेल्समैन सुभाष सिंह पुत्र सुआलाल सिंह निवासी ग्राम कीरतपुर धीरी थाना फरीदपुर के मुताबिक पुलिस को दी गई तहरीर में घटना 9 जुलाई समय लगभग 4:00 बजे की बताई गई जिसमें दिनदहाड़े सैंटरो कार संख्या डीएल 4 सी केडी 2695 में चार बदमाश सवार होकर आए थे उन्होंने पंप पर गाड़ी लाकर खड़ी कर दी और टैंकफूल करने को कहा सेल्समैन कार में 3450 रुपए का पेट्रोल डालकर जैसे ही नोजल रखने लगा इसी दौरान कार सवार बदमाश पेट्रोल का बिना पेमेंट किए हुए फरार हो गए सेल्समैन ने भागकर पीछा किया लेकिन तब तक वह रफूचक्कर हो गए थे घटना की जानकारी सेल्समैन ने पंप मालिक मोहम्मद सईद उर्फ गुड्डू भट्टे वालों को दी आनन-फानन में पंप मालिक मौके पर पहुंच गए उन्होंने सीसीटीवी की फुटेज निकाली सेल्समैन ने घटना की तहरीर के साथ सीसीटीवी फुटेज की फोटो और पेट्रोल की रकम की पर्ची पुलिस को दी पुलिस ने मामले को हल्के में ले कर उड़ा दिया और मुकदमा दर्ज नहीं किया संज्ञान में आया है यही बदमाश फरीदपुर से भागने के बाद रात के दौरान बरेली के संजय नगर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवा कर बिना पेमेंट किए हुए फरार हो गए थे फरीदपुर इलाका धीरे धीरे चोर लुटेरे और बदमाशों से सराबोर होता जा रहा है लेकिन पुलिस नजरअंदाज किए हुए हैं उसे किसी बड़ी वारदात का इंतजार है वहीं पंप मालिक ने घटना को लेकर एसएससी बरेली से मिलने का मन बना लिया है!

## पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा तथा 75हजार का अर्थदंड

गाजीपुर। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 3 संजय कुमार यादव की अदालत ने गुरुवार को पत्नी हंता को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 75000 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित करते हुए अर्थदंड की धनराशि में से 50 प्रतिसत वादी को देने का दिया आदेश। अभियोजन के अनुसार थाना जमानिया गांव नई बाजार उर्फ खरगसीपुर के अभिनंदन यादव उर्फ मंटू यादव अपनी बहन रेनू की शादी 2008 में भभुआ विहार के बहुआरा कुदरा निवासी पप्पू सिंह यादव के साथ किया था लगभग एक वर्ष से उसकी बहन मायके में रह रही थी 7 अप्रैल 2017 को उसके जीजा पप्पू यादव उसके घर आये और उसकी बहन व उसके बच्चे अर्पित को दवा कराने के बहाने ले गया शाम होने तक पप्पू न अपने घर पहुँचा और न उसके घर ही वापस आया। लगभग 4 दिन बाद उसकी छोटी बहन निरमा यादव को समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी हुई कि एक महिला की लाश गांव गायघाट पर मिलीं है।फोटो देखकर वह पहचानी और सूचना अपने भाई को दी वादी के तहरीर पर थाना जमानिया में मुकदमा दर्ज हुआ और पुलिस ने विवेचना उपरांत आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता जयप्रकाश सिंह ने कुल 10 गवाहों को पेश किया सभी ने अपना अपना बयान न्यायालय में दर्ज कराया दोनो तरफ की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने उपरोक्त सजा सुनाई।



## जी.एस.टी. का पंजीयन नहीं कराने वाले सरकारी विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारियों पर कड़ी कायर्वाही की जायेगी




मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। सहायक आयुक्त, आहरण-वितरण अधिकारी राज्य कर ओम प्रकाश ने बताया कि राज्य कर विभाग उन सरकारी विभागों को पंजीजन के लिए प्रेरित करेगा जिनके द्वारा किसी वस्तु की खरीद एवं सेवा हेतु ठेकेदार को भुगतान किए जाते हैं साथ ही उन्होने टी. डी.एस. काटने के लिए राज्य वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम की धारा-51 के तहत पंजीयन नहीं कराया है, जी.एस.टी. का पंजीयन नहीं कराने वाले सरकारी विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारियों पर कड़ी कायर्वाही की जायेगी। उन्होने बताया कि ऑनलाईन बैठक के दौरान राज्य कर विभाग की आयुक्त मिनिस्ती एस ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेर्श जारी किए हैं।

राज्य कर विभाग के उपायुक्त उत्तम तिवारी ने बताया कि पंजीयन कराने वाले सरकारी विभागों के लिए मंडल कायार्लय राज्य कर विभाग केनरा बैंक वाली गली भांवत चौराहा में हेल्प डेस्क बनायी गयी है, स्थानीय निकायों, क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायतों में विकास कार्यों के लिए जो भुगतान किया जा रहा है, उसके लिए जी. एस.टी. में पंजीकरण अनिवार्य है साथ ही जी.एस.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों से ही काय र्करायें जायें। उन्होने बताया कि विभाग को आयुक्त ने पंजीयन के लिए अभियान चलाने के निदेर्श दिये हैं। उन्होने कर योग्य सीमा से कम व्यापार करने वाले व्यापारियों को भी पंजीयन के लिए प्रेरित करने और पंजीयन के लाभ की जानकारी दिए जाने के निदेर्श दिये, जिसमें डेढ़ करोड़ रू. वार्षिक सीमा तक के छोटे एवं सीमांत व्यापारियों के लिए समाधान योजना एवं समस्त पंजीकृत व्यापारियों के लिए रू. दस लाख तक का व्यापारी दुघर्टना बीमा योजना की व्यवस्था है।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस ने अराजकता फैलाने वाले 3 लोगों को भेजा जेल

अयोध्या टाइम्स फरीदपुर संवाददाता। हिंदुओं के पवित्र महा सावन मैं कावड़ यात्रा के मद्देनजर इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अराजकता फैलाने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है! उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर अलग-अलग जगह से 3 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जो साबन के पवित्र महा मैं अराजकता फैलाने की फिराक में थे जिसमें शिवपाल पुत्र मुन्ना, सुरेंद्र पुत्र मुन्ना निवासी मोहल्ला ऊंचा, रामकिशोर पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम देवरनिया थाना फरीदपुर शामिल है जिन्हें कावड़ यात्रा के दौरान शांति भंग करने की आशंका से गिरफ्तार करके जेल भेजा है।



## पुलिस ने 2वारंटी गिरफ्तार कर भेजे जेल

अयोध्या टाइम्स फरीदपुर। पुलिस को चकमा देकर लंबे अरसे से फरार आरोपी आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ ही गए जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया अन्य अपराधियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई है! एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध और अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह के कुशल नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने लंबे अरसे से फरार वांछित अपराधी आसिफ पुत्र निषाद निवासी भूरे खां गोटिया एवं राजू खां पुत्र आजम खान निवासी ग्राम घारमपुर थाना फरीदपुर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है पुलिस वांछित अपराधियों को घसीट कर सलाखों में पहुंचा रही है!



## चोरी के ट्रैक्टर व अवैध असलहे संग अभियुक्तगिरफ्तार

गाजीपुर। जमानियां थाना पुलिस द्वारा चोरी के आयशर ट्रैक्टर व देशी तमंचा के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत,पुलिस टीम ने क्षेत्र के देवढ़ी पुल से सुबह करीब छः बजे अभियुक्त उमेश सिंह पुत्र रामराज सिंह निवासी ग्राम प्रहलादपुर थाना जमानियाँ जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने अभियुक्त के पास से एक आयशर ट्रैक्टर चेचिस न. 930715479892 व एक देशी तमंचा 12 बोर मय दो जिन्दा कारतूस बरामद किया। अभियुक्त पर चार अपराधिक अभियोग पंजीकृत हैं। विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाले टीम में उपनिरीक्षक संतोष कुमार चौकी प्रभारी अभईपुर थाना जमानियां, आरक्षी जितेन्द्र कुमार सिंह व नरसिंह यादव थाना जमानियाँ गाजीपुर शामिल रहे।



## गुरु के अज्ञा पालन औरआशीर्वाद से सारे ज्ञान प्रगट होते हैं : गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी

गाजीपुर। मुहम्मदाबाद क्षेत्र के नोनहरा , बड़ा पोखरा पर चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान प्रवचन करते हुए श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने कहा कि गुरु में मानवीय बुद्धि नही रखना चाहिए, जो भगवान का रास्ता ,सन्मार्ग का रास्ता बताता है वह गुरु श्रेष्ठ है,गुरु आज्ञा गरीयसी जो भी आज्ञा हो उसमे विचार नही करना चाहिए,। मात पिता गुरु प्रभु के बानी। बिनही विचार करिए सुभ जानी। आपका शुभ होगा,गुरु भक्ति की कथा में धौम्य ऋषि के तीन शिस्य थे,आरूणी, उपमन्यु, वेद, गुरु जी ने आदेश किया बेटा आरूणी जी गुरुदेव बेटा बारिश हो रहा है जा कर खेत का मेड़ बांध दो,जो आज्ञा गुरुदेव, आरूणी खेत का मेड़ जब बांध ने लगा तो पानी बहने लगा,तो आरूणी स्वयं मेड़ बन गया, साम को आरूणी नही आया तो गुरु जी शिस्यो के साथ खेत पर गए । बेटा आरूणी कहा हो तुम, कहा गुरु जी मैं यहां मेड़ बना हुआ , अरे बेटा जितना खेत में पानी की आवश्यकता है उतना तो भरा पड़ा है। निकल जाओ जो आज्ञा गुरुदेव। इस उद्दलन कर्म के कारण उदालक नाम से प्रसिद्ध होवोगे। गुरु जी ने अज्ञा पालन देख कर खुश हो गए आशीर्वाद दिया मस्तक पर हाथ रखा, सर्वे च ते वेदा प्रतिभास्यंती सर्वाणी च धर्मशास्त्राणति। जीवन भर पढ़ते कुछ नही होता गुरु आज्ञा पालन से आशीर्वाद से ही सारे ज्ञान प्रकट हो गए।



## फाइनेंसर बनकर लोगों से करते थे वसूली, पुलिस ने किया गिरफ्तार उनके कब्जे से एक पिस्टल दो तमंचे तथा एक कार हुई बरामद

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफमैनपुरी। करहल फाइनेंसर बनकर लोगों से लूटपाट करने वाले मैनपुरी के अपराधियों को पड़ोसी जनपद इटावा की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक पिस्टल दो तमंचे तथा एक कार बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की गई और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। इटावा के भरथना और फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मदरारावली नहर पटरी के निकट एक बिना नंबर की कार में सवार लोग फाइनेंसर बनकर अवैध वसूली कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने कार सवारों को घेर लिया और तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम धीरेंद्र निवासी यदुवंशनगर इटावा, अर्जुन पुत्र रणजीत निवासी नदरेला थाना कुर्रा मैनपुरी, टीटू यादव पुत्र सूरज सिंह निवासी आलमपुर थाना करहल मैनपुरी बताए। इनके कब्जे से एक पिस्टल, दो कारतूस, दो तमंचे तथा मोबाइल बरामद किए गए।



## सम्पूर्ण समाधान दिवस 16 जुलाई को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा : जिलाधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस दि. 16 जुलाई को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह तहसील सदर में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील कुरावली में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील भोगांव में उपस्थित रहकर जन-समस्याएं सुनेंगे।

# नवागंतुक बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला शिक्षा मित्र संघ



☒ एक एक शिक्षा मित्र की समस्या का होगा समाधान

चित्रकूट ब्यूरा। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ चित्रकूट जिला प्रतिनिधियों ने नवागंतुक बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव से मुलाकात की। षिक्षामित्रों ने बीएसए को राधा कृष्ण की मूर्ति भेंट की। साथ ही एक पौधा भेंट कर पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी ने शिक्षा मित्र प्रतिनिधि मण्डल की मुलाकाती वार्ता में कहा कि शिक्षा मित्रों की स्थानीय समस्या उनकी निजी समस्या है। जिसका समाधान प्रथम प्राथमिकता के साथ किया जायेगा, शिक्षा मित्र अपने परिवेश का सहयोग लेते हुये गुणवत्ता परक शिक्षा दें। इस पर संघ के अध्यक्ष इन्द्रशेन यादव ने कहा कि एक–एक शिक्षा मित्र की समस्या का समाधान प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। सभी शिक्षा मित्र समय से स्कूल जाकर बेहतर शिक्षण कार्य करें। जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जाए। वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक पर्यावरण चिन्तक सर्वेश यादव ने कहा कि अब मानदेय के लिए महीनो इंतजार नही करना पड़ेगा।

बजट आने के बाद पांच दिन के अन्दर मानदेय सम्बन्धित खाते में आ जायेगा। उसके लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पटल बाबुओ को निर्देशित किया है।

संघ कोषाध्यक्ष नन्द किशोर दीक्षित ने कहा कि नवागंतुक बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ मिलकर संघ एक–एक शिक्षा मित्र की समस्या का समाधान कराने के लिए तैयार रहेगा। इस मौके पर जय सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, ललित गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# युवक ने लगाया मारपीट कर नकदी छीनने का आरोप

☒ दबंगों ने कई घंटों तक निर्वस्त्र करके युवक की लगाई पिटाई मरणासन्न अवस्था में छोड़ा।

☒ पीड़ित ने थाने में दी तहरीर। पुलिस वोली मारपीट की है घटना।



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। बिछवाथाना क्षेत्र के गांव करीमगंज निवासी एक युवक को चार लोग एक गाड़ी में शराब के नशे में बिठा ले गए साथ ही मैनपुरी के आस पास जाकर उसे काफी मारा–पीटा साथ ही उसके सारे कपड़े उतार दिए सारे शरीर पर चोटों के गंभीर निशान बने हुए हैं साथ ही वह मक्का बेचकर लाया 50 हजार नकदी भी ले गए मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी गई पुलिस मामले को सिर्फ मारपीट बता रही है। गांव करीमगंज निवासी ब्रह्मानंद पुत्र रामनरेश कश्यप ने सूचना देते हुए बताया कि पड़ोसी गांव अंजनी निवासी चार लोग अज्ञात की एक गाड़ी ठेका के समीप फस गई जिसे उसने अपने ट्रैक्टर से निकाला उसके बाद उन लोगों ने उसे उसी गाड़ी में बिठा लिया साथियों से मैनपुरी के आसपास कहीं ले गए उसके साथ जमकर मारपीट की साथ ही मक्का बेचकर लाया हुआ 50000 उसके जेव में थे वह भी लूट लिए साथ ही उसे निर्वस्त्र करके काफी कई घंटों तक मारते रहे बाद में कपड़े भी ले गए। पीड़ित ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दबंग लोग उसे मरणासन्न अवस्था में छोड़ गए जब उसे होश आया तो वह घर पहुंचा साथ ही घर पूरी बात बताई शरीर में गंभीर चोट आई है जगह–जगह चोटों के निशान काफी भरे हुए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई। थाना अध्यक्ष विदेश कुमार त्यागी ने बताया कि मामला मारपीट का है।

# बीमारी से तंग आकर विबाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी,एलाऊ थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतगंज में लंबे समय से बीमार चल रही विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटना शुक्रवार सुबह की है। ग्राम अजीतगंज निवासी 35 वर्षीय आरती पत्नी सुधीर श्रीवास्तव लंबे समय से बीमार चल रही थी। उसका उपचार आगरा चल रहा था। बीमारी से तंग आकर शुक्रवार को उसने छत पर बने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक वह नीचे नहीं आई तो परिजन ऊपर छत पर बने कमरे में पहुंचे। जहां शव देखते ही परिजन चीख पुकार करने लगे। घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। थाना प्रभारी सुनील कुमार का कहना है कि घटना की कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकार बंधुओं ने पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का सदेश

☒ भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने मनाया 23वां स्थापना दिवस

चित्रकूट ब्यूरो। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का 23वां स्थापना दिवस जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पत्रकारों ने संगोष्ठी कर पौध रोपण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार याज्ञिक मौजूद रहे।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का 23वां स्थापना दिवस पत्रकारों ने गुरुवार को धूमधाम से मनाया। इस दौरान पहाड़ी स्थित कार्यालय में संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार याज्ञिक ने कहा कि पत्रकारों के मान सम्मान की लड़ाई में संगठन आगे रहा है। देश के कई प्रदेशों में संगठन पत्रकार हितों के लिए सघर्षरत है। जिले के पत्रकारों की समस्याओं के निदान का हर संभव प्रयास होगा। तत्पश्चात पत्रकारों ने पालेश्वर नाथ प्रांगण में नीम, बरगद, चितवन, आंवला के पौधे रोपित किए। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलित होगा। ग्लोबल वार्मिंग में कमी आएगी। कहा कि पौधा लगाने के बाद संरक्षण बेहद जरूरी है। संरक्षण के अभाव में पौधे सूख जाते हैं। जिससे पौधरोपण का



कोई सार्थक परिणाम नहीं मिल पाता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ लगाकर संरक्षण अवश्य करना चाहिए। इसके बाद महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डा. भगवान प्रसाद उपाध्याय का 65वां जन्मदिन मनाया गया। पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। इस दौरान जिलाध्यक्ष शिवमूरत द्विवेदी, वंशीलाल साहू, रमेश रैकवार, रूपचंद पांडेय, वरिष्ठ समाजसेवी रामबाबू शुक्ला सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# पोलटिकल तितली

लेखिका–सुनीता कुमारी

बिहार

कुछ दिनों पहले एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान मेंरी मुलाकात एक महिला कार्यकर्ता से हुई,

बातचीत के क्रम में उसने अपना नाम गीता सिंह बताया.

मैंने गीता सिंह का नाम सुना था, पर आज मुलाकात पहली बार हो रही थी।

देखने में साधारण नैन नक्श की थी परंतु सधे हुए मेकअप में सुंदर लग रही थी।मेचिंग साड़ी ब्लाउज और मेचिंग चूड़ी बिंदी में सुंदर लग रही थी। अपने आप को संवारने में उसने कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

बात करने का अंदाज भी निराला था। चेहरे पर मुस्कान बिखेरते हुए ,वातावरण में संगीत खोल रही थी, ऐसा लग रहा था जैसे सभी लोग उसकी तरफ आकर्षित हो रहे हैं। सभी लोग नजरें चुराकर उसे ही देखे जा रहे थे।

मेरे एक सहकर्मी में मुझसे उसका परिचय करवाया हमारी बातचीत शुरुआती दौर में हुई। हमने दूसरे को अपना परिचय दिया। उसे जैसे ही पता चला कि, मैं मीडिया से हूं उसने मेरी तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया। मुझे गीता सिंह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, अतः मैंने भी उसकी ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया और टेलीफोन एक नंबर का आदान प्रदान कर अपने अपने रास्ते चलते बने.

टेलीफोन पर मेरी और गीता जी की एक दो बार बातचीत हुई .उसकी बातों से लगा कि वह एक पढ़ी लिखी संभ्रांत लड़की है, और वह राजनीति में अपना करियर बनाना चाहती है, इस कारण वह छोटे–छोटे चुनाव सभाओं का हिस्सा बनती है।इस क्षेत्र के नेताओं के साथ उसका उठना बैठना भी था , और वह भी एमएलए के टिकट के लिए प्रयास कर रही।

मुझे अच्छा लगा कि चलो एक जागरूक महिला है जो राजनीति में आना चाहती हूं, वरना हमारी देश की राजनीति में महिलाएं आना नहीं चाहते, क्योंकि हमारे देश की राजनीति में महिलाओं को हीन दृष्टि से देखा जाता है। स्त्री और पुरुष का अंतर अगर किसी भी क्षेत्र में सबसे अधिक है तो वह राजनीति ही है।राजनीति में पुरुष नेताओं का वर्चस्व इतना अधिक है कि महिलाएं इस क्षेत्र में अपना मुकाम बना ही नहीं पा रही हूं.

राजनीति में औरतों की भागीदारी काफी कम है और 33ः आरक्षण की बात होती तो है मगर यह कानूनी रूप नहीं ले पा रही हैं.

मुझे अच्छा लगा कि गीता जी राजनीति में हाथ–पांव मार रही हैं। अपना भाग्य आजमा रही है।

यह किसी महिला के लिए यह आसान नहीं है. कहने को तो हमारे देश में जनतंत्र है और देश का कोई भी व्यक्ति चुनाव लड़कर राजनीति का हिस्सा बन सकता है, परंतु राजनीति में आना आसान नही है,क्योंकि कोई एक व्यक्ति जब सफल नेता बनता है तो वह अपना पूरा जीवन राजनीति में लगा देता है।उस नेता के नीचे काम करने वाले कार्यकर्ता चाहे जितना भी मेहनत कर ले परंतु वह उस नेता का स्थान नहीं पाते. उसके परिवार वाले जरूर राजनीति में आ जाते है।

श्एम एल एश् या, श्एम पीश्दो तीन बार तो जरूर एम एल ए या, एम पी तो बन जाते हैं.इस बीच हाथ पांव मारने वाले लोग नेताओ के मोहरे बने होते है

एवं राजनीति में आने के लिए नेताओं की चापलूसी करते रहते है। जनतंत्र की इस व्यवस्था में ज्यादा से ज्यादा लोग जो शासन व्यवस्था का हिस्सा बनना चाहते है, उन्हे तब मौका मिलता जब किसी चुनावी उम्मीद्वार को एक बार ही चुनाव में प्रत्याशी बनने का मौका मिलता.

राजनीति की इस विपरीत परिस्थिति में एक पुरुष का राजनीति में आना ही इतना मुश्किल है तो एक महिला के लिए और भी मुश्किल हो जाता है राजनीति का सफर तय करना ।टिकटो की खरीद बिक्री,ने राजनीति का सफर और मुश्किल बना दिया है जिसकी पहुंच बहुत दूर तक है वह लोग ही पार्टी का टिकट हासिल कर पाते हैं.

ऐसी स्थिति में गीता जी का राजनीति में आने का सपना मुझे थोड़ा मुश्किल लग रहा था।

जो महिलाएं राजनीति में हैं, वह निश्चित ही किसी न किसी राजनीतिक परिवार से होती हैं. इन्ही कारणों से आसानी से एमएलए या एमपी का टिकट मिल जाता है परंतु एक अन्य महिला की राजनीति में आना बहुत मुश्किल है. बिना राजनीतिक बैकग्राउंड के राजनीति मुश्किलहै। खैर गीता जी के लिए मेरी शुभ कामनाएं थी।

चुकि मैं मिडिया से था.पत्रकार के तौर पर मुझे पूरे भारत के विविध राज्यों के लोग जानता थे। मैं कई पत्र–पत्रिकाओं हमारे द्वारा भेजी खबरें समय समय पर आती रहती थी फिर चाहे वो प्रिंट मीडिया हो या फिर इलेक्ट्रिक मिडिया न्यूज चौनल हो में कहीं न्यूज चौनल में सिधे और कहीं न्यूज चौनल में पर्दे के पिछले रहते में भी अपनी सेवाएं देता था। गीता जी को जैसे ही मेरी पूरी सच्चाई पता चली उसने मुझसे टेलिफोनिक कांटेक्ट बढ़ाना चाहा.

राजनीति में अपने प्रचार प्रसार के लिए मीडिया से अच्छा माध्यम और क्या हो सकता है.इसमें भी प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दोनों का साथ हो तो सोने पर सुहागा हो जाता है.गीता जी को मुझ में उम्मीद नजर आई.

मैं भी पत्रकार था यूं ही बिना जाने परखे किसी के आलेख या कोई न्यूज मीडिया में नहीं डाल सकता था, क्योंकि मेरी विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है एवं खुद के रेपुटेशन पर भी असर पड़ता है. इसलिए हम मीडियाकर्मियों को भी फूंक–फूंक कर कदम रखना पड़ता है ताकि वास्तविक और सही चीजें मीडिया में दिखाई जाए.

गीता जी के बार–बार रिक्वेस्ट करने पर मैंने उनके बारे में पता लगाया और एक दिन मैंने उसे अपने ऑफिस में बुलाया.

गीता सिंह जी मेरे ऑफिस आते के साथ थोड़ा गर्म लहजे से कहा आप मेरी न्यूज

क्यों नहीं प्रकाशित कर रहे हैं, बतौर मैं रुपया देने के लिए भी तैयार हूं?

मैंने गीता जी से कहा कि, आपकी खबरें मैं किस आधार पर समाचार पत्र में प्रकाशित करवाऊ.

क्या आप एक समाजसेविका, एमएलए ,एमपी या फिर कोई साहित्य व्यक्तित्व है या फिर कला जगत से आप जुड़ी हुई हैं ?आप बताइए मुझे कि, मैं किस आधार पर आपकी खबरें मीडिया में प्रकाशित करवाऊ?

मेरे एक साथ इतने सवाल की बौछार पर गीता जी

तिलमिला उठी.

उसने कहा कि हां मैं समाजसेविका हूँ, क्षेत्र में होने वाले सभी सामाजिक कार्यक्रम में जाती हूँ, एमएलए, एमपी के साथ मेरा उठना बैठना है. शहर के बड़े बड़े अधिकारियों से भी मेरी जान पहचान है.

मैंने गीता जी से कहा कुछ दिनों पहले आप उसी अधिकारियों में से एक अधिकारी के साथ एक सप्ताह पहले दिल्ली गई थी.

गीता जी चौक उठी ,मुझसे ऐसे सवालों की बिल्कुल भी उम्मीद उसे नही थी.

उसने अवाक आवाज में मुझसे कहा आपको कैसे पता? ये तो मेरे और गुप्ता जी का निजी

मामला है?

मैंने कहा गीता जी, आपके और गुप्ता जी के निजी मामला को गुप्ता जी ने निजी क्यों नही रखा? गुप्ता जी मेरे जान पहचान वाले हैं और मैंने जब आपके बारे में उससे पूछा तो उसने सारी सच्चाई आपकी बता दी

.इनफैक्ट यह तक बता दिया कि आप जिनके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहती है वह भी आपकी सारी सच्चाई जानता है कि, कब और कहां और किसके किसके.. .साथ रहती हैं?

गीता जी तिलमिला उठी, मुझसे कहने लगी ,ये सारी बातें आपको कैसे पता है?

मैंने कहा कि आप अपना राजनीतिक कैरियर बनाने के लिए जिन लोगों की चापलूसी करती हैं ,वही सारे लोग आपका इस्तेमाल कर रहे हैं ?

आपको लग रहा है जैसे हो आपके भविष्य को संवार देंगे परंतु, वही लोग आपके भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं? यकीन न हो तो मैं बात करवाउ उनसे?

जिस गुप्ता जी और जिस बॉयफ्रेंड के साथ आप लिव इन रिलेशनशिप में रह रही हैं, मैं उन दोनों को जानता हूँ,

फोन लगाता हूं, तब आपको आपकी असलियत पता चलेगी .

मैंने गुप्ता जी को फोन मिलाया और गीता जी को चुप रहने को कहा,

रिंग जाते ही गुप्ता जी ने फोन उठाया मेरा हाल समाचार पूछा. जरूरी बातों के बाद मैंने गुप्ता जी से कहा –कल गीता जी आई थी मुझसे मिलने,

गीता आई थी, वाह यार में तो उसे पटा ही चुका हूँ, तू भी पटा ले और ऐश कर,

नही वो प्रचार के लिए आई थी,

सुन भाई गीता से राजनीति नही होनेवाली बैसाखी के सहारे राजनीति नही होती?

गुप्ता जी की बात सुनकर गीता जी की आंखों में आंसू आ गए.

मैंने फोन रखने के बाद गीता जी से कहा आप राजनीति करने तो निकली मगर दिशा भटक गयी?

इंसान को अपने बल बुते पर ही, कोई भी सफर तय करनी चाहिए. अभी भी आपके पास समय है, पीछे लौट जाइए.सामाजिक कार्य कीजिये. लोगो से जान पहचान बनाइए, आपका भविष्य बन जाएगा. एम एल ए से एम पी तक का सफर तय कर लेंगी.

मैं आपका साथ दुगां.

ष्इंसान को ऐसा लगता है कि चोरी छुपे वह जो कुछ भी कर रहा है, वह किसी को पता नहीं चलेगा, परंतु ऐसा नहीं है, पूरी दुनिया को सारी बात पता चल जाती है,बस गलत करने वाले को पता नहीं होता है.कि उसकी सच्चाई पूरी दुनिया जान रही होती है बस करने वाले को पता नही है.ष

अब भी समय है आपके पास अब वक्त है, आपकी सच्चाई गिने चुने लोग जानते अब भी संभल जाइए.

मैं कोशिश करुगी

मैं आपके बायफ्रेण्ड अमित को भी फोन लगाऊ?

गीता ने कहा नहीय आपने बता दिया और मेरी आंख खुल गई मै आज तक यही समझ रही थी कि,मेरे साथ रह रहा मेरा बायफ्रेण्ड सीधा सादा है। बेवकुफ भी थी। राजनीति में कुछ मुकाम हासिल हो जाएगा बाद में उससे शादी कर लुंगी और अपनी बाकी जिंदगी अच्छे से रहूंगी ।मगर आज आपके द्वारा पता चला कि, उसको मेरी सभी हरकतें पता है और मेरे साथ रंगरेलियां मनाता रहा और मेरे मोबाइल में और लेपटॉप मेरे गुप्त राज रख रहा था ।मै जिसे सीधा सादा भोलाभाला समझ रही थी मगर आज आपके द्वारा पता चला वो तो सबसे चतुर और चालाक निकला।

अब मैं जान गई दुसरे लोगो कि तरह वो भी मेरा इस्तेमाल कर रहा था ,और ऐस कर रहा था आज पता चला मैं सबसे बड़ी मुर्ख बनी हूं। वो इस लिए मैंने मेरे जीवन में सही लोगों कि, कदर नहीं की। अच्छे लोगों का उपयोग करती रही और उसके साथ खेलती रही और समय समय पर अच्छे लोगों जो मेरे लिए भी अच्छे थे औरो के लिए भी अच्छे थे ,उसके लिए शिकायत चुगली कर करके उसका नुकसान करती रही ।उसका ही महापाप लगा है ।और बिना कुछ कहे चली गयी.इस घटना के चंद रोज बाद मैं अपने काम से दिल्ली जा रहा था.ट्रेन में चढ़ते वक्त मैंने गुप्ता जी और गीता को सैकेंड क्लास ए सी में चढ़ते देखा।

# भारत की सर्वमान्य पत्रिका धर्मयुग में उप संपादक रहे अग्रणी साहित्यकार डा धर्मवीर भारती के संपादन काल में, उर्दू साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित श्री अभिलाष अवस्थी जी की 'लक्खा सिंह' पर समीक्षा

लक्खा सिंहः

युवा लेखक विक्रम सिंह का बहुचर्चित उपन्यास

लेखन की दुनिया में विक्रम सिंह एक जाना– पहचाना नाम है। अछूते विषयों का चुनाव और उस पर करीने से पात्र तथा घटनाओं का संयोजन विक्रम सिंह की लेखनशैली की विशेषता है। विक्रम सिंह का यह तीसरा उपन्यास है। इसके पहले विक्रम सिंह के दो उपन्यास ष्अपना खूनष् और ष् यारबाजष् प्रकाशित हो चुके हैं। इन दोनों उपन्यासों ने युवा लेखक विक्रम सिंह को एक नियमित लेखक के रुप में स्थापित कर दिया। खैर ,हम यहां बात करेंगे लक्खा सिंह उपन्यास की जो हाल ही में प्रलेक प्रकाशन से प्रकाशित हुआ है। उपन्यास की पृष्ठभूमि पश्चिम बंगाल का कोयलांचल और पंजाब का गांव है। उपन्यास पढ़कर यह महसूस किया जा सकता है कि लेखक पश्चिम बंगाल के कोयलांचल से जितना रूबरू है उतना ही पंजाब की पंजाबियत से भी परिचित है।

दो संस्कृतियों को एक ही उपन्यास में प्रस्तुत करते समय लेखक की उत्कृष्ट रचनाधर्मिता तब सामने आती है, जब वह आंचलिक पात्रों को आंचलिक भाषा में ही संवाद करते हुए प्रस्तुत करते हैं।

कथानक की परिधि में पात्रों को यूं करीने से रखना कि पाठक कथानक के केंद्र से ही अंत तक जुड़ा रहता है।

उपन्यास की शुरुआत कोलाचल से होती है वहां के मजदूरों की बात करते हैं। एक कोलियरी(कोयला खान) में फिटर के पद पर कार्यरत सरदार लक्खा सिंह के हवाले से कोयलांचल में सीसीएल, बीसीसीएल, एनसीएल,एसईसीएल या ईस्टर्न कोलफील्डस जैसे बैनर्स के तले जीवन बसर कर रहे साधारण लोगों की जिंदगी का लेखक ने बड़ा ही बेबाक और रोचक वर्णन किया है। लेखक ने एक मध्यम्वर्गीय पात्र रचा जिसका जीवन नीरस, निराश, प्रेमहीन है ! लक्खा सिंह एक दुबला पतला छह फुट लंबा , ई.सी. एल में मैकेनिकल फिटर है। कोलयरी में इस वजह से उसके साथी लंबू कह कर भी पुकारते हैं। ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के नौकरी उसे तमाम संघर्षों के बाद मिली है। लक्खा दलित जाति से है और पंजाब में अपने पांच भाई बहनों में वह सबसे छोटा था और घर परिवार के लोग चाहते थे कि वह पढ़– लिखकर बड़ा अफसर बने, क्योंकि पिता जटों के खेत में दिहाड़ी मजदूरी करते थे पिता सोचते थे कहीं बेटा भी जटों के खेत में काम न करता रह जाए। मगर लक्खा को लगा कि पिता के कंधे में ज्यादा बोझ है सो वो दसवीं की पढ़ाई के बाद पश्चिम बंगाल नौकरी ढूंढने आ गया। कई छुटपुट छोटी –मोटी कंपनियों में काम करते हुए उसे भी एक सरकारी नौकरी मिल गई। मेहनत के बल पर एक कामयाब मैकेनिकल फिटर बन गया। उसके मैकेनिकल काम की जानकारी की वजह से उसके साथी गुरु कह कर भी पुकारते हैं। नौकरी लेते वक्त भी लक्खा ने अपनी जाति छुपाई है अपनी जाति का उजागर नहीं किया लक्खा को डर था कि कहीं उसके बारे पता चल गया कि वो दलित है तो साहब बड़ी जाति के हो तो उन्हें नौकरी में नहीं रखेंगे। मगर अपनी काबिलियत और टेक्निकल नॉलेज की वजह से उसे नौकरी मिली। मगर सच तो यह था लक्खा हमेशा अपनी जाति छुपा कर रखा। मगर उसके एक मित्र तरसेम सिंह ने इस बात का खुलासा आखिर तक कर ही दिया कि लक्खा सिंह पिछड़ी जाति से आता है।

ईमानदार और अपनी कंपनी प्रति वफादार लक्खा सिंह की अपनी पत्नी से कभी नहीं बनी । मीतो अंतनयत साफ–सफाई पसंद महिला है और लक्खा की हर दिन मोबिल ग्रीस से सने कपड़े होने के वजह से वो परेशान रहती है और लक्खा सिंह के हर दिन कपड़े तो कपड़े कच्छे तक को भी वह इतना रगड़ कर, थापि से पीट–पीटकर धोती है कि कच्छे भी तीन महीने से ज्यादा नहीं चलते। मीतो दिन भर साफ–सफाई में व्यस्त रहती है यहां तक कि दहेज में मिले उसे मंझी और भी कई समान पसंद नहीं है जिसे वह घर से बाहर कर देना चाहती है मगर लक्खा की जिद के वजह से वह सामान भी घर में टिके हुए रहते हैं। जितना मीतो साफ सफाई पसंद महिला है उतना ही कॉलोनी में जगह जगह सूअर कुत्तों का गूं फैला हुआ है। दरअसल कॉलोनी के आस पास माझी बोरी जाति के लोग रहते हैं। वो सूअर पालन करते हैं। वही सूअर कॉलोनी की नालियों,कचरे के बड़े बड़े डस्टबिन में मुंह मारते रहते हैं। जहां तहां हगते रहते हैं। उपन्यासकार ने इस जाति के लोगों का भी खूब वर्णन किया। इन जाति का मुख्य पैसा कोयला चोरी करना। कैसे यह सब गुफाओं के अंदर गेतनी, सब्बल से कोयला तोड़कर चोरी करते हैं इसका खूब सुंदर वर्णन हुआ है। लक्खा और मीतो पति–पत्नी तो है पर दाम्पत्य की जो एक विशेषता होती हैं पति–पत्नी के बीच प्रेम ,समझ ,तालमेल पर इस दंपति में पूरे उपन्यास में दाम्पत्य जीवन को बेमेल और पूर्णतः नीरस ही जिया हैं, ताउम्र मीतो पति को नहीं समझ पायी ,न ही लक्खा मीतो के अनुरूप स्वयं को परिवर्तित कर पाया ! न ही मीतो को प्यार से अपने अनुरूप बदलने के लिये मजबूर कर पाया !

लक्खा अपने गांव में एक घर बनाने का सपना देखता है। उसे अपनी जी तोड़ मेहनत से पूरा भी कर लेता है। मगर गांव के घर में उसे अकेले ही जीवन जीना पड़ता है। मुख्य पात्र लक्खा और मीतो के अलावा हर एक पात्र के बिना उपन्यास अधुरा सा लगेगा जैसे दिलबाग, मद्रासन ,रामा राव ,शीला,चंदा ,मंजू ,तरसेम ,सायरा ,श्मशुद्दीन और भी पात्र जिन्हें आप उपन्यास पढ़ने पर आसपास महसूस करेंगे .

उपन्यास में कई सारे बिंदुओ पर नजर डाली गयी है जनसंख्या नियंत्रण, नसबंदी योजना 84 दंगा, इंदिरा गांधी की हत्या। सारी चीजों का लक्खा के जीवन पर क्या असर पड़ता है और लक्खा का क्या–क्या होता है यह सब जानने के लिए आपको उपन्यास पढ़ना पड़ेगा। लक्खा सिंह अपनी जिंदगी में क्या हासिल करता है और दूसरों को उसकी जिंदगी का लाइटहाउस कितनी रोशनी दिखाता है, इसका फैसला तो किताब पढ़ने के बाद पाठकगण ही करेंगे ।

विक्रम सिंह की लेखनशैली आम पाठक के इर्दगिर्द ही विचरण करती है।लेखक की भाषा इतनी सारगर्भित और प्रवाहयुक्त है कि उसे जो कहना है उसमें वह सफल रहता है।

प्रिंटिंग भी स्पष्ट है,और मूल्य भी यथोचित। प्रकाशक ने एक सफल पुस्तक देश के साहित्य जगत को दी है। कवर पेज में तड़कभड़क और चमकीले रंगों की जगह धीमे और लाइट रंगों का उपयोग वांछित था, ताकि आंचलिक जीवन का प्रभाव आ सके। प्रकाशक प्रलेक प्रकाशन और लेखक विक्रम सिंह को भूरि भूरि बधाई!

समीक्षाः अभिलाष अवस्थी

# संक्षिप्त समाचार

## पति-पत्नी के सुलह कराकर परिवार टूटने से बचाया

चित्रकूट ब्यूरो : पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रीता सिंह तथा उनकी टीम द्वारा पति–पत्नी के आपसी झगड़े को समाप्त कराकर दम्पति जोडे में सुलह कराते हुये शादी के अटूट बन्धन को टूटने से बचाया।

गौरतलब है कि अनीता पुत्री चन्द्रभान निवासी सपहा कोतवाली कर्वी ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की कि उसका पति गयाप्रसाद उसके साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट करता है एवं घर पर नही रहने देता है। इस पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना एवं टीम आरक्षी नीतू द्विवेदी व रीता यादव द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर, उनके पति से सम्पर्क करके उन्हें महिला थाना बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। जिसके बाद महिला के पति द्वारा भविष्य में अपनी पत्नी से लड़ाई झगड़ा न करने तथा पति के कर्तव्यों का पालन करने की बात कही।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव ने दी कानूनी जानकारी

**– चकजाफर माफी में लगाया गया जगारूकता शिविर**

चित्रकूट ब्यूरो : सदर तहसील क्षेत्र के चकजाफर माफी गांव में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की



पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने शिविर में उपस्थित लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के बारे में बताया।

पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने लोगों को बताया कि अनुसूचित जाति–जनजाति के सदस्य, मानव दुर्व्यवहार, स्त्री, बालक, दिव्यांग व्यक्ति, जातीय हिंसा, बाढ़ सूखा, भूकंप, विचाराधीन बंदी आदि विधिक सेवा के हकदार हैं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। उत्तर प्रदेश पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में भी जानकारी दी। प्री–लिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक विवादों के संबंध में बताया कि वैवाहिक प्रकृति के वादों में पति–पत्नी अथवा नजदीकी रिश्तेदार प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में दे सकते हैं। इसमें पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता कराने का प्रयत्न पीठ द्वारा किया जाएगा। साथ ही आगामी 13 अगस्त को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी बताया। इस मौके पर गिरिजाशरण तिवारी, चिरौंजी देवी, ग्राम प्रधान सुरेश, शिल्पा चौहान, गुड़िया आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक सर्म्बधितों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

चित्रकूट ब्यूरो : जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रसंव इकाइयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, वीएचएसएनडी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीजेरियन प्रसव, संयुक्त



जिला चिकित्सालय में टेलीमेडिसिन, कायाकल्प एवार्ड योजना, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन, आरसीएच पोर्टल पर बच्चों का पंजीयन सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के महिला कर्मचारियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि गर्भवती महिलाओं की देखभाल करने तथा प्रसव की स्थिति मे अस्पताल लाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि इसकी समीक्षा करते हैं। कहा कि गर्भवती महिलाओं को सरकार द्वारा दिया जाने वाला दलिया, चना आदि की भी समीक्षा करते रहे कि दया जा रहा है या नहीं। इसकी फिडिंग भी ई–कवच पोर्टल पर कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि क्रेशर मालिकों के यहां काम करने वाले एवं पत्थर की मूर्ति बनाने वाले का भी टेस्ट एवं इलाज कराए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो : पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को 20 क्वार्टर देशी शराब तथा 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

जिसमें थाना बरगढ़ के उपनिरीक्षक सिद्धनाथ राय तथा उनके हमराही आरक्षी शिवम मिश्रा द्वारा ग्राम जमीरा कॉलोनी से आरोपी कृष्णप्रताप सिंह पुत्र पुरूषोत्तम सिंह निवासी जमीरा कॉलोनी मजरा कोनिया थाना बरगढ़ को 20 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा थाना मऊ के उपनिरक्षक विजय बहादुर यादव तथा उनकी टीम आरक्षी मोहम्मद अदनान व इंदल कुमार द्वारा आरोपी मुकेश पुत्र शिवशरण निवासी ग्राम महुलिया मजरा इटवा थाना रैपुरा को 15 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।



# संक्षिप्त समाचार

## योग से स्वस्थ रहता है तन-मन कृष्णा पब्लिक स्कूल अरनोटा में आयुष विभाग ने आयोजित किया योग शिविर

पिनाहट। आयुष विभाग राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, करकोली के तत्वावधान में पिनाहट विकास खंड के कृष्णा पब्लिक स्कूल अरनोटा में योग शिविर आयोजित किया गया। योग शिविर में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने विभिन्न योग आसन कराते हुए उनके लाभ भी बताये। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, आगरा डॉ जेके राना के निर्देशन में क्षेत्र में निशुल्क योग जागरूकता शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन निशुल्क शिविरों के माध्यम से योग को जन जन तक पहुँचाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रहे।

## गढवार में बना राजपूत चौक, लगाई महाराणा प्रताप और पृथ्वीराज चौहान की पेंटिंग

जैतपुर। शुक्रवार को जैतपुर के गढवार गांव में राजपूत चौक की स्थापना की गई। चौक पर पत्थर पर उकेरी गई महाराणा प्रताप और पृथ्वीराज चौहान की पेंटिंग लगाई गई। इस अवसर पर डीएस राजावत और भूपेन्द्र सिंह भदौरिया ने दोनों महापुरुषों के त्याग और बलिदान से वर्तमान पीढी को अवगत कराया। चौक के आसपास पौध रोपण का संकल्प लिया गया। इस दौरान प्रशांत भदौरिया, राकेश भदौरिया, योगेश, रिशभ, अभिषेक, अनुज तोमर, आर्दश ठाकुर, आदेश भदौरिया, मनीष, विकास, शिवम, अमन, गौरव, हरीश, कुशल, ध्रुव सिंह, लोकेन्द्र, सचिन, ओम राजावत आदि मौजूद रहे।

## रास्ते के विवाद में झगडे, मारपीट, 6 गिरफ्तार

जैतपुर । शुक्रवार को चित्राहाट के पुरा दसू गांव में घूरा डालकर रास्ता रोके जाने को लेकर रामचन्द्र और चरन सिंह पक्ष में विवाद हो गया। विवाद इतना बढा कि हाथापाई और मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।जबकि बाह के पुरा भजनलाल गांव में घरेलू विवाद में सगे भाई शिवचरन और भूरी सिंह भिड गये। विक्रमपुर में बन रही सडक में अपनी जमीन जाने के विरोध पर हंगामा करने वाले रामकरन तथा पडोसी से झगडा करने वाले विक्रमपुर के ही निकेश को पुलिस ने पकड लिया। पुलिस ने सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# नगला पदी जागेश्वर नगर बाबा के मंदिर से बनी पुलिया पूर्ण क्षतिग्रस्त



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। मोहल्ला जागेश्वर नगर नगला पदी मलिन बस्ती श्री चौरंगा बाबा मंदिर से जमुना दास एडवोकेट के घर की ओर बनी पुलिया तक नाला पूर्ण तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है नाला 5 फुट गहरा है जिसमें प्रतिदिन कोई ना कोई वाहन चालक, पशु, बच्चे, बुजुर्ग इत्यादि गिरते रहते हैं बरसात के दिनों में स्थिति बहुत ही खराब हो जाती है नाले का पानी, गंदगी ,पॉलिथीन, सिल्ट इत्यादि नाले से सटी सड़क पर आ जाते हैं जिससे सड़क पर से निकलना मुश्किल हो जाता है क्षेत्र में संक्रामक रोग फैल जाते हैं महामारी की स्थिति पैदा हो जाती है सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो जाती है छोटे–बड़े वाहनों का निकलना बंद हो जाता है पैदल चलने वाले राहगीर गंदे पानी में से पेंट, पजामा अपने कपड़े ऊपर करके मुंह पर कपड़ा रखकर निकलते रहते हैं क्षेत्रीय लोगों से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया की समस्या सात आठ महीने पुरानी हो चुकी है क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधियों को नाले के क्षतिग्रस्त होने के संबंध में बता दिया गया है सभासद, क्षेत्रीय विधायक, नगर प्रमुख और नगर आयुक्त महोदय को लिखित रूप से भी अवगत करा दिया गया है श्रीमान नगर आयुक्त महोदय ने 21 जून 2022 को नाला बनाने के लिए क्षेत्रीय जनता को आश्वस्त भी किया था लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही क्षतिग्रस्त नाले को बनवाने के संबंध में अधिकारियों द्वारा अमल में नहीं लाई गई है सभी उच्च अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि अप्रिय घटना के घटित होने का इंतजार कर रहे हैं तभी शायद काम शुरू हो पाएगा क्षेत्रीय जनता अब जन आंदोलन करने पर उतारू हो रही है जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। उपस्थित क्षेत्रीय लोगों में डॉ. विशेष राजपूत एडवोकेट, नीरज शर्मा एडवोकेट, राघव दास एडवोकेट, रामकुमार वर्मा एडवोकेट, ओम प्रकाश जैन, दिनेश कश्यप, शेखर वर्मा , पोप सिंह ठेकेदार ,जमुना दास एडवोकेट, सौरभ राजपूत, रतन राजपूत, गीतम सिंह राजपूत, मोहन सिंह महंत, जागेश्वर महादेव मंदिर ,सुभाष बाबू एड., कंचन सिंह सुनील अग्रवाल, डॉ.वी.पी.सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# नियम विरुद्ध आवेदन करने पर होगी कानूनी कार्यवाही

चित्रकूट ब्यूरो। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं में हितलाभ प्राप्ति हेतु आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन (बोर्ड के वेब पोर्टल अथवा जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से) करने का प्रस्ताव सचिव बोर्ड द्वारा प्रस्तुत किया गया है। जिस पर यह निर्णय लिया गया है कि कार्यालय में किसी भी योजना/श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण का आवेदन न प्राप्त किया जाए। उन्होंने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत जनपद चित्रकूट के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से कहा है कि बोर्ड द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं एवं श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से आवेदन ऑनलाइन कराएं और ऑनलाइन कराते समय अपने सही अभिलेख संलग्न करें अगर आपके द्वारा किसी अभिलेख गलत तथ्यों को छीपाकर हित लाभ प्राप्त करते हैं, तो जांचोपरांत अगर अभिलेख फर्जी/गलत पाए जाते हैं, तो आपके विरुद्ध नियमानुसार सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी एवं अगर कोई श्रमिक फर्जी तरीके से लाभ प्राप्त कर लेता है। तो संपूर्ण लाभ की वापसी भू–राजस्व की भांति ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

# सिंधी समाज का चालिहा पर्व 16 जुलाई से



• 40 दिन तक उपवास करके होगी विशेष पूर्जा–अर्चना, समापन के बाद 25 अगस्त को निकलेगी शोभायात्रा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। सिंधी समाज का चालिहा पर्व कल से शुरू हो रहा है। यह पर्व 40 दिन तक चलेगा। समाज के लोग उपवास रख प्रतिदिन अपने अराध्य वरुणावतार भगवान झूलेलाल की पूजा–अर्चना करेंगे। विशेष तौर पर सिंधी समाज की महिलाएं यह पर्व मनाती हैं। कहते हैं कि अखंड भारत के सिंध प्रांत में मुसलमान शासक मिरख शाह ने हिंदू सिंधी भाषी लोगों को मुसलमान बनाने के लिए बलात धर्म परिवर्तन का कुचक्र चलाया था। उस से दुखी होकर के सिंधी समाज के लोग सिंधु नदी के किनारे पर एकत्रित हुए और वरुण अवतार भगवान झूलेलाल की प्रार्थना की। भगवान की अराधना करके धर्म परिवर्तन से बचाने की मनौती मांगी। सिंधी समाज के लोग 40 दिन तक भूखे प्यासे सिंधु नदी के किनारे पर भगवान वरुण अवतार की पूजा में लीन रहे। कहते हैं कि 40वें दिन आकाशवाणी हुई, भगवान ने कहा कि मैं शीघ्र ही नसरपुर में रतन राय के घर अवतार लेकर आप लोगों की रक्षा करूंगा। सिंधु नदी के जल पर मछली पर सवार एक सिद्ध पुरुष के दर्शन हुए। इसी उपलक्ष में सिंधी समाज के महिला पुरुष एकत्रित होकर के भगवान वरुण अवतार का यशोगान करते हैं और उनके जन्म लेने की खुशी मनाई जाती है। 40 दिन के बाद इस पर्व का समापन होता है। यह पर्व सिंधी समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। भगवान झूलेलाल ने राजा मिरख शाह को बिना किसी रक्त पात के धर्म परिवर्तन न कराने की सलाह दी और उनके उपदेशों से प्रभावित होकर के मिरख शाह भगवान झूलेलाल के शिष्य बन गए। इस प्रकार हिंदू सिंधियों पर होने वाले अत्याचारों का अंत हो गया। वरुण अवतार भगवान झूलेलाल ने धर्मनिरपेक्षता और परस्पर मिलकर रहने का उपदेश किया। इसी वजह से 40 दिन की पूजा की जाती है, जिसे चालिहा कहते हैं। सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुख्य सरक्षक जीवत राम करीरा, गागन दास रामानी, अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी, घनश्यामदास देवनानी, परमानंद आतवानी, मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी, पं. बंटी महाराज, अमृत माखीजा, राजकुमार गुरनानी, किशोर बुधरानी, जय प्रकाश केशवानी, राज कोठारी, जेठा पुरषनानी, नरेश देवनानी, जय किशन बुधरानी, जयराम दास होतचंदानी आदि ने सभी से चालिहा उत्सव प्रेम और सद्भाव से मनाने की अपील की है।

# ग्रामीणों की शिकायत पर लोकपाल ने की जांच



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता कैसरगंज। ग्रामीणों की शिकायत पर मनरेगा लोकपाल ने विकास कार्यो का भौतिक सत्यापन कर विकास कार्यो को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। जरवल विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रेवढा निवासी श्याम विहारी पुत्र रामफेर ने विकास कार्यो में अनियमितता की शिकायत मनरेगा लोकपाल उमेश तिवारी से की।शिकायती पत्र मिलने के बाद मनरेगा लोकपाल ने विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री तिवारी ने गांव मे चल रही विकास परियोजनाओं की हकीकत देखी और लाभार्थियों से मिलकर उनका वयान दर्ज किया है।निरीक्षण के दौरान मनरेगा से कराए गए तालाब निर्माण और नाला खुदाई की हकीकत देखी।निरीक्षण के बाद श्री तिवारी खण्ड विकास अधिकारी जरवल सत्य प्रकाश पाण्डेय से मिलकर ग्राम पंचायत से सम्बंधित अभिलेख मांगे है,जिससे विकास कार्यों में अनियमितता की विन्दुवार जांच की जा सके।

इस संबंध में मनरेगा लेखपाल उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि ग्रामीण की शिकायत पर स्थलीय निरीक्षण किया गया है। स्थलीय निरीक्षण में कमियां मिली हैं।बीडीओ जरवल को पत्र भेजकर अभिलेखा तलब किए गए है।अभिलेखों से मिलान के बाद जांच रिपोर्ट कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी को भेज दी जाएगी।

# परिवार नियोजन को लेकर काउंसलिंग पर दें जोर : सीएमओ



• परिवार नियोजन में निजी अस्पतालों की भागीदारी के लिए हुई हौसला साझेदारी समन्वय बैठक

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। शहरी परिवार कल्याण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से शुक्रवार को निजी क्षेत्र के संबद्ध सेवा प्रदाताओं के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय एक होटल में बैठक की। बैठक में निजी अस्पतालों के परिवार नियोजन कार्यक्रम में बेहतर तरीके से सहयोग को लेकर चर्चा हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बैठक में शामिल निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों से कहा कि वह समय से एचएमआईएस( हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) पोर्टल पर डाटा अपलोड करें। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में परिवार नियोजन को लेकर दी जा रही सेवाओं का डाटा हमें नहीं मिल पा रहा है। सीएमओ ने डाटा की महत्ता को समझाते हुए कहा कि सही डाटा मिलने से कल्याणकारी योजनाओं को बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं के बारे में पहले लाभार्थी की काउंसलिंग करना बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि हमें इस पर जोर देना चाहिए, जिससे कि लाभार्थी उस साधन के फायदे को समझ सकें । यदि किसी को दुष्प्रभाव सामने आते हैं तो लाभार्थी तुरंत आकर बताएं और उनकी समस्या का समाधान किया जाए। इससे परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा और वह इसका फायदा ले पाएंगे। बैठक में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. पीके शर्मा ने बताया कि जनपद में अभी 65 अस्पताल हमारे साथ जुड़कर काम कर रहे हैं। सभी अस्पतालों को समय से रिपोर्टिंग करनी चाहिए। बैठक में फॉग्सी( फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटीज ऑफ इंडिया) की सेक्रेटरी डॉ. सरिता त्यागी, डीपीएम कुलदीप भारद्वाज, अर्बन कोऑर्डिनेटर आकाश गौतम, पीएसआई इंडिया के लखनऊ से आए विवेक द्विवेदी, अनिल द्विवेदी, उमर फारुक, जिला समन्वयक पंकज, यूपीटीएसयू से आलोक, डिविजन हेल्थ कंसल्टेंट मो. इरशाद, सिफ्पसा से अकाउंटेंट राजेश मौजूद रहे।

# फैशनेबल खादी और ब्रज की मधुबनी शैली होगी फैशन शो का मुख्य आकर्षण

• कार्यशाला में युवा डिजायनर को विशेषज्ञों ने दिए टिप्स



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। ग्लैम फैशन ब्यूटी एकेडमी और रावी इवेंट्स की ओर से आयोजित किए जा रहे ग्लैम फैशन फीड 2022 में ब्रज की मधुबनी शैली और खादी एक नए अवतार में दर्शको को दिखेगी। फ्यूजन, रिफ्लेक्शन और मधुबनी मुरली थीम के समावेश के साथ 18 जुलाई को होटल क्लार्क शिराज में होने जा रहे मेघा फैशन शो की ग्लैम फैशन फीड वीक के दौरान इसकी तैयारियां जोरो से शुरू हो चुकी हैं। कारगिल तिराहा स्थित ग्लैम ब्यूटी एकेडमी पर शुक्रवार को विद्यार्थियों की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत शुभारम्भ संस्थान की निदेशक शिवानी मिश्रा, आशीष मिश्रा, रावी इवेंट्स के प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, रोहित बरेजा और फैशन कोरियोग्राफर कपिल आहूजा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रवजलन कर किया। रावी इवेंट्स के प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल ने कहा कि आगरा में उद्योगों पर तरह–तरह की बंदिशों के चलते गारमेन्ट्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बन सकता है क्योंकि यह गैर–प्रदूषणकारी उद्योग है, जिसके माध्यम से कमजोर वर्ग की महिलाओं को भी रोजगार मिल सकता है। पहली बार फैशन शो के माध्यम से ऐसा सयुक्त मंच बनाया जा रहा है जहाँ पर फैशन डिजायनर, गारमेंट मेनिफेचर्स, रिटेलर और खरीदार सब एक साथ नजर आएंगे।

# रास्ते के विवाद में दबंगों ने परिवार के साथ की लाठी-डंडों से मारपीट तीन घायल

पिनाहट। थाना बासौनी क्षेत्र के अंतर्गत गांव उमरैठापुरा में रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने घर पर आकर लाठी–डंडों से परिवार के साथ जमकर मारपीट कर दी। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार बलिराम निवासी उमरैठापुरा थाना बासौनी का आरोप है कि गुरुवार की शाम को गांव में रास्ते को लेकर दबंग पड़ोसियों से कहासुनी विवाद हो गया। जिस पर दबंग लोग गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उक्त दबंग लोग लाठी–डंडे लेकर घर पर आ गए और मेरे परिवारीजनों राम श्री, सुखदेवी, लाखन सिंह पर लाठी–डंडों से हमला बोलकर जमकर मारपीट की ईट पत्थरों का जमकर पथराव किया। जिसमें राम श्री ,सुखदेवी, लाखन सिंह उक्त लोगों के हमले से गंभीर घायल हो गए। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा सभी का इलाज किया गया है। वही पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# संस्थापक रहे स्वव- श्रीमानिक चंद वीर की मूर्ती पर किया माल्यार्पण : महापौर



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। रोटरी क्लब ऑफ आगरा नार्थ द्वारा आज दिनांक–15 जुलाई 2022 को श्रीमानिक चंद वीर इंटर कॉलेज जगदीशपुरा लोहामंडी आगरा में एक कक्षा का फर्नीचर 20–बेंच, 20–टेबल, पंखे , व स्मार्ट बोर्ड भेंट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आगरा के महापौर श्री नवीन जैन थे। क्लब द्वारा अपने सेवा कार्यों एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए अपने सदस्यों के सहयोग से विभिन्न सेवा कार्य करता है। इसी श्रेणी में इस विद्यालय में क्लब के सदस्य रोटेरियन राकेश भास्कर के विशेष सहयोग से आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पूर्व में भी इस विद्यालय को महिलाओं के लिए भी शौचालय का निर्माण कराया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कॉलेज के संस्थापक रहे स्वव– श्रीमानिक चंद वीर की मूर्ती पर माल्यार्पण किया , तथा शिक्षा के क्षेत्र में किये गए उल्लेखनीय कार्यों के लिये याद किया। नवीन जैन ने अपने उद्बोधन में रोटरी के कार्यों की प्रशंसा की तथा उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समाजसेवी संस्थाओं द्वारा कार्य किया जाना देश की प्रगति के लिये बहुत बड़ा योगदान है उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व तक समाज के लोग शिक्षा के लिये भूमि दान करते थे तथा विद्यालय भवन बनाते थे। इस परंपरा को बनाये रखने का उन्होंने आवाहन किया। कॉलेज के अध्यक्ष श्री राजपाल सिंह निमेष द्वारा कॉलेज के बारे में तथा स्वव श्री मानिक चंद वीर के बारे में अवगत कराया कि मानिकचंद द्वारा किन परिस्तिथियों तथा कठिन परिश्रम से इस विद्यालय को खड़ा करने में अपना योगदान दिया। क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सुमन भास्कर द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। क्लब सचिव श्री अमन प्रीत सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण और शाल पहनाकर स्वागत किया गया विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री–छीतर सिंह जी द्वारा विद्यालय की भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री नरेश सूद द्वारा रोटरी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किये गये कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन श्री राज राजन बंसल द्वारा किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार रावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद श्री महेश कुमार सवेदी पूर्व पार्षद श्री राज बहादुर सिंह कॉलेज के प्रधानाचार्य तारा चंद , एन. के.पांडेय , डॉ–पी. एन.अस्थाना , वी.सी.चौरसिया , पवन गर्ग , एस. पी.कपूर ,नरेन्द्र बंसल , एस सी. जैन, डॉ दीपा रावत , श्रीमती रुचिका जैन , श्रीमती निशा बंसल , सनी अरोरा , दीपक वर्मा , आशीष बैजल आदि उपस्तिथ थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या परिजनों में मचा कोहराम

पिनाहट। थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत गांव सूखाताल में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, परिजनों ने युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार कौशलेंद्र पुत्र मनोहर उम्र करीब 17 वर्ष निवासी सूखाताल थाना बसई अरेला गुरुवार की शाम को अपने घर के पास पशुओं में बाड़े में पशुओं को भूसा डालने गया था। बताया गया है उसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में बाड़े में लगी टीन सेड में युवक ने फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। जिसे देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया । फांसी के फंदे से उतारकर परिजन गंभीर अवस्था में युवक को सीएचसी केंद्र पिनाहट लेकर पहुंचे। जहां से चिकित्सकों ने युवक को हायर सेंटर आगरा के लिए रेफर कर दिया। यहां रास्ते में युवक की मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं मृतक युवक के आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

# खेरागढ़ और कागारौल के दो पुलिसकर्मियों पर भ्रष्टाचार के आरोप मे मुकदमा दर्ज

• एसएसपी ने दो प्लस कर्मियों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा



एसएसपी आगरा ने भ्रष्ट पुलिस कर्मियों कीशिकायत के लिए जनपद आगरा वासियों के लिए एक टोल फ्री नंबर जारी किया है जिसमें आगरा वासी भ्रष्ट पुलिस कर्मियों की शिकायत करेंगे उनका नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा । एसएसपी आगरा के दिशा निर्देशानुसार पुलिस महकमें में मची खलबली ।

दै. अयोध्या टाइम संवाददाता धर्मेंद्र पचौरी आगरा। खेरागढ़ क्षेत्र तहसील के थाना खेरागढ़ और कागरोल में तैनात पुलिसकर्मियों पर गिट्टी और डस्ट से भरे वाहनों को निकलवाने के लिए महीने द्वारिका हुआ था सौदा वादी अशोक कुमार की शिकायत पर एसएसपी आगरा ने दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।खाना खेराड में तैनात हेड कांस्टेबल सतपाल और थाना कागरोल में तैनात कांस्टेबल अरुण कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा एसएसपी के आदेश अनुसार दर्ज कराया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसपी आगरा को लिखित तौर पर अशोक कुमार नाम के व्यक्ति ने शिकायत की है कि खाना खाकर और और खैरागढ़ से अवैध गिट्टी के वाहनों को निकलवाने के लिए अवैध रूप से महीनेदारी वसूली जाती है एसएसपी आगरा ने अशोक कुमार की शिकायत की जांच कराई तो आरोप सही पाए गए एसएसपी आगरा ने अशोक कुमार की शिकायत पर खैरागढ़ थाने में तैनात कांस्टेबल सतपाल और कागरोल थाने में तैनात कांस्टेबल अरुण कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज करा दिया है इससे पूर्व भी

# पेड टूटकर बिजली की लाइन पर गिरा, जाम हुआ कचौरा रोड, जैतपुर में नाला निर्माण की खुदाई के दौरान उखडा पेड, मची भगदड और चीख पुकार, बडा हादसा टला

जैतपुर । जैतपुर में कचौरा रोड पर सडक के दोनों ओर लोकनिर्माण विभाग नाले का निर्माण करा रहा है। शुक्रवार को सुबह 10 बजे निर्माण के लिए नाले की जेसीबी से खोदाई हो रही थी। खोदाई के दौरान पेड उखड कर बिजली की एचटी और एलटी लाइन के ऊपर गिरा। जिससे लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पेड सडक पर गिरने से आवागमन अवरुद्ध हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अचानक गिरे पेड से मौके पर भगदड और चीख पुकार मच गयी। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। सडक से पेड के मलवे को हटवाकर आधा घण्टे बाद यातायात शुरू हो सका। जैतपुर के एसडीओ मनमोहन शर्मा ने बताया कि मौके पर टीम भेजी थी। क्षतिग्रस्त लाइन को दुरुस्त कराया जा रहा है।

# आईजी ने दिया आश्वासन दोषियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

• अस्पताल में पीपीपी मॉडल के तहत, यूवा मोर्चा की समस्याओं को लेकर होगा निवारण



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। के छावनी क्षेत्र में परिषद के अस्पताल में पीपीपी मॉडल के तहत सभी कर्मचारी काम कर रहे थे उन कर्मचारियों की 7 महीने से कंपनी द्वारा तनख्वा नहीं दी गई और सभी कर्मचारियों से सिक्योरिटी मनी भी जमा कराई गई थी तनख्वाह ना मिलने से वह सभी कर्मचारी बहुत ही परेशान और निराश थे। आगरा के संगठन निर्माण प्रभारी अरुण कांत कठेरिया के निर्देश पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शैंकी शर्मा अपनी युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश सचिव रानू निगम की टीम के साथ अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों से मिले और उनकी बात सुनी, बात सुनकर कर्मचारियों को लेकर के आईजी जोन आगरा के पास पहुंचे उनके सामने कर्मचारियों की समस्या रखी आईजी साहब ने बड़े धैर्य पूर्वक सारी बात सुनी और समझी. युवा मोर्चा के साथियों के आग्रह पर उन्होंने कंपनी के खिलाफ जिसने ठेके पर कर्मचारियों को रखा था. एफ आई आर कराने के दिशा निर्देश दिए जिससे उन कर्मचारियों को जल्द से जल्द तनख्वाह, सिक्योरिटी मनी मिल सके. पूरी युवा मोर्चा की टीम के साथियों को बहुत–बहुत साधुवाद आप लोग इसी तरह से जनता की आवाज बुलंद कर जनता के हक में हमेशा खड़े रहें। जिससे संगठन के साथ एक होकर मौजूद थे।

# कस्बा खेरागढ़ में सिंघल यूज प्लास्टिक के खिलाफ उपजिलाधिकारी ने चलाया अभियान



दै, अयोध्या टाइम संवाददाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। मे पॉलिथीन को लेकरकस्बा खेरागढ़ में सिंघल यूज प्लास्टिक के खिलाफ प्रतिबंध करने के आदेशों को मध्येनजर रखते हुए कस्बा खेरागढ़ में उप जिला अधिकारी अनुज नेहरा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया इसके तहत दुकानदारों एवं फल सब्जी विक्रेताओं के यहां छापे मारकर सिंगल यूज पॉलिथीन जप्त कराई गई कस्बे के सभी दुकानदारों में सिंगल यूज पॉलिथीन को लेकर काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है बगैर पॉलिथीन के कोई भी कुछ भी सामान लेने के लिए तैयार नहीं होता है उप जिला अधिकारी अनुज नेहरा के द्वारा सिंगल यूज पॉलिथीन अभियान के दौरान पहला व्यापारी जिससे सम्मन शुल्क 2000 वसूला गया तो व्यापारी की पत्नी घर से बाहर निकल कर आई और उपजिलाधिकारी के सामने आई और कहने लगी कि मैडम जी क्यों ना पॉलिथीन फैक्ट्रियों को बंद करा दिया जाए जब पॉलिथीन फैक्ट्री आ ही बंद हो जाएंगी तो व्यापारी वर्ग के जितने भी लोग हैं वह स्वयं ही पॉलिथीन रखना बंद कर देंगे तो इस पर एसडीएम अनुज नेहरा दंग रह गई ना कोई जवाब देते हुए आगे बढ़ गई दुकानदारों के यहां बड़ी सघनता के साथ पॉलिथीन की तलाश की गई और उसे जप्त कर लिया गया अधिकारियों ने किराना की दुकान, हार्डवेयर, कपड़े की दुकानों समेत सभी व्यापारिक संस्थानों से पॉलिथीन जप्त की गई और चालान भी किए गए पूरे प्रदेश में पॉलिथीन के थैलों, प्लास्टिक के ग्लास, का इस्तेमाल करने पर रोक है अगर कोई प्रतिष्ठानों या सामाजिक कार्यों में इसका इस्तेमाल करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही प्रावधान में लाई जाएगी उप जिलाधिकारी ने सिंगल यूज पॉलिथीन अभियान को लेकर कस्बे में 10 व्यापारियों के 15000 के चालान किए और शमन शुल्क वसूला गया ।

## महसी व तजवापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर नहीं लगी बूस्टर डोज



दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। सरकार ने कोरोना की बूस्टर डोज लगाने के लिए शुक्रवार से कमर कसी है। लेकिन तहसील महसी क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र रमपुरवा व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महसी में कोरोना की बूस्टर डोज लगाने की शुरुआत ही नहीं हुई। शुक्रवार को 12:15 बजे दोपहर जब हिंदुस्तान की टीम वैक्सीनेशन की पड़ताल के लिए पहुंची तो वैक्सीनेशन के लिए रजिस्ट्रेशन रूम में बनाए गए बूथ पर सन्नाटा पसरा हुआ था, अंदर एक आदमी ओपीडी का पर्चा बनाने के लिए बैठा था। उसने 17 नंबर कमरे में वैक्सिनेशन की जानकारी लेने की बात कही। 17 नंबर कक्ष में खुद वार्ड ब्वॉय बताने वाले कुलदीप ने पहले कहा कि जब 10 लोग हो जायेंगे तभी वैक्सीन लगेगी, वैक्सिनेशन ड्यूटी में लगे डाक्टर सुनील मौर्य के नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि वैक्सीन नहीं है बाद में लगेगी फोन पर अस्पताल में होने की बात कही लेकिन कहीं दिखे नहीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महसी के चिकित्साधिकारी डाक्टर प्रवीण कुमार पाण्डे ने कहा कि आज वैक्सीन नहीं मिली है जब जिले से वैक्सीन मिलेगी तब से वैक्सीनेशन किया जाएगा। इस तरह बूस्टर डोज लगाने का पहला दिन सिर्फ कागजों पर शुरु हुआ।

## योगीराज में हो रही तत्काल सुनवाई



• ग्रामीणों की शिकायत पर लोकपाल ने की जांच

दैनिक अयोध्या टाइम्स कैसरगंज बहराइच। कैसरगंज ग्रामीणों की शिकायत पर मनरेगा लोकपाल ने विकास कार्यो का भौतिक सत्यापन कर विकास कार्यो को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। जरवल विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रेवढा निवासी श्याम विहारी पुत्र रामफेर ने विकास कार्यो में अनियमितता की शिकायत मनरेगा लोकपाल उमेश तिवारी से की।शिकायती पत्र मिलने के बाद मनरेगा लोकपाल ने विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान श्री तिवारी ने गांव मे चल रही विकास परियोजनाओं की हकीकत देखी और लाभार्थियों से मिलकर उनका वयान दर्ज किया है।निरीक्षण के दौरान मनरेगा से कराए गए तालाब निर्माण और नाला खुदाई की हकीकत देखी।निरीक्षण के बाद श्री तिवारी खण्ड विकास अधिकारी जरवल सत्य प्रकाश पाण्डेय से मिलकर ग्राम पंचायत से सम्बंधित अभिलेख मांगे है,जिससे विकास कार्यों में अनियमितता की विन्दुवार जांच की जा सके। इस संबंध में मनरेगा लेखपाल उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि ग्रामीण की शिकायत पर स्थलीय निरीक्षण किया गया है। स्थलीय निरीक्षण में कमियां मिली हैं।बीडीओ जरवल को पत्र भेजकर अभिलेख तलब किए गए है।अभिलेखों से मिलान के बाद जांच रिपोर्ट कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी को भेज दी जाएगी।

## भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ जनपद बहराइच इकाई ने किया रक्तदान



दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। बहराइच भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के जन्म दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महा संघ के राष्ट्रीय संयोजक गौरव शर्मा,विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बहराइच एवं डॉ परितोष मिश्रा,राजेंद्र वर्मा जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष जसवीर सिंह,बृजेंद्र पांडे,जगदीश केशरी,शिवम सिंह, शिवम कुमार पवन वर्मा,नानपारा पयागपुर से आए हुए समस्त प्रधान गण अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे मुख्य अतिथि रहे राष्ट्रीय संयोजक गौरव शर्मा ने रक्तदान के महत्व को बताते हुए कहा कि आज विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली परंतु और रक्त का विकल्प आज भी कोई नहीं है हम सभी को रक्त दान करना अति आवश्यक है जिससे किसी भी असहाय व्यक्ति की मदद हो सके,हर वर्ष की भांति संपूर्ण भारत में इस वर्ष भी रक्तदान का आयोजन किया है आज के दिन पूरे देश में भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के हजारों कार्यकर्ताओं ने रक्त दान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्त दान किया।

## पत्नी ने पति पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप



• दहेज में बैटरी ऑटो रिक्सा की मांग की

दैनिक अयोध्या टाइम्स रूपईडीहा बहराइच। आज कल हमारे समाज मे दहेज को लेकर नवविवाहिताओं को प्रताड़ित करना उनको शारीरिक दुःख देना यहाँ तक कि हत्या कर देने जैसा घृणित कार्य भी हो रहा है परंतु न तो समाज और न ही कानून इस परंपरा को लेकर ठोस कदम उठा रही है।इनका परिणाम ये हुआ है कि आये दिन शादी होते ही घर मे चौन शुकून छिन जाता है और शादी के कुछ दिन बाद ही घरों में मार पीट शुरू हो जाता है। लड़कियां प्रताड़ना का शिकार होने लगती है। ताजा मामला रुपईडीहा थाना क्षेत्र के चकिया चौराहे पर रहने वाले गरीब दर्जी का है। जिसने बड़ी परेशानियों को उठाते हुए मुश्किल से अपनी 20 वर्षीय पुत्री का विवाह इसी वर्ष मार्च में चिकनिया पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम उचवा बालापुर के गुड्डू नामक युवक से किया था। शादी में उसके परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान–दहेज भी दिया था,लेकिन उसके ससुराल पक्ष के लोग उस दान–दहेज से खुश नहीं हुए और बार बार नई नई मांग को लेकर बहु को प्रताड़ित करने लगे।इतना ही नही शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया जाने लगा। युवती के पिता शकील ने बताया कि दहेज के साथ मैंने 50 हजार रुपया नगद भी दिया था। उसके बाद भी अब मेरा दामाद बैटरी ऑटो रिक्शा की मांग करने लगा और मेरी बेटी को बेरहमी से मारने पीटने लगा। जैसे ही इस बार मुझे मारपीट की सूचना मिली मैं अपनी बेटी को घर बुला लाया और मजबूरी में थाने पर प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले से अवगत कराया है। इस संबंध में जब रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।


## नहाते समय नदी में डूबा युवक



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी मिहिंपुरवा, बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बोझिया के समीप स्थित नदी में उर्रा बाजार निवासी 23 वर्षीय चांद सिद्दीकी जो शुक्रवार की दोपहर नहाने के लिए नदी गया हुआ था। जहां पर नहाते समय नहर के 22 नंबर पुल के पास पैर जाने के कारण गहरे पानी में डूब गया घटना की सूचना नहर विभाग के कर्मचारियों को दी गई। लेकिन काफी देर तक कोई भी कर्मचारी या गोताखोर मौके पर नहीं पहुंचा है।

## भारत नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा जवानों के बावजूद हो रही है बड़े अस्तर पर खाद व अन्य सामानों की तस्करी

दैनिक अयोध्या टाइम्स रूपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर दोनों देशों की फोर्स आमने सामने क्षेत्रों में तैनात हैं। फिर भी अंतरराष्ट्रीय तस्करों का गिरोह सक्रिय है। भारत सरकार द्वारा रसायनिक खादों के आयात पर प्रतिबंधित लगा रखा है। फिर भी रुपईडीहा थाना क्षेत्र में सूर्य ढलते ही विभिन्न प्रकार की तस्करी शुरू हो जाती है। इस समय सबसे अधिक तस्करी खाद की हो रही है। सूत्र बताते हैं कि रुपईडीहा के राम लीला चौराहा के पास एक बीज की दुकान पर दर्जनों बैटरी रिक्शा से नानपारा, बाबागंज,भवनियापुर से खाद लाकर डम्प की जा रही है। इसी प्रकार रुपईडीहा कस्बे के माल गोदाम रोड स्थित एक तस्कर के आवास के समीप पिकअप के द्वारा विभिन्न स्थानों से खाद लायी जा रही है। बताया जा रहा है कि भारत सरकार द्वारा खाद के आयात पर प्रतिबंधित लगा रखा है। फिर भी भारतीय रसायनिक खाद की तस्करी एक नामी गिरामी तस्कर पुलिस व एसएसबी के सहयोग से नेपाल सीमा के पकडँडियो के रास्ते व घसियारन मोहल्ले से हजारों बोरी खाद प्रतिदिन नेपाल के लिए तस्करों के माध्यम भेजी जा रही है। सीमा पर तैनात दोनों देशों के सुरक्षा कर्मी मौन धारण किए हुए है। कैरिंग करने वाला एक तस्कर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी दोनों ने तस्करो से लाइन ले रखा है इसलिए हम लोग तस्करी का कार्य धड़लले से कर रहे हैं। क्योंकि महावारी लेने वाला अधिकारी हमारे माल का सीजर नहीं बना सकता है। गौरतलब है कि इन दिनों भारी मात्रा में नेपाल से भारत व भारत नेपाल के लिए खाद के अलावा अन्य विभिन्न प्रकार के सामानों जबरदस्त तस्करी की जा रही है। इस संबंध में अभी कुछ दिन पूर्व नेपालगंज के व्यापारियों ने नेपाल के सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक बैठक कर तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए एक गोष्ठी का भी आयोजन किया था। इस अवसर पर व्यापारियों ने कहा था कि यदि भारतीय क्षेत्र से विभिन्न प्रकार की तस्करी बंद नहीं हुई तो सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए नेपालगंज उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष अब्दुल वाहिद मंसूरी ने चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर जल्द तस्करी नहीं रुकी तो एक सप्ताह के बाद हम लोग सड़कों पर टेंट लगाकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि आंफ रुट से अवैध रूप से नेपालगंज सामान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि



नेपालगंज का व्यापारी बैंक का ब्याज नहीं दे पा रहे हैं। इस अवसर पर उप नगर पालिका के मेयर प्रशांत बिष्ट ने कहा कि मैंने भी देखा है कि भारतीय क्षेत्रों से भारी संख्या में तस्करी का सामान लाया जा रहा है। नेपाली कस्टम एक सप्ताह के बाद भी दोनों देशों की सीमाओं पर तस्करी पर कोई लगाम नहीं लग पा रहा है क्योंकि भारतीय सीमाा से जबरदस्त तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। तस्करी को रोकने के लिए तैनात दोनों देशों के सुरक्षा जवान बौने साबित हो रहे है।

## बस के टिकट खरीद के नाम पर एक रिक्शा चालक नेपाली यात्रियों से 2 हजार रुपए लेकर फरार

दैनिक अयोध्या टाइम्स रूपईडीहा बहराइच। स्थानीय रोडवेज बस स्टेशन पर एक रिक्शा चालक ने बस के टिकट खरीद के नाम पर नेपाली यात्रियों से लिए गए 2 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। यह घटना कल शाम की बतायी जा रही है।

इस संबंध में पीड़ित नेपाली रामबहादुर निवासी सुर्खेत नेपाल ने यहां पत्रकारों को बताया कि हमारा व हमारे दो अन्य साथियों का टिकट दिलाने और सीट पर बैठाने के लिए एक रिक्शा चालक ने 2 हजार रुपये ले लिया और कहा कि तुम बस की सीट पर बैठो हम तुम लोगों का टिकट लेकर आ रहे हैं। जब वह तीनों नेपाली यात्री बस की सीट पर बैठ गये। काफी देर तक जब वह रिक्शा चालक नहीं लौटा तो हम बस से नीचे उतरकर उक्त रिक्शा चालक के पास गए और उससे टिकट मांगा तो वह रिक्शा चालक वहां से भाग निकला। नेपाली यात्रियों ने जब उसका पीछा किया तो सड़क पर टहल रहे अवैध मनी एक्सचेंजर करने वाले लोगों ने नेपालियों को डांट कर भगा दिया और कहा कि जाओ वह रिक्शा चालक भाग गया है। अब उसे नहीं पाओगे। नेपाली यात्री बैरंग हाथ बस स्टेशन की तरफ लौट गए। जिसकी सूचना रुपईडीहा थाने के हल्का नंबर तीन के सिपाहीयों को दी गयी। घटना की सूचना पाते ही सिपाही रोडवेज बस स्टेशन के अंदर पहुंच गए। लेकिन पीड़ित नेपाली यात्रियों को न ही पैसा मिला न रिक्शा चालक का कोई पता ठिकाना मिला।

इस तरह रोडवेज बस स्टेशन के अंदर हमेशा अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। कोई अवैध मनी एक्सचेंज का काम सड़क पर कर रहा है तो कोई रोडवेज बस स्टेशन के परिसर में कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि प्रतिदिन सुबह 4:00 बजे से ही यह गोरखधंधा मनी एक्सचेंज के नाम पर शुरू हो जाता है। रोडवेज बस स्टेशन के अंदर अवैध रूप से सामान बेचने वाले भी नेपालियों से लूट खसोट कर रहे हैं। इन सब कार्यों पर रोडवेज बस स्टेशन इंचार्ज रिक्शा चालकों पर अंकुश लगाने का प्रयास करते हैं। लेकिन परिसर के अंदर अवैध मनी एक्सचेंज का कार्य करने वाले अवैध मनी एक्सचेंज रोड पर किसी भी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं है। जिससे आए दिन नेपाली नागरिक व यात्रियों के साथ इसी घटनाएं घट रही हैं। स्थानीय पुलिस ऐसी घटनाओं को संज्ञान में नहीं लेती।

## चौधरी बाबूलाल ने किया विकासकार्यो का शुभारम्भ

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। फतेहपुर सीकरी के गांव नगला सावंता में आज फतेहपुर सीकरी के लोकप्रिय विधायक चौधरी बाबूलाल और विधायक प्रतिनिधि चौधरी रामेश्वर ने विभिन्न विकासकार्यो का शुभारंभ किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सियाराम और ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला और साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना है कि चौधरी बाबूलाल ने अपने पिछले कार्यकाल में भी क्षेत्र के सभी गांवों में विकासकार्य कराये हैं।

इसलिए क्षेत्रीय लोग चौधरी बाबूलाल को लोकप्रिय विधायक कहते है आपको बता दें कि अछनेरा के गांव नगला सावंता में आज फतेहपुर सीकरी के लोकप्रिय विधायक चौधरी बाबूलाल और विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर रामेश्वर चौधरी ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीपप्रज्वलन करते हुए माल्यार्पण किया।

मंच के दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए अमृत सरोवर,बच्चों के खेलने के मैदान,और गांव में अंत्येष्टिस्थल का फीता काटकर एवम नारियल तोड़कर उद्घाटन किया।

गांव के प्रधान ने बताया कि हमारे गांव में आज तक कोई भी मोच्छधाम नहीं था गांव के लोग मृत्यु के बाद मृतक का अंतिम संस्कार करने के लिए खेतों का प्रयोग किया करते थे लेकिन आज ग्राम प्रधान डाक्टर सियाराम ने ग्रामीणों की मांग पर एक अच्छी पहल की है।

साथ ही गांव में युवाओं के लिए खलने का मैदान, और गांव को सुंदर रूप देने के लिए एक अमृत सरोवर का भी उद्घाटन किया गया है इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक चौधरी बाबूलाल जिंदाबाद के नारे लगाए चौधरी बाबूलाल का कहना है कि जिस गांव का प्रधान गांव के विकासकार्यो की पहल करता है उस गांव का विकास निश्चित रूप से होता है आज गांव के प्रधान डाक्टर सियाराम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर अच्छे विकासकार्यो की शुरुआत की है।

इसी प्रकार सभी ग्राम प्रधानों का



कर्तव्य बनता है कि वो भी अपने गांव की जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए अपने क्षेत्रीय विधायक को समस्याओं से अवगत कराते हुए विकासकार्यो को कराये इस दौरान–डॉ रामेश्वर चौधरी, पृथ्वीराज सिसोदिया,बन्टू सरपंच, डा सियाराम पिप्पल, उदयसिंह, सिसोदिया, पुष्पेंद्र सिंह, रामनरेश इन्दोलिया, रुस्तम सिसोदिया, रामुपिप्पल,वेदप्रकाश,वीरेंद्र सिंह और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## पंचायती कुंए को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, आधा दर्जन घायल

• पंचायती कुंए की भूमि को लेकर हुए खूनी संघर्ष में पहुंची पुलिस के साथ भी की गई हाथापाई

संवाद सूत्र

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पंचायती कुंए पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर दो पक्ष आमने–सामने भिड गए। जमकर लाठी–डंडों व तेजधारदार हथियारों का भी प्रयोग हुआ। इस संघर्ष में दो महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया गया है।देर रात्रि क्षेत्र के गाँव अकबरपुर सुन्हेटी में सरकारी कुंए पर अवैध कब्जे को लेकर कुछ पंचायती लोग एकत्रित हुए थे और कब्जाधारी को समझा बुझाकर मामले को शांत कर दिया गया था। आरोप है कि जब सभी पंचायती लोग अपने–अपने घर पहुँच गए तो इसी दौरान एक राय होकर तासिम उर्फ भूरा पुत्र हकीमू अपने साथ लगभग दो दर्जन लोगों को लेकर इरशाद पुत्र अलीहसन के घर में घुस आया और आते ही गाली–गलौच और मारपीट शुरू कर दी,जिसमें अफ्फान व असजद पुत्र इरशाद, आलीशान पुत्र नूरा, संसार पुत्र इकबाल, सायरा पुत्री अलीहसन व बरीरा पुत्री इमरान गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि दबंगों ने मौके पर पड़ी ईंटों से पथराव भी किया,जिसमें कई लोग घायल हो गए। मौके पर



पहुंची पुलिस के साथ भी हाथापाई की गई है। पीड़ित इरशाद ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कपरवान ने बताया कि इरशाद पक्ष की ओर से तहरीर आई है। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया गया। कोतवाली पुलिस घटना की सूचना मिलने के बाद गांव में पहुँची थी।

## बेरोजगारी की चुनौतियों को दूर करने के उद्देश्य से मनाया गया विश्व युवा कौशल दिवस

• 15 जुलाई को मनाया जाता है विश्व युवा कौशल दिवस

चित्रकूट ब्यूरो। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित एवं कौशल विकास तथा उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित जन शिक्षण संस्थान चित्रकूट द्वारा लर्निंग एंड स्किल फॉर लाइफ, वर्क एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट की थीम पर विश्व युवा कौशल दिवस का कार्यक्रम रघुवीर कन्या इण्टर कालेज पहाड़ी में मनाया गया।

संस्थान के सहायक परियोजना समन्वयक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी देश की युवा शक्ति को ही देश का सुनहरा भविष्य माना जाता है। जिस देश के युवा कमजोर स्थिति में होंगे, उस देश का भविष्य भी खतरे में आ जाता है। युवा बेरोजगार हैं तथा इसके अलावा बहुत से युवा ऐसे भी हैं जो रोजगार के सीमित अवसरों को देखते हुए अपने हुनर के अनुसार से नौकरी प्राप्त नहीं कर पाते और कम पैसे में भी काम करने को मजबूर होते हैं।

इन स्थितियों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आवश्यक कौशल बढ़ाने के महत्व को समझने में मदद करना है ताकि उन्हें रोजगार, कार्य और उद्यमिता के विषय मे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिल सके। युवाओं के बीच बेरोजगारी की चुनौतियों को कम करने और उन्हें कौशल विकास के प्रति जागरुक करने के लिए विश्व युवा कौशल दिवस की शुरुआत की गई।

विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना अग्रहरि ने कहा कि यह दिवस विश्व भर के युवाओं को रोजगार, उद्यमशील बनाने के लिए आवश्यक स्किल से युक्त करने के लिए समर्पित है। हम सभी को ज्ञान के साथ साथ कौशल विकास पर भी फोकस करना होगा तभी हम भविष्य की चुनौतियों से लड़ने में सक्षम होंगे। संस्थान के सहायक



परियोजना समन्वयक प्रभाकर मिश्र द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा संचालन बनारसी लाल पांडेय द्वारा किया गया। उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न रोजगार परख कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षित होकर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर स्वावलंबी बनने पर जोर दिया।

## पहले दिन 400 से अधिक लोगों ने ली बूस्टर डोज

• अब 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को भी मुफ्त एहतियाती डोज
• अर्बन पीएचसी कर्वी में भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया अभियान का शुभारम्भ

चित्रकूट ब्यूरो। जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को कोविड टीके का एहतियाती डोज मुफ्त लगाने के अभियान की शुक्रवार को शुरुआत हो गयी। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्वी में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने खुद बूस्टर डोज लगवाकर अभियान का शुभारम्भ किया। पहले दिन 400 से अधिक लोगों ने बूस्टर डोज ली। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद में 75 दिन यानि 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाकर सभी टीकाकरण केन्द्रों पर एहतियाती डोज लगाई जाएगी। केंद्र सरकार ने कोविड टीके की दूसरी डोज लगने के छह माह बाद ही एहतियाती डोज लगाए जाने का निर्णय लिया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोग जिन्हें कोविशील्ड एवं कोवैक्सीन की दूसरी डोज लग चुकी है। दूसरी डोज लगे छह माह हो चुके हैं, वह एहतियाती डोज अवश्य ले लें। 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को शुक्रवार को जिला अस्पताल, रामनगर, मऊ, मानिकपुर, शिवरामपुर, पहाडी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्वी सहित आठ स्थानों पर एहतियाती डोज लगाई गयी। उन्होने बताया कि शनिवार से सभी टीकाकरण स्थलों पर बूस्टर डोज लगाई जाएगी। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि टीकाकरण और कोविड प्रोटोकाल पालन से ही कोरोना संक्रमण से खुद के साथ परिवार और समुदाय को सुरक्षित किया जा सकता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मुकेश पहाडी ने बताया कि जिले में करीब 6.9 लाख लोगों को एहतियाती डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मानिकपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्वी, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहाडी, शिवरामपुर, रामनगर, मऊ के लिए अलग–अलग लक्ष्य दिया गया है। पहले दिन 400 से अधिक लोगों ने बूस्टर डोज लगवाई। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक उसे पूर्ण करते हुए सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि एहतियाती डोज लगवाने के लिए दूसरी डोज लगने का प्रमाण पत्र साथ में लाएं ताकि इस प्रमाण पत्र से पहले कौन सी वैक्सीन लगी है और कितने महीने पहले लगी है, आसानी से पता चल जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके पहले 60 वर्ष के ऊपर वालों को ही निःशुल्क एहतियाती डोज लग रही थी। अब 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को निःशुल्क एहतियाती डोज दी जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## मगरमच्छ देख लोगों के दिल दहल गए क्योंकि बड़े से जानवर को उनकी आंखों के सामने पानी में खींच ले गया मगरमच्छ



दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवपुर बहराइच। नानपारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड शिवपुर के ग्राम पंचायत बेला मकन आपको बताते चलें कि ग्रामसभा बेला मकन के पीछे एक नाला है जिसमें तीन मगरमच्छ रहते हैं। अभी जल्द ही दो कुत्ता और एक नीलगाय का शिकार किया। जिससे लोगों में दहशत हो गई है गांव वालों का खेत नाले के उस पार में है धान की रोपाई चल रही है बड़ी घटना होने की संभावना है ग्राम पंचायत बेला मकन में मगरमच्छ का खौफ छाया हुआ है। ग्रामवासी का कहना है धान की रोपाई का समय है नाले के उस पार हमारे खेत अब हम क्या करें और कैसे अपने खेतों में जाएं। वन विभाग के अधिकारियों से फोन पर संपर्क किया गया है लेकिन कोई आश्वासन नहीं मिल रहा मगरमच्छ का डर और खौफ लोगों में भरा हुआ कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसका जिम्मेदार कौन होगा आखिरकार सरकारी अधिकारी क्यों नहीं ले रहे हैं मामले को संज्ञान में क्यों नहीं ग्राम वासियों को कोई आश्वासन दिया जा रहा है। वीडियो के माध्यम से आपको अवगत कराया जा रहा है कि मगरमच्छ की ताकत वह खुद ही दर्शा रहा है। नीलगाय को खींच सकता है ग्राम सभा के दो कुत्तों को भी खींच कर ले गया है और खा लिया तो इस के खौफ से ग्राम वासियों को कब मिलेगी छुटकारा।

## एत्मादपुर के ग्राम चावली में ब्रहद चौपाल का आयोजन संपन्न

• चौपाल में ही कोविद टीकाकरण स्टॉल पर 182 लोगों ने टीकाकरण का लाभ प्राप्त किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। एत्मादपुर के ग्राम चावली में माननीय सांसद एस पी सिंह बघेल तथा माननीय विधायक एत्मादपुर डॉव धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में एक ब्रहद चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल में विभिन्न विभागों जैसे पंचायती राज विभाग ,स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग,शिक्षा विभाग , कृषि विभाग आदि ने अपने अपने प्रोग्रामो से संबंधित स्टॉल लगाए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड योजना, विशेष कोविड टीकाकरण अभियान , संचारी रोग नियंत्रण अभियान, परिवार नियोजन परामर्श केंद्र आदि योजनाओं के स्टाल लगाए गए।इस अवसर



पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा डॉ अरूण कुमार श्रीवास्तव ,अपर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉव वर्मन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुलदीप भारद्वाज, चिकित्सा अधीक्षक एत्मादपुर डॉव संजीव वर्मा , ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अंशुल पचौरी आदि ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं को लोगों को समझाने तथा इसका लाभ दिलवाने में विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव ने आज से प्रारंभ हो रहे कोविद 19 टीकाकरण की प्रिकॉशन डोज के बारे में लोगों को विस्तार से बताया इसका परिणाम यह हुआ की चौपाल में ही कोविद टीकाकरण स्टॉल पर 182 लोगों ने टीकाकरण का लाभ प्राप्त किया।

## डान्स का सरताज के ऑडिशन में उमड़ी भीड़

• फाइनल में जज होंगे पुनीत जे पाठक

दै. अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आरोही संस्था के डान्स का सरताज के ऑडिशन बुलट अड्डा कैफे में सम्पन्न हुए।आरोही संस्था के निर्देशक अमित तिवारी ने बताया की संस्था के ऑडिशन में आज लगभग 50 से 60 बच्चों में भाग लिया।आज के ऑडिशन में चुने गए प्रतिभागियों को आगरा के अशोक कोसमोस मॉल ,संजय पैलेस में 23/24 जुलाई को सेमीफाइनल में बुलाया जाएगा।सेमीफाइनल में चुने गए प्रतिभागियों को फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा।फाइनल 30 जुलाई को सुरसदन के प्रेक्षागृह में होगा, जिसमें सिलेब्रिटी के रूप में मुंबई से आएँगे पुनीत जे पाठक फेम डान्स प्लस, ऐ.बी.सी.डी फिल्म। ऑडिशन में जज्मेंट की भूमिका मैं रुपिंदर कौर।कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए है, पूजा मेहरा, सोनू मेहरा,मोहित गोला,अभिषेक दीक्षित,साहिल आदि।



## विधायक चौधरी बाबूलाल ने सुनी जनता की फरियाद

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा। तहसील किरावली के भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर आज लोकप्रिय विधायक चौधरी बाबूलाल ने क्षेत्रीय जनता की समस्या



सुनी साथ ही सभी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को जनता की समस्याओं का निस्तारण करने के सख्त निर्देश जारी किए चौधरीबाबूलाल का कहना है कि मेरे जनता दरबार में सभी फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण किया जाता है जब क्षेत्रीय जनता ने मुझे अपना अमूल्य वोट देकर सम्मानित किया है तो मैं भी क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी कार्यशैली पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा इस दौरान आज भारतीय जनता पार्टी विधायक कार्यालय पर कुल 18 समस्याऐ दर्ज हुई चौधरी बाबूलाल ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को जल्द ही जनता की समस्या के निस्तारण के निदेश जारी किए हैं इस दौरान–डॉ रामेश्वर चौधरी,आर के इन्दोलिया,मण्डलअध्यक्ष पवन इन्दोलिया रवि प्रधानरायभा और अन्य लोग मौजूद रहे।

## टप्पे बाजो ने ट्रक चालक को लगाया चूना

दैनिक अयोध्या टाइम्स–संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। शुक्रवार को कन्नौज से गुजरात जा रहे ट्रक के चालक को महुअर के पास टप्पेबाज बेहोश कर ठग कर ले गए। सूचना पर मय पुलिस के पहुंचे चौकी इंचार्ज किरावली और ट्रक ड्राइवर रक्षा राम निबासी बेनिडिहवा थाना भिनगा जिला श्रावस्ती को पुलिस चौकी किरावली पर ले आयी। ड्राइवर में पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार को अपने ट्रक एचआर67बी 4455 में छिबरामऊ कन्नौज से मूंगफली लादकर गुजराज जा रहा था शाम के समय अपनी गाड़ी महुअर पल के पास खड़ी करके गाड़ी में ही सो रहा था। तभी तीन व्यक्ति उसकी गाड़ी के पास आये और जादू सा दिखाने लगे और मंत्र पड़ने लगे। और उस पर कुछ जादू टोना से करके उसे बश में कर लिया। और बश में करने के बाद ड्राइवर ने अपना मोबाइल, पेन कार्ड,एटीएम कार्ड और छह हजार रुपये उन्हें दे दिए। उसके लगभग 15 मिनिट बाद होश आने पर राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी। चौकी इंचार्ज नीरज पंवार ने बताया कि तहरीर मिल गई है। ड्राइवर की बातें संदिग्ध लग रही है। और जांच कर आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



# क्षेत्र पंचायत/जिला पंचायत सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के प्रधान व उनके सदस्यों के रिक्त पदों का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित

रायबरेली ब्यूरो। उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली माला श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली की क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा उनके सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानोंध्पदों, जो मा0 न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार नामांकन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि– 20 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक), नाम पत्रों की संवीक्षा– 21 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक), उम्मीदवारी वापसी– 22 जुलाई 2022 (पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक), प्रतीक आवंटन– 22 जुलाई 2022 (अपरान्ह 03 बजे से कार्य की समाप्ति तक), मतदान– 04 अगस्त 2022 (प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक) तथा मतगणना 05 अगस्त 2022 (प्रातः 8 बजे से कार्य समाप्ति तक) निर्धारित है।

जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली माला श्रीवास्तव ने बताया है कि उपर्युक्त सूचना के अधीन क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्यों के रिक्त स्थानोंध्पदों पर निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण देते हुए निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा 16 जुलाई, 2022 को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जाएगी। सार्वजनिक जानकारी हेतु ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया गया है। उक्त उप निर्वाचन उत्तर प्रदेश नियमावली, 1994 के अनुसार सम्पन्न होगा। निर्वाचन अधिकारी की सूचना निर्गत किए जाने के दिनांक अर्थात् 16 जुलाई, 2022 से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जाएगा। उपर्युक्त उप निर्वाचन में नामांकन पत्रों का विक्रय, नामांकन पत्रों के दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने तथा चुनाव चिन्ह आवंटन का कार्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर तथा जिला पंचायत सदस्यों के लिए जिला मुख्यालय पर होगा। सभी मतों की गणना क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी। सदस्य क्षेत्र पंचायत के स्थानोंध्पदों का निर्वाचन परिणाम क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर तथा सदस्य जिला पंचायत के स्थानों पदों का निर्वाचन परिणाम जिला मुख्यालय पर घोषित किया जाएगा।

इसी प्रकार प्रधान ग्राम पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने तथा चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बन्धित विकासखण्ड मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित विकासखण्ड मुख्यालय पर की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट माला श्रीवास्तव ने बताया कि समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। संदर्भित निर्वाचन कोविड–19 व अन्य किसी महामारी के सम्बन्ध में राज्य आपदा प्रबन्ध राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध, राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराते हुए सम्पन्न कराए जाएंगे।

# भविष्य में होने वाले कार्यक्रम को लेकर के नैपालापुर में किया गया मंथन : कपिल लोधी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता, मुडीला सीतापुर। भारतीय लोधी एकता समिति के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री जी



तथा कार्यकर्ताओं के द्वारा निर्णय लिया गया कि पहले हर प्रधानों से एवं बि डी सी घर–घर मिलकर के नुक्कड़ बैठक करके उसके बाद में बड़े कार्यक्रम की रणनीति बनेगी इस बैठक में उपस्थित रहे जगदीश प्रसाद लोधी सूरत लोधी डॉक्टर प्रेम कुमार कैलाश लोधी भगवती प्रसाद रामखेलावन रामशंकर लोधी शिवा लोधी कुंज बिहारी लोधी बृजमोहन लोधी बाबा नथा दास लोधी खेमकरण लोधी रामू लोधी रामचंद्र लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम में 15 कलाकारों द्वारा लोक गायन, आल्हा, भजन आदि का हुआ प्रदर्शन

रायबरेली ब्यूरो। मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार के निर्देशानुसार जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में विकास खण्ड राही के सभागार में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर अजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 15 कलाकारों द्वारा अपने वाद्य यंत्र एवं संगत कर्ताओं के साथ आयोजन में प्रतिभाग कर सांस्कृतिक विधाओं यथा लोक गायन, आल्हा गायन, भजन, जादू व पपेट द्वारा अपनी विधाओं की प्रस्तुति की गई। आयोजन में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की ई–डायरेक्ट्री में पंजीकृत किया जायेगा तथा उनको क्यू–आर कोड बेस्ड पहचान पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त कलाकारों को



पंजीकरण के आधार पर ही उन्हें आगामी कार्यक्रमों एवं सरकारी आयोजनों में प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। जिला विकास अधिकारी द्वारा सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम के सभी प्रतिभागी कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रदेश में जनपद का नाम रोशन करे।

इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी इंजेश सिंह, सुप्रसिद्ध आल्हा गायक रामरथ पाण्डेय, संगीत एकेडमी प्रबंधक शशी प्रकाश श्रीवास्तव, एफ0एम0 रेडियो लखनऊ से सुरभि सैनी, संगीत शिक्षिका श्रद्धा चौबे, के0बी0 सिंह, मो0 राशिद सहित दल नायकों के साथ उसकी कलाकार टीम उपस्थित रहे।

# स्कूलों में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों के बारे में जन-जागरूकता अभियान चलाये जाने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति व जिला विद्यालय परिवहन यान समिति से सम्बंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने स्कूली वाहनों के फिटनेस से सम्बंधित की गयी कार्रवाई की समीक्षा करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बिना फिटनेस के कोई भी स्कूल वाहन नहीं चलना चाहिए। चेकिंग की कार्रवाई नियमित रूप से सुनिश्चित की जाये और जो भी स्कूली वाहन बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के चलते हुए पायें जाये उनका पंजीयन निरस्त करते हुए उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण से छूटे हुए स्कूली वाहनों के ड्राइवरों का प्रशिक्षण कराये जाने का निर्देश दिये साथ ही साथ उन्होंने ड्राइवरों का आई टेस्ट भी अनिवार्य रूप से कराये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जाम लगने वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं सड़कों पर बेतरतीब खड़ा करने वाले वाहनों के विरूद्ध भी कार्रवाई किए जाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने स्कूलों के सामने लगने वाले जाम से निपटने के लिए वहां के मैनेजमेंट के साथ वार्तालाप करते हुए जाम न लगने देने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन चलाने वाले वाहन चलाकों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। स्कूलों में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों के बारे में जनजागरूकता अभियान चलाये जाने का निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने मादक पदार्थों सेवन कर एवं सड़कों पर स्टंट करते हुए वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से नियमित रूप से सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के



लिए पुलिस यातायात विभाग को निर्देशित किया। ओवर लोडिंग वाहनों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने यातायात विभाग एवं परिवहन विभाग को नियमित रूप से भ्रमण कर अवैध पार्किंग करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिये साथ ही साथ उन्होंने अवैध पार्किंग स्थलों पर नो पार्किंग का बोर्ड लगाये जाने के लिए भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सड़क के किनारें लगने वाली अवैध होर्डिंगों को हटाये जाने का निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत एवं नगर निगम के अधिकारियों को दिये। उन्होंने नगर पंचायत एवं एनएच के अधिकारियों को खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर सीओ सिटी वंदना सिंह, एआरटीओ, बीएसए, जिला विद्यालय निरीक्षक, ईओं, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, एनएचआई के अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एल्बेंण्डाजॉल की गोली खिलाई जाए : माला श्रीवास्तव

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को शासन के निर्देशा के अनुपालन में निर्देश दिये कि 1 से 19 वर्ष तक के आयु के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिये जनपद में कृमि मुक्ति अभियान का आयोजन के अनुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाना है, इसमें कृमि मुक्ति हेतु गोली एल्बेंण्डाजॉल खिलायी जानी है। कोविड पेंन्डिमिक के दृष्टिगत अभियान के आयोजन के दौरान कोविड प्रोटोकॉल के निर्देशों का पालन सम्पूर्ण रूप से किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 20 जुलाई, 2022 को आयोजित किया जायेगा एवं छूटे हुए बच्चों को आच्छादित करने के लिए 25–27 जुलाई के मध्य मॉपअप चरण आयोजित किया जाना है। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि आंगनवाड़ी केन्द्र में 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले सभी बालकध्बालिकाएं एवं ईट भट्टों पर कार्य करने वाले श्रमिक एवं घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के माध्यम से तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि स्कूल में 06 से 19 वर्ष तक के सभी छात्र/छात्राओं को सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त प्राईवेट स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से एल्बेण्डाजॉल की मात्रा 01 से 02 वर्ष के लाभार्थियों को 200 मि0ग्रा0 (आधी गोली) एवं 2 से 19 वर्ष के बच्चोंधकिशोर – किशोरियों/छात्रों को एल्वेण्डाजोल 400 मिग्रा पूरी गोली खिलायी जानी है। एल्बेण्डाजॉल की गोली चबाकर अथवा पीस करध्चूरा बनाकर खाई जानी है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 20 जुलाई, 2022 को अनुपस्थिति



या अन्य कारणों से एल्बेन्डाजाल गोली खाने से वंचित रह गये हों, उन बच्चों को मॉप अप दिवस के दौरान 25–27 जुलाई के मध्य स्कूलों एवं आंग.नबाड़ी केन्द्रों पर दवा खिलाये जाने की कार्यवाही की जाये। शहरी क्षेत्रों में भी कार्यक्रम के संचालन हेतु एन0यू0एच0एम0 द्वारा जनपद में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये गये है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी/कार्यक्रम नोडल अधिकारी जनपदीय अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर से सहयोग प्राप्त कर जनपद में किसी एक केंद्र का चयन कर शहरी क्षेत्रों का नोडल चिन्हित करें एवं समस्त गतिविधियां ग्रामीण ब्लॉक की भांति उसी शहरी क्षेत्र से भी पूर्ण रूप से संचालित करें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर सरल निस्तारण कराना : जिला जज अब्दुल शाहिद

रायबरेली ब्यूरो। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर आगामी 13 अगस्त को मा0 अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली अब्दुल शाहिद की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर रायबरेली में प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य वादों का आपसी सुलह–समझौते के आधार पर सरल निस्तारण कराना है। कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अभिनव जैन ने बताया कि आगामी 13 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद 138 एनआई एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, बिजली एवं जल से सम्बन्धित विवाद, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, राजस्व वादों, अन्य सिविल वादों, किराया, सुखाधिकार व्यादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, सर्विस में वेतन से संबंधित मामलोंध्प्रकरणों के निस्तारण के साथ–साथ अन्य प्रकृति के वादों का विवेकानुसार निस्तारण किया जाएगा। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य वादकारियों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करना है। जन उपयोगी सेवाओं के सम्बन्ध में उपजे विवादों हेतु गठित स्थाई लोक अदालत रायबरेली में निम्न मामले जैसे वायु, सड़क या जल मार्ग द्वारा यात्रा या माल के वहन के लिए यातायात सेवा, डाक तार व वाहन या टेलीफोन सेवा, किसी स्थापना द्वारा जनता को विद्युत प्रकाश या जल, सार्वजनिक मल वाहन या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल या औषधालय, बीमा सेवा, शैक्षिक एवं शैक्षणिक संस्थानों, आवास और भू सम्पदा सेवा निस्तारित किये जा सकते है, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाए। उन्होने अपील करते हुए कहा कि समस्त वादकारियों को सूचित किया जाता है कि वह इस



राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर अपने वादों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित कराएँ।

# डलमऊ मार्ग बन रहा आम जनमानस की मौत का कारण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, रायबरेली। गदागंज विकासखंड दीन शाह गौरा के अंतर्गत सरदार गंज तिराहे से होते हुए हमीर मऊ भगवंतपुर चंदनिया गोड़ा मटियारा होते हुए डलमऊ को जाने वाली रोड बनपुरवा के पास पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है इस मार्ग से डेली हजारों स्कूली बच्चों और आम पब्लिक का आना जाना रहता है जहां माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि गड्ढा मुक्त सड़के हो चुकी है वही नौनिहाल बच्चे गड्ढे से होकर जान हथेली पर लेकर स्कूल जाते हैं लोक निर्माण विभाग चुप्पी साधे बैठे हुए हैं क्योंकि ऑफिस में ऐसी की हवा खाने से फुर्सत ही नहीं मिलती है लोक निर्माण विभाग तभी जागता है जब कोई मंत्री या नेता उस रूट से निकलता है तो तत्काल रोडे बनने लगती है चूहे की तरह भागने लगते हैं कहीं उच्च अधिकारियों की निगाह में ना आ जाए ऐसा कब तक चलेगा क्या इसी तरह जान जोखिम में



डालकर नौनिहाल बच्चे स्कूल जाएंगे यह तो रोड की वजह से अपनी पढ़ाई त्याग कर घर पर बैठेंगे अब देखना है कि उच्च अधिकारियों द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है या फिर एसी वाले कमरे में बैठकर कोई बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है उच्च अधिकारी।

# भदोही पुलिस द्वारा गुम हुए बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द

संवाददाता अयोध्या टाइम्स भदोही। थाना कोईरौना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निबहा निवासी श्री शिवानन्द का 15 वर्षीय पुत्र घर से गुम हो गया था। उक्त के सम्बन्ध में आवेदक से प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्समय ही थाना कोईरौना पर दिनांक 12.05.2022 को अभियोग पंजीकृत कर गुमशुदा की तलाश के सार्थक प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। थाना कोईरौना पुलिस टीम द्वारा गुम हुए बालक को सकुशल बरामद किया गया।



बरामद बालक को मा0 न्यायालय बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## मण्डलीय समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी भदोही ने विकास कार्यों के अद्यतन प्रगति से मण्डलायुक्तको कराया अवगत

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

- सभी योजनाएं मानकानुकूल, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध सीमा में हो पूर्ण : मण्डलायुक्त

भदोही। विन्ध्याचल मण्डलायुक्त कार्यालय सभागार में मा. मुख्यमंत्री सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रम एवं अन्य एजेंडा बिंदु माह जून की मंडलीय मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मण्डलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र को भदोही जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने भदोही जनपद में संचालित विकासपरक योजनाओं के अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। बैठक में शासन की सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों के साथ–साथ 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं व सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के विभिन्न आयामों पर समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कर एवं करेत्तर राजस्व संग्रह, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल, सिंचाई एवं जल संस्थान, उर्जा, लोकनिर्माण विभाग, कृषि पशुधन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायती राज, नगर एवं ग्राम्य विकास, खाद्य एवं रसद विभाग, समाज/महिला/अल्पसंख्यक/पिछड़ा वर्ग



कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, वन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम विभाग, श्रम विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, परिवहन विभाग, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था विषयक अद्यतन प्रगति से मण्डलायुक्त को अवगत कराया। मण्डलायुक्त ने भदोही के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों/ योजनाओं को गुणवतापूर्ण एवं मानक के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कई विभागों के लम्बित प्रकरणों पर अधिकारियों को चेताया कि अब तक किए गये विकास कार्यो एवं लक्षित समय सीमा में पूर्ण करने के दृष्टिगत औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। भदोही पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार ने शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था के कार्यों के साथ कावारियों के सुगम आवागमन के दृष्टिगत पुलिस व्यवस्थापन से अवगत कराया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री भानु प्रताप सिंह , मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, पीडी डीआरडीए श्री मनोज राय सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# डीह पावर हाउस में तैनात कर्मचारी मंसाराम के कार्यो की चर्चा जोरों पर

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,डीह,रायबरेली। पावर हाउस डीह में कर्मचारियों की मनमानी देखी जा रही है उसी पावर हाउस का एक कर्मचारी मंसाराम जिसकी चर्चा डीह क्षेत्र में जोरो पर मंसाराम का कहना है कि ऑफिस में हूं या बाहर क्षेत्र में मंसाराम जेब हित में जिसका पैसा उसका काम कर देते हैं भले ही वह काम उनके कार्यक्षेत्र और अधिकार क्षेत्र में ना हो और अकेले मंसाराम ही नहीं यह खेल करने वाले फील्ड में भी सक्रिय रहते हैं बिजली कटौती से त्रस्त जनता की जेब काटने के लिए मीटर रीडर भी कोई कसर बाकी नहीं रखते और ले देकर मीटर की रीडिंग घटा बढ़ा देते यह लोग केवल उपभोक्ता की ही जेब नहीं काटते बल्कि विभाग को चुनावी चूना भी लगाते हैं नहीं हां बिल SDO ऑफिस में SSO ड्यूटी पर करता है दलाली अगर जिसका काम विद्युत विभाग मैं ना हो रहा हो तो SSO मंसाराम से मिले मंसाराम ले देकर काम कर देते हैं या दलाली की जानकारी अभी तक ऊपर के अधिकारियों को पता नहीं है SDO ऑफिस में दबंगई की वजह से हो रही है दादागिरी जिसका पैसा उसका काम जेई और SDO बाहर काम पर रहते हैं यहां पर SSO मंसाराम द्वारा काम हो जाता है यहां पर जितने भी SSO है सब ले देकर अपना काम कर देते हैं और गांव में बिजली का नामोनिशान नहीं यहां के SSO ड्यूटी पर ना हो फिर भी विद्युत विभाग में दलाली करने के लिए हर दिन आया करते हैं यहां पर जितने भी मीटर रीडर हैं वह अपने अपने क्षेत्र में मीटर चेकिंग के दौरान किसी का मीटर बहा देते हैं किसी का मीटर क्षेत्र में मीटर चेकिंग के दौरान किसी की रीडिंग घटा देते हैं तो किसी की भी रीडिंग बढ़ा देते हैं और पैसा मिलता है तो उसका सी डीएफ भी कर देते हैं जिसका जैसा पैसा उसका वैसा काम अब यह सोचना आपका काम है




की क्या बिना अधिकारियों की जानकारी के यह सब संभव है घटा देते हैं और किसी का CDF कर देते है जिसका पैसा उसका काम।

# डॉक्टर द्वारा मरीज के साथ किया गया दुर्व्यवहार

बूढनपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट अतरौलिया। वैसे तो 100शैय्यायुक्त संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया आजमगढ़ हमेशा चर्चा में रहता है क्योंकि यहां के डॉक्टर मनमाने तरीके से काम करते हैं। इस बार डॉ अमरेंद्र त्रिपाठी द्वारा एक मरीज के साथ दुर्व्यवहार किया गया। पीड़ित अमित यादव का कहना है कि मुझे पेट की समस्या थी और मेरी माताजी जी को भी समस्या थी। मैं स्वयं को व अपनी माताजी को दिखाने के लिए डॉ अमरेंद्र त्रिपाठी के यहां गया। वहां मैंने देखा कि डॉ अमरेंद्र त्रिपाठी द्वारा लोगों से प्राइवेट अस्पताल (जहां वह प्रैक्टिस करते हैं) आने के लिए कहा जा रहा है। जब मेरी बारी आई तो मुझसे भी डॉ.अमरेंद्र त्रिपाठी ने यही बात कही। इसकी शिकायत मैंने सी एम एस डॉक्टर के के झां से करने के लिए उन्हें फोन लगाया जिस पर डॉ अमरेंद्र त्रिपाठी गुस्सा हो गए और मुझे गाली गलौज देते हुए मारने के लिए कुर्सी उठा लिए। लेकिन वहां पर उपस्थित लोगों ने बीच–बचाव किया और किसी तरह से मैं वहां से बाहर निकला। पीड़ित का कहना है कि इसके संबंध में मैंने सीएमओ से शिकायत की है और कार्यवाही की मांग की है। वहीं इस मामले में सीएमओ ने जांच कर




कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। अब देखना यह होगा कि आखिर इस मनबढ़ डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही कब होती है?

# जनपद में भूजल सप्ताह 16 से 22 जुलाई के बीच विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन : जिलाधिकारी

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में भूगर्भ–जल सप्ताह बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश में बढ़ती हुई जनसंख्या और तीव्र औद्योगिकीकरण के कारण जल संसाधन की बढ़ती मांग को पूरा करने में भूजल की अति दोहन की स्थिति उत्पन्न हो गयी है जिसे समुचित तथा सुनियोजित प्रयोग करने के लिये एवं जनमानस में जागरूकता लाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद में 16 से 22 जुलाई के मध्य भूजल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। भूजल सप्ताह में जनपद की सभी तहसीलों, विकास खण्डों, प्राथमिक /माध्यमिक विद्यालयों, प्राविधिक विद्यालयों, आँगनवाड़ी केन्द्रों, कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला विज्ञान क्लब, युवा मंगल दल, नेहरू युवा केन्द्र, जिला औद्योगिक परिसंघ, विकास प्राधिकरण, नगर पालिका, नगर पंचायत आदि द्वारा आम जनमानस को जल बचाने एवं जल संरक्षण हेतु जागरूक किया जाना है। बेसिक शिक्षा विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग अपने शिक्षण संस्थाओं में छात्रों के बीच निबन्ध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के द्वारा जन जागरूकता का कार्यक्रम कराया जाना है। भूजल सप्ताह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों को किया जाना है। इस वर्ष का विचार बिन्दु ''जन–जन तक जल पहुँचाना है, जल संरक्षण अपनाना है'' रखा गया है।

इस मौके पर सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, परियोजना निदेशक, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, डीआईओएस, बीएसए, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रायबरेली की बेटी वैशाली सिंह बनी चार्टर्ड अकाउटेंट

रायबरेली ब्यूरो। सदर कोतवाली क्षेत्र के प्रताप नगर की रहने वाली वैशाली सिंह चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास कर सीए बन गई है। चार्टर्ड अकाउंटेंट का परिणाम घोषित होते ही उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी।



अथक परिश्रम और लगन के चलते उन्होंने यह बड़ी कामयाबी हासिल की है। वैशाली सिंह के पिता सुरेश सिंह रेलवे में बतौर हेड टीटी प्रतापगढ़ में तैनात हैं। वैशाली सिंह के बाबा स्वर्गीय रामकरण सिंह रेलवे विभाग में ही पोस्टेड थे और वह एनआरएमयू के मंत्री भी रहे हैं। बेटी की सफलता से वैशाली सिंह की मां नीतू सिंह एवं पिता सुरेश सिंह बेहद खुश हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वर्षों की तपस्या का परिणाम है। बेटी दिन रात एक कर के लगन से पढ़ाई कर रही थी और शुरू से ही लक्ष्य चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास करना एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना ही था। वैशाली सिंह ने बताया उनकी शुरुआती शिक्षा आईसीएसई बोर्ड के स्कूल न्यू विजन पब्लिक स्कूल निकट रेलवे स्टेशन से हुई। 2013 में इंटर की परीक्षा के बाद वह मिशन के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा की तैयारी में लग गई और भगवान माता, पिता , गुरुजनों के आशीर्वाद से बड़ी परीक्षा पास करके चार्टर्ड अकाउंटेंट बनी।

# सर्राफा एसोसिएशन रायबरेली का चुनाव हुआ सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, रायबरेली। सर्राफा एसोसिएशन रायबरेली का निर्वाचन स्थानीय होटल गणेश में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु महेश कौशल, बृजेश सोनी, श्रवण कुमार सोनी, विवेक सोनी 'काशी' ने नामांकन किया, जिसमें महेश कौशल को 53 वोट, बृजेश सोनी 21 वोट, श्रवण सोनी 20, विवेक सोनी 'काशी' को मात्र 02 वोटों से संतोष करना पड़ा। सर्वसम्मति से महेश कौशल अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए तथा अन्य पदों के लिए भी निर्वाचन हुआ जिसमें महामन्त्री पद पर राजेश सोनी एवं कोषाध्यक्ष पद पर अमोल (सावंत) निर्वाचित हुए। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा, बृजेश सोनी, विवेक सोनी 'काशी', उमेश कुमार वर्मा, सोनी 'शारदा', मन्त्री पद पर अशोक सोनी, शिव भोला सोनी, राजन पटेल, अतुल सोनी, अंशू चौरसिया, संगठन मन्त्री पद पर गोविन्द गुप्ता, मनीष (बन्डू), निनेश पाटिल, शिवम सोनी (रज्जन), कुमार शिंदे सहित विधिक सलाहकार पद पर सुजीत सोनी एडवोकेट मनोनीत हुए। नवनियुक्त अध्यक्ष महेश कौशल ने कहा कि सर्राफा व्यवसाइयों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सर्राफा व्यवसाइयों को होने वाली समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन से भेंट की जाएगी। नवनियुक्त कमेटी को बधाई देने वालों



में मुख्य रूप से कृष्णाकान्त त्रिपाठी, पप्पू त्रिवेदी, अखिलेश शर्मा, संतोष मिश्रा, फाना त्रिवेदी, अशोक मिश्रा, सुन्दर सोनी, मुकेश रस्तोगी, भौमेश स्वर्णकार, कमल श्रीवास्तव, प्रेम सोनी, दीपक श्रीवास्तव, राम किशोर सोनी, विशाल सोनी, गिरजाशंकर सोनी, प्रमोद वर्मा, पप्पू फरदू, मनीष सोनी, प्रकाश वर्मा, सत्यम वर्मा आदि लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

# संक्षिप्त समाचार


### शाहजहापुर जेल परिसर में एसपी ने किया वृक्षारोपण



शाहजहांपुर। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शक्ति वन योजना के अन्तर्गत शाहजहांपुर की जिला कारगार में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक एस आनंद व एडीएम रामसेवक द्विवेदी के द्वारा किया गया। अधिकारियों द्वारा कारागार परिसर में फलदार पौधों को लगाया गया। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर विभिन्न प्रकार के 75 फलदार व औषधीय पौधे का वृक्षारोपण किया गया। इन पौधों को मानवाधिकार संगठन की महिला शाखा द्वारा कारागार को भेंट किए गए। जेल में बन्द बंदियों ने भी पौधारोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## वर्तमान : एक उपहार

कैसी ये धूप खड़ी है, आँखों पर पट्टी पडी है,
इतने अनभिज्ञ बन कर कैसे आवाम खड़ी है
पास आए अमन को कैसे दुत्कार खड़े है,
भविष्य की चिंता में इतिहास को पढ़कर रोते है



वो श्री राम को समझकर देखो,
जो सामने पड़ा स्वीकार किया,
ना इतिहास पढ़ा, ना भविष्य से डरा
जो सामने पड़ा स्वीकार किया

इस आँखों की पट्टी के साथ कब तक तुम टिक सकोगे
यदि श्री राम सा संघर्ष हो,
बाधाओं को स्वीकार करो, मेहनत कर विकास करो
श्री राम से सिखों जो समुंदर को बाँध दिए,
मगर आज तो आँखों में पट्टी पडी है,
इतिहास भविष्य के बीच मे सबकी मझधार फसी है
दस दिमाग वाले से लडना , आसान तो नहीं था
पर विश्वास था, ना इतिहास खंगाला ना भविष्य से घबराया
निवेश कर्म का करके नाम सुनहरा करवाया
वर्तमान को स्वीकार करो, मेहनत कर विकास करो
श्री राम का उपहार है ये उसको स्वीकार करो ,
साधारण सीता भी ना थी, जो सामने पड़ा स्वीकार किया
है क्यों इनका जीवन अनमोल,
जो मिला है उसका समझो मोल,
भाग्य मुखर हो जाते है, नक्षत्र सुधर भी जाते है
जो वर्तमान स्वीकार बढ़ जाते हैं स
अविनाश मिश्रा ( अमन)

# महेश भट्ट, विक्रम भट्ट, अक्षय ओबेरॉय, मेहेरजान मज्दा फिल्म जुदा होके भी के प्रोमोशन के लिए रहे उपस्थित



—अनिल बेदाग—

मुंबई। के सेरा सेरा और विक्रम भट्ट की वर्चुअल वर्ल्ड प्रोडक्शन जुदा होके भी 15 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के प्रोमोशंस के लिए गुरुपूर्णिमा के दिन एक इवेंट रखा गया जहां महेश भट्ट, विक्रम भट्ट, अक्षय ओबेरॉय, मेहेरजान मज्दा, संगीतकार पुनीत दीक्षित सहित पूरी टीम मौजूद रही।

यह फिल्म अभिनेत्री ऐंद्रिता का बॉलीवुड में डेब्यू है। फिल्म का ट्रेलर जहां खूब चर्चा में है, वहीं इसका म्यूजिक भी संगीत प्रेमियों के दिलों में जगह बना रहा है। जुदा होके भी दुनिया की पहली वर्चुअल फिल्म है।

विक्रम भट्ट ने बताया कि आज गुरुपूर्णिमा का दिन है। फिल्म जुदा होके भी मैंने अपने गुरु महेश भट्ट साहेब के लिए बनाई है, उन्हें अर्पण की है। भट्ट साहेब ने मुझसे कहा था कि अगर तुम हॉरर में लव स्टोरी दिखाओगे तो मैं नही लिख सकता, लेकिन अगर तुम लव स्टोरी में हॉरर दिखाओगे, जैसे राज थी, तो मैं लिख सकता हूँ। और फिर मैंने कहा कि वैसे तो मैं हॉरर में प्रेम कहानी दिखाता हूँ, लेकिन आप कह रहे हैं तो इस बार प्रेम कहानी में हॉरर का तड़का होगा और इसीलिए इसका टाइटल भी जुदा होके भी हैं।

विक्रम भट्ट ने आगे बताया कि अक्सर निर्माता निर्देशक कहते हैं कि मैंने तो अच्छी फिल्म बनाई है अब देखते हैं कि ऑडिएंस इसे पसन्द करती है या नहीं लेकिन मैं यह कहता हूँ कि मैंने बहुत अरसे के बाद एक बहुत ही अच्छी फिल्म बनाई है, आप सिनेमाघरों में जाकर इस फिल्म को अवश्य देखें, अगर आप नहीं देखेंगे तो आपको इस पिक्चर को न देखने का दुख होगा। मैंने अपने 30 साल के कैरियर में ऐसा कभी नहीं कहा आज कह रहा हूँ। अक्षय ओबेरॉय ने कहा कि मेरा किरदार एक ऐसे शख्स का है जो एक जमाने में स्टार रह चुका है मगर अब वह पूरी तरह से टूट गया है, उसके बच्चे की मौत हो जाती है और वह खुद को नशे में डुबा लेता है। यह फिल्म उसी आदमी के सफर की कहानी है, वह अपनी पत्नी की खोज में निकलता है। इस तरह का चौलेंजिंग किरदार करने में काफी मजा आता है। विक्रम भट्ट हॉरर के किंग हैं उनके साथ काम करने का यादगार अनुभव रहा।

# गिप्पी ग्रेवाल का बहुप्रतीक्षित एक्सक्लूसिव ट्रैक 'मुटियार नी'



—अनिल बेदाग—

मुंबई। 'द अंगरेजी बीट' के लिए मशहूर, पंजाबी पॉप जगत के सनसनी, ऐक्टर, फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर गिप्पी ग्रेवाल अपना नया ट्रैक 'मुटियार नी' लेकर आए हैं। यह बिलिव आर्टिस्ट सर्विसेज और हम्बल म्यूजिक के साथ एक एक्सक्लूसिव साझीदारी का हिस्सा है। ग्रेवाल के इस नये गाने को जाने–माने गीतकार हैप्पी राजकोटी ने लिखा है और इसका संगीत तैयार किया है अवी सरा ने। गिप्पी इस वीडियो में यूक्रेनी मॉडल ओलेया क्रिवेंडा के साथ नजर आ रहे हैं। ग्रेवाल को ज्यादातर सभी पंजाबी लेबल और हम्बल म्यूजिक पर हिट गीत देने के लिये सबसे ज्यादा जाना जाता है। उनका हालिया ट्रैक बॉलीवुड फिल्म 'जुग जुग जियो' का 'नाच पंजाबन' को काफी सफलता मिली है और इसे 4.5 मिलियन से भी ज्यादा स्पूटीफाई स्ट्रीम्स मिले हैं। इस फिल्म में वरुण धवन, कियारा आडवाणी मुख्य भूमिकाओं में हैं। स्पूटीफाई पर ग्रेवाल के मासिक 2.6 मिलियन से ज्यादा श्रोताओं के साथ–साथ 7.64 मिलियन यूट्बूर सब्सक्राइबर हैं। 9.5 मिलियन से भी ज्यादा स्ट्रीम का रिकॉर्ड, गुरु रंधावा का गाया और हम्बल म्यूजिक द्वारा निर्मित, 'हाई रेटेड गबरू' का रहा है। गिप्पी ग्रेवाल ने कहा कि, "बिलिव आर्टिस्ट सर्विसेज के साथ जुड़कर मैं बहुत खुश हूँ।

उनका लक्ष्य टॉप म्यूजिक बाजारों से आगे जाना और क्षेत्रीय स्तर पर कलाकारों को निखारना और बड़े पैमाने पर दर्शकों के सामने लेकर आना है। यह कंपनी सही मायने में कलाकारों को उनके कॅरियर के हर स्तर पर मदद कर रही है। एक पंजाबी कलाकार होने के नाते, यह देखकर बड़ा ही अच्छा लग रहा है कि संगीत कई सारे इंडस्ट्री को जोड़ रही है। हम साथ मिलकर ऐसा संगीत तैयार करेंगे जो पूरे देश के साथ–साथ पूरी दुनिया तक पहुँच सके।" शिल्पा शारदा, डायरेक्टर, आर्टिस्ट सर्विसेज एंड डेवलपमेंट–बिलिव इंडिया का कहना है, "गिप्पी ग्रेवाल के साथ जुड़कर हमें बेहद खुशी हो रही है, जो भारत के सबसे मशहूर युवा पंजाबी कलाकारों में से एक हैं। हमारे देश की मौजूदा नई पीढ़ी के बीच उनका एक दिलचस्प और तेजी से बढ़ता युवा फैन बेस है। उनके सफर का हिस्सा बनना हमारे लिए प्रसन्नता की बात है और उनके टैलेंट को नई–नई ऊँचाइयों पर ले जाने का इंतजार है। बिलिव में हम बेहद क्षमतावान कलाकारों के साथ साझीदारी करने के लिये हर संभव कोशिश करते हैं, ताकि हमारे मनमुताबिक समाधान के जरिये उनके सफर को पूरा कर सकें।"

### विनोवा सेवा आश्रम में संचालित वृद्ध जन आवास "वृद्धाश्रम" का जिला अधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण



शाहजहांपुर। जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बरतारा के विनोवा सेवा आश्रम में संचालित वृद्ध जन आवास "वृद्धाश्रम" का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम के संवासियों से वार्ता कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन समय से उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही स्वच्छता व्यवस्था एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण एवं कल्याण नियमावली 2014 के प्राविधानों के अंतर्गत ऐसे संवासियों को चिन्हित किया जाये जिनके पुत्र अथवा पुत्रियों (जो उनकी संपति के वारिस हो) द्वारा अपने माता पिता को जांच किया जाए जिनके पुत्र अथवा पुत्रियों द्वारा अपने माता पिता को वृद्धावस्था में भरण पोषण से वंचित करने के कारण उन्हें वृद्ध आश्रम में रहना पड़ा है, ऐसे सभी प्रकरणों की तहसील वार सूची बनाते हुए संबंधित तहसील के सुलह अधिकारियों एवं उप जिलाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए उन्होंने यह भी निर्देश भी दिए कि ऐसे सभी प्रकरणों में नियमानुसार सुलह करवानेध्वाद दर्ज कराए जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जाए ।वाद दायर करने में सहायता हेतु जनपद में समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक तहसील स्तर पर सुलह अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है ।निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री राजेश कुमार सहित वृद्धाश्रम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### अवैध शस्त्र सहित टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक आनंद के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम बाबत शराब एवं अवैध शस्त्र का कारोबार करने वाले टॉप टेन क्रियाशील एवं चिन्हित किए गए अपराधियों वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपराध की रोकथाम अभियान के क्रम में जैतीपुर पुलिस वांछित टॉप टेन अपराधी को गिरफ्तार किया गया जिनसे नाजायज तमंचा 315 बोर एवं कारतूस बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार थाना जैतीपुर प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर गांव हिम्मतपुर चौराहे पर स्थित मंदिर के सामने वांछित अभियुक्त हिरासत पुत्र अजमल निवासी ग्राम खेड़ा रथ थाना जैतीपुर को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक नाजायज तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया इस संबंध में जैतीपुर पुलिस में विधिक कार्रवाई कर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# नशा नाश का कारण- अफीम, चरस, हेरोइन, चिट्टा, स्मैक आदि ड्रग्स मनुष्य के उपयोग के लिए नहीं





- एनसीबी प्रमुख श्रीकांत जाधव के दिशानिर्देशों से सोनीपत में छठा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम
- 9050891508 पर देंगे गुप्त सूचनाएं– विद्यार्थियों ने लिया प्रण

सोनीपत। कोई भी व्यक्ति पहले नशा शौक शौक में करता है लेकिन यही शौक उसके लिए इतना घातक सिद्ध होता है कि वह नशा छोड़ना चाहता है लेकिन नशा उस व्यक्ति को नहीं छोड़ता. हम नशा अपने आस पास के लोगों, मित्रों और सबसे अधिक चलचित्रों को देखकर प्रभावित होकर सीख रहे हैं. नशे में सबसे भयंकर नशे हैं अफीम, चरस, हेरोइन, चिट्टा, स्मैक, गांजा, चुरा पोस्त, नशे की गोलियां, नशे के टीके आदि. ये नशे मनुष्य के उपयोग के लिए नहीं है. यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा रचित मादक पदार्थ एवं नशीली औषधियों का अधिनियम बनाकर इन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाया गया है. इनके सेवन से मनुष्य की सोचने समझने की शक्ति समाप्त हो जाती है और ऐसे में वह व्यक्ति कोई भी अपराध कर सकता है. राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार अधिकतर अपराधों की जड़ नशा है. ये शब्द हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सोनीपत की काठ मंडी में स्थित हिन्दू विद्यापीठ के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहे. वे आज सेवानिवृत पुलिस उप निरीक्षक एवं प्रयास सदस्य कर्म चंद और उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार को साथ लेकर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे हुए थे. यह हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो एवं प्रयास द्वारा छठा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम था. उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख, अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं प्रयास हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में ये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को विशेष रूप से विद्यार्थियों को प्रतिदिन जागरूक किया जा रहा है ताकि वे भविष्य में इनसे दूर रहें क्योंकि जागरूकता की शिक्षा के बिना इस महासंग्राम पर विजय नहीं प्राप्त की जा सकती. उन्होंने आगे कहा कि ब्यूरो प्रमुख श्री श्रीकांत जाधव साहब के नेतृत्व में जून माह में 448 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है. कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक साथ जीवन में नशा न करने की शपथ लेते हुए कहा कि वे एनसीबी के साथ हैं और 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देने के साथ साथ नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों की सुचना भी देंगे. हिन्दू विद्यालपीठ की प्राचार्य सोनी रूद्र ने एनसीबी के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा, कर्म चंद का स्वागत किया और कहा कि वे समय समय पर विद्यार्थियों को जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान में सहयोग करेंगे।

# इज्जत



जानें क्यूं पुरूषों का सामाज में ज्यादा सम्मान होता है,
आखिर पुरुष भी तो एक स्त्री की कोख से जन्मा संतान होता है।
स्त्री से बढ़ कर कोई भगवान नही होता,
जाने क्यों फिर स्त्री का सम्मान नही होता।
बात इतनी स्वीकारने से मर्द जाति का अपमान नही होता।
जरूरत जब पड़ती है भगवान को अवतार की,
स्त्री की कोख(गर्भ) के सिवा दूसरा कोई समाधान नहीं होता।
स्त्री का अपमान कर तू खुद को मर्द कहे, इसका अच्छा अंजाम नहीं होता।
इज्जत कर उस मां की, उस बहन की, उस बहू की, उस बेटी की,
क्योंकि तेरे कूकर्म से वो काली बने जिसका अच्छा परिणाम नहीं होता।
वो धन भी मां वो अन्न भी मां, वो धरती भी मां वो विद्या भी मां।
तेरी पहली शिक्षा की सार भी मां, तेरे बचपन का पहला लाड प्यार भी मां।
तेरे पहले कदम की आधार भी मां, तेरे पहले शब्द की आवाज भी मां।

– पुनीत गुप्ता

### अव्यवस्था के चलते अंतिम संस्कार करने में ग्रामीणों को भारी परेशानी

शाहजहांपुर। तहसील तिलहर थाना निगोही क्षेत्र के गांव उदारा मजरा उदरिया निवासी परशुराम पुत्र गुरुदयाल ने मुख्य विकास अधिकारी शाहजहांपुर को पत्र के माध्यम से श्मशान स्थल निर्माण ना होने की वजह से अंतिम संस्कार मैं ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है पत्र के माध्यम से ग्रामीण में बताया कि गांव में श्मशान स्थल के लिए भूमि उपलब्ध है परंतु सफाई की व्यवस्था ना हो पाने के कारण दाह संस्कार के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ती है इतना ही नहीं श्मशान स्थल पर कोई भी ना लगे होने के कारण पेयजल की समस्या बनी रहती है ग्रामीण ने शमशान भूमि पर दाग संस्कार क्रिया कर्म कर दें के लिए जिला प्रशासन से साफ सफाईव्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

### नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा चोरी करने वाले पांच कुख्यात चोरों को किया गिरफ्तार, गैंगस्टर की कार्रवाई

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक यस आनंद के निर्देशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राम चंद्र मिशन पुलिस ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर ई–रिक्शा चोरी करने वाले पांच कुख्यात चोरों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई जानकारी के अनुसार गाना रामचंद्र मिशन प्रभारी निरीक्षक महेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस द्वारा नोमाज अली पुत्र नजाकत अली निवासी ख्वाजा फिरोज थाना राम चंद्र मिशन गोपाल शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा निवासी पूजा कॉलोनी सोम बाजार थाना ट्रॉनिका सिटी गाजियाबाद जीशान पुत्र रमजानी नजरपुर थाना तिलहर सफीक अली पुत्र रफीक अली थाना बीसलपुर सोहेल खान पुत्र राशिद खान नजरपुर थाना तिलहर को गिरफ्तार किया गया पुलिस द्वारा घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्तों द्वारा चोरी किए गए 13 ई रिक्शा भी बरामद किए गए पुलिस ने सभी के विरुद्ध कार्रवाई कर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## 3452 तिरंगे देकर इस मुहिम मे पहला कदम

बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबन्धक ने जिला अधिकारी को 49191/– का सौंपा चेक



शाहजहांपुर। सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बड़ा कदम उठाते हुए 75वें स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष मे, भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही ष्हर घर तिरंगाष योजना में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस उपलक्ष मे शाहजहाँपुर जनपद के अग्रणी बैंक– बैंक ऑफ बड़ौदा ने 3452 तिरंगे देकर इस मुहिम मे पहला कदम उठा कर योजना को जोरों शोरों से शुरू किया। बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबन्धक मिहिर कुमार झा द्वारा इस कार्यक्रम को जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह को Rs-49191/- का चेक सौंपा ।हर एक देशवासी के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना और राष्ट्राभिमान पैदा हो इसके लिए केंद्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव साल में पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू करने का फैसला लिया है. ये अभियान 11 से 17 अगस्त तक पूरे देश में चलेगा. आगामी 15 अगस्त को देश अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा जिसको देखते हुए भारत सरकार ने ये फैसला लिया है. इस कार्यक्रम मे अग्रणी बैंक प्रबन्धक दीपक चंद्रा तथा अभिषेक कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर में इंसानियत शर्मसार पानी मांगने पर पिलाई पेशाब

- दबंगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसे सुनकर आपको तालिबानी यातनाएं याद आ जाएंगी. आरोप है कि यहां दो युवकों को अगवा कर उन्हें बुरी तरह पीटा गया. इतना ही नहीं बल्कि पानी मांगने पर दोनों युवकों को दबंगों ने टॉयलेट पिला दी. साथ ही इसका वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पूरा मामलाथाना सदर बाजार क्षेत्र के ककरा इलाके का है. यहां रहने वाले इस्तेखार और शब्बू का 8 जुलाई 2022 को सदर बाजार क्षेत्र के ही फार्म हाउस पर रहने वाले सरदार राजू, कुलविंदर, चीता और सोनू उर्फ सुखदेव से मामूली विवाद हो गया.था आरोप है कि घटना के बाद शाम को ही आरोपी कार से आए और दोनों युवकों को अगवा कर लिया. इसके बाद युवकों को सुनसान जगह पर ले गए. यहां चारों आरोपियों ने इस्तेखार और शब्बू को बेरहमी से पीटा. जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. दहशत फैलाने के लिए वायरल किया वीडियो : वहीं, जब युवकों ने पीने के लिए पानी मांगा तो आरोपियों ने उन्हें जबरदस्ती टॉयलेट पिलाई. इस दौरान आरोपियों ने पेशाब पिलाने का वीडियो भी बना लिया. आरोपियों ने दहशत फैलाने के लिए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ सामान्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है. पुलिस अधीक्षक यस आनंद का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला ने एंबुलेंस में दिया बच्चें को जन्म

खुटार(शाहजहांपुर)। क्षेत्र के गांव राठ निवासी रोशन लाल की पत्नी संगीता देवी ने 102 सेवा एंबुलेंस में बच्चें को जन्म दिया है। एंबुलेंसकर्मियों ने महिला और बच्चें को खुटार अस्पताल में भर्ती कराया। जहा दोनों सुरक्षित है। 102 एंबुलेंस के ईएमटी टंडन बाबू ने बताया कि बुधवार रात को गांव राठ के रोशन लाल ने सूचना दी कि उनकी पत्नी संगीता को प्रसव पीड़ा हो रही है और अस्पताल ले जाने के लिए उनके पास कोई वाहन नही है। सूचना मिलते ही एंबुलेंस लेकर पायलट सतीश कुमार के साथ गांव पहुंचे और रोशन लाल और उनकी पत्नी संगीता को अस्पताल ले आए रहे थे। गांव रसवा कलां मोड़ के पास संगीता देवी को प्रसव पीड़ा हुई और एंबुलेंस में ही बच्चें को जन्म दे दिया। इसके बाद महिला और बच्चें को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया है।



# निशुल्क बूस्टर डोज कोविड वैक्सीन कैम्प का डीएम ने फीता काटकर अभियान का किया शुभारंभ

- 75 दिन का महाभियान आज से शुरू 9 से शाम 5 बजे तक होगा टीकाकरण

शाहजहांपुर। कोविड–19 टीकाकरण की दूसरी डोज लगवाने के बाद अब 09 के बजाए 06 महीने में बूस्टर डोज लगवा सकेंगे।डीएम उमेश प्रताप सिंह ने प्रा0 विद्यालय सरायं काइयाँ में बने कोविड वैक्सीन कैम्प का फीता काटकर अभियान का शुभारंभ किया। जनपद के 26 स्वास्थ्य केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. पी.पी.श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किए गए आदेश के अनुसार कोविड–19 की दूसरी डोज लगने के 06 महीने बाद ही अब बूस्टर डोज लगवा सकेंगे। जबकि पहले दूसरी डोज के बाद बूस्टर डोज के लिए लोगों को 09 माह का इंतजार करना पड़ता था। वर्तमान में विकसित हो रहे साक्ष्य और वैश्विक प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए प्रतिरक्षण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह की स्थायी तकनीकी उप समिति की ओर से कोविड टीकाकरण की दूसरी और बूस्टर डोज के बीच की अवधि को मौजूदा 09 महीने या 39 सप्ताह से घटाकर 6 महीने या 26 सप्ताह करने की सिफारिश की गई। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने सभी जनपदों को बूस्टर डोज लगवाने से संबंधित नए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।कार्यक्रम के दौरान विभाग नोडल अधिकारी डॉ.मनोज कुमार मिश्रा,डब्ल्यूएचओ से डॉ. कुमार गुंजन यूनिसेफ के डी हुदा जहरायूएनडीपी शशिबिंद शुक्ला, डीएचईआईओ कृष्णमोहन कनौजिया, डीपीएम इमरान खान, बीएमवी माताप्रसाद,एएनएम पिंकी, स्टाफ नर्स अनूप कुमार तथा आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में शर्मीला, विद्यावती, अविशा प्रियंका गुप्ता सविता रानी आदि मौजूद रहे।



# विभिन्न मांगों को लेकर राशन डीलरों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

बंडा,शाहजहांपुर। आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन उप्र ईकाई ने विभिन्न मांगों को लेकर को ज्ञापन भेजकर मांगे न पूरी होने पर 2 अगस्त को संसद भवन के सामने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन उप्र के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर बताया कि हमारे राष्ट्रीय संगठन से विभिन्न मांगों को लेकर हुई वार्ता में खाद्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पर्याप्त समय देते हुए मांगों को सुना गया।

लेकिन 20रुपये खाद्यान्न में कमीशन जोकि अपर्याप्त है के अलावा अन्य मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में सुबह से शाम तक मेहनत कर खाद्यान्न आपूर्ति का कार्य करते हैं। उन्हें सरकारी कर्मचारी की तरह न ही दर्जा प्राप्त है न ही उचित मानदेय दिया जाता है। पदाधिकारियों ने नौ सूत्री मांगों पर त्वरित निर्णय लेते हुए आदेश पारित किये जाने की मांग की है। संगठन ने राष्ट्रीय खाद्य योजना चला रहे डीलरों की न्यूनतम मार्जिन 440 रुपए प्रति कुंतल,न्यूनतम मासिक आय गारंटी पचास हजार किये जाने,चीनी, गेंहू,चावल की हैंडलिंग हानि एक किलो प्रति कुंतल किये जाने,खाद्य तेल, दालों की आपूर्ति उचित राशन डीलर्स की दुकानों से किये जाने, एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति राशन डीलरों की दुकानों से किये जाने, एलपीजी वितरकों से एकत्र सिलेंडर को दुकानों से टैग किये गये उपभोक्ताओं को घर घर डीलीवरी कर मार्जिन को समान रूप से वितरक व राशन डीलर के मध्य समान रूप से दिये जाने,जूट के बोरों में आपूर्ति न किये जाने तक उठान बंद किये जाने, ग्रामीण क्षेत्र के राशन डीलरों को चावल गेहूं के खरीद के लिए डीपीए एजेंट के रूप में कार्य करने की अनुमति, सभी नागरिकों को मुफ्त राशन वितरण पश्चिमी बंगाल माडल यानी सभी के लिए भोजन पूरे देश में लागू किए जाने, जम्मू कश्मीर सहित सभी राज्यों के लिए देय मार्जिन की तत्काल प्रतिपूर्ति किये जाने, राजस्थान की तरह सभी कोरोना पीड़ित डीलरों को 60 लाख का मुआवजा दिए जाने आदि मांगों को जल्द पूरा किये जाने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से जिला अध्यक्ष शाहजहांपुर विजय कुमार शुक्ला,प्रदीप वर्मा,वीना रानी, संध्या, अश्वनी कुमार, मधुर पाल, राजवीर सिंह सहित तमाम डीलरो ने मांगे पूरी ने होने पर 2 अगस्त को संसद भवन के सामने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

## यूं तो नेताओं के द्वारा लाखों विकास की वादाएं की जाती है,विकास की हजारों कार्य को गिनाएं जाते हैं पर एक ऐसा गांव जिसके लिए अभी भी विकास की किरण का उदय होना बाकी है



(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लतौना दक्षिण पंचायत के शिवनगर गांव का नेपाली टोला विकास के चकाचौंध से अभी भी कोसों दूर है! शुक्रवार को ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग को लेकर मल्लाह टोला से नेपाली टोला को जोड़ने वाली नदी के बीचों बीच पुल निर्माण स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण संतोष कुमार सियोटा ने कहा आजादी के 75 सालों के बाद भी इस गांव को आजतक एक स्थायी सड़क नहीं मिल पाया है,लोग प्रतिदिन अपनी आवाजाही के लिए नदी को सड़क के रूप में इस्तेमाल करते हैं,नदी में पुल नहीं रहने के कारण काफी समस्या का सामना करना पड़ता है तो वहीं बाढ़ के समय में आवाजाही पुरी तरह से ठप्प हो जाती है !प्रतिदिन हजारों लोग इस मार्ग से अपना दिनचर्या के कार्य करने हेतु प्रखंड मुख्यालय आते हैं लेकिन वर्षा के समय जलस्तर बढ़ने से कार्य पूरी तरह ठप्प हो जाती है ! ग्रामीणों के द्वारा आपसी सहयोग से बांस की चचरी निर्माण कर बरसात के समय में लोग खेती बाड़ी समेत अन्य कार्य करते हैं ! जलस्तर बढ़ने से जानमाल की क्षति का आशंका हमेशा बनी रहती है ! सरकार अविलंब स्थायी सड़क व पुल निर्माण कर यहां के ग्रामीणों को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करे,वहीं ज्ञानदेव साह ने कहा कि सड़क और पुल नहीं रहने के कारण छात्र समय से पढ़ाई नहीं कर पाते हैं, वर्षा के समय बच्चों की पढ़ाई बंद हो जाती है ! जब कोई बीमार पड़ता है तो हमलोग चारपाई से उठाकर नदी पारकर उसे हॉस्पिटल ले जाते हैं ! शादी विवाह के समय दुल्हा दुल्हन को विदा कोसों पैदल चलकर करना पड़ता है ! कई बार हमलोग पदाधिकारी से मिलकर हमलोग अपना बात रख चुके मामला जस का तस बना हुआ है। प्रदर्शन में रोशन कुमार,नीतीश कुमार,कपिल देव,भगलू मुखिया, उपेंद्र साह, मोती मुखिया,अर्जुन साह,नरेश कुमार,कृष्ण कुमार,गुड्डू कुमार,मनीष कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## मशरक में गंडामन कांड की नौवीं बरसी 16 जुलाई शनिवार को,23 मृत बच्चों के स्मारक पर की जाएंगी श्रद्धांजली

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मध्याह्न भोजन योजना के निवाले में जान गवाने वाले नवसृजित विद्यालय के 23 बच्चों के बरसी 16 जुलाई दिन शनिवार को हैं।आपको बता दें कि नौ वर्ष पहले 16 जुलाई 2013 को मशरक प्रखंड के धरमासती बाजार के पास गंडामन गाव के सामुदायिक भवन में चल रहें प्राथमिक विद्यालय में बन रहें भोजन को खाने से 23 छोटे छोटे मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना कैसे हुई यह थी
16 जुलाई 2013 को प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई कर रहे मासूम बच्चे खाना मिलने का इंतजार कर रहे थे। रसोइया ने एक बच्चे को स्कूल की प्रधान शिक्षिका मीना देवी के घर से सरसों तेल लाने को भेजा। सरसो तेल के डिब्बे के पास ही छिड़काव के लिए तैयार कीटनाशक रखा था। बच्चे ने तेल के बदले कीटनाशक का घोल लाकर दे दिया, जो बिल्कुल सरसो तेल जैसा ही था। रसोइया जब सोयाबीन तलने लगी तो उसमें से झाग निकलने लगा। उसने इसकी शिकायत एचएम मीना देवी से की। मीना देवी ने इसका ध्यान नहीं दिया। उसके बाद जब खाना बनकर तैयार हो गया और बच्चों को परोसा गया तो बच्चों ने खाने का स्वाद खराब होने की शिकायत की। कहते हैं कि बच्चों की शिकायत को नजरअंदाज करते हुए मीना देवी ने डांटकर भगा दिया था। कुछ देर बाद ही बच्चों को उल्टी और दस्त शुरू हो गया। इसके बाद देखते ही देखते 23 बच्चों ने दम तोड़ दिया। विद्यालय की रसोइया और 25 बच्चे पीएमसीएच में कठिन इलाज के बाद वापस गांव आ पाये थे।
एचएम पर दर्ज हुई थी प्राथमिकी
23 बच्चों की मौत को लेकर मशरक थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उसमें प्रधान शिक्षिका मीना देवी समेत उनके पति अर्जुन राय को भी आरोपित किया गया। मीना देवी को एसआइटी में शामिल महिला थानाध्यक्ष अमिता सिंह ने 23 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। बाद में कोर्ट ने पति अर्जुन राय को बरी कर दिया था। लेकिन प्रधान शिक्षिका को दोषी मानते हुए दो सजा सुनाई गई। पहली 10 वर्ष की सश्रम कैद एवं ढाई लाख जुर्माना, दूसरी सात वर्ष सश्रम कैद एवं 1.25 लाख रुपये अर्थदंड की सजा थी। कोर्ट ने कहा था कि दोनों सजा अलग–अलग चलेगी। पहले 10 वर्ष की सजा और बाद में 7 वर्ष की सजा काटनी होगी। फिलहाल मीना देवी जमानत पर बाहर हैं। सरकार ने लिया था।



गांव को गोद बच्चों की मौत के बाद सरकार ने गंडामन गांव को गोद ले लिया था। इसके बाद गांव के विकास को पंख लग गए। जिस स्कूल में घटना हुई उसका नया बिल्डिग बना और उसे अपग्रेड किया गया। मृत बच्चों की याद में कड़ोरो की लागत से स्मारक, इंटर कॉलेज की स्थापना, स्वास्थ्य उपकेंद्र, जल मीनार बनी। गांव की अधिकांश सड़कों को चकाचक कर दिया गया। पूरे गांव में बिजली की व्यवस्था,पीड़ित परिवारों सहित गांव के अन्य लोगों को भी पक्का आवास, पेंशन योजना, परिसर में पोखरे का उन्नयन आदि अनेक विकास योजनाओं को साकार कर दिया गया। हालांकि कई योजनाएं पूरी हुई पर कुछ योजनाएं अब भी अधूरी हैं। रह–रह कर टीस दे जाती है, 16 जुलाई की यादें गंडामन गांव में जिन घरों के चिराग बूझ गए, उनके घर एक बार फिर मातम का दौर है। इस हृदय–विदारक घटना की यादें ताजा होते ही गांव के हर लोगों की आंखें नम हो जा रही है। करीब–करीब हर दूसरे घर के बच्चे को इस घटना ने लील लिया। शनिवार को जब घटना की नौवीं बरसी होगी। तो लोग बच्चों के स्मारक पर एक बार फिर एकत्र होंगे। फूल–माला चढ़ा कर अब कभी नहीं लौटने वाले अपने लाडले को प्यार–दुलार देकर श्रद्धांजलि देंगे।

## जविपा अध्यक्ष अनिल कुमार ने मंत्री श्रवण कुमार पर लगाया बड़ा आरोप,कहा-163 कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति के साथ गर्ल्स हॉस्टल के नाम पर UGC का 40 लाख रुपये का किया गबन



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ) जनतान्त्रिक विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार ने बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग सह एस टी डिग्री कॉलेज, सलेमपुर, सोहसराय बिहार शरीफ नालंदा के सचिव श्रवण कुमार पर फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार ने अपने राजनीतिक ओहदे का गलत इस्तेमाल करते हुए एस टी डिग्री कॉलेज में 163 कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति के साथ गर्ल्स हॉस्टल के नाम पर UGC का 40 लाख रुपये का गबन किया है। अनिल कुमार ने ये आरोप दस्तावेज को प्रस्तुत करते हुए लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आए दिन भ्रष्ट अधिकारियों के घरों पर छापे मारती है, लेकिन उन अधिकारियों के मंत्री को बचा लेती है। हम पूछना चाहते हैं कि क्या उनके मंत्री इतने दूध के धुले हैं? उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा की दशा बर्बाद करने में सत्ता में बैठे लोगों का बड़ा हाथ है। अनिल कुमार ने कहा कि बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने सेवानिवृत फर्जी प्राचार्य अशोक कुमार, इंटर के फर्जी प्राचार्य संजीत कुमार द्वारा जाली दस्तावेज बनाने, फर्जी नियुक्ति करने, फर्जी तरीके से कॉलेज राशि का खाता से निष्कासन, फर्जी डिग्री कॉलेज चलाने, बिहार सरकार से फर्जी रूप से सरकारी अनुदान की प्राप्ति एवं फर्जी तरीके से भुगतान, फर्जी रूप से यू जी सी से विभिन्न मदों में फंड प्राप्ति, कॉलेज चपरासी बैंक चपरासी कृष्णा बहादुर के खाते में पैसे डालकर करोड़ों रुपया की अवैध निकासी की। उन्होंने के एस टी डिग्री कॉलेज सलेमपुर सोहसराय बिहार शरीफ नालंदा में श्रवण कुमार द्वारा कुल 163 कर्मचारियों की पूर्व की तिथि से फर्जी नियुक्ति– श्रवण कुमार के एस टी डिग्री कॉलेज के सचिव 20 अक्तूबर 2008 को बनाए गए, लेकिन उन्होंने पूर्व की तिथि में यथा दिनांक 27/28.05.2006 को फर्जी तरीके से कुल 163 कर्मचारियों की नियुक्ति स्वयं के हस्ताक्षर से कर दी तथा पहले से नियुक्त 109 कर्मचारियों की पूरी लिस्ट मगध विश्वविद्यालय, कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार एवं उसके पुत्र संजीत कुमार के मदद से हटवा दी। उन्होंने आगे कहा कि यूजीसी के द्वारा दिए गए अनुदान की राशि 40 लाख रुपया हड़पने के संबंध में के एस टी कॉलेज के लिए 40 लाख रूपया यूजीसी ने वित्तीय वर्ष 2014–15 में स्वीकृत किया। उस समय UGC को जो जमीन बताया गया वह जमीन इंटर कॉलेज में पहले से ही दिया जा चुका था, और उसी जमीन को धोखा–धड़ी करते हुए फिर से UGC में गर्ल्स हॉस्टल के लिए दिया गया, जिसका दस्तावेज हमारे पास उपस्थित है। गर्ल्स हॉस्टल की जमीन जो यूजीसी को फर्जी तरीके से दिखाया गया, वह जमीन तो इंटर कॉलेज का था। इसलिए ये पूरे 40 लाख रुपये के गबन का मामला है। इस रुपये को माननीय सचिव द्वार पूरा निगल लिया गया। अनिल कुमार ने कहा कि कॉलेज कैंपस के अंदर भवन निर्माण मामला– किसी कॉलेज के कैंपस अंदर किसी व्यक्ति का निजी जमीन होता है. सचिव माननीय मंत्री श्रवण कुमार जी बताना चाहिए कि किस परिस्थिति के टी कॉलेज के अंदर अशोक कुमार का जमीन है? उन्होंने अपने उम्र को लेकर भी फर्जीवाड़ा किया है। ज्ञात हो श्रवण कुमार डिग्री कॉलेज के सचिव थे न कि इंटर कॉलेज के ज्ञात हो इंटर कॉलेज के पदेन सचिव बिहार विद्यालय परीक्षा समिति उच्चतर माध्यमिक नियम 2010 के अनुसार प्राचार्य होते हैं। इस प्रकार यह श्रवण कुमार के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। इस प्रकार जब भी किसी प्रकार का विरोध या वित्तीय मामले पर कोई विवाद होता है तो डा. अशोक कुमार श्रवण कुमार, की मदद से कभी स्वयं तो कभी संजीत कुमार को को बदल बदल कर कार्यभार देते रहते हैं। इस प्रकार तीनों कॉलेज के वित्तीय लूट में लिप्त हैं। हम इसकी जांच की मांग करते हैं और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कारवाई करने कि मांग करते हैं।

## जल शक्ति अभियान अंतर्गत कैच द रेन से संबंधित जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक के साथ समीक्षा बैठक



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। श्री संजय कुमार जैन ,संयुक्त सचिव , भारत सरकार –सह–केंद्रीय नोडल पदाधिकारी ,कैच द रेन , मोतिहारी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल शक्ति अभियान अंतर्गत कैच द रेन से संबंधित जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
दिनांक 18 एवं 19 जुलाई 2022 को संयुक्त सचिव,महोदय द्वारा मोतिहारी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जल शक्ति अभियान अंतर्गत कैच द रेन योजनाओं का स्थलीय जांच किया जाएगा। इसी संदर्भ में जिलाधिकारी महोदय ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले भर में सोख्ता निर्माण , शॉक पीट , अमृतसर सरोवर, पइन, पोखर का जीर्णोद्धार, चेक डैम निर्माण , गार्जियंस ऑफ ट्री, वृक्षारोपण आदि के कार्य प्रगति पर हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , निदेशक डीआरडीए , डीपीओ मनरेगा ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थें ।

## जिले में श्रावणी मेले के दौरान विधि व्यवस्था संधारण एवं मेला आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। जिले में श्रावणी मेले के दौरान विधि व्यवस्था संधारण एवं मेला आयोजन का सफलतापूर्वक संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी प्रणव कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों की की गई ब्रीफिंग। पूरे समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ पदाधिकारी करें अपने दायित्वों का निर्वहन : डीएम
प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय एवं पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का करें निर्वहन– वरीय पुलिस अधीक्षक। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निमित्त की गई है आवश्यक व्यवस्थाएं। श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि की संभावना के मद्देनजर यात्रियों को सुख सुविधाओं के साथ–साथ उनके सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है चाक–चौबंद। मेला क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण एवम संवेदनशील स्थानो पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियो की गई प्रतिनियुक्ति। काफी संख्या में पुलिस बल की हुई तैनाती। सभी महत्वपूर्ण एवम संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे एवम वीडियो ग्राफी द्वारा रखी जायेगी नजर। पदाधिकारियो को छोटी–छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लेकर त्वरित करवाई का दिया निर्देश।श्रावणी मेला –2022 के दौरान विधि व्यवस्था संधारण एवं मेला आयोजन का सफलतापूर्वक संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी प्रणव कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत ने मेले के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर स्थानीय डीएन हाई स्कूल में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग की। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि हर छोटी बातो एवं घटनाओं पर भी विशेष नजर रखनी है।
उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मेले के संचालन के मद्देनजर सभी माकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।श्रद्धालुओं की काफी संख्या की संभावनाओं को देखते हुए विधि व्यवस्था संधारण एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं उनकी सुरक्षा को अक्षुण्ण रखना हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी। अतः इस दिशा में सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करेंगे। वही ब्रीफिंग में उपस्थित वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत ने अपने संबोधन में कहा कि



प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी दी गई जिम्मेदारियों को पूरी गंभीरता से पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की कोई चूक की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। कहा कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के साथ पूरा समन्वय बना कर रखेंगे।
डीएम–एसपी ने चिन्हित सभी संवेदनशील स्थलों एवं कांवरियों के गुजरने वाले मार्गों पर विशेष रूप से निगरानी रखे जाने का निर्देश दिया। सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की मंशा रखने वाले असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर भी विशेष निगरानी रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।
इस दौरान सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी बरते जाने के निर्देश निर्गत किए गए हैं, ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाहों को फैलाने के प्रयास को रोका जा सके। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखे एवं जैसे ही कोई आपत्तिजनक , अफवाह फैलाने ,सामाजिक समरसता को बिगाड़ने वाले पोस्ट नजर आता है तो तुरंत अपने वरीय अधिकारियो को सूचित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि छोटी–छोटी घटनाओं को भी पूरी गंभीरता से लेकर उस पर संज्ञान ले तथा उसकी सूचना अपने वरीय अधिकारियों को भी दे। विधि व्यवस्था संधारण हेतु बड़े पैमाने पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बनाए गए सभी नियंत्रण केंद्रों पर भी प्रतिनियुक्ति की गई है। बब्रीफिंग में अपर समाहर्ता राजस्व राजेश कुमार ,उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, एडीएम डॉ अजय कुमार ,अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिवहर इंजीनियरिंग में बी टेक कोर्स की मान्यता

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने मोतिहारी इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में संचालित शिवहर जिले के इंजीनियरिंग कॉलेज में कम्प्यूटर साइन्स एंड इंजीनियरिंग (डाटा साइन्स) कोर्स संचालित करने को स्वीकृति प्रदान की है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, शिवहर में पूर्व से प्रत्येक शाखा में 60 सीटों के साथ सिविल इंजीनियरिंग, मैंकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की पढ़ाई चल रही है। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अभय कुमार झा ने बताया कि कंप्यूटर साइन्स की 60 और सीटों की मान्यता से संस्थान में कुल पांच संकायों श्मैंश के साथ प्रथम वर्ष में कुल 300 सीटों पर सत्र 2022–23 में नामांकन हो सकेगा। संस्थान के एआईसीटीई को ओर्डिनेटर, डॉ दिनेश साह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब छात्र–छात्राओं को कम्प्युटर साइन्स की पढ़ाई के लिए राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। कॉलेज का अपना कैम्पस नहीं होने के कारण मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय, मोतिहारी कैम्पस में संचालन हो रहा है। लेकिन इस वर्ष राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, शिवहर का भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो जाने पर पठन–पाठन का कार्य नवनिर्मित भवन में सुचारु रूप से प्रारम्भ हो जाएगा।

## समस्तीपुर में बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने पुष्कर कृषक सेवा सहकारी समिति सोमना के कर्मी से 40 हजार रुपए छीन लुटेरा आराम से फरार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ निरंजन जायसवाल
समस्तीपुर,कल्याणपुर। समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुरापुर टारा से बिरौली घाट जाने वाली मुख्य पथ माधवपुर भोआल कब्रिस्तान के समीप दोपहर में बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने




पुष्कर कृषक सेवा सहकारी समिति सोमना के कर्मी कल्याणपुर गांव निवासी योगेंद्र नारायण ठाकुर के पुत्र प्रभात कुमार से अपराधियों ने बाइक से 40 हजार रुपए छीन लुटेरा आराम से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई। लुटेरों का सुराग पाने के लिए पुलिस सड़क किनारे दुकान व अन्य जगह लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में लग गई। थाना अध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। जल्द ही सभी लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की टीम ने नेपाल बीरगंज की एक नाबालिक लड़की को गुजरात के वडोदरा शहर से किया रेस्क्यू बहला फुसलाकर ले जाने वाला युवक भी गिरफ्तार

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। रक्सौल एसएसबी 47 वीं बटालियन के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के सीनियर इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व की टीम ने खुफिया इनपुट व पीड़ित लड़की की जानकारी एकत्र कर एक नेपाली नाबालिग बालिका का गुजरात राज्य के वडोदरा शहर से रेस्क्यू करने में सफलता हासिल किया है बता दें कि नाबालिक लड़की 1 माह पूर्व से नेपाल के बीरगंजशहर से गायब थी।
उक्त नेपाली लड़की के अभिभावक अन्य किसी से मदद मांग मांग कर इतना थक हार गए थे कि अपनी बेटी के दोबारा वापस मिलने की संभावना बहुत कम ही देख रहे थे. अंत में वे एसएसबी 47 वीं बटालियन के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा के संपर्क में आए व मदद की गुहार लगाई. एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के इंस्पेक्टर व उनके नेतृत्व वाली टीम ने पीड़ित पिता को सांत्वना देते हुए कहा कि आप धैर्य व संयम रखें हम लोग अपने स्तर से पूरी प्रयास करेंगे इसके बाद मिशन मुक्ति एनजीओ एएचटीयू पुलिस बड़ोदरा गुजरात से संपर्क साधा व नाबालिक लड़की से संबंधित एकत्रित जानकारी रेस्क्यू करने के लिए दूरभाष पर दिए।
तदोपरांत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष से वहां सह योग के लिए संपर्क किया गया जिसके बाद गुजरात के वडोदरा शहर के मकरबा थाना क्षेत्र से पीड़ित लड़की को रेस्क्यू करने में सफलता लग गईं व बहला–फुसलाकर साथ ले जाने वाला युवक को भी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।
उसके बाद नाबालिक लड़की को बाल कल्याण समिति बड़ोदरा को सौंप दिया गया एवं लड़की के अभिभावकों तुरंत सूचना कर दी गई. गिरफ्तार युवक को अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस को सौंप दिया गया. इस रेस्क्यू अभियान को सफल बनाने में डायरेक्टर प्रिय जगडल, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर रेशमा हिलैया व बाल कल्याण समिति वडोदरा, बाल कल्याण समिति वडोदरा व एएचटीयू बड़ोदरा पुलिस, बड़ोदरा नागरिक काउंसिल समेत मिशन मुक्ति एनजीओ का बहुत बड़ा सहयोग रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## पूर्व मंत्री व दलित नेता रमई राम का निधन दु:खद माले

☒ रमई राम सामाजिक न्याय, समानता और दलित अधिकार केलिए संघर्षरत जनता के बड़े नेता थे : सिद्दीकी
वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढी। भाकपा माले सीतामढ़ी जिला सचिव नेयाज अहमद सिद्दीकी ने पूर्व मंत्री तथा बोचहा विधानसभा से नौ बार विधायक रहे बिहार के चर्चित दलित नेता रमई राम के निधन को अत्यंत दुःखद बताते हुए पार्टी की ओर से शोकसंवेदना प्रकट किया तथा सरद्धाजंलि अर्पित किया है। उन्होंने कहा कि श्री राम सामाजिक न्याय, समानता और दलित अधिकार केलिए संघर्षरत जनता के बड़े और कद्दावर नेता थे। साम्प्रदायिक राजनीति, उन्माद व नफरत के खिलाफ सामाजिक सौहार्द और भाईचारा को मजबूत करने में आजीवन जुटे रहे। उनका गुजर जाना एक बड़ी क्षति है। बिहार की राजनीति में वे लंबे समय तक याद किए जाएंगे। सामाजिक न्याय, समानता और सामाजिक सौहार्द के लिए संघर्ष तेज करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



## एसएसबी द्वारा नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। बेला थाना अंतर्गत सीमा सशस्त्र बल 51 वीं बटालियन के सौजन्य से गोरहारी कैंप द्वारा मध्य विद्यालय गोरहारी उत्तरी में निरूशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने अपने मवेशी को टिका लगवाया व दवा प्राप्त किया सीतामढ़ी से आए सहायक कमांडेंट मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में समय–समय पर एसएसबी द्वारा जनहित में इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है मौके पर कन्हवां एस एस वी इंचार्ज इंस्पेक्टर रमेश कुमार गोरहारी कैम्प इंचार्ज एएसवी थोरू मेहरा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसी सुखदेव पंचायत मुखिया दिनेश राम उप मुखिया व समाजसेवी विनय कुमार झा वीरेंद्र पासवान व शशि कुमार समेत कई मौजूद थे।



## मारपीट के मामले में एक युवक को भेजा जेल

ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार। सहरसा जिले के सोनबरसा कचहरी ओपी पुलिस ने खड़कपुर गांव से मारपीट मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज रहा हैं। थानाध्यक्ष सुशील कुमार मरांडी ने बताया कि खड़कपुर निवासी कन्हैया साह के पुत्र रामा साह मारपीट मामले में नामजद अभियुक्त हैं जो लगातार फरार चल रहा था मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज जा रहा हैं जहां पुलिस गिरफ्तार आरोपी का सदर अस्पताल में कोरोना जांच कराकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज रहा है।



## जल संरक्षण को बनाए जा रहे चौक डैम का डीएम ने लिया जायजा

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना भाग दो के अंतर्गत 30 फीट पीसीडी निर्माणाधीन चौक डैम का डीएम ने गुरुवार को जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने आथन, खुखमा, अधौरा में बनाए जा रहे चौक डैम को देखा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा –निर्देश भी दिया। मिली जानकारी के अनुसार डीएम अधौरा , आथन व खुखमा गांव में भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा बनाए जा रहे पक्के चौक डैम का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौक डैम में जल संरक्षण के बारे में व इससे आमलोगों व किसानों को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। मौके पर मौजूद पदाधिकारियों ने डीएम को पूरी जानकारी दी। बता दें कि जिले के मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए कच्चे व पक्के चेक डैम का निर्माण कर बारिश के पानी को संरक्षित करने का कार्य किया जाता है। पहाड़ी प्रखंड क्षेत्र में बनाए गए चेक डैम के संरक्षित पानी के सहारे लोग खेती कर रहे हैं। भूगर्भ जल स्तर को सुरक्षित रखने के लिए चेक डैम का वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से पानी संरक्षित करने की पहल मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। जिसका क्रियान्वयन जिला प्रशासन की पहल पर हो रहा है। डीएम के निरीक्षण के दौरान भूमि संरक्षण विभाग के परियोजना पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह व सहायक निदेशक भूमि संरक्षण मौजूद थे। चौपाल में किसानों को किया गया जागरूक।



## रिक्शा के पलटने से महिला गंभीर घायल

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। सिमरिया गांव के पास ई रिक्शा के पलटने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक महिला भभुआ थाना क्षेत्र के सेमरियां गांव निवासी रामचंद्र की 34 वर्षीया पत्नी विमला देवी बताई गई है।जो गुरुवार को अपने घर से बाजार करने के लिए ई रिक्शा पर बैठकर भभुआ जा रही थी। तभी सेमरियां गांव के पास ही ई रिक्शा पलट गया। जिसके पलटने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं आसपास की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा भर्ती कर घायल महिला का इलाज किया जा रहा है।

## रक्सौल एसएसबी तस्करों के साथ हुई झड़प

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण रक्सौल। बीते दिन तस्करों से एसएसबी की हुई झड़प के बाद भेलाही में हरिओम कॉम्प्लेक्स के समीप पटना से आई कस्टम की टीम व एसएसबी के संयुक्त छापेमारी में पिकअप सहित भारी मात्रा में कपड़ा जब्त किया गया है। एसएसबी के कमांडेंट विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी है। जिसमें चार पिकअप पर लदे कपड़ा को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि तस्करों के द्वारा पिकअप पर कपड़ा लाद कर रखा गया था। जिसे चोरी छिपे मौका पाकर नेपाल ले जाने की योजना थी। चार पिकअप सहित कपड़ा को एसएसबी के द्वारा मोतिहारी कस्टम को सौंपा गया है। वही एसएसबी के अधिकारियों ने बताया कि जब्त पिकअप व कपड़े का अनुमानित मूल्य 1.5 करोड़(डेढ़ करोड़) आंका गया है। यहां बता दे कि बुधवार की रात प्रखंड के कुकुहिया गांव में एसएसबी व कपड़ा तस्करों के बीच जांच के दौरान कपड़ा पकड़े जाने पर झड़प हुआ था। जिसमें एसएसबी के द्वारा एक पिकअप, 28 बंडल कपड़ा सहित तीन तस्कर को गिरफ्तार किया गया था। जिसमे तीन एसएसबी के जवान भी झड़प में घायल हो गए थे। इधर, एसएसबी के द्वारा लगातार हो रहे करवाई से कपड़ा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।



# अलग अलग घटना मे एक दर्जन से अधिक जख्मी




दैनिक आयोध्या टाईम्स / खगड़िया
खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के अलग अलग घटना मे एक दर्जन से अधिक जख्मी हो गया है कई व्यक्ति को रेफर कर दिया गया है . सूत्र के अनुसार बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद तो कहे आपसी विवाद तो कहे दहेज प्रताड़ित के मामले मे जख्मी एक दर्जन जख्मी हो गया है वही जख्मी का पहचान मोजाहिदा निवासी (1)असगन के 25 वार्षिय पुत्र मो अप्सरा, देवरी निवासी (2) अरुण यादव के 30 वार्षिय पुत्र रुपेश कुमार,करना निवासी(3) सुभास्कर उर्फ प्रभाकर सिँह कि(4) 23 वार्षिय पत्नी गुंजन देवी, जोरावरपुर निवासी(5) पिंकेश पासवान कि 35 वार्षिय पत्नी उषा देवी (5) पुत्र मनीष कुमार, करना निवासी (6) बबलू सिँह कि 30 वार्षिय पत्नी विनीता देवी, (7) कपिलादेव सिँह कि 40 वार्षिय पत्नी बविता देवी, (8) स्व नेबीपा सिँह कि 30 वार्षिय पुत्र बबलू सिँह, (9) राजेश गुप्ता के 40 वर्षीय पत्नी रेखा देवी, उदयपुर निवासी (10) राजेश दास कि 25 वार्षिय पत्नी सविता देवी एवं(11) 16 वार्षिय पुत्री अनुषा कुमारी, ओर(12) रणवीर दास कि 22 वार्षिय पत्नी निशा के रूप मे रूप मे किया गया है मौके पर ग्रामीणों सभी जख्मी को स्थानीय लोगो के सहियोग से इलाज के लिए परबत्ता सीएचसी लाया गया है. मौके पर तैनात डॉ राजीव कुमार ने बताया कि 24 घंटे मे एक दर्जन जख्मी आया है ओर कई व्यक्ति को भी रेफर किया गया है। मौके पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार पाल ने बताया कि सूचना मिला है पीड़ित के ओर से लिखित आवेदन आने के बाद आगे कि ओर कार्यवाही किया जाएगा।

# राजद के बाहुबली विधायक अनंत सिंह का विधान सभा सदस्यता समाप्त विधान सभा से जारी हुई अधिसूचना



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ) राजद के मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई है। विधानसभा ने गुरुवार को उनकी विधायकी समाप्त किये जाने की अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना में कहा गया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा–8 और संविधान के अनुच्छेद 191 (1) (ई) के प्रावधानों के तहत अनंत सिंह को कनविक्शन की तिथि 21 जून के प्रभाव से बिहार विधान सभा की सदस्यता से निरर्हित किया जाता है।

अनंत सिंह पर उक्त कार्रवाई उनके घर से एके 47 और हैंड ग्रेनेड मिलने के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा 10 साल की सजा सुनाये जाने के कारण की गई है। इसके साथ ही मोकामा से पांच बार लगातार जीतने वाले अनंत सिंह से अब उनकी माननीय की कुर्सी छीन गई है।

बताते चले कि आर्म्स एक्ट के मामले में कोर्ट ने 14 जून को ही उन्हें दोषी करार दिया था। फिर 21 जून को एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने 10 साल की सजा सुनाई।

चूंकि 2 साल या उससे ऊपर की सजा मिलने के बाद सदस्यता जानी तय है। ऐसे में विधानसभा ने सजा की तिथि 21 जून से ही सदस्यता छिने जाने की जानकारी दी।

# पति ससुर एवं ननद ने मिलाकर विवाहित को जान से मरने का प्रयास

दैनिक आयोध्या टाइम्स / खगड़िया
खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के करना गांव मे बुधवार कि देर रात पति ससुर एवं ननद ने मिलाकर विवाहित को जान से मरने का प्रयास किया गया वही महिला कि पहचान करना निवासी सुभास्कर उर्फ प्रभाकर कुमार सिँह कि 23 वार्षिय पत्नी गुंजन देवी के रूप मे


दहेज़ प्रताड़ित कर हत्या करने का प्रयास, पिता एवं पुत्र गिरफ्तार

किया गया है. मौके जख्मी महिला ने बताया कि मेरा मुँह मे कपड़ा ठूस कर दहेज प्रताड़ित कर जान से मरने के नियत से हमें पति सुभास्कर उर्फ प्रभाकर कुमार सिँह, ससुर रमोतार सिँह, ननद का पहचान पसहारा थाना क्षेत्र के महद्दीपुर निवासी संजीव कुमार सिँह कि पत्नी गीता देवी मारपीट कर महिला को जख्मी कर दिया है. मौके परिजनों के सहयोग से इलाज के लिए परबत्ता सीएचसी लाया गया है मौका पर तैनात डॉ राजीव कुमार ने जख्मी महिला कि इलाज कर स्थानीय थाना के पुलिस बल को सौप दिया है. मौके पर परबत्ता थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार पाल ने बताया जख्मी महिला के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस ने पति सुभास्कर उर्फ प्रभाकर कुमार सिँह, ससुर रमोतार सिँह हुए पुलिस ने दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिए लेकर ननद ने पुलिस कि गाड़ी को देखा भागने मे सफल हुए लेकिन जल्द से गीता देवी को भी गिरफ्तार कर लेंगे।

# समस्याओं से जूझता उत्क्रमित मध्य विद्यालय मऊ दियारा



विद्यापतिनगर दलसिंहसराय अनुमंडल ब्यूरो चीफ) प्रखंड के मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मऊ दियारा, यूं तो सुविधाओं के अभाव एवं शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है, बावजूद इसके शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षकों की कर्मठता के लिए आसपास के क्षेत्रों में इस विद्यालय को जाना जाता है ! पंचायत के वार्ड संख्या 13 (दियारा) में स्थित यह विद्यालय वहां कै अभिभावकों के लिए अपने बच्चों को शिक्षित करने का एक मात्र सहारा है! विद्यालय में अधिकांश बच्चे गरीब या महादलित तबके से आते हैं, फिर भी उनकी प्रतिभा काबिले तारीफ है ! इस विद्यालय से पढ़ाई करने वाले कई छात्रों ने बिहार सरकार एवं भारत सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर विद्यालय का मान बढ़ाया है! विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार साह ने बताया कि विद्यालय में करीब 500 बच्चे नामांकित हैं जिसमें 300 से अधिक बच्चे रोजाना विद्यालय आते हैं ! विद्यालय में महज 4 कमरे हैं जिससे छात्रों को कक्षा में बैठने तथा शिक्षा ग्रहण करने में खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ! एक कक्षा में करीब 90 से 100 बच्चे होते हैं जिन्हें बैठने में असुविधा होती हैं ! विद्यालय के वरीय शिक्षक पवन कुमार झा ने बताया कि विभाग को स्थिति से अवगत कराया गया है, साथ ही मांग की गई है कि कमरों का निर्माण कराया जाय! विद्यालय में 8 शिक्षक पदस्थापित हैं, जिनमें 3 शिक्षक अलग–अलग जगहों पर प्रतिनियुक्ति हैं, विद्यालय में शेष 5 शिक्षक के द्वारा ही पठन–पाठन कार्य संपन्न होता है ! विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि बरसात के समय विद्यालय आने जाने में काफी परेशानी होती है ! विद्यालय आने के लिए बाया नदी को पार करना पड़ता है, इसके बावजूद सभी शिक्षक ससमय विद्यालय पहुंचते हैं।

# अनंत सिंह की विधायकी हुई समाप्त, विधानसभा ने जारी की अधिसूचना



अमित कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। बिहार के बाहुबली अनंत सिंह की विधायकी अब खत्म हो चुकी है। अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता उनके घर से एके 47 और हैंड ग्रेनेड मिलने के मामले में एमपीः एमएलए कोर्ट द्वारा 10 साल की सजा दिए जाने के कारण समाप्त हुई है। बिहार विधानसभा ने उनकी विधायकी समाप्त किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। अनंत सिंह की विधायकी खत्म होने से राष्ट्रीय जनता दल नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नंबर गेम को बड़ा झटका लगा है। अब आरजेडी विधायकों की संख्या 79 हो गई है। गौरतलब है कि बाढ़, मोकामा, बेलछी, हाथीदह, पंडारक, एनटीपीसी थानों की पुलिस सहित विशेष टीम ने 16 अगस्त, 2019 को विधायक अनंत सिंह के पैतृक गांव नदवां स्थित घर में रेड किया था। पुलिस टीम ने लगभग 30 घंटे से अधिक समय तक छापेमारी की। इस दौरान टीम को घर से प्रतिबंधित हथियार एके–47, 7.62 एमएम की 26 गोलियां और दो हैंड ग्रेनेड बरामद किये गए थे। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने 13 लोगों की गवाही करवायी थी। जबकि, बचाव पक्ष से 34 गवाह पेश किए गए थे। इस मामले में अनंत सिंह को कोर्ट ने दोषी पाया था। कोर्ट ने उन्हें 10 साला की सजा सुनाई थी। तेजस्वी को लगा बड़ा झटका अनंत सिंह की विधायकी जाने के बाद तेजस्वी यादव के नंबर गेम को बड़ा झटका लगा है। अनंत सिंह की विधानसभा में सदस्यता समाप्त होने के बाद अब राजद के 79 विधायक रह गए हैं। हाल ही में ओवैसी की पार्टी AIMIM के चार विधायकों ने राजद का दामन थाम लिया था।

जिसके बाद विधायकों की संख्या 76 से बढ़कर 80 हो गई थी। हालांकि, अभी भी राजद विधायकों की संख्या के लिहाज से विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी है।

# दलसिंहसराय कैरियर वर्ल्ड में पढ़ें अजीत कुमार का पहले ही प्रयास में सफल हुआ सीए फाइनल रिजल्ट, परिवार में खुशी की लहर



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल
समस्तीपुर,दलसिंहसराय। कैरियर वर्ल्ड दलसिंहसराय में पढ़ें छात्र गढ़सिसई निवासी किसान राम प्रसाद के पुत्र ने मई 2022 में आयोजित ह। पिदंस परीक्षा में पास कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया। उन्हें कुल 479 अंक मिले हैं। बता दें कि अजीत ने अपना रिजल्ट पहले ही प्रयास में ह । परीक्षा पास किया है। मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनो में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौंसलों से ही उड़ान होती है, अजीत ने इस बात को साबित कर दिया है।

अजीत ने अपने जिन्दगी के उस मुश्किल दौर से सफलता हासिल की है, जिसकी कल्पना हम सपने में भी नहीं कर सकते हैं। अजीत कुमार का मानना है कि हमें अपनी शिक्षा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जब हमारी शिक्षा अच्छी होगी तो हमें आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। अजीत कुमार राज्य ही नहीं देशभर के लोगों के लिए मिसाल हैं जो अपनी मेहनत और शिक्षा के बल पर सफलता हासिल की।

इनकी कहानी हमें प्रेरणा की वो रौशनी देती है, जिसके सहारे हम मुश्किल घड़ी से निकलने का रास्ता निकाल सकते है, और हमें आगे बढ़ने की राह नजर आती है। अजीत सत्र 2013–16 में ठ. बवउ का छात्र था, उसने B-com में कुल 570 अंक प्राप्त किया था। उसके बाद वे सीए की तैयारी करने के लिए कोलकाता गया, और वहीं रह कर सीए की तैयारी किया।

उनके इस सफलता से गदगद संस्थान डायरेक्टर राहुल सर ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है और बताया कि अजीत शुरू से ही अपने विषयों व लक्ष्य के प्रति दृढ संकल्पित रहा है। और इतना ही नहीं अजीत को बधाई देने वालों में संस्थान के ऐकडमिक डायरेक्टर अनिल गुप्ता सर, राम भरत ठाकुर सर, संजय झा, मो0 सुलेमान, चंदन प्रसाद, राजेश पासवान, विवेक दत्त, जिला पार्षद सुनीता शर्मा, संतोष कुमार सुरेका, नंद कुमार चौधरी, अनिल सिंह, सुधीर कुमार चौधरी, मनीष सर, सवेरा भारती के डायरेक्टर गुरुदेव कुमार पटेल सर, तनीषा गुप्ता, रिया, रानी, नेहा, अनामिका, अंकित, प्रिंस, अनुज, अमन मिश्रा, सिद्धि, वैष्णवी, रमन, अनुष्का, कोमल, अंकित जयसवाल, कोमल मिश्रा, श्रेया सिन्हा, नेहा कुमारी, सोनम, लाडली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिले में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा शुरू इस दौरान 5 लाख 93 हजार 983 घरों में आशा कार्यकर्ता बाटेंगी ओआरएस पैकेट

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
सीतामढ़ी। सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा शुक्रवार से जिले में शुरू हो गया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने पखवाड़े का उद्घाटन सदर अस्पताल में बच्चों को ओआरएस का पैकेट देकर किया। इस मौके पर डॉ. एके झा ने बताया कि जिले के 5 लाख 93 हजार 983 घरों में आशा कार्यकर्ता जायेंगी और पांच साल तक के बच्चों को ओआरएस का पैकेट निःशुल्क देंगी। इसके अलावा वे परिवार के सदस्यों को साफदृसफाई, हाथ धोने के तरीके की जानकारी, दस्त होने की स्थिति में जिंक की कमी को पूरा करने का तरीका बताएंगी। ये अभियान आगामी 30 जुलाई तक जिले में चलेगा। साथ ही जो दस्त रोग से ग्रसित होंगे, उन्हें लक्षित कर उनका समुचित उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पखवाड़े में प्रयास किया जायेगा कि किसी भी बच्चे में निर्जलीकरण की स्थिति होने पर घर में ही तत्काल ओआरएस तथा जिंक टैबलेट के माध्यम से प्रबंधन हो सके। उद्घाटन के मौके पर डीपीएम आशीत रंजन, अस्पताल प्रबंधक विजय कुमार झा, यूनिसेफ से नवीन कुमार श्रीवास्तव, हाशमी, जयकिशोर सिंह, यूएनडीपी के अरविंद कुमार, पीसीआई प्रतिनिधि कुमार अभिषेक, पिरामल से दिव्यांक, कोल्ड चेन टेक्नीशियन अमन कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा को हर हाल में सफल बनाने को लेकर जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक और जरूरी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही माइक्रो प्लान तैयार कर उक्त पखवाड़ा के सफल संचालन के लिए निर्देश दिया गया है। ताकि हर हाल में निर्धारित समय में पखवाड़े का सफलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित हो सके।



डॉ. झा ने बताया कि पखवाड़े के दौरान अति संवेदनशील क्षेत्र जैसे शहरी झुग्गी झोपड़ी, कठिन पहुंच वाले क्षेत्र, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र, निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के परिवार, ईंट भट्टे वाले क्षेत्र, अनाथालय और ऐसे चिह्नित क्षेत्र, जहां दो–तीन वर्ष पहले तक दस्त के मामले अधिक संख्या में पाए गए हैं वहां विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मौसम में लगातार बदलाव के कारण डायरिया की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में हमें विशेष सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। डायरिया से बचाव को लिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। डायरिया होने पर लगातार 14 दिनों तक जिंक का सेवन करें। 02 माह से 06 माह तक के बच्चों को जिंक की 1/2 गोली 10 मिग्रा. पानी में घोलकर या मां के दूध के साथ घोलकर चम्मच से पिलाएं। 06 माह से 05 साल के बच्चों को एक गोली साफ पानी के साथ मां के दूध में घोलकर पिलाएं। जबकि, दो माह से कम आयु के बच्चों को 05 चम्मच ओआरएस प्रत्येक दस्त के बाद पिलाएं। 02 माह से 02 वर्ष तक बच्चे को 1ध4 ग्लास से 1/2 ग्लास प्रत्येक दस्त के बाद पिलाएं। 02 से 05 वर्ष तक के बच्चों को 1/2 से ग्लास प्रत्येक दस्त के बाद पिलाएं। जिंक सेवन से दस्त और तीव्रता दोनों कम होता है। मल का ज्यादा पतला या पानी जैसा होना ही डायरिया (दस्त) का पहला लक्षण है। इसके अलावा बच्चा बेचौन व चिड़चिड़ा रहा हो, अथवा सुस्त या बेहोश हो, बच्चे को बहुत ज्यादा प्यास लगना अथवा पानी नही पीना, चिकोटी काटने पर पेट के बगल की त्वचा खींचने पर धीरे–धीरे पूर्वावस्था में आना अर्थात त्वचा के ललीचेपन में कमी आना आदि डायरिया का लक्षण है।

# नेपाली नाबालिग लड़की गुजरात से रेस्क्यू



दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी
रक्सौल। इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया कार्यालय 47वीं वाहिनी पंटोका की आसूचना व पीड़ित लड़की व उसको ले जाने वाले लड़के की पल पल की जानकारी एकत्र कर एक नेपाली नाबालिग बालिका का गुजरात से रेस्क्यू संभव हो सका है। जानकारी के अनुसार नेपाल की एक नाबालिग लड़की एक माह से बीरगंज नेपाल से गायब हो रखी थी। अभिभावक हर किसी से सहायता मांग मांग कर थक गए थे। अंततः किसी ने उन्हें सुझाव दिया कि मानव तस्करी रोधी क्षेत्रक मुख्यालय रक्सौल से मिल लीजिये। उसके बाद उसके माता–पिता आकर मुलाकात किये। साथ ही नेपाल में पुलिस में की गयी एफआईआर और एक निवेदन मानव तस्करी रोधी क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया के नाम दिया। इस पर टीम ने सांत्वना दी और कहा कि कुछ दिन का समय दीजिये। इंस्पेक्टर मानव तस्करी रोधी क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया ने मिशन मुक्ति एनजीओ व एएचटीयू पुलिस, बड़ौदरा, गुजरात से संपर्क किया तथा नाबालिग लड़की से संबंधित जुटाई गयी संपूर्ण जानकारी रेस्क्यू करने के लिए फोन द्वारा दी। लड़की लड़के की पल–पल की सूचना के साथ साथ उनके पते की जानकारी भी इंस्पेक्टर मानव तस्करी रोधी क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया द्वारा जुटा ली गयी थी। उसके बाद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चेयरमैन से गुजरात में सहयोग के लिए संपर्क किया गया। अतरू आज वड़ोदरा के मकरबा थाना के क्षेत्र से लड़की को रेस्क्यू कर लिया गया तथा साथ ही उस लड़के को भी पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया जो लड़की को ले कर फरार हुआ था। उसके बाद नाबालिग लड़की को बाल कल्याण समिति बड़ोदरा को सौंप दिया गया और लड़की के अभिवावक को सूचना कर दी गयी। लड़के को पुलिस की अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस को सौंपा गया। बता दें कि डाइरेक्टर प्रिया जगडेल व प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर रेशमा हिलैयाबाल, कल्याण समिति वडॉदरा व वडॉदरा नागरिक काउंसिल, एएचटीयू वड़ोदरा पुलिस मिशन मुक्ति इनजीओ द्वारा ये रेस्क्यू संपन्न किया गया।

# श्रावणी मेले के पहले दिन बोल बम के नारों से गूंजा देवघर लगभग 50,000 से अधिक कांवरियों ने किया जलार्पण

अमित कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाबाधाम में गुरुवार से श्रावणी मेला शुरू हो गया। मेला प्रारंभ होते ही बाबा मंदिर में जलार्पण की व्यवस्था भी बदल गयी। नयी व्यवस्था के तहत अरघा से पहले दिन 50 हजार से अधिक भक्तों ने जलार्पण किया। वहीं, बाह्य अरघा के माध्यम से भी कांवरिये जलार्पण कर रहे हैं। बाह्य अरघा के माध्यम से भी पहले दिन 10 हजार से अधिक कांवरियों ने जलार्पण कर मंगलकामना की। जलार्पण कर बाहर निकल रहे कांवरियों ने मंदिर प्रशासन की ओर से की गयी व्यवस्था की सराहना करते हुए सुखद अनुभूति का एहसास होने की बात कही। गुरुवार को बाबा मंदिर का पट तय समय सुबह 3रू05 बजे खुलने के साथ ही 15 मिनट तक कांचा जल पूजा की गयी। इसके बाद अरघा लगाकर पुजारी सुनील तनपुरिये ने बाबा भोलेनाथ की 45 मिनट तक सरकारी पूजा की। वहीं, सरकारी पूजा समाप्त होने के बाद आम भक्तों के जलार्पण के लिए पट खोल दिया गया। पट खुलते ही तिवारी चौक तक पहुंची कतार में बोलबम के जयकारा गूंजने लगा। अरघा के माध्यम से तेजी से जलार्पण कराने की व्यवस्था के कारण दिन के 10 बजे ही कतार सिमट गयी। मिली जानकारी के अनुसार, सामान्य कतार से जहां 40 हजार कांवरियों ने पूजा की, वहीं बाह्य अरघा से 10,100 कांवरियों ने जलार्पण किये। मंदिर का पट रात आठ बजे बंद हुआ। पट बंद होने तक 1466 भक्तों ने शीघ्र दर्शनम कूपन लेकर प्रशासनिक भवन के रास्ते जलार्पण किये। वही सुरक्षा से लेकर रास्ते में पानी, स्नानागार व जलार्पण की सुगम व्यवस्था बेहतरीन है। इसकी जितनी तारीफ करें उतनी कम है। इसके साथ पूरे कांवरिया पथ में बिछा बालू पैरों को राहत तो पहुंचा ही रहा था, प्रशासन की ओर से रास्ते में लगा झरना गर्मी में राहत पहुंचा रहा था। जलार्पण करने जब मंदिर गये, तो कतार में लगने के बाद 20 मिनट में जलार्पण होते ही थाकन दूर हो



गयी। इसके साथ ही जलार्पण से लेकर कांवरियों को ठहराने के लिए जो व्यवस्था कांवरिया पथ में देखने को मिली, वैसी व्यवस्था और कहीं नहीं देखी है। मंदिर की व्यवस्था भी काफी अच्छी है। अब हर साल सावन में यहां आयेंगे। बाबा मंदिर में जलार्पण की व्यवस्था एवं कतार में जगह जगह पेयजल एवं यूरिनल आदि की व्यवस्था काफी अच्छी है।

# संक्षिप्त समाचार

## विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा पटना पहुचे, एयरपोर्ट पर महागठबंधन के नेताओं ने किया स्वागत

अमित कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। विपक्षी दलों की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा आज पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर महागठबंधन के नेताओं ने उनका स्वागत किया। पटना के होटल मौर्या में 3 बजे वे महागठबंधन के नेताओं से मुलाकात करेंगे। महागठबंधन के दलों ने सामूहिक रुप से यह फैसला लिया है कि उनका वोट और समर्थन यशवंत सिन्हा को दिया जाएगा। अभी दो दिन पहले ही आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद से मिलने वे दिल्ली एम्स गए हुए थे। आज पटना आने पर महागठबंधन के नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि यशवंत सिन्हा के पटना दौरे से पूर्व आरजेडी के प्रदेश कार्यालय में महागठबंधन के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। जिसमें यह फैसला लिया गया कि उनका वोट और समर्थन यशवंत सिन्हा को दिया जायेगा। महागठबंधन के नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी विपक्षी दल के नेता मौजूद थे। सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में यशवंत सिन्हा को राष्ट्रपति चुनाव में मत देने की बात कही हैं।



## एडीएम शंभू शरण एडीएम सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभू कुमार का हुआ तबादला

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।
शिवहर,सीतामढ़ी। अपर समाहर्ता शंभू शरण एवं अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभू कुमार का तबादला हो गया है। अपर समाहर्ता शंभू शरण को नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी बनाया गया है तो अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभू कुमार को नगर आयुक्त नगर निगम बेतिया बनाया गया है।

## बूस्टर डोज स्थल का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण ,कहा बूस्टर डोज जरूर लगाएं

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।
शिवहर,सीतामढ़ी। सिविल सर्जन डॉक्टर शैलेंद्र कुमार झा ने सरोजा सीताराम सदर अस्पताल में लगा जा रहे बूस्टर डोज का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने कर्मियों एवं बूस्टर डोज लगाने आए लाभुकों से पूरी जानकारी प्राप्त की है। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि अब बूस्टर डोज लगवाने के लिए इंतजार की जरूरत नहीं है, आते जाए और लगवाते जाए। सिविल सर्जन ने बताया है कि केंद्र सरकार 18 से 59 साल के सभी लोगों के लिए कोरोना का दूसरा डोज लगे 6 महीने या 26 सप्ताह पूरा हो गया है वह कोविड–19 का बूस्टर डोज ले सकते हैं। गौरतलब हो कि कोरोना वायरस का कोई स्थाई इलाज नहीं है, इससे बचाव के लिए वैक्सीन को असरदार माना जा रहा है। बुस्टर डोज न केवल प्रतिरक्षा का बढ़ाता है, बल्कि ओमीक्रेन जैसे वेरिएंट के खिलाफ आपकी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को व्यापक और मजबूत करने में मदद करता है।



## मंगल बाजार में पुलिस की छापेमारी

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार) कटिहार। मंगल बाजार में पुलिस की छापेमारी, भारी मात्रा मे नकली कॉस्मेटिक सामान बरामद कटिहार जिले में नकली कॉस्मेटिक सामानों का जखीरा बरामद हुआ है। शहर के नगर थाना क्षेत्र के मंगल बाजार शोभा कॉस्मेटिक स्टोर में ब्रांडेड कंपनी के नकली कॉस्मेटिक सामान बेचा जा रहा था। जहां पुलिस ने छापेमारी कर इसका खुलासा किया है। बताते चलें कॉस्मेटिक के मामले में कटिहार बहुत बड़ा बाजार है और इसी बाजार से सीमांचल के इलाके के साथ–साथ बंगाल के इलाके तक मनिहारा समान सप्लाई होता।



## सेव द चिल्ड्रेन द्वारा विभिन्न पंचायतों के शिक्षकों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी।
सुगौली,पू.च। शिक्षा विभाग के प्रखंड संसाधन केंद्र कार्यालय में सेव द चिल्ड्रेन द्वारा विभिन्न पंचायतों के शिक्षकों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रम बच्चों का खेल नहीं खेल नहीं परियोजना के जिला समन्वयक सुनील कुमार ने प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि बाल एवं किशोर न्याय अधिनियम 1986, विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों को ड्रॉपआउट की संख्या को रोकने पर रणनीति बनाई जानी चाहिए।उन्होंने बच्चों को रुचिकर पढ़ाई और पढ़ाई के साथ–साथ खेल को भी बढ़ावा देने पर चर्चा की। इस बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम विजय यादव ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा का बेहतर माहौल बनाने के लिए शिक्षकों को कई सुझाव दिए।इस कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम विजय यादव,प्रखंड साधन सेवी भोला प्रसाद और विनोद चौधरी,सेव द चिल्ड्रेन से जिला समन्वयक सुनील कुमार,डॉक्टर सुमन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## नरकटियागंज रक्सौल रेल लाइन का किया गया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण।
रक्सौल। शुक्रवार को हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा रक्सौल पहुंचे।वे नरकटियागंज–रक्सौल रेल लाइन का निरीक्षण करते हुए रक्सौल पहुंचे थे।महाप्रबंधक श्री शर्मा के रक्सौल पहुंचने पर स्थानीय पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया।हालांकि रक्सौल पहुंचे जीएम ने यहां पर किसी तरह का औपचारिक निरीक्षण नहीं किया।थोड़ी स्थानीय अधिकारियों से बात की और इसके बाद जीएम स्पेशल ट्रेन को रक्सौल से सीतामढ़ी के लिए रवाना कर दिया गया। जहां से जीएम को सीतामढ़ी–दरभंगा रेल रूट का निरीक्षण करना था।मौके पर डीआरएम आलोक अग्रवाल, स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार सिंह, डीसीआई संजय कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर आरपीएफ ऋतु राज कश्यप, मुख्य चल टिकट निरीक्षक सुधीर कुमार मिश्रा, माल अधीक्षक प्रबोध कुमार, जीआरपी थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।



## डीएम के जनता दरबार में 102 व्यक्तियों के समस्याओं पर हुई त्वरित करवाई

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के कार्यालय प्रकोष्ठ में आज पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 2:00 बजे तक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 102 व्यक्तियों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की गई।



जिला पदाधिकारी के जनता दरबार में जमाबंदी का रद्दीकरण, दाखिल खारिज, मुआवजा की राशि का भुगतान, ग्राम सभा की बैठक का नहीं होना, जमीन पर अवैध कब्जा, चापाकल को ठीक कराने, कुआं की सफाई, राशन कार्ड बनवाने, पैसा लेने के बावजूद जमीन रजिस्ट्री नहीं करने, जमीन की मापी कराने ,सास ससुर एवं देवर द्वारा प्रताड़ित करने, नल जल का पाइप टूट जाने आदि से संबंधित था। डीएम श्री गुप्ता द्वारा जनता दरबार में आए व्यक्तियों की समस्याओं को धर्य पूर्वक सुना गया तथा फरियादी के सामने ही संबंधित पदाधिकारी को कार्यालय कक्ष में बुलाकर तथा प्रखंड /अंचल स्तरीय पदाधिकारी को दूरभाष पर अविलंब कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।जिला पदाधिकारी द्वारा आम जनता से अपील किया गया है कि प्रत्येक शुक्रवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 2:00 बजे तक जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, इस जनता दरबार में जिले का कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर जिला पदाधिकारी से मिल सकते हैं।

## सदस्यता अभियान को तेज करने पर हुआ विचार विमर्श



हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर। नगर के अखलासपुर बस स्टैंड के पास नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन स्कीम बिहार द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को कैमूर जिला में तेज करने व एक सितंबर को निर्धारित ब्लैक–डे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष डा. अखिलेंद्र नाथ तिवारी ने की। इसमें सक्रिय एनपीएस कर्मचारियों को कार्यकारिणी कमेटी में शामिल किए जाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के भूगोल विभागाध्यक्ष डा. अखिलेंद्र नाथ तिवारी को कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी गई। कोषाध्यक्ष अतुल कुमार ने प्रतिदिन सभी सदस्यों को अपने अपने विभाग में सदस्यता अभियान बढ़ाने पर जोर देने की बात कही। स्वास्थ्य विभाग के अरूण कुमार सिंह ने महिलाओं की सक्रिय सदस्यता पर बल दिया। स्वास्थ्य विभाग से मनीष कुमार मिश्र ने चांद और उसके आसपास की स्वयं जिम्मेदारी ली। शिक्षा विभाग से रवि शंकर राम ने जिला स्तर पर मजबूत कार्यकारिणी के गठन की आवश्यकता बताई। शिक्षा विभाग से उदय राम ने सदस्यता और जागरूकता अभियान की शुरुआत सबसे पहले भभुआ नगर से ही करने का प्रस्ताव दिया। सचिव सुशील कुमार सिंह ने सभी को मिलकर जोरदार संघर्ष के लिए एकजुट होने की बात कही। विद्युत विभाग से मनीष कुमार, राजीव रंजन श्रीवास्तव और अमरनाथ कुमार उपस्थित थे। सिविल कोर्ट से अदनान आलम ने अगली मीटिग जूम एप से करने का प्रस्ताव दिया। सिविल कोर्ट के ही अमरदीप ने अगले दो सप्ताह में सभी किए कार्यों की समीक्षा बैठक 28 या 29 जुलाई को करने का प्रस्ताव दिया। बैठक का समापन मो. समीर खान के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## मोहनिया में धान की रोपनी करने जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत



हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर) मोहनिया। रामगढ़ पथ पर गुरुवार को धान की रोपनी करने जा रही महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनिया थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी स्वर्गीय नगीना राम की 60 वर्षीय पत्नी अमरावती देवी धान की रोपनी करने के लिए मोहनिया–रामगढ़ पथ से होकर जैसे ही बरैथा मोड़ के समीप पहुंची थी कि तभी किसी अज्ञात वाहन ने उक्त महिला को टक्कर मार दी। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने आनन–फानन में उक्त महिला को लेकर पानापुर के एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां अस्पताल के चिकित्सक ने उक्त महिला को हायर ट्रीटमेंट के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद लोगों ने उक्त महिला को लेकर मोहनिया अनुमंडल अस्पताल पहुंचे, जहां अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अनुमंडल अस्पताल पहुंची मोहनिया पुलिस ने कागजी प्रक्रिया कर मृतिका के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया।

## अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग के कार्यो की डीएम ने की समीक्षा

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। डीएम मुकुल कुमार गुप्ता के कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी द्वारा भाग लिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा विकास पंजी की अद्यतन स्थिति, सामुदायिक भवन, अत्याचार से संबंधित मामले ,आवासीय विद्यालय, पूरनहिया, महादलित टोले में भवन की स्थिति आदि की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देशित किया है कि प्रखंड कल्याण पदाधिकारी माह के प्रत्येक सप्ताह विकास मित्र के साथ विकास कार्यों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक कर इसकी कार्रवाई प्रतिवेदन जिला कल्याण पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्देशित किया गया है कि विकास मित्र द्वारा संधारित विकास पंजी की नियमित रूप से सत्यापन करने एवं जिला कल्याण पदाधिकारी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया है कि ऐसे महादलित टोले जिनमें सामुदायिक भवन नहीं बना है के संबंध में अधिकतम प्रतिवेदन उपलब्ध कराये, साथ ही निर्देशित किया गया कि विकास मित्रों से सामुदायिक भवन बनवाने हेतु आवश्यक जमीन चिन्हित करवाएगे।



## शिवनगर घाट पर घाट संचालक योगी बैठा ने अवैध ढंग से विद्यार्थियों से 10 की किया वसूली : यादव

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय मधौल, रुन्नीसैदपुर, सीतामढ़ी के नवमीः दसवीं के छात्रों ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी,रुन्नीसैदपुर धनंजय कुमार को एक लिखित आवेदन सुपुर्द किया है। आवेदन में विद्यार्थियों का लिखित आरोप है कि हमलोग गरीब परिवार से आते हैं। हमलोग राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय मधौल का छात्र एवं छात्रा है। हमलोगों के आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विद्यालय जाने के कड़ी में हमलोगों को नाव के सहारे नदी पार करके विद्यालय जाना पड़ता है। एक तरफ सरकार कहती है कि हम बच्चों के उज्जवल भविष्य का कामना करते हैं। वहीं शिवनगर घाट पर घाट संचालक सह नाविक योगी बैठा हमलोगों से 10 10 प्रत्येक विद्यार्थियों से प्रत्येक दिन अवैध ढंग से वसूली करते हैं। विद्यार्थियों ने आवेदन में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी धनंजय कुमार से कहा है कि हम दीन विद्यार्थियों का किराया निःशुल्क कराया जाए। इस पूरी घटना की जानकारी एन्टी करप्शन अभियान के नेतृत्व कर्त्ता सह युवा समाजसेवी जलेश्वर कुमार यादव के संज्ञान में आने के बाद श्री यादव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी धनंजय कुमार से मांग किया है कि इन सभी विद्यार्थियों का नाविक के द्वारा जो अवैध ढंग से 10 प्रत्येक विद्यार्थी से वसूली जो किया जा रहा है।

वह निःशुल्क कराया जाए। इस बाबत प्रखंड विकास पदाधि कारी सह अंचलाधिकारी धनंजय कुमार ने कहा कि यथासम्भव विद्यार्थियों की हर पल हम करेंगे मदद। अभी फिलहाल वहा के नाविक को फोन कर विद्यार्थियों को निःशुल्क घर पहुँचाया गया है। आगे की कार्रवाई विधिवत जारी है। आवेदन देने वालों में शामिल है सोनू कुमार, अविनाश कुमार, अर्जुन कुमार, रंजन कुमार, सुजीत कुमार, अमित कुमार, अभिषेक कुमार, शिकेश कुमार, प्रियतम कुमार, शिवम कुमार, सुजीत कुमार, प्रमोद कुमार, विक्रम कुमार, चन्दन कुमार, अर्जुन कुमार, रंजन कुमार इत्यादि।



## ग्रामीण विकास की योजनाओं का लक्ष्य समय प्राप्त किया जाए : जिलाधिकारी वैशाली



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। समाहरणालय सभागार में ग्रामीण विकास की योजनाओं में लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने कहा कि अगले एक माह को चुनौती के रूप में लेकर महत्तम प्रयास करें ताकि वैशाली जिला सभी मांगों पर बिहार के पहली पायदान पर चला जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभाग से जो भी निर्देश प्राप्त हो रहे हैं उसे निचले स्तर तक प्रेषित की जाए ताकि जानकारी वहां तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रगति की समीक्षा की जा रही है परंतु जो गति मिलनी चाहिए वह प्राप्त नहीं हो रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोहिया स्वच्छ भारत अभियान से जुड़े लोगों मनरेगा प्रखंड समन्वयक पीआरएस और आवास सहायक सभी रडार पर हैं और अपनी कार्यशैली में सुधार कर लें और जो टास्क दिया जाए उसे ससमय पूरा कराएं। सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि कुल 500 परिसर निर्माण का लक्ष्य के विरुद्ध 296 का कार्य पूर्ण है जिसमें 83 का पूर्ण भुगतान किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 अगस्त तक सभी लक्ष्य प्राप्त करें। पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा में पाया गया कि पहले फेज के तहत कुल 63 पंचायत एवं दूसरे फेज के 77 पंचायतों में यह कार्य किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस माह के अंत तक प्रथम पेज का कार्य पूर्ण कराई जाए और डोर टू डोर कचरा उठाओ आरंभ कराई जाए। दूसरे फेज के लिए 15 अगस्त तक सभी कार्य पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त के द्वारा बताया गया कि प्रथम पेज के लिए राशि पंचायतों को हस्तांतरित करा दी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस माह के अंत तक कचरा डंपिंग के लिए स्थल चिन्हित करते हुए वहां चेंबर बनवाना सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के लिए प्रतिदिन अनुसरण करने का निर्देश दिया गया। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रत्येक प्रखंड में 11 प्रबंधन इकाई की स्थापना की जानी है।इसके लिए जिलाधिकारी ने कहा कि हर पंचायत के लिए प्लास्टिक अपशिष्ट इकट्ठा करने के लिए एजेंसी या कबाड़ी का चयन करें और इकट्ठा किए गए अपशिष्ट का नीलामी करें।

इसके लिए सिपेट के साथ बैठक करने की भी बात कही गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्लास्टिक अपशिष्ट से कई तरह के कच्चा माल तैयार किया जाएगा जिसका उपयोग सड़क निर्माण में भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यों को गति दे कर पूर्ण कराएं ताकि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान 15 अगस्त के अवसर पर प्रत्येक पंचायत में मेगा इवेंट किया जा सके।

इसकी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दिया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी डीआरडीए के पदाधिकारी मनरेगा पीओ आदि उपस्थित थे।

## मीड-डे-मील योजना भ्रष्टाचार के चंगुल में आखिर अधिकारी मौन क्यों

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। स्कूलों में चल रही मिड–डे मील योजना पूरे विकास खंड क्षेत्र में बुरी तरह भ्रष्टाचार के चंगुल में है। बच्चों को पोषणयुक्त भोजन के लिए संचालित इस योजना में हो रही बंदरबांट का खमियाजा बच्चे भुगत रहे हैं। यहां बता दें कि देश के भविष्य कहे जाने वाले बच्चों की चिंता विद्यालयों में यह पैसों की अति लालसा अभी कितने घिनौने पाप और कराएगी, कहा नहीं जा सकता।इसका सीधा उदाहरण राजकीय मध्य विद्यालय महम्मदपूर पर सटिक बैठता है। जहां विद्यालय में मेनू के हिसाब से बच्चे को भोजन नहीं कराया जा रहा है।जीसका विडियो फुटेज हमारे चौनल के माध्यम से देख सकते है। वैसे तो सरकारें दिन–रात दावा करती हैं कि देश के भविष्य कहे जाने वाले बच्चों की चिंता उन्हें हर वक्त लगी रहती है। लेकिन प्रखंड के चंद शिक्षक उसे मटियामेट कर रहे हैं।ऐसी घटनाएं प्रखंड के दर्जनों विद्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार सरेआम चल रहा है।जीसकी जिम्मेदारी लेने को कोई भी अधिकारी तैयार नहीं है। गंदे परिवेश में पकाए गए खाद्यान्न का सेवन कर क्या बच्चों की सेहत और मस्तिष्क सही रह पाएगा।

वहीं शिक्षा विभाग और प्रशासन का भारी– भरकम अमला क्या अभी तक सो रही है या फिर किन्हीं कारणों से जान–बूझ कर आंखें बंद किए बैठा है।यदि भ्रष्टाचार करते पकड़े जाओ और भ्रष्टाचार करके बच जाओ का फॉर्मूला जारी रहा तो भगवान ही मालिक है बच्चों के भविष्य का, कल के भारत का। सरकार या तो मिड–डे मील योजना का निस्वार्थ संचालन सुनिश्चित करे या इसे तब तक के लिए बंद कर दे जब तक कि सभी खामियां दूर न कर ली जाएं।ऐसी घटनाएं से यह प्रतीत होता है कि जहाँ पर मिड डे मील योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ नितीश सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति को मुंह चिढ़ा रहे हैं, जहां सरकार द्वारा संचालित योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है, यहाँ मिड डे मील योजना का सिर्फ मजाक बना कर रखा गया है, न तो नैनिहालों को मौसमी सब्जी मिलती है न तो फल और दूध मिल पाता है, विद्यालय मानक के बिल्कुल विपरीत बच्चों को भोजन दिया जाता है। सूत्रों की माने तो विद्यालय में नैनिहालों की संख्या 100 के ऊपर होने पर प्रतिवर्ष भारी भरकम रकम भी विद्यालय के रखरखाव के लिए आता है, लेकिन धन कहा जाता है किसी को नहीं पता, इस विद्यालय में शौचालय की दशा देख रोंगटे खड़े हो जायेंगे, राजकीय मध्य विद्यालय महम्मदपूर में पिने युक्त पानी की भी काफी जटिल समस्या है।और भी बहुत सारी कमीयां है।बच्चों का भोजन ज्यादातर चूल्हे पर बनता है, जबकि शासन द्वारा गैस की व्यवस्था की गई है, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक से जब इस पर बात करने की कोशिश की गई तो जबाब देने से बचते नजर आये तथा आंख लाल पिला करने लगे।इस संदर्भ में स्थानीय शिक्षा पदाधिकारी बिन्दा महतो से संपर्क करने पर वे अपने दफ्तर में गायब देखे गए।



## लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस 15 एंबुलेंस को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर प्रखंडों के लिए किया रवाना



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस 15 एंबुलेंस को जिलाधिकारी ने हरी झंडीहै दिखाकर प्रखंडों के लिए किया रवाना। 08 एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम, 07 बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस कुल 15 एंबुलेंस रवाना किये गए। राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा मुजफ्फरपुर जिले को 15 नए एंबुलेंस उपलब्ध कराए गए। इसमें आठ एंबुलेंस एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से जबकि 7 एंबुलेंस बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस हैं। अब गंभीर मरीजों को भी एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराया जा सकेगा। आज समाहरणालय परिसर से जिलाधिकारी प्रणव कुमार ने सभी एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर प्रखंडो के लिए रवाना किया। रवाना करने से पहले डीएम ने एंबुलेंस के अंदर जाकर विस्तार से इस पूरे सिस्टम की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि यह एक सराहनीय कदम है जिसके माध्यम से गंभीर रूप से ग्रसित रोगियों को इन एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। इसमें वेंटिलेटर सहित अन्य अत्याधुनिक तकनीक लगी है। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओ के उपलब्धता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। मौके पर सिविल सर्जन, डीपीएम, जनसंपर्क पदाधिकारी कमल सिंह, केयर के जिला प्रतिनिधि सौरभ तिवारी उपस्थित थे।

## गंगा की लहरों के बीच पटना से वाराणसी का सफर होगा रोमांचक

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। राजधानी पटना से वाराणसी का सफर अब रोमांचक होगा। यात्री गंगा की लहरों का लुत्फ उठाते हुए वाराणसी पहुंचेंगे। जी हां पटना से बहुत जल्द डबल डेकर क्रूज वाराणसी के लिए चलेगा।

यह पटना के गांधी घाट से खुलेगा और दानापुर, मनेर, डोरीगंज, रिविलगंज, सुंदरपुर बराज, रूद्रपुर, बलिया, बक्सर, चौसा, जमनिया, गहमर, गाजीपुर, रजवारी होकर क्रूज वाराणसी पहुंचेगा। ऐसे में लोग इस रास्ते में पड़ने वाले सभी ऐतिहासिक स्थलों को भी देखते हुए सफर कर सकेंगे। पटना से वाराणसी तक के इस सफर का किराया फिलहाल तय नहीं किया गया है। वैसे इससे जुड़े अधिकारियों की मानें तो टूर का पैकेज सस्ता ही होगा, जिससे सभी वर्ग के लोग इसका आनंद ले सकेंगें। पर्यटन विभाग ने पटना से वाराणसी के बीच क्रूज चलवाने के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पटना की ही फ्लोटेज क्रूज कंपनी द्वारा 125 सीटर क्रूज को वाराणसी तक चलाने के लिए सरकार को प्रस्ताव दिया जाएगा। कंपनी अगले महीने सरकार को यह प्रस्ताव देगी। जबकि पर्यटन विभाग के स्तर पर एक डबल डेकर क्रूज चलवाया जाएगा। दोनों क्रूज पटना के गांधी घाट से ही खुलेंगे। विभागीय अधिकारी का कहना है कि फ्लोटेज क्रूज कंपनी छह महीने पहले ही 125 सीट वाले क्रूज मंगवा ली है। क्रूज को हफ्ते में एक दिन उत्तर प्रदेश के लिए चलाया जाएगा। पर्यटकों की मांग पर इसे बढ़ाकर दो दिन किया जा सकता है। टूरिज्म एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के अनुसार गंगा नदी के रास्ते यूपी जाने–आने के लिए जल्द ही सरकार गंगा नदी का रूट तय कर लेगी। इस रूट पर 125 सीटर जहाज चलवाए जाने की प्लानिंग है। बहुत जल्द ही सरकार को लाइसेंस के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।



## दामाद ने की सास की गोली मार कर हत्या

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ)। समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहुआ वार्ड संख्या–4 में एक दमाद ने गोली मारकर अपनी ही सास की हत्या कर दी। मृतक सास की पहचान सुरेंद्र सुधांशु की पत्नी निर्मला सुधांशु (50 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि आरोपी दामाद मनोज यादव जहांगीरपुर लगमा का निवासी है और ससुर की हत्या के उद्देश्य से वह आया हुआ था। आवेश में उसने अपनी सास की गोली मारकर हत्या कर दी। सास पर उसने ताबड़तोड़ तीन फायरिंग की जिसमें 2 गोली सास को लगी और एक मिस फायर हो गया। इस दौरान आरोपी की पत्नी बाल–बाल बच गई। गोली लगने के कारण उसकी सास निर्मला सुधांशु की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दामाद की पकड़कर जमकर पिटाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया! वहीं इस बाबत मृतिका के बड़े दामाद ने बताया कि आरोपी मनोज कुछ काम धंधा नहीं करता था व हमेशा पत्नी के साथ मारपीट करता रहता था। इस कारण उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया था। उसने बताया कि मनोज आज अपने साला सहित पूरे ससुराल वालों को मारने के उद्देश्य से आया हुआ था। आवेश में उसने अपनी सास की गोली मारकर हत्या कर दी। इसी दौरान वह अपनी पत्नी को भी गोली मारकर हत्या करना चाह रहा था लेकिन मिस फायर हो जाने की वजह से उसकी पत्नी की जान बच गई। वहीं घटना की सूचना के उपरांत पहुंची पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है व मामले की छानबीन में जुट गई हैं!




# संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा आयोजित जनता दरबार में आम जनता से साक्षात्कार के उपरांत प्राप्त 26 (छबीस) आवेदनों पत्रों का निष्पादन किया गया

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल)। समाहरणालय स्थित टी0सी0पी0 भवन , सुपौल में जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा आयोजित जनता दरबार में आम जनता से साक्षात्कार के उपरांत प्राप्त 26 (छबीस) आवेदनों पत्रों का निष्पादन किया गया। जनता से प्राप्त आवेदनों में मुख्यतः भूमि विवाद एवं मार दृपीट से सबंधित मामले थे। साथ ही राजस्व विवाद, आंगनबाड़ी से संबंधित मामले को जिलाधिकारी सुपौल, उप विकास आयुक्त सुपौल, एवं अपर समाहर्ता सुपौल द्वारा मामले को निष्पादित किया गया। जनता दरबार में श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी सुपौल, एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### मशरक के डुमरसन मे सीएसपी एसबीआई का हुआ उद्घाटन

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के कर्णकुदरिया डुमरसन मे स्टेट बैंक आफ इंडिया का प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत सीएसपी का भव्य उद्घाटन पूर्व मुखिया अनील सिंह ने फीता काट किया एसबीआई के सीएसपी का उदघाटन ।प्रधानमंत्री जनधन योजना के साथ ही सीएसपी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्थान कर्णकुदरिया, जन धन खाता किसी भी बैंक का लेन देन निरूशुल्क जन धन खाता खोलने पर 2 लाख का बीमा निरूशुल्क और एक साल मे बीस रु खाते से कटेगा इसका उद्घाटन कर्ण कुंदरिया पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल कुमार सिंह ने किया, मौके पर जिला कोर्डिनेटर मुकेश कुमार सिंह, सहयोगी रोहित कुमार, हरिकिशोर जी, मुजफ्फरपुर का जिला कोर्डिनेटर विक्रम कुमार, तथा ग्रामीण जनता मिथलेश सिंह चंदेल, अखिलेश सिंह, सुशील कुमार, जितेंद्र ठाकुर,चित्तू सिंहमौजूद रहे।



### पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी बड़े हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार। सहरसा जिले के सौरबाजार थाना क्षेत्र के भवटिया चौक के समीप पुलिस ने तीन अपराधियों को हथियार के साथ धर दबोचा गिरफ्तार अपराधी के पास से कार्बाइन जैसे बड़े हथियार बरामद किए गए वही इसकी जानकारी एसपी लिपि सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है एसपी लिपि सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी किस्म के लोग स्कॉर्पियो गाड़ी से हथियार के साथ अपराध करने की योजना बना रहे हैं जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही शुरू कर दी और चिन्हित स्थान पर जैसे ही पुलिस पहुंची तो पुलिस को देख सभी अपराधी भागने का प्रयास कर रहे थे वहीं पुलिस ने सभी अपराधी को खदेड़ कर पकड़ लिया गिरफ्तार अपराधी का नाम सरविंद्र यादव , तुलानंद यादव, और पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया उनके पास से एक कार्बाइन एक पिस्टल एक स्कॉर्पियो 4 मोबाइल और 8 जिंदा कारतूस बरामद किए गए गिरफ्तार अपराधी ऐसे सरविंद यादव का अपराधिक इतिहास रहा है जिन पर हत्या आर्म्स जैसे मामले दर्ज हैं।



### सिवान जिले के दरौली प्रखंड के सरयू नदी में जलस्तर बढ़ने लगी है

आनंद सुमन प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स दरौली। दरौली की सरयू नदी में काफी तेजी से बढ़ रही पानी इसी को देखते हुए पिपा पुल को हटा दिया गया है और यात्रियों के लिए पानी जहाज कि सुबिस्ता यूपी सरकार ने की है जो कि यात्रियों को काफी राहत मिलती है और जहाज के जरिए यूपी से काफी सब्जियां फल दुध दही बिहार में प्रति दिन आती है वही दूसरी ओर से गाय भैंस को भी पानी जहाज लेकर जाती आती रहती है यही नहीं मोटरसाइकिल सवारियों को भी राहत मिलती है वोह लोग अपनी मोटरसाइकिल सहित सवार होकर पानी जहाज के जरिए बिहार से यूपी आते जाते हैं।



### बगहा के विशंभरापुर गांव में महायज्ञ को लेकर निकली गई कलश यात्रा

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चम्पारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के मेहुडा पंचायत के विसंभरापुर गांव में पांच दिवसीय शिव सह परिवार प्राण प्रतिष्ठा महा यज्ञ के लिए गुरुवार को 251 क्वारी कन्याओं के साथ भव्य कलश यात्रा जुलूस निकाली गई।जुलूस विसंभरापुर गांव से गाजे बाजे के साथ निकली।डुमरिया होते हुए तिरहुत गंडक नहर पर पहुँची। जहां यज्ञाचार्य आशुतोष मिश्र ने वेदमंत्रोच्चारण के साथ जल भरवाया। साथ में सैकड़ों भक्त महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। चिलचिलाती धूप की परवाह किये बिना हर–हर महादेव के गगन भेदी उद्घोष के साथ जल लेकर सभी भक्तगण वापस यज्ञ स्थल पहुंचे।यज्ञ में राजन ठकुराई,नरसिंह ठकुराई, रुपेश ठकुराई, प्रदीप राव,ललन ठकुराई,राजन पांडेय समेत सैकड़ों भक्त भक्ति के रस में डूबे हुए थे। इस बाबत यज्ञाचार्य आशुतोष मिश्र ने बताया कि 15 जुलाई को पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश,16 को अधिवास,17 को अष्टयाम व 18 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा के साथ पांच दिवसीय यज्ञ का समापन होगा।नित्य रात में भजन व कीर्तन आकर्षण का केंद्र बनेगा। यज्ञ के निर्विघ्न समाप्ति को ले ग्रामीणों के साथ दर्जनभर युवा जूटे हुए थे। यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारा आयोजित है।



### मैग्नीशियम स्टोन से लदी एक लॉरी नियंत्रण खोने के बाद पलट गई लोरी बाल बाल बचे खलासी और ड्राइवर

कुल्टी। आसनसोल दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय के कुल्टी थाना क्षेत्र के चौरांगी फांडी अंतर्गत नेशनल रोड नंबर 2 बाईपास चांपतोड़िया पर मैंगनीज पत्थर से लदी एक लॉरी पलट गई। लॉरी में सवार खलासी ने कहा कि लॉरी मैंगनीज पत्थरों को हल्दिया से गिरिडी ले जा रही थी जब दुर्घटना हुई। लॉरी चालक और खलासी बाल–बाल बच गए। हालांकि खलासी ने कहा कि चालक मामूली रूप से घायल हुआ, लेकिन कोई बड़ी चोट नहीं आई। उन्होंने कहा अचानक एक मोटरसाइकिल लॉरी के सामने आ गई और मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में लॉरी पलट गई। घटना की सूचना मिलने पर चौरांगी फांडी पुलिस मौके पर पहुंची।



# जी.एस. टी के विरोध में बाढ़ व्यावसायिक संघ की बैठक

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार सरीफ) गोला रोड, बाढ़ के प्रकाश वाटिका में शुक्रवार को सरकार द्वारा खाद्यान्न पर लगाई गई जी.एस. टी. के विरोध में बिहार राज्य खाद्यान्न व्यवसायी संघ बाढ़ इकाई की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शामिल सभी व्यवसायियों ने एक सुर में सरकार द्वारा खाद्यान्न पर लगाये जाने वाले जीएसटी का विरोध किया। सभी व्यसायियों ने अविलंब इसे वापस लेने की मांग की है। इस बाबत शनिवार को काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए अनुमण्डल कार्यालय तक शांतिपूर्ण मार्च करते हुए जायेंगे जहाँ एस. डी. ओ. बाढ़ को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। बिहार राज्य खाद्यान्न व्यवसायी संघ के महामंत्री नवीन कुमार ने सरकार की इस नीति का विरोध करते हुए कहा कि यह कर औरंगजेब के जजिया कर जैसा है। उन्होंने कहा कि आज तक खाद्यान्न पर कभी किसी प्रकार का टैक्स नहीं लगाया गया था। यह गरीबों के मुँह से निवाला छिनने वाला कर है और इसे सरकार को तुरंत वापस लेना चाहिए। वहीं व्यवसायी दयानंद प्रसाद ने कहा कि हमलोग आजाद भारत में रह रहे हैं लेकिन इस कर को लगने के बाद अंग्रेजों की नीति याद आ रही है। हमलोग गुलाम नहीं बल्कि आजाद हैं और सबको अपने तरीके से जीने का अधिकार है। अगर सरकार खाद्यान्न पर लगाये गए 5% को वापस नहीं लेती है तो हमलोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। जदयू नेता सह व्यवसायी राजू तेली ने कहा कि इस टैक्स से छोटे व्यापारी समाप्त हो जाएंगे और उनके सामने विकट समस्या खड़ी हो जाएगी। उन्होंने इस टैक्स को गब्बर सिंह टैक्स बताया और कहा कि सरकार को जब मन होता तरह तरह के टैक्स लगा रहा है। इसका व्यवसायी वर्ग पुरजोर विरोध करेगा!मौके पर व्यवसायी वर्ग के नीरज कुमार सिंह, प्रदीप ब्रोकर, संतोष कुमार, सत्येंद्र प्रसाद, रंजन सिंह,गौतम कुमार, रजनीश कुमार,संजय कुमार, मिथलेश कुमार,मणिलाल साव सहित सैकड़ों की संख्या में व्यवसायी मौजूद थे।



# दानापुर और साहिबगंज के बीच चलेगी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन




प्रमोद कुमार त्रिवेदी, दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। शिवभक्तों के लिए बड़े ही खुशखबरी की बात निकलकर सामने आ रही है। जहां पूर्व मध्य रेल ने श्रावणी मेला को लेकर दानापुर और साहिबगंज के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह स्पेशल ट्रेन साप्ताहिक होगी। ईसीआर की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोकामा–किउल–सुलतानगंज–भागलपुर के रास्ते दानापुर और साहिबगंज के बीच एक जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल (साप्ताहिक) 03236/03235 ट्रेन चलाया जायेगा। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (CPRO) वीरेन्द्र कुमार ने बताया है कि गाड़ी संख्या 03236 दानापुर–साहिबगंज श्रावणी मेला स्पेशल 17.07.2022 से 14.08.2022 तक प्रत्येक रविवार अर्थात् 17, 24, 31 जुलाई एवं 07 तथा 14 अगस्त, 2022 को दानापुर से 04.52 बजे खुलकर 13.20 बजे साहिबगंज पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 03235 साहिबगंज दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल 17.07.2022 से 14.08.2022 तक प्रत्येक रविवार अर्थात् 17, 24, 31 जुलाई एवं 07 तथा 14 अगस्त, 2022 को साहिबगंज से 14.30 बजे खुलकर 23.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। सीपीआरओ ने बताया कि अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल ट्रेन पटना, राजेन्द्रनगर, पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, हाथीदह, बड़हिया, लक्खीसराय, किउल, कजरा, अभयपुर, धरहरा,जमालपुर, बरियारपुर, सुलतानगंज, अकबरनगर, भागलपुर,घोघा, एकचारी, कहलगांव एवं पीरपैती स्टेशनों पर रूकेगी। वीरेन्द्र कुमार के अनुसार, इस स्पेशल ट्रेन में एस. एल.आर.डी. के 02 तथा साधारण श्रेणी के 20 कोचों एवं एसीचेयर कार के 01 कोच सहित कुल 23 कोच होंगे।

# प्रेमिका को पाने के चक्कर में पत्नी का गला दबाकर कर दिया हत्या



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत बगहा नगर थाना क्षेत्र के रहमान नगर में एक युवा प्रेमी ने प्रेमिका को पाने के लिए अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी है।गला दबाने के दौरान युवा प्रेमी ने पत्नी के सर पर किसी वस्तु से प्रहार भी किया है। लड़की के सर और गला पर चोट का निशान दिखाई पड़ रहा है।लड़का का नाम जुबैर अंसारी और उसके पिता का नाम सरफुदीन अंसारी है।बताया जाता है कि हत्यारोपी की शादी विगत 23 मार्च को मृत युवती के साथ हुई थी, जो पटखौली ओपी थानाक्षेत्र के मंगलपुर निवासी मुंशफ मियां की बीस वर्षीय पुत्री सानिया परवीन है। समाचार के मुताबिक पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को नियंत्रण में लेते हुए आरोपी और उसकी माँ को गिरफ्तार कर ली है।वहीं मृतिका की पहचान मंगलपुर निवासी मुंशफ मियां की पुत्री बीस वर्षीय सानिया परवीन के रूप में हुई है। बगहा नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंहा ने बताया कि आरोपी सास और पति को गिरफ्तार करके पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। हत्या के कारणों के संबंध में उन्होंने बताया कि लड़के के अवैध संबंध को लेकर यह हत्या हुई है।वहीं मृतिका के मौसी रौशन तारा ने जानकारी दी है कि हत्या का आरोपी पति का अवैध सम्बन्ध गांव में ही किसी लड़की से था। जिस वजह से पत्नी और पति के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। शुक्रवार की सुबह हत्यारोपी की प्रेमिका उसके की घर पर आई थी।जिसको लेकर विवाद हुआ। उस समय फोन पर सारी बातों को मृतिका ने बताया है।मृतिका के पिता ने बताया कि शुक्रवार को उसे खबर मिली की उसकी बेटी की तबियत खराब है, जब बेटी के घर पहुंचा तो बिटिया की लाश दरवाजे पर पड़ी थी। आगे बताया कि उसकी बेटी की गला दबाकर मारा गया है। साथ ही सर पर ईंट के चोट का निशान है।मृतका के पिता की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को नियंत्रण में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

# बगहा के पिपरिया व बड़गांव में किसान चौपाल व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल के प्रखंड बगहा एक के सिगाड़ी पिपरिया व बड़गांव पंचायत में कृषि विभाग द्वारा पंचायत स्तर पर किसान चौपाल व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।चौपाल के माध्यम से किसानों को फसलों की उत्पादकता में वृद्धि के साथ–साथ विपणन समस्याओं के समाधान एवं नई तकनीक से खेती कर कम लागत में अधिक उपज करने की जानकारी दी गई। प्रखंड बगहा एक कृषि पदाधिकारी कृष्णनंदन सिंह ने कहा कि जिला कृषि पदाधिकारी के आदेश के आलोक में पंचायत स्तर पर चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। किसान चौपाल में प्रखांड कृषि पदाधिकारी, तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक व पौधा संरक्षक पदाधिकारी मौजूद रहें।बीटीएम पदाधिकारी संजीव कुमार द्वारा किसानों को मिट्टी जांच के आधार पर फसलों में संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करने, समय से फसल की बुआई करने, कीटनाशक से बीज उपचार, सिंचाई, खर–पतवार नियंत्रण, समेकित कीट प्रबंधन तथा समुचित पोषण तत्व प्रबंधन आदि के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को रबी एवं खरीफ फसल के साथ–साथ बाग बगीचा लगाने, पोखरा निर्माण कराने एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन के बारे में भी प्रेरित किया गया। वही बीटीएम ने बताया कि किसान चौपाल व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अधिक से अधिक किसान को लाभ पहुंच सके। इसको लेकर विभागीय पदाधिकारियों एवं कृषि कर्मियों के माध्यम से जोर–शोर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। किसानों से भी अधिक से अधिक संख्या में चौपाल में पहुंचकर खेती से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की अपील की गई है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि किसान चौपाल व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रखंड के सभी पंचायतों में किसान चौपाल में समय पर पहुंचकर किसानों को नई तकनीकी से खेती कर कम लागत में अधिक उपज की जानकारी देने का निर्देश दिया गया जा रहा है। वही कृषि विभाग के अफसरों का मानना है कि इस हाईटेक जमाने में भी अधिकांशत किसान पुरानी तकनीकी के माध्यम से परंपरागत विधि से आज भी खेती कर रहे हैं। यही कारण है कि किसानों की आमदनी औसत से काफी कम है। फल स्वरूप खेती में किसानों की शुद्ध आय काफी कम होने के कारण उनका रुझान खेती के प्रति दिनोंदिन कम होते जा रहा है। विभागीय अफसरों का कहना है कि किसान नगर प्रतिवर्ष मिट्टी की जांच करा कर उसके अनुसार फसल की खेती तथा खाद सिंचाई एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करते तो किसानों की ऊपज दुगनी हो जाती। इस कार्यक्रम में प्रखंड बगहा एक कृषि पदाधिकारी कृष्णनंदन सिंह, बीटीएम संजीव कुमार, सिगाड़ी पिपरिया पंचायत के कृषि समन्वयक राजकुमार सिंह और बड़गांव पंचायत के कृषि समन्वयक विनोद कुमार और पंचायत के किसान मौजूद रहे।

# महाराजगंज में हत्या के बाद इलाके में फैली सनसनी,लोगों में दहशत



दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। सिवान हत्याओं का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है किसी न किसी रूप में जो चार 10 दिन पर एक ना एक शव तो मिल ही जा रहा है ऐसे में देर संध्या महाराजगंज थाना क्षेत्र के रिसौरा गांव में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है, शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, शव बरामद हुई जिनकी पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के बिठुना गांव के जयप्रकाश सिंह के पुत्र प्रशांत सिंह के रूप में हुई है, प्रशांत की बाइक बसंतपुर थाना क्षेत्र के कन्हौली मोड़ से बरामद हुआ है, प्रशांत के शरीर में कई जगह कटा का निशान है। शव मिलने के बाद महाराजगंज थाने की पुलिस शव को कब्जे में लेकर सिवान सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, बताते चलें कि रिसौरा में एक महिने के अंदर यह तीसरी घटना है, सबसे पहले मछली व्यवसाई प्रदीप पटेल की हत्या हुई वही दूसरा मैनेजर बासफोर की हत्या वहीं तीसरा प्रशांत सिंह की हत्या के बाद गांव सहित पूरे थाने इलाके में सनसनी फैल गई है। हालांकि प्रशांत की हत्या किस मकसद से हुई है अभी तक इसकी खुलासा नहीं हो पाई है। इस घटना के बाद थाने की पुलिस हरकत में आ गई है पूरा माजरा क्या है प्रशांत के परिजन ही बता सकते हैं या फिर पुलिस मामले की तह तक जाएगी तभी इस हत्या का राज खुलेगा समाचार प्रेषण तक प्रशांत के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिवान सदर अस्पताल भेज दिया गया।


# बीएसएस कश्लेज में प्रोफेसरों के द्वारा छात्रों पर अमानवीय टीका टिप्पणी निन्दनीय





(सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल ) सुपौल। भारत सेवक समाज महाविद्यालय के शिक्षक प्रोफेसर अमरेंद्र आनंद एवं प्रोफेसर अजय कुमार के द्वारा छात्रों के साथ अभद्र टिप्पणी, अभद्र व्यवहार , अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाता रहा है । इसके विरोध में अभाविप के शिष्टमंडल पूर्व में भी प्रोफेसर से मौखिक वार्तालाप करके आग्रह किया था । आप छात्रों के साथ इस तरह की टीका– टिप्पणी , फाबिया कासना , शिक्षा के मंदिर में बंद करें , लेकिन माननीय के द्वारा अभाविप कार्यकर्ताओं को धमकी दिया गया । इसी के विरोध में आज महाविद्यालय कार्यालय का गेट को बंद करके उग्र विरोध प्रदर्शन किया गया । जिसमें अभद्र व्यवहार करना बंद करने शिक्षक तेरी मनमानी नहीं चलेगी शिक्षा के मंदिर में छात्रों के ऊपर टीका टिप्पणी नहीं चलेगी । इस तरह के नारों से महाविद्यालय परिषद गुंजायमान रहा । उक्त तालाबंदी का नेतृत्व करते हुए अभाविप के नगर मंत्री सुपौल रंजीत झा ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में शिक्षकों के द्वारा इस तरह का बर्ताव करना और ऐसा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना बन्द करे । ये बहुत ही अक्षम्य अपराध है । वही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवजी कुमार ने कहा कि अगर इस तरह की घटना की पुनः आवृत्ति होती है , तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन को बाध्य होगी । आलोक कुमार पलक अभाविप सुपौल ने कहा की इस तरह की घटना से छात्र काफी अक्रोशित है और महाविद्यालय मे सभी शिक्षकों के बीच इस तरह का अमर्यादित शब्द का उपयोग करना निन्द्नीय है।मौके पर नवीन कुमार , रवि राज , मुकेश , राणा , मुरारी कुमार , दिपक कुमार , गोपाल यादव , ओम पासवान , मंजीत कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नियामतपुर की बेटी मिस नेहा और मिस आभा बनी सीए, नियामतपुर मर्चेंट्स चौम्बर ने दी शुभकामनाएं


आभा बालोदिया


नेहा अग्रवाल

नियामतपुर। शिक्षा के क्षेत्र में पूरे पश्चिम बर्दवान में कुल्टी क्षेत्र ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कुल्टी क्षेत्र में बराकर और नियामतपुर को आप कुल्टी की लाइफ लाइन कह सकते हैं। जहा देखा जा रहा है कि बिगत कई वर्षों से यहा के छात्र छात्राएं लगातार सीए की परीक्षा में उतीर्ण हुए है। जहा इस वर्ष भी 2 छात्राएं सीए के परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सीए बनी है। इस बात की जानकारी देते हुए नियामतपुर मर्चेंट्स चौम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव सचिन बालोदिया ने बताया कि हमारे चौंबर को बहुत खुशी और गर्व है कि हमारे सदस्य की बेटी मिस नेहा अग्रवाल, स्टेशन रोड, नियामतपुर के व्यवसाय श्री शंभू अग्रवाल की बेटी ने आज चार्टर्ड एकाउंटेंट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर वह सीए बन गई है वहीं मिस आभा बलोदिया, जीटी रोड नियामतपुर के व्यवसाय अशोक बलोदिया की बेटी ने भी आज चार्टर्ड एकाउंटेंट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर वह भी सीए बन गई है।

श्री सचिन बालोदिया ने कहा कि आभा और नेहा दोनो ने ही अपने माता–पिता के साथ–साथ हमारे चौंबर को भी गौरवान्वित किया है। हम उसकी और सफलता की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे निकट भविष्य में नई ऊंचाइयों को छुएगी।

# जिला नियोजन कार्यालय मोतिहारी में शिविर का आयोजन किया जा रहा है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। जिला नियोजनालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के तत्वाधान मे दिनांक – 20.07.2022/ 21/22/23/25/26/27/28/30.07.2022 एवं 01.08.2022/02/03/04/06/08/09/10/16/17/18/19/20/22/23/24/25/26/27.08.2022 तक प्रखंड कार्यालय संग्रामपुर/हरसिद्धि/अरेराज/पहाड़पुर/चकिया/केसरिया/कल्याणपुर/बंजरिया धपिपरा कोठी/सुगौली/जनतांनसपलं/मधुबन/तेतरिया/पताही/फेनहरा ध्पकड़ी दयाल ध्रक्सौल/रामगढ़वा/आदापुर/छोड़ादानो/बनकटवा/चिरैया/घोड़ा सहन/ढाका/कोटवा/मोतिहारी/जिला नियोजन कार्यालय मोतिहारी में शिविर का आयोजन किया जा रहा है,। जिला नियोजन पदाधिकारी, श्री मुकुंद माधव ने जानकारी देते हुए बताया कि कैपिटल ट्रेनिंग अकादमी हैदराबाद द्वारा इस पंजीकरण शिविर के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर पदों के लिए किया जाएगा। नियोजक द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के लिए शैक्षणिक योग्यता आठवा/मैट्रिक एवं लम्बाई 167.5 ६ ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के लिए योग्यता स्नातक (NCC Certificate) लम्बाई–172 C-M उम्र सीमा 20–35 वर्ष निर्धारित किया गया है। उक्त जॉब का कार्यस्थल हैदराबाद होगा और इसका मानदेय 13,500 से 16500 प्रति माह निर्धारित किया गया है। इस पंजीकरण शिविर में कुल – 502 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। जिसमे 450 सिक्योरिटी गार्ड एवं 52 सिक्योरिटी सुपरवाइजर के रिक्त पद हैं! इच्छुक सभी अभ्यर्थी अपने ओरिजिनल सर्टिफिकेट, आधार कार्ड,ध्पासबुक और 2 फोटो के साथ उक्त स्थान पर ससमय उपस्थित होकर पंजीकरण शिविर मे भाग ले सकते है।



# बीसीसीएल बेगुनिया मुख्यालय में जामिहारो की 77 वां दिन धरना

बराकर। बीसीसीएल सीभी एरिया बारह के मुख्यालय बैगुनिया स्थित बिस्थापितो का धरना बिगत 77 दिनों से लगातार जारी है। इस धरने को लेकर एरिया प्रबंधन के साथ कई दौरों की बातचीत हुइ जिसका कोई सार्थक परिणाम नही निकला। जहा शुक्रवार को एरिया बारह के महाप्रबंधक द्वारा पूर्व विधायक उज्ज्वल चटर्जी को विस्थापितों के मामले को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में बीसीसीएल मुख्यालय के चंद्रा साहेब को सीएमडी ने नियुक्त किया था। जो बची हुइ बिस्थापित के फाइल को जल्द से जल्द सुलझा सके। जहा शुक्रवार को पूर्व बिधायक उज्ज्वल चटर्जी अपने प्रतिनिधि मंडल के सदस्य डॉ सुबोल चक्रवर्ती, अपराजित बनर्जी मुख्यालय पहुचे। जहा एरिया बारह के महाप्रबंधक पी के मिश्रा, मुख्यालय के एके बिस्वाश, स्टेट अधिकारी राजन कुमार, एजीएम डी चक्रवर्ती, पी एम जगदीश कर्मकार, स्टेट मैनेजर आर सी पाल, पीओ सुमंत राय कुल्टी थाना प्रभारी कृष्णेन्दू दत्त, ओसी बराकर राज शेखर मुखर्जी मुख्य रूप से शामिल थे। इस दौरान मुख्यालय के डिप्टी अधिकारी चंद्रा के शामिल नही होने से बैठक बेनतीजा रही। जहा पूर्व बिधायक ने बैठक से बाहर आकर कहा कि प्रबंधन द्वारा मामला को सिर्फ टाल बहाना बनाकर आज 77 दिनों से जामिहरो को उनके जमीन के बदले नौकरी में सिर्फ टाल बहाना बना रहा है। अब इन जामिहरो के समर्थन में आंदोलन पार्टी के बैनर तले जोरदार ढंग से चलाया जाएगा। जो पार्टी द्वारा आहूत 21 जुलाई को शहिद मीनार मे पार्टी की रैली कार्यक्रम के बाद इसकी रूप रेखा तय की जाएगी। वही मामले को लेकर एचएमएस के महासचिव सह जेबीसीसीआइ के सदस्य एस के पांडे धरना स्थल पहुच मामले की जानकारी लेते हुए महाप्रबंधक पी के मिश्रा से मुलाकात कर कहा जो भी फाइल रेडी है। उसे तत्काल नियुक्ति की प्रक्रिया में भेजा जाय और जो फाइलों में कुछ



त्रुटियां है उसे पूर्ण कर बिस्थापित को नौकरी की प्रक्रिया का रास्ता सरलता पूर्वक निर्वाह करे। आज बिस्थापित पिछले 77 दिनों से आपके द्वार पर बैठे है। जल्द से जल्द बची दस से ग्यारह फाइलों का निपटारा किया जाय।

# स्व रमई राम के जीवन से राजनेताओं को प्रेरणा लेने की जरूरत : शफीक खान

वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला राजद अध्यक्ष मो शफीक खा के अध्यक्षता में स्व रमई राम के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रदांजलि सभा को संबोधित करते हुए मो शफीक खा ने कहा कि रमई राम की गिनती बिहार के दिग्गज राजनेताओं में होती थी। उन्होंने हमेशा गरीब वंचित दबे कुचले की आवाज बुलंद की 1977 से लेकर आज तक अपने क्षेत्र की जनता के दिलों पर राज करने वाले स्वर्गीय रमई राम वरिष्ठ समाजवादी नेता थे। उनके निधन से राजनीतिक जगत में अपूर्ण क्षति हुई है।

स्वर्गीय राम के जीवन से आज के राजनेताओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उनका निधन बिहार के राजनीतिक और सामाजिक जगत के लिए एक सूनापन है । जिसकी भरपाई संभव नहीं है। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करें।मौके पर राजद नेता मनोज कुमार, प्रधान महासचिव लालू प्रसाद यादव, प्रदेश युवा राजद उपाध्यक्ष मो जलालुद्दीन खा, हरि ओम शरण, सुरेंद्र यादव, उपेंद्र विद्रोही, प्रदेश राजद महासचिव बृजमोहन मंडल ,अहिराज शैलेंद्र, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राज किशोर सिंह, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष रोशन यादव, पूर्व प्रमुख प्रो रास नारायण यादव , प्रदेश युवा सचिव अमर यादव, जवाहर यादव, धर्मेंद्र यादव, संजीत कुमार और छोटू ,शिव चंद्र मंडल, सरोज कुमार यादव , डॉक्टर मंसूर आलम ,गणेश गुप्ता ,अनूठा लाल पंडित , बैधनाथ बैठा, अशरफ अली मुन्ना , उमर सैफुल्ला, राजीव पासवान, महिंद्र राम आदि उपस्थित थे।

# नवादा में पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने शराबी पति को पकड़ा, भेजा जेल

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ) नवादा। जिले के सीतामढ़ी थाना अंतर्गत उदयपुर गांव निवासी मदन रविदास की बहु रानी देवी ने शुक्रवार को सीतामढ़ी थाना में अपने पति यानि विनोद रविदास पर शराब पीकर मारपीट एवं प्रताड़ित करने के आरोप लगाया है। साथ उन्होंने पति के खिलाफ लिखित शिकायत कर पुलिस से न्याय की गुहार लगायी थी।

इसके बाद सीतामढ़ी के पुलिस ने पत्नी के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उदयपुर गांव से मदन रविदास के पुत्र विनोद रविदास को गिरफ्तार कर लिया है। सीतामढ़ी थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि उदयपुर गांव निवासी मदन रविदास की बहु रानी देवी ने अपने पति पर मारपीट एवं शराब के नशे में हंगामा करने एवं प्रताड़ित करने के लिखित रूप से आवेदन देकर आरोप लगाया था। आवेदन के आलोक में सीतामढ़ी पुलिस ने उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायिक हिरासत के लिए नवादा भेज दिया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## एनटीपीसी संवेदक यू पी एल का श्रम अधिकारी से वार्ता

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ) बाढ़। एन टी पी सी संविदा मजदूर मोर्चा की मांग पर श्रम अधिकारी के समक्ष वार्ता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एन टी पी सी के संवेदक यू पी एल कंपनी के तरफ से पत्र देकर वार्ता की तारीख बढ़ाने की माँग की गई। इस बात पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया एवं महामंत्री राजू प्रसाद ने विरोध जताया साथ ही वार्ता में प्रबंधन को उपस्थित रहने का दवाब भी बनाया। हाँलाकि, श्रम अधिकारी द्वारा 21 जुलाई को पुनः वार्ता बुलाई गई है। विदित हो कि पिछले कई महीनों से हिन्द मजदूर किसान पंचायत के बैनर तले एन टी पी सी संविदा मजदूरों के हक और अधिकार तथा उसके शोषण के खिलाफ संघर्ष लल्लू मुखिया के नेतृत्व में किया जा रहा है।



## औचक निरीक्षण में शिक्षक पाए गए विद्यालय से अनुपस्थित



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार सरीफ) बाढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी नवकंज कुमार शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुबारकपुर बाढ़ औचक निरीक्षण किया, जहां शिक्षक विनोद प्रसाद अनुपस्थित पाए गए। बिना किसी सूचना के विद्यालय में विनोद प्रसाद और प्रखंड शिक्षक अमित कुमार औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए। अमित कुमार 13 जुलाई से अब तक अनुपस्थित रहे। इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी बाढ़ ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को एक पत्र प्रेषित करते हुए दोनो शिक्षकों से कारण प्रिक्षा कर कार्यालय को सूचित करने को कहा है। इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ को पत्र प्रेषित कर दिया गया है।जानकारो की माने तो इस प्रकार में प्रखंड में कई ऐसे विद्यालय है, जहां पर शिक्षक अनुपस्थित रहते हैं और उनकी अनुपस्थिति में विद्यालय चलता रहता है, जिसको लेकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई की हानि होती है। अगर अन्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया जाए, तो इस तरह की बातें सामने आ सकती है। अब देखने वाली बात यह होगी कि जांच और निरीक्षण का कार्य कब तक चलता रहता है।

## सरकार को सीमांत किसान की समस्या की ओर ध्यान देने की सख्त जरूरत है

(कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार)। भारत एक कृषि प्रधान देश है।इसके बाबजूद यहाँ कृषकों की स्थिति दयनीय है । खासकर सीमांत किसानों को कृषि विकास एवं कृषकों की उन्नति के लिए कई सारी परियोजनाएं चलायी जा रही है जिनके परिणाम धीरे धीरे ही सही, किन्तु मिल रही है । इनका लाभ बड़े किसान तक ही सीमित है। भारत जैसे विकासशील देश मे अधिकतर कृषक सीमांत अर्द्ध शिक्षित एवं अशिक्षित है। इस वजह से इनके पास योजना एवं परियोजना संबन्धी सूचना नही पहुँच पाती है या फिर इनके बारे में पता भी चल जाता है तो सामाजिक स्थिति सुदृढ नही होने के कारण इनके लाभों को भी बड़े किसान ही झपट लेते हैं। जिसकारण इनकी स्थिति वद से बदत्तर होती जाती है। सरकार को सीमांत किसानों की समस्या की ओर ध्यान देनी की सख्त आवश्यकता है।

## लखनौर प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से मध्य विद्यालय के प्रभारी ने मार्ग दर्शन मांगा

(कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार) मधुबनी। बिहार पंचायत प्रारंभिक विद्यालय सेवा नियुक्ति ,प्रोन्नति ,स्थानांतरण, अनुशासन, कार्रवाई एवं सेवा शर्त नियमवली 2020 के कंडिका 14 (06) मे स्पष्ट है– प्रशासी विभाग द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप शिक्षकों की आपसी वरीयता का निर्धारण आवश्यकतानुसार संबंधित नियोजन इकाई के सदस्य सचिव के द्वारा किया जाएगा। जबकि इस प्रखंड मे नियोजन इकाई के सदस्य सचिव के द्वारा वरीयता का निर्धारण नहीं किया गया है। (2) नियोजित शिक्षकों को CWJC संख्या 6724 दिनांक 23/01/2012 को पारित आदेश के आलोक में मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पद का प्रभार नही दिया जा सकता है। आदेश के उल्लंघन करने वाले पदाधिकारी दंड के भागी होंगे। (3) शिक्षक नियोजन नियमावली, 2006 के नियम 8 खंड टपपप (क) शिक्षको की वरीयता, प्रधानाधायपक के प्रोन्नती के संबंध मे सरकार द्वारा अलग से अधिसूचना निर्गत की जायेगी।जबकि बिहार सरकार शिक्षा विभाग के द्वारा वरीयता के लिए अलग से अधिसूचना जारी नहीं किया गया है।

बीइओ ने जबाब दिया–

(1) निदेशक प्राथमिक शिक्षा के पत्रांक 7/मु0/129/012–809 दिनांक 05/12/2012 प्रभावी है। संबंधित नियोजन इकाई उक्त आदेश में ही कार्य करती है। बीईओ को इतना भी जानकारी नही है कि निदेशक प्राथमिक शिक्षा पटना के 2012 के आदेश और नियोजन नियमावली 2020 में भी निदेशक प्राथमिक शिक्षा का आदेश है। किसी सरकारी पत्र में पटना उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय या अन्य न्यायालय के आदेश को प्राथमिकता दी जाती है। अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार,पटना ने समीक्षा के क्रम महसूस किए है। जितना भी मामला न्यायालय में जाता है उसमें अधिकतर मामला शिक्षा विभाग का ही जाता है। लखनौर के बीइओ को अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के 111C मे क्या आदेश है। इनको कोई पता नहीं जो मन हुआ वह आदेश निकाल देते क्योंकि हुआ मार्गदर्शक आदेश अपने से नहीं लिखते किसी अन्य शिक्षक से लिखवाते है।

## बेला में शादी से इंकार करने पर प्रेमी ने दो दोस्तो के साथ मिलकर युवती के साथ किया गैंगरेप

किशन कुमार अयोध्या टाइम्स संवादाता सोनबरसा सीतामढ़ी। सोनबरसा प्रखंड के बेला गांव में अपने 22 वर्षीय प्रेमिका के शादी से इंकार करने पर प्रेमी ने अपने दो अन्य दोस्तो के साथ मिलकर युवती से गैंगरेप किया । आपको बता दे की सिंहवाहिनी पंचायत की पूर्व मुखिया रह चुकी एवं राजद परदेश प्रवक्ता (ऋतु जायसवाल )ने इस घटना को शर्मनाक बताया है और कानून पर सवाल खड़े किए, तथा उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के सरकार में बिहार में बेटियां सुरक्षित नहीं है जिसके कारण गैंगरेप जैसी घिनौनी वारदात हो रही है। उन्होंने ये भी मांग की है की तुरंत घटना की जांच होनी चाहिए और दोषियों को गिरफ्तार करके कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

## हत्या के मामले में आरोपीयो ने किया आत्मसमर्पण



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। शिवहर,सीतामढ़ी। रेजमा डबल हत्याकांड मामला, नामजद आरोपी राम विनय पासवान शिवहर कोर्ट में किया आत्मसमर्पण, लगातार शिवहर पुलिस के दबिश के कारण तीसरा नामजद आरोपी शिवहर कोर्ट में किया आत्मसमर्पण, एसपी अनन्त कुमार राय ने दी जानकारी।

## सीतारामपुर में रेलवे की बेदखली अभियान पर विरोध

नियामतपुर। रेलवे के नए कॉलिडोर बनाने के लिए विभिन्न जगहों पर बेदखली अभियान चल रहा है। जैसे ही सीतारामपुर स्टेशन से सटे निचले बाजार में बेदखली का अभियान चल रहा था, लंबे समय से दुकानदारों ने रेलवे अधिकारी को घेर लिया। हालांकि पिछले बीस तारीख को रेल नोटिस देकर चला गया था। लेकिन तब दुकानदारों ने ऐसा नहीं किया क्योंकि उन्हें 26 तारीख तक रेलवे प्राधिकरण को सूचित करने के लिए कहा गया था। जब वे बेदखली के लिए आए, तो दुकानदारों ने रेलवे अधिकारी के चारों ओर धरना देकर उन दुकानदारों को मुआवजा देने की मांग की, जिनके घर उन्होंने खाली कर दिए।

इस मांग के साथ उन्होंने रेलवे अधिकारी से अपील की। रेलवे अधिकारी ने कहा कि जो खाली हैं उन्हें तोड़ देंगे और जिनके पास कोटेशन ऑर्डर हैं उनके बारे में सोचेंगे। और इस संदर्भ में खाली वाले को तोड़ने दिए।

# MAHARISHI UNIVERSITY

Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001

D.Pharm
B.C.A.
B.Pharm
M.C.A.
Diploma
M.B.A.
B.Tech
B.Ed.
L.L.B.
L.L.M

100% गारंटी : सभी सुविधाएं

- स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
- फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
- प्लेसमेंट की सुविधा।

कुछ सीट शेष
जल्दी करें

श्री साईं एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251